(4) प्रस्तुत काव्यों में कल्पना की उड़ान का प्रचुर प्रयोग पाया जाता है। कवि समुद्रतल से लेकर स्वर्ग लोक तक कल्पनाओं की कुलाचें मारता हुआ दौड़ लगाता रहता है।

(5) रोमाण्टिक-काव्य एक प्रकार से प्रेमाख्यानक काव्य हैं। इसमें युद्ध और प्रेम को विशेष महत्त्व दिया गया है। हिन्दी-साहित्य का प्रेमाख्यान-काव्य अपभ्रंश साहित्य की इस विधा का विशेष रूप से आभारी है।

(6) पौराणिक काव्यों के समान ही इनमें प्रासंगिक अवान्तर-कथाओं एवं भवान्तर वर्णनों का बाहुल्य है।

(7) उक्त काव्यों में कथानक-रूढ़ियों का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में हुआ है, जिनमें से निम्न रूढ़ियाँ अत्यन्त प्रसिद्ध हैं—

(क) प्रथम दर्शन, गुण-श्रवण या चित्र-दर्शन द्वारा प्रेम का प्रादुर्भाव। यथा—भविसयत्तकहा, सुदंसणचरिउ आदि।

(ख) उजाड़ नगर का मिलना, वहाँ किसी कुमारी का दर्शन एवं विवाह तथा अटूट सम्पत्ति एवं वैभव की प्राप्ति। भविसयत्तकहा इसका अच्छा उदाहरण है।

(ग) मुनि श्राप। यथा — भविसयत्तकहा, करकण्डुचरिउ।

(घ) दोहद-कामना। यथा — करकंडुचरिउ।

(ङ) पूर्वजन्म की स्मृति के आधार पर शत्रुता। यथा — णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, करकंडुचरिउ आदि।

(च) चरित्रहीना पत्नी। यथा — जसहरचरिउ, करकंडुचरिउ, सुदंसणचरिउ, भविसयत्तकहा आदि।

(छ) रूप-परिवर्तन। यथा — करकंडुचरिउ, भविसयत्तकहा आदि।

उक्त कथानक रूढ़ियाँ महाकवि सिद्ध को परम्परा से ही प्राप्त हुई, जिन का उपयोग उन्होंने अपने प्रबन्ध काव्य में प्रचुरता के साथ किया है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(4) बौद्ध-दोहा, गान एवं चर्यापद

अपभ्रंश साहित्य की चौथी विधा बौद्ध-दोहा एवं चर्यापद है। सिद्ध कवियों ने प्रतीकात्मक भाषा में ब्रह्मानन्द, योग एवं साधना-तत्व का सरस निरूपण किया है। ब्राह्मण धर्म के क्रिया-काण्डों, यज्ञों एवं अन्य पाखण्डपूर्ण परम्पराओं के प्रति इन कवियों का बड़ा ही व्यंग्यात्मक उग्र रूप रहा है। सामाजिक कुरीतियों एवं बाह्याडम्बरों का पूर्ण विरोध इन कवियों का विशेष लक्ष्य रहा है। किन्तु इनकी यह प्रवृत्ति आध्यात्मिक कम और ध्वंसात्मक अधिक रही है। चर्यापदों और आध्यात्मिक-जैन-काव्यों में एक उल्लेखनीय अन्तर यह है कि जैन-काव्य समत्व-योगी एवं शुद्ध आध्यात्मिक हैं, जब कि चर्यापद प्रायः ध्वंसात्मक। महाकवि सिद्ध ने इस प्रवृत्ति का सूक्ष्मावलोकन कर परम्परानुमोदित तथ्यों के अनुसार उसे मोड़ दिया है।

(5) शौर्य-वीर्य एवं प्रणय सम्बन्धी मुक्तक काव्य

अपभ्रंश-साहित्य में यह काव्य-प्रवृत्ति अत्यन्त प्राचीन मानी गयी है। शोधक विद्वानों ने इस विधा को 'मुक्तक-काव्य' से अभिहित किया है। इस विधा का प्राथमिक स्वरूप हमें कालिदास के विक्रमोर्वशीय-नाटक में दिखाई पड़ता है जिसमें विरही पुरुरवा के हृदय के मार्मिक उद्‌गार व्यक्त हुए हैं। विक्षिप्त पुरुरवा जब मेघ को बरसते हुए देखता है तो दयार्द्र होकर कह उठता है—

मइ जाणिअ मिअलोअणि णिसिअरु कोइ हरेइ।
जाव णु णव तडिसामलि धाराहरु वरिसेइ।।[1]

अर्थात्—राजा नव-तड़ित से युक्त श्यामल मेघ को बरसते हुए देखकर कहता है—मैंने समझा कि कोई राक्षस मृगनयनी उर्वशी को हरण कर लिये जा रहा है।

इसी प्रकार उन्मत्त राजा बादल से प्रार्थना करता है कि—

जलहर संहर एहु कोप मिआढत्तओ। अविरल धारा-सार दिसा-मुह-कंतओ।
ए मइँ पुहवि भमंते जइ पिअं पेक्खिहिमि। तच्छे जं जु करीहसि तं तु सहीहिमि।।

हे जलधर ! अपना क्रोध रोक, यदि मुझे पृथ्वी पर घूमते-घूमते प्रियतमा मिल गयी तो जो-जो करोगे सब सहन करूँगा।

कवि ने मुक्तक-गान शैली में पुरुरवा की वेदना एवं मार्मिकता का सफल एवं हृदय-ग्राह्य चित्रण किया है। कालिदास की इस प्रणय-गान-पद्धति के पश्चात् मुक्तक गीतों की यह कड़ी हमें आचार्य हेमचन्द्र के व्याकरण-दोहों में देखने को मिलती है। यदि विक्रमोर्वशीय-नाटक में विरह की तीव्रता, मार्मिकता और वेदना की कसक है, तो हेमचन्द्र के दोहों में वीरता का तेज, विशुद्ध प्रेम एवं युवक-युवतियों के हास-उल्लास का सजीव चित्रण। इनमें शृंगार और वीर का अद्‌भुत समन्वय मिलता है। इसके साथ ही उनके पदों में अन्योक्ति, नीति, सुभाषित आदि के वर्णन भी मिलते हैं। इनमें सुन्दर साहित्यिक सरसता के साथ-साथ लौकिक जीवन एवं ग्राम्य जीवन के भी दर्शन होते हैं। यथा—

वीरता— **भल्ला हुआ ज मारिआ बहिणि म्हारा कंतु।**
लज्जेज्जं तु वयंसि अहु जइ भग्गा घर एंतु।।[2]

अर्थात् — बहिन अच्छा हुआ जो मेरा पति रणभूमि में ही मारा गया। यदि वह पराजित होकर लौटता तो

1. विक्रमोर्वशीय०, 4/8। 2. हे०प्रा० व्या०, 8/4/351।

मुझे अपनी सखियों के सामने लज्जित होना पड़ता।

शृंगार-रस का एक उदाहरण भी द्रष्टव्य है—

जिव जिव वंकिम लोअणहं णिरुसामलि सिक्खेइ।
तिव तिव वम्महु निअय-सरु खर-पत्थरि तिक्खेइ।।[1]

12. अपभ्रंश काव्यों की हिन्दी काव्यों को देन

यद्यपि अपभ्रंश काव्य-परम्पराओं एवं काव्य-रूढ़ियों के मूल स्रोत संस्कृत एवं प्राकृत-काव्य माने गए हैं, फिर भी उसकी कुछ परम्पराएँ एवं काव्य-रूढ़ियाँ ऐसी भी हैं, जो अपभ्रंश-काव्यों में स्वतन्त्र एवं मौलिक रूप से विकसित हुई और वे हिन्दी-काव्यों को विरासत के रूप में उपलब्ध हुई। इनमें से कुछ प्रमुख परम्पराएँ एवं काव्य-रूढ़ियाँ निम्नप्रकार हैं:—

(1) कडवक शैली:— अपभ्रंश के प्राचीन-साहित्य को देखने से यह स्पष्ट हो चुका है कि अपभ्रंश का मूल छन्द 'दोहा' था। कड़वक-पद्धति का आविर्भाव उसमें कब और कैसे हुआ, इस सम्बन्ध में कुछ कहना कठिन है। महाकवि स्वयम्भू ने अपने रिट्ठणेमिचरिउ की आद्यप्रशस्ति में लिखा है कि—

छड्डणिय दुवइ धुवएहिं जडिय चउमुहेण समप्पिय पद्धडिया। —*रिट्ठ० 1/2/11*

अर्थात् चउमुह कवि ने दुवई (द्विपदी) और ध्रुवकों से जड़ा हुआ पद्धडिया छन्द समर्पित किया। स्वयम्भू के इस कथन से यह स्पष्ट हो जाता है कि चउमुह ने ध्रुवक एवं दुवई के मेल से पद्धडिया-छन्द को विकसित किया था। अपभ्रंश के प्रबन्ध-काव्यों में व्यवहृत कडवक-छन्द इसी पद्धडिया-छन्द का विकसित रूप कहा जा सकता है।[2]

साहित्यदर्पणकार ने "सर्गः कडवकाभिधः" (6/325) कह कर कडवक को सर्ग का सूचक माना है। किन्तु यह युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कडवक का आकार इतना छोटा होता है कि वह सर्ग, आश्वास अथवा अध्याय का कार्य नहीं कर सकता। विचार करने पर प्रतीत होता है कि उसका विकास लोकगीतों के धरातल पर हुआ होगा। जब अपभ्रंश में प्रबन्ध-पद्धति का आविर्भाव हुआ और दोहा-छन्द इसके लिए अल्पकाय सिद्ध होने लगा, तब अपभ्रंश-कवियों ने मात्रिक-छन्द-परम्परा पर प्रबन्ध काव्य के वहन कर सकने योग्य पद्धडिया-छन्द का विकास किया। 16, 20, 24, 28, 32 एवं 48 अर्द्धालियों के अनन्तर घत्ता-छन्द देकर कडवक लिखने की परम्परा आविर्भूत हुई। कडवक को अनिवार्यतः घत्ता के साथ रखे जाने का नियम है। उसमें पंक्तियों की संख्या निश्चित नहीं। पुष्पदन्त ने 9 से 13 अर्द्धालियों के बाद घत्ते का प्रयोग किया है तो स्वयम्भू ने 8 अर्द्धालियों के पश्चात् घत्ते का[3]। आगे चलकर यही कडवक पद्धति हिन्दी-काव्यों में चौपाई-दोहे के रूप में विकसित हुई। रामचरितमानस में 8 अर्द्धालियों अर्थात् चौपाई के बाद दोहे के प्रयोग मिलते हैं, जबकि जायसी ने अपने पद्मावत में 7 अर्द्धालियों अर्थात् चौपाई के बाद दोहा-छन्द रखा है।

(2) अपभ्रंश की दूहा-पद्धति का हिन्दी-साहित्य में दोहा पद्धति के रूप में विकास:— आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने प्राचीन अपभ्रंश साहित्य को "दूहा विधा" कहा है।[4] उनके अनुसार वस्तुतः जिस प्रकार प्राकृत का गाथा-छन्द एवं संस्कृत का आर्या-छन्द प्रसिद्ध था, उसी प्रकार अपभ्रंश का दूहा-छन्द भी प्रसिद्ध था। दोहा छन्द अपभ्रंश के प्रतीक के रूप में माना जाता था। अपभ्रंश के प्राचीन काव्य परमप्पयासु, जोयसारु, सावयधम्म दोहा,

---

1. है०प्रा०व्या०, 8/4/344। 2. दे०र०सा०आ०प०; पृ० 590-591। 3. वही०; पृ० 591। 4. दे०हि०सा० का आदि० (डॉ० द्विवेदी), पटना, 1952, पृ० 92।

एवं पाहुडदोहा आदि दूहा छन्द में ही लिखे गये। यह दूहा ही हिन्दी में दोहा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसमें 13 एवं 11 मात्राएँ अथवा 14 एवं 12 मात्राएँ होती हैं। सम्भवत: अपभ्रंश के उक्त काव्यों से ही दोहों की परम्परा कबीर, जायसी, तुलसी, रहीम एवं बिहारी को प्राप्त हुई।

हिन्दी के सोरठा, बरवै एवं कुण्डलिया के पूर्वार्द्ध का विकास भी अपभ्रंश के घत्ते एवं दूहा से ही हुआ। उसी प्रकार अष्टपदी, छप्पय, पादाकुलक, पज्झटिका, हरिगीता, ताटंक, मदनावतार आदि छन्द भी हिन्दी को अपभ्रंश की ही देन है।

(3) **सन्धि-पद्धति:**—अपभ्रंश-काव्यों में सर्ग एवं आश्वास के स्थान पर सन्धि का प्रयोग मिलता है। सन्धि का अर्थ है जोड़। अपभ्रंश-काव्यों में किसी कथानक के एक प्रकरण-विशेष की समाप्ति को सन्धि कहा गया है। इसमें प्रथमांश की समाप्ति एवं अग्रिमांश का प्रारम्भ इन दोनों के पूर्वापर-सम्बन्ध की अभिव्यक्ति रहती है। इसीलिए सम्भवत: इसका नाम सन्धि पड़ा। हिन्दी-काव्यों में सन्धि की परम्परा अपभ्रंश से ही आई। इस प्रकार के काव्यों में ब्रह्मगुलालचरित[1] (छत्रपति विरचित) आदि काव्य प्रमुख है आगे चल कर सन्धि का यह रूप पृथ्वीराजरासो में 'समय', पद्मावत में 'खण्ड' एवं रामचन्द्रिका में 'प्रकाश' के रूप में विकसित हुआ।

(4) **हिन्दी के रासा-साहित्य की प्रेरणा का प्रमुख स्रोत:**—हिन्दी-साहित्य के आधुनिक-काल को छोड़कर वीरगाथाकाल अथवा आदिकाल, भक्तिकाल एवं रीतिकाल अपभ्रंश-साहित्य से पूर्णत: प्रभावित हैं। वीरगाथाकालीन रासा-साहित्य के लिए अपभ्रंश के उपदेशरसायनरास (वि०सं०1132), भरतबाहुबलीरास (वि०सं०1241), जम्बूसामिरास (वि०सं०1266), रेवंतगिरिरास (वि०सं०1288) गयसुकुमालरास (वि०सं०1300) एवं समरारास (वि०सं०1371) आदि प्रेरणा-सूत्र माने गये हैं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सविधिसागर जी महाराज

हिन्दी के रासा-साहित्य में भाषा का गठन भी तात्कालिक स्थानीय कुछ अनिवार्य प्रवृत्तियों को छोड़कर, अपभ्रंश-व्याकरण के आधार पर हुआ है। नरपतिनाल्ह कृत 'वीसलदेवरासो' के विषय में डॉ० रामकुमार वर्मा का यह कथन ध्यातव्य है—"वीसलदेवरासो का व्याकरण अपभ्रंश के नियमों का पालन कर रहा है, कारक, क्रियाओं और संज्ञाओं के रूप अपभ्रंश-भाषा के ही हैं। अतएव भाषा की दृष्टि से इस रासो को अपभ्रंश-भाषा से सद्य: विकसित हिन्दी का ग्रन्थ कहने में किसी प्रकार की भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए।"[2]

(5) **अपभ्रंश के समान हिन्दी में भी "काव्य" के स्थान पर चरित शब्द का प्रयोग:**— "काव्य" के लिए "चरित" शब्द का प्रयोग हिन्दी में प्राय: अपभ्रंश से आया है। यथा—अपभ्रंश के पासणाहचरिउ, पज्जुण्णचरिउ, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, महावीरचरिउ के बल पर हिन्दी के—रामचरितमानस, सुदामाचरित, सुजानचरित, वीरसिंहदेवचरित आदि।

(6) **अपभ्रंश की प्रेम-कथाओं का हिन्दी-साहित्य में प्रेमाख्यानक-काव्यों के रूप में विकास:**—अपभ्रंश में 'सयणरेहाकहा', रयणसेहरनिवकहा, सन्देशरासक तथा भविसयत्तकव्व, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ जैसे अनेक ऐसे काव्य हैं, जिनमें आपतत: प्रेमकथानक अथवा प्रसंगानुकूल प्रेम-कथाओं की चर्चाएँ आती हैं। इनका स्पष्ट विकास हिन्दी-काव्यों में हुआ और जिनका नामकरण हिन्दी-साहित्य के इतिहासकारों ने प्रेमाख्यानक काव्यों के रूप में किया। इस प्रकार के काव्यों में से चन्दायन (दाऊद), पद्मावत (जायसी), चित्ररेखा (जायसी), मधुमालती

---

1. जै०सा०प्र० संस्था, दिल्ली (1961 ई०) से प्रकाशित। 2. दे०हि०सा० का आ०इ०: डॉ० रामकुमार वर्मा, (प्रयाग, 1948 ई०), पृ० 208।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(चतुर्भुज) आदि इसके सुन्दर उदाहरण हैं।

(7) अपभ्रंश-गीतिकाव्यों का हिन्दी-गीतिकाव्यों पर प्रभाव:—अपभ्रंश-साहित्य अपनी गीतियों के लिए प्रसिद्ध है। ये गीतियाँ कडवक के रूप में दृष्टिगोचर होती हैं। गेयता एवं भावों की तीव्रता ही गीतियों का प्रधान लक्षण है। इन अपभ्रंश गीतियों से प्रभावित होकर आचार्य गोवर्द्धन ने भी उनकी प्रशंसा मुक्तकण्ठ से की है।[1] जयदेव की संस्कृत-गीतियों में यद्यपि उक्त दोनों तत्त्व वर्तमान हैं, किन्तु अनेक समीक्षकों ने उन्हें भी अपभ्रंश की छाया माना है।[2] अपभ्रंश की इन गीतियों की परम्परा सूर के पदों, विद्यापति के गीतों एवं तुलसी की गीतावली में मुखरित हुई है।

(8) अपभ्रंश के अन्त्यानुप्रास की धारा का हिन्दी-साहित्य में प्रवाह:—अन्त्यानुप्रास की यह प्रवृत्ति अपभ्रंश की अपनी निजी-पद्धति रही है, जो जायसी एवं तुलसी आदि के साहित्य में स्पष्ट परिलक्षित होती हैं। संस्कृत एवं प्राकृत-साहित्य में उक्त प्रवृत्ति नहीं पायी जाती।

(9) गीतों में नाम-संयोजन की पद्धति:—हिन्दी-काव्यों के अन्त में अथवा प्रत्येक गीत एवं पदों के अन्त में प्रणेता-कवि के नाम के जोड़े जाने की पद्धति प्राय: अपभ्रंश कवियों से ही आयी है। अपभ्रंश काव्यों में 'भासइ सिरिहरु-सुकुमाल चरिउ' (वि०सं० 1208, अप्रकाशित) भणइसिद्ध पज्जुण्णचरिउ (वि०सं० 13वीं सदी अप्रकाशित); धणवाल पयंपइ बाहुबलिदेउचरिउ (वि०सं० 15वीं सदी, अप्रकाशित), जैसे कथन मिलते हैं।[3] 'भणइ विद्यापति सोरठ गावहि'[4] 'सूरदास प्रभु तुमरे मिलन को'[5], एक नैन कवि मुहम्मद गुनी[6], 'तुलसी तिहारे विद्यमान जुवराज आजु'[7], जैसे नाम-वाक्यों का अपने-अपने गीतों एवं पदों में प्रयोग किया।

(10) अनुरणनात्मक शब्दों के प्रयोग-बहुल:—

अपभ्रंश— तोडइ तडत्ति तणु बंधणइं मोडइ कडत्ति हड्डइँ घणइं।
फाडइ चडत्ति चम्मइँ चलइँ घुट्टइ घडत्ति सोधिय जलइँ।। —*(जसहरचरिउ 2,37, 3-4)*
झिरिमिरि झिरिमिरि झिरिमिरि ए मेहा वरिसंति। —*(सिरिथूलिभद्दफागु)*

हिन्दी— हहकंत कूदंत नचै कमंधं, कडक्कंत वज्जंत कुट्टंत संधं।
लहक्कंत लूटंत तूटंत भूमं।
झुकंते धुकंते दोउ वथ्थ झूमं।।
दडक्कंत दीसंत पीसंत दंतं। —*(पृथ्वीराजरासो, पद्य सं० 2110)*

(11) अपभ्रंश-शब्दावली का हिन्दी-काव्यों में प्राय: यथावत् प्रयोग—

अपभ्रंश — यथा— मुंडिय-मुंडिय मुंडिया सिर मुंडिउ चित्तु ण मुंडिया।
चित्तहँ मुंडण जिं कियउ संसारहं खंडणु तिं कियउ।। —*(पाहुडदोहा पद्य 135)*

हिन्दी —केसों कहा बिगारिया जो मूंडौ सौ बार।
मन को क्यों न मूँडिये जामें विषै विकार।। —*(कबीर ग्र० पद्य 12, पृ० 221)*

अपभ्रंश—काइँ किलेसहिं काउ अयाणिए किं घिउ होइ विरोलिए (भविसयत्तकहा 2/7) पाणिए।

---

1. दे० आर्यासप्तशती, पद्य 215। 2. दे० उप०सा० दिल्ली, वि०सं० 2013, पृ० 389 (डॉ० हरिवंश कोछड़)। 3. कबीर ग्रन्था०, ना०प्र०सं०, पृ० 79 (वाराणसी)। 4. दे० विद्यापति पदावली। 5. सूर के सौ कूट, पद्य 25, पृ० 113 (वाराणसी; वि०सं० 2023)। 6. पद्मावत, स्तुतिखण्ड, पद्य 21, पृ० 20 (चिरगाँव वि०सं० 2012)। 7. कवितावली, लंकाकाण्ड, पद्य 24, पृ० 85 (इलाहाबाद, वि०सं० 2013)।

हिन्दी —का मा जोग कथन के कथे।
निक सै घिउ न बिना दधि मथे।। —*(पद्मावत, प्रेमखण्ड 6, पृ० 119)*
अपभ्रंश—वाह विछोडवि जाहि तुहुँ हऊँ तेवइँ को दोसु।
हिअय-ट्ठिअ जइ नीसरहि जाणउँ मुंज सरोसु।। —*(हेमप्राकृत व्याकरण)*
हिन्दी —बाँह छोड़ाए जात हो निबल जानि के मोहि।
हिरदै ते जब जाहुगे सबल जानूंगो तोहि।। —*(सूर, 10/307)*

(12) **वर्णन प्रसंगों का प्रभाव**:— वर्णन-प्रसंगों में भी हिन्दी कवि अपभ्रंश कवियों के आभारी हैं। महाकवि स्वयम्भू एवं कवि तुलसीदास की तुलना करते हुए महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने लिखा है—"स्वयम्भू ने अपने को चाहे भले ही भारी कुकवि कहा हो, पर तुलसी की तरह उनका यह कहना केवल नम्रता प्रदर्शन मात्र है। जिस तरह तुलसी हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि हैं, वही बात अपभ्रंश के क्षेत्र में महाकवि स्वयम्भू की है। स्वयम्भू की कृति ने उन्हें प्रेरणा दी, इसे मानने में कोई हर्ज नहीं है, ऐसी कृतियों के अभ्यास का ही परिणाम है कहीं-कहीं दोनों की कृतियों में आपाततः समानता।[1] यथा —**आत्मनिवेदन प्रसंग में।**

स्वयम्भू— बुहयण सयंभु पइँ विण्णवइ, महु सरिसउ अण्ण णाहि कुकइ।
वायरणु कयाइ ण जाणियउ, णउ वित्ति-सत्त वक्खाणियउ।
णा णिसुणिउ पंच महाय कव्वु, णउ भरहु ण लक्खणु छंदु सव्वु।
णउ बुज्झिउ पिंगल-पच्छारु, णउ भामह-दंडिय लंकारु।
हउँ किवि ण जाणमि मुक्ख मणे, णिय बुद्धि पयासिय तो वि जणे।
जं सयलेंवि तिहुवणे वित्थरिउ आरंभिउ पुणु राहव-चरिउ।

तुलसी— कवि न होऊं नहिं वचन प्रबीना, सकल कला सब विद्या हीना।
आखर अरथ अलंकृति नाना, छन्द प्रबन्ध अनेक विधाना।
भाव भेद रस भेद अपारा, कवित्त दोष-गुन विविध प्रकारा।
कबित्त बिबेक एक नहिं मोरे, सत्यकहउँ लिखि कागद कोरे।[2]

इसी प्रकार स्वयम्भू रामायण का प्रथम काण्ड तथा तुलसी-रामायण का बालकाण्ड, स्वयम्भू-रामायण का 78वां पर्व एवं तुलसी-रामायण का उत्तरकाण्ड, स्वयम्भू-रामायण के 46-47वें पर्व एवं तुलसी-रामायण का सुन्दर काण्ड, स्वयम्भू-रामायण का पर्व 69वां एवं तुलसी-रामायण का लंकाकाण्ड आदि में भी अनेक प्रकार की समानताएँ हैं।[3]

(13) **हिन्दी की रीतिकालीन साहित्य शैलियों पर प्रभाव**:— हिन्दी रीतिकालीन साहित्य-शैलियों पर अपभ्रंश के सुदंसणचरिउ, णायकुमारचरिउ, सन्देशरासक, थूलिभद्दकहा आदि की श्रृंगार-भावना, नखशिख-वर्णन, षडऋतु-वर्णन, विरह-पीड़ा एवं बारह-मासा जैसे वर्णनों का प्रभाव तो है ही, साथ ही उनमें अपभ्रंश-रासाकाव्य के छन्दों यथा—कवित्त, दोहा, सवैया, छन्दों के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। यद्यपि श्रृंगार-भावना, नख-शिख-वर्णन, ऋतु-वर्णन आदि संस्कृत-प्राकृत साहित्य में भी चरमकोटि के उपलब्ध हैं, फिर भी हिन्दी के उक्त वर्णनों पर अपभ्रंश-काव्यों का

1. राहुल निबन्धावली, पृ० 112-115 (पीपुल्स प० हाउस, नई दिल्ली, 1970)। 2. वही०, पृ० 112-115। 3. वही०, पृ० 112-115।

अधिक प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

(14) **अपभ्रंश-गद्य का हिन्दी-गद्य पर प्रभाव:**— हिन्दी के 13वीं सदी तक के साहित्य में तुकमय पद्यात्मक गद्य की रचनाएँ मिलती हैं, जिन पर अपभ्रंश का पूर्ण प्रभाव है। क्योंकि अपभ्रंश-काव्यों में पद्यात्मक रचनाओं में यत्र-तत्र गद्य के प्रयोगों की प्रवृत्ति उपलब्ध होती है। विद्यापति की काहाणी कीर्त्तिलता से अवहट्ट-गद्य का एक अंश प्रस्तुत है[1]—

"तान्हि करो पुत्र युवराजन्हि मांझ पवित्र, अगणेय गुणग्राम प्रतिज्ञा पद, पूरणैक परशुराम, मर्यादा मंगलावास, कविता कालिदास।[2]"

तथा—

"विस्तरिउ वर्षाकाल जो पंथी तणउकाल, नाठउ दुकाल। जिणिई वर्षाकालि मधुर गाजइ, दुर्भिक्ष तणा भय भाजइ, जाणे सुभिक्ष भूपति आवंता जय ढक्का बाजइ।"

—(दे० माणिक्यचन्द्रसूरि कृत पृथिवीचन्द्रचरित्र, वि०सं० 1478)

और—

रात्रिकैं विषैं। सुपिनै देषे। सुप्रभात राजा के पुन्य प्रतापतें। भद्रबाहु मुनि संघाष्टक सहित आए। आहार निमित्त। चन्द्रगुप्ति सुपने फल पूछैं हैं। —(रइधूकृत पुण्णासव कहा (17वीं सदी अप्रकाशित)

इसी प्रकार हिन्दी के संत कवियों में जात-पाँत के विरोध की भावना, रहस्यवादी, सुधारवादी एवं धार्मिक क्रान्ति की भाव-धारा भी अपभ्रंश से ही आयी। इस दिशा में अपभ्रंश की जोइसारु, परमप्पयासु, पाहुडदोहा, सावयधम्म दोहा आदि रचनाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

(15) **हिन्दी महाकाव्यों के शिल्प एवं स्थापत्य के निम्नलिखित मूल-स्रोत अपभ्रंश महाकाव्यों में उपलब्ध हैं:—**

(अ) आराध्यगुणस्तवन,
(आ) पूर्ववर्त्ती-साहित्यकार एवं उनकी कृतियों का स्मरण एवं आभार-प्रदर्शन,
(इ) सज्जन-प्रशंसा एवं दुर्जन-निन्दा,
(ई) प्रेरक गुरु परिचय,
(उ) आश्रयदाता-परिचय-प्रशंसा,
(ऊ) कवि-परिचय,
(ए) आत्म-लघुता-प्रदर्शन,
(ऐ) प्रश्नोत्तरी-शैली में कथा-माहात्म्य एवं कथारम्भ,
(ओ) देश, नगर, राजा, मन्त्री-वर्णन,
(औ) कथा में रोमाण्टिक-तत्वों का प्राधान्य,
(अं) अतिमानवीय एवं अतिप्राकृतिक घटनाओं का समावेश,
(अः) कथा-तत्वों पर धार्मिक आवरण,
(क) प्रायः अन्यापदेशिक-शैली का प्रयोग,

---

1. हिन्दी साहित्य की प्रवृत्तियाँ : डॉ० जयकिशन खण्डेलवाल (आगरा 1969), पृ० 80। 2. र०सा० का आ०प०, पृ० 580।

(ख) सोद्देश्यता,
(ग) पात्र-चयन, संवाद एवं कौतूहल तत्व की योजना,
(घ) तुक के प्रति आग्रह, आदि।

अपभ्रंश के ऐसे महाकाव्यों में, पउमचरिउ (स्वयम्भू), महापुराण (पुष्पदन्त), भविसयत्तकहा (धनपाल), हरिवंशपुराण (धवल), पज्जुण्णचरिउ (सिंहकवि), जम्बूस्वामी चरिउ (वीर), णेमिणाहचरिउ (लक्ष्मण), जसहरचरिउ (रइधू) आदि प्रमुख हैं। इन ग्रन्थों ने हिन्दी के पृथ्वीराज रासो, आल्हाखण्ड, पद्मावत, रामचरितमानस प्रभृति पर उक्त विषय में अपना अमिट प्रभाव छोड़ा है।

(16) **कथानक रूढ़ियाँ**:— हिन्दी साहित्य के महारथी विद्वान् पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने आदिकालीन हिन्दी साहित्य की कथानक-रूढ़ियों पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। उनके अनुसार ऐतिहासिक चरित का लेखक सम्भावनाओं पर अधिक बल देता है। सम्भावनाओं पर बल देने का परिणाम यह हुआ है कि हमारे देश के साहित्य में कथानक को गति एवं घुमाव देने के लिए कुछ ऐसे अभिप्राय बहुत दीर्घकाल से व्यवहृत होते आये हैं, जो बहुत थोड़ी दूर तक यथार्थ होते हैं और फिर आगे चल कर कथानक-रूढ़ि में बदल गये हैं। इस विषय में ऐतिहासिक और निजन्धरी कथाओं में विशेष भेद नहीं किया गया।[1] इस प्रकार सम्भावना-पक्ष पर जोर देने के कारण ही कुछ कथानक-रूढ़ियाँ प्रचलित हुई। इनमें से अधिकांश कथानक-रूढ़ियाँ अपभ्रंश-साहित्य से ज्यों की त्यों हिन्दी में आयीं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं—

1. रानी द्वारा स्वप्न दर्शन और पति-राजा द्वारा उनके फल का कथन तथा पुत्र रत्न की प्राप्ति।
2. पूर्व-भव के कर्म-फलानुसार पुत्र-अपहरण।
3. नायिका का अपहरण।
4. नायक का समुद्र-यात्रा-वर्णन एवं समुद्र-यात्रा के प्रसंग में उसके अनेक रोमांचकारी संघर्षों का वर्णन।
5. नारद-प्रसंग।
6. नायक की वीरताओं का अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन।
7. मुनि का शाप अथवा वरदान-वर्णन।
8. विद्या-सिद्धि।
9. विजन-वन में सुन्दरियों से साक्षात्कार।
10. नायक की उदारता।
11. रूप-परिवर्तन अथवा बहुरुपियापन।
12. आकाशवाणी एवं भविष्यवाणी
13. षडऋतु एवं बारहमासा के वर्णन के माध्यम से विरह-वेदना-चित्रण।
14. शृंगार, प्रेम और रोमांच का विकास करने के लिए बहु-विवाह की योजना।
15. जलयान के डूबने पर प्राण-रक्षा के लिए लकड़ी के टुकड़े की प्राप्ति एवं समुद्र को पार करना।

आदि

1. हि०सा० का आदि०, पृ० 33 (पटना, 1955)।

इस प्रकार की कथानक-रूढ़ियाँ अपभ्रंश के पउमचरिउ, महापुराण, णायकुमारचरिउ, करकण्डुचरिउ, जसहरचरिउ, जम्बूसामिचरिउ, भविसयत्तकहा एवं पज्जुण्णचरिउ में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि मध्यकालीन हिन्दी-जैन-साहित्य में कुछ ऐसी कथानक-रूढ़ियाँ भी हैं, जो उसकी अपनी निजी सम्पत्ति है और जो मध्यकालीन जैनेतर-हिन्दी-साहित्य में नहीं मिलती। यथा—

(1) श्रेणिक के प्रश्न पर गौतम के उत्तर के माध्यम से कथा का आरम्भ।
(2) किसी उपवन में ज्ञानी मुनि का आगमन और उनके प्रभाव से वनस्पति आदि का अकाल में ही विशिष्ट रूप से फलना-फूलना तथा ऋतु का परिवर्तित रूप में दिखाई देना।
(3) मुनिराज द्वारा भवान्तर कथन।
(4) उपदेश प्रसंगों में स्याद्वाद, अनेकान्त, षड्द्रव्य, श्रावकाचार, मुनि-आचार, सप्त-तत्व आदि का निरूपण।
(5) विद्याधर, असुर अथवा चारण-मुनियों का दर्शन

इस प्रकार अपभ्रंश-काव्य परम्पराओं एवं कथानक-रूढ़ियों का मध्यकालीन हिन्दी साहित्य की परम्पराओं एवं कथा-रूढ़ियों के साथ तुलनात्मक अध्ययन करते हुए डॉ० प्रो० जगन्नाथ राय शर्मा का यह कथन अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होता है—"हिन्दी का कौन कवि है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में अपभ्रंश के जैन प्रबन्ध-काव्यों से प्रभावित न हुआ हो? चन्द से लेकर हरिश्चन्द्र तक तो उसके ऋण-भार से दबे हैं ही, आजकल की नई-नई काव्य-पद्धतियों के उद्भावक भी विचार कर देखने पर उसकी परिधि के बाहर न मिलेंगे।[1]

13. पज्जुण्णचरिउ :

(1) स्रोत, परम्परा एवं विकास:—भारतीय पुराण-साहित्य को दो परम्पराओं में विभक्त किया जा सकता है—वैदिक-पुराण एवं श्रमण-पुराण। वैदिक परम्परानुसार पुराण वे कहलाते हैं, जिनमें सृष्टि की रचना, प्रलय एवं पुनःसृष्टि, मानव-अंश, मनुओं के विविध-युग तथा राजवंशों के चरितों की चर्चा की जाती है।

श्रमण-परम्परा में जैन एवं बौद्ध-परम्परायें आती हैं। बौद्ध-परम्परा का पुराण-साहित्य सीमित है और उसमें जातक-साहित्य को रखा जाता है, जिस में महाभारत सम्बन्धी कथा-साहित्य अनुपलब्ध है।

जैन-पुराणों के अनुसार सृष्टि जड़ एवं चेतनमय तथा अनादि-अनन्त है और उसका विकास अथवा परिवर्त्तन काल-चक्र के आरोह-अवरोह के अनुसार चलता है। अतः सर्ग एवं प्रतिसर्ग के स्थान पर उनमें विश्व का अनादि-अनन्त स्वरूप तथा उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणी रूप परिवर्तन, विपरिवर्तन अथवा लोक-व्यवस्था की चर्चा रहती है। मानव-वंशों, कुलकरों अर्थात् मनुओं एवं राजवंशानुचरितों के वर्णन जैन-पुराणों में भी अपनी मान्यातानुसार उल्लिखित हैं।

पुराण-विषय से सम्बन्ध रखने वाले प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, तमिल, कन्नड़, हिन्दी आदि के अनेक जैन ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमें से अभी तक कुछ तो प्रकाश में आ चुके हैं और कुछ प्राच्य-शास्त्र-भाण्डारों में वेष्ठनों में ही सुरक्षित हैं। प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ भी अद्यावधि अप्रकाशित ही था, जिसका सर्वप्रथम सम्पादन, अनुवाद एवं समीक्षात्मक अध्ययन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

---

1. दे० अपभ्रंश दर्पण: (पटना, 1955), पृ० 53।

यहाँ यह तथ्य ध्यातव्य है कि प्राकृत एवं अपभ्रंश कवियों ने पौराणिक आख्यानों को चरित कहा है। इसका कारण सम्भवतः यही था कि वे जीवन-वृत्त को सामान्य-चरित ही मानते रहे। अतः संस्कृत एवं प्राकृत का अधिकांश पुराण-साहित्य चरितनामान्त ही मिलता है।

जैन मान्यतानुसार प्रद्युम्न 169 पुराण पुरुषों में से एक माने गए हैं। इनकी गणना 24 कामदेवों में की गयी है। ये 9वें नारायण—श्रीकृष्ण के पुत्र तथा चरमशरीरी (उसी जन्म से मोक्ष जाने वाले) माने गये हैं। इनका चरित्र विविध दिव्य-चमत्कारों एवं विशेषताओं से परिपूर्ण है। मानव का उत्थान एवं पतन किन-किन परिस्थितियों में तथा पूर्व-जन्म के संस्कारों के कारण किस-किस प्रकार होता है, उसका चित्रण प्रद्युम्नचरित में आकर्षक ढंग से किया गया है।

प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ की कथा का मूलस्रोत संघदासगणि (5वीं सदी के आसपास) कृत वसुदेवहिंडी, आचार्य जिनसेन प्रथम (वि०सं० 840) कृत हरिवंशपुराण, गुणभद्र (898 ई०) कृत उत्तरपुराण, महाकवि पुष्पदन्त (959 ई०) कृत अपभ्रंश महापुराण एवं कवि महासेन (974 ई०) कृत संस्कृत प्रद्युम्नचरित हैं। महाकवि सिद्ध ने वसुदेव-हिंडी के पाढेय-प्रकरण एवं जिनसेन (प्रथम) कृत हरिवंशपुराण (के 42-48 सर्ग) से कथासूत्र ग्रहण कर तथा उक्त उत्तरपुराण (के 72वें सर्ग), महापुराण (के 91-92 वीं सन्धि) एवं प्रद्युम्नचरित से कुछ घटनाक्रमों का संकलन पर प्रद्युम्न के जीवन-वृत्तान्त को एक नवीन मौलिक रूप प्रदान कर और अपभ्रंश में सर्वप्रथम स्वतन्त्र मौलिक रचना का प्रणयन कर परवर्ती विविध कवियों के लिए एक नया आलोक प्रदान किया है।

कालक्रमानुसार प्रद्युम्नचरित-कथा का विकास (ज्ञात एवं उपलब्ध कृतियाँ)

जैन कवियों ने आधारभूत ग्रन्थों से सन्दर्भ-सामग्री ग्रहण कर विविध कालों में विविध भाषाओं एवं शैलियों में अनेक स्वतन्त्र ग्रन्थों की रचना की है। उनकी एक झांकी यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

कालक्रमानुसार प्रद्युम्नचरित-कथा-विकास (ज्ञात एवं उपलब्ध कृतियाँ)

	रचना	लेखक	भाषा	काल
1.	प्रद्युम्नचरित्र	महासेनाचार्य	संस्कृत	10वीं शती
2.	पज्जुण्णचरिउ	महाकवि सिंह	अपभ्रंश	13वीं शती
3.	प्रद्युम्नचरित	सधारु	हिन्दी	सं० 1411 वि०
4.	प्रद्युम्नचरित्र	सकलकीर्त्ति	संस्कृत	15वीं शती
5.	प्रद्युम्नचरित	रइधू	अपभ्रंश	15वीं शती
6.	प्रद्युम्नचरित्र	सोमकीर्त्ति	संस्कृत	सं० 1531 वि०
7.	प्रद्युम्नचरित्र	कमलकेशर	हिन्दी	सं० 1626 वि०
8.	प्रद्युम्नरासो	ब्रह्मराय मल्ल	हिन्दी	सं० 1628 वि०
9.	प्रद्युम्नचरित्र	रविसागर	संस्कृत	सं० 1645 वि०
10.	शाम्ब प्रद्युम्नरास	समयसुन्दर	राजस्थानी	सं० 1659 वि०
11.	प्रद्युम्नचरित्र	शुभचन्द्र	संस्कृत	17वीं शती
12.	प्रद्युम्नचरित्र	रतनचन्द्र	संस्कृत	सं० 1671 वि०

13.	प्रद्युम्नचरित्र	मल्लिभूषण	संस्कृत	17वीं शती
14.	प्रद्युम्नचरित्र	वादिचन्द्र	संस्कृत	17वीं शती
15.	शाम्बप्रद्युम्न रास	ज्ञानसागर	हिन्दी	17वीं शती
16.	शाम्बप्रद्युम्न चौपई	जिनचन्द्र सूरि	हिन्दी	17वीं शती
17.	प्रद्युम्नचरित्र	भोगकीर्त्ति	संस्कृत	17वीं शती
18.	प्रद्युम्नचरित्र	जिनेश्वर सूरि	संस्कृत	—
19.	प्रद्युम्नचरित्र	यशोधर	संस्कृत	—
20.	प्रद्युम्न लीला वर्णन	शिवचन्द गणि	संस्कृत	—
21.	प्रद्युम्नचरित्र	—	संस्कृत	—
22.	प्रद्युम्नचरित्र भाषा	खुशालचन्द्र	हिन्दी गद्य	—
23.	प्रद्युम्नचरित्र	देवेन्द्र कीर्ति	हिन्दी	सं० 1722 वि०
24.	प्रद्युम्नरास	मायाराम	हिन्दी	सं० 1818 वि०
25.	प्रद्युम्नचरित्र	रत्नचन्द्र गणि	संस्कृत	सं० 1834 वि०
26.	शाम्ब प्रद्युम्न रास	हर्षित विजय	हिन्दी	सं० 1842 वि०
27.	प्रद्युम्नप्रकाश	शिवचन्द	हिन्दी	सं० 1879 वि०
28.	प्रद्युम्नचरित्र	बख्तावर सिंह	हिन्दी गद्य	सं० 1914 वि०
29.	प्रद्युम्नचरित्र	मन्नालाल	हिन्दी गद्य	सं० 1916 वि०
30.	प्रद्युम्नचरित्र भाषा	—	"	सं० 1941 वि०
31.	प्रद्युम्नचरित्र	—	"	—
32.	प्रद्युम्नचरित्र	—	हिन्दी	—
33.	प्रद्युम्नचरित्र टीका	—	हिन्दी गद्य	—
34.	प्रद्युम्नचरित्र वृत्ति	देवसूरि	संस्कृत	—
35.	प्रद्युम्नचरित्र	—	हिन्दी	सं० 1941 वि०

(2) **विषयवस्तु (कथा-संक्षेप)**:— सिद्ध कवि कृत प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ की संक्षिप्त कथावस्तु उसकी सन्धियों एवं कड़वकों के क्रमानुसार यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

पम्पा एवं देवण का पुत्र महाकवि सिद्ध सर्वप्रथम अपने आराध्यदेव एवं वाग्देवी सरस्वती का स्मरण कर अपने गुरु मलधारीदेव अमृतचन्द्र की प्रेरणा से पज्जुण्णचरिउ (प्रद्युम्नचरित) के प्रणयन की प्रतिज्ञा करता है और पूर्वागत-परम्परा का ध्यान रखता हुआ वह अपनी रचना की मूल कथावस्तु इस प्रकार प्रस्तुत करता है — (कड़वक संख्या 1-5)

मगधदेशान्तर्गत राजगृह के विपुलाचल पर्वत पर आये हुए वीर-प्रभु के समवशरण में आकर राजा सेणिय (श्रेणिक) ने गौतम गणधर से कुमार प्रद्युम्न के चरित को जानने की इच्छा प्रकट की, जिसके उत्तर में गौतम गणधर ने बतलाया कि जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में स्थित सोरट्ठ (सौराष्ट्र) देश की दारामई नगरी (द्वारामती

— वर्तमान द्वारिका) में देवकी-पुत्र राजा मधुमथन (कृष्ण) राज्य करते थे। वह नगरी सुख-समृद्धि से परिपूर्ण थी (6-12)। राजा कृष्ण अपने अग्रज बलभद्र के साथ न्यायपूर्वक राज्य-संचालन करते हुए सुख-पूर्वक जीवन-यापन करते थे (13)।

एक बार आकाशमार्ग से जाते हुए नारद ने राजा कृष्ण का आधान (अस्त्रागार) देखा, तो उसकी शोभा से प्रभावित होकर वे तत्काल वहाँ पहुँचे। उन्हें देखते ही श्रीकृष्ण ने सिंहासन छोड़कर उनके चरण-स्पर्श कर उन्हें प्रणाम किया (14)। आसन ग्रहण कर लेने के अनन्तर उन दोनों में परस्पर वार्तालाप हुआ। तत्पश्चात् नारद राजमहल में भ्रमण करते समय उस स्थल पर जा पहुँचे, जहाँ सत्यभामा दर्पण में अपना मुख-दर्शन कर रही थी। अपने दर्पण में नारद जी की छाया देखकर वह भयाक्रान्त हो गयी और विचार करने लगी कि "हमारे सौन्दर्य-शृंगार के समय यह कौपीन-धारी कहाँ से आ गया? इसी हड़बड़ी में वह उनका सम्मान भी नहीं कर सकी (15-16) पहली सन्धि।

नारद ने इसे अपनी अवज्ञा समझ कर सत्यभामा से बदला लेने की प्रतिज्ञा की और तत्काल ही वे उससे भी अधिक सुन्दरी किसी अन्य राजकुमारी की खोज में आकाश-मार्ग से चले। चलते-चलते वे नागर-वाणी (णायर-गिर) में बोलने वाले पुरुषों तथा अन्य जीव-जन्तुओं को देखते हुए (1-2) एक विद्याधर श्रेणी को पार कर विजयार्द्ध-पर्वत के सौन्दर्य का निरीक्षण करते हुए कुण्डिनपुर जा पहुँचे (3-5)। नारदागमन की सूचना मिलते ही कुण्डिनपुर-नरेश राजा भीष्म ने अपनी युवती पुत्री राजकुमारी रूपिणी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के प्रत्युत्तर में प्रमुदित नारद जी ने रूपिणी को शीघ्र ही महाराज कृष्ण की पट्टरानी बनने का आशीर्वाद (6-7) दिया।

रूपिणी के लिए नारद का आशीर्वचन सुनते ही रूपिणी की फुआ (सुरसुन्दरी) ने नारद को बतलाया कि रूपिणी का विवाह तो चेदिनरेश राजा शिशुपाल के साथ सुनिश्चित हो चुका है और वह इसी पखवारे में सम्पन्न हो जायेगा। किन्तु नारद जी यह सुनकर भी अपने पूर्वोक्त आशीर्वाद को ही दुहराते रहे और वे रूपिणी का एक चित्र लेकर पुनः कृष्ण एवं बलभद्र के सम्मुख जा पहुँचे। उन्हें वह चित्र दिखाकर कृष्ण से रूपिणी की बड़ी प्रशंसा की (8-12)। रूपिणी के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर बलभद्र के साथ श्रीकृष्ण नारदजी के परामर्शानुसार कुण्डिनपुर जा पहुँचे। किन्तु वहाँ की स्थिति ही दूसरी थी। चेदि-नरेश शिशुपाल अपने विवाह हेतु वहाँ पहले से ही आ चुका था। अतः श्रीकृष्ण ने अवसर पाकर रूपिणी का अपहरण कर लिया। फलस्वरूप भीषण युद्ध में शिशुपाल का वध करके रूपिणी के साथ वे सकुशल द्वारका लौट आये (13-20 दूसरी सन्धि)।

द्वारामई नगरी में नागरिकों ने उस युगल-जोड़ी का हार्दिक स्वागत कर जय-जयकार किया और दोनों सुखपूर्वक समय व्यतीत करने लगे। सत्यभामा के मन में नवागत रूपिणी के प्रति जहाँ एक ओर ईर्ष्या एवं विद्वेष था, वहीं दूसरी ओर उसे देखने की अभिलाषा थी। अतः उसने श्रीकृष्ण से अनुरोध किया कि वह रूपिणी के दर्शन उसे अवश्य करा दें। कृष्ण ने समीपवर्त्ती एक उपवन में उसके दर्शन कराने की व्यवस्था की (1-7)। उन्होंने रूपिणी को उसके शारीरिक सौन्दर्य के अनुकूल श्वेत-परिधान से अलंकृत कर उसे उपवन की एक श्वेत-शिला पर बैठा दिया। सत्यभामा जब उपवन में पहुँची, तब भ्रमवश वह उसे वनदेवी समझ बैठी और उसके सम्मुख प्रार्थना करने लगी कि हे देवी, तू श्रीकृष्ण का ध्यान रूपिणी से हटा कर मेरी ओर लगा। श्रीकृष्ण उस शिला के पार्श्व में ही छिपे हुए थे। सत्यभामा की इस प्रार्थना पर उन्हें हँसी आ गयी। सत्यभामा को जब

वास्तविकता का पता चला, तब उसने श्रीकृष्ण की स्तुति की (8)।

कृष्ण एवं रूपिणी का जीवन जब अत्यन्त सुखपूर्वक व्यतीत हो रहा था, तभी एक दिन दुर्योधन ने अवसर पाकर अपने दूत द्वारा कृष्ण के पास यह सन्देश भेजा कि—"यदि तुम्हारे पुत्र और मेरी पुत्री होगी अथवा मेरा पुत्र और तुम्हारी पुत्री होगी, तो हम लोग परस्पर में उनका विवाह कर प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। कृष्ण ने सकारात्मक उत्तर देकर दूत को विदा किया (9)।

समय व्यतीत होता गया और कुछ वर्षों के बाद ही सत्यभामा और रूपिणी दोनों ने एक ही रात्रि में चार-चार स्वप्न देखे। महाराज कृष्ण ने उन स्वप्नों का सुफल जब उन लोगों के लिए कह सुनाया तो वे अत्यन्त प्रमुदित हो उठीं। उन स्वप्नों के फलानुसार ही दोनों रानियों ने उपयुक्त समय पर एक-एक पुत्र-रत्न को जन्म दिया। ज्योतिषियों ने रूपिणी के पुत्र का नाम पज्जुण्ण (प्रद्युम्न) एवं सत्यभामा के पुत्र का नाम भानु रखा। किन्तु छठे दिन ही घोर दुर्भाग्य का वातावरण छा गया। पूर्वजन्म का बैरी धूमकेतु नामक दानव प्रद्युम्न का अपहरण कर उसे तक्षकगिरि पर ले भागा (10-14, तीसरी सन्धि)।

उस दानव ने बड़ी ही क्रूरतापूर्वक शिशु प्रद्युम्न को तक्षकगिरि की एक शिला के नीचे दबा दिया। संयोग से उसी समय मेघकूट का विद्याधर राजा कालसंवर अपनी प्रियतमा कनकमाला के साथ विमान में मनोरंजन करता हुआ जब तक्षकगिरि के ऊपर से उड़ रहा था, तभी उस शिशु के प्रभाव से सहसा ही उसका विमान रुक गया। यह देखकर यमसंवर (कालसंवर) को बड़ा आश्चर्य हुआ और कारण का पता लगाने के लिए जब वह विमान से उतरा, तभी उसने शिला के नीचे दबे हुए उस सुन्दर शिशु को देखा। उसने बड़े ही स्नेह के साथ कामदेव के समान सुन्दर उस बालक को उठाया, उसका चुम्बन किया और "कामदेव" के नाम से अभिहित कर उसे अपनी रानी कनकमाला को प्रदान कर दिया (4/1-3)। कालसंवर उस शिशु प्रद्युम्न को अपने निवास-स्थल घणकूडपुर (मेघकूटपुर) ले आया और स्नेहपूर्वक उसका पालन-पोषण करने लगा।

इधर रानी रूपिणी जब प्रातःकाल सोकर उठी और शैया पर अपने शिशु को न देखा तब वह उदास हो गयी। उसने अपनी लज्जिका नामकी दासी से भी पूछताछ की (4/4)। बहुत खोज-बीन करने पर भी जब प्रद्युम्न का पता नहीं चला तब राजमहल में रुदन मच गया। बलभद्र, कृष्ण एवं उनके पिता वसुदेव भी प्रद्युम्न की खोज में निकल पड़े। रूपिणी का करुण-क्रन्दन सुनकर महाराज श्री कृष्ण भी शोक-सन्तप्त हो उठे। दोनों की विवेकहीन स्थिति देखकर बलभद्र ने उन्हें संसार की नश्वरता का स्मरण दिलाते हुए द्वादशानुप्रेक्षाओं का उपदेश दिया (4/5-6)।

जब वे उपदेश दे रहे थे, उसी समय संयोग से नारद जी वहाँ आ पहुँचे उन्हें देखकर रूपिणी और भी फूट-फूट कर रोने लगी (4/7)। इस प्रसंग में कवि ने सास-बहू तथा ननद-भौजाई की जग-प्रसिद्ध ईर्ष्या, विद्वेष एवं कलह का बड़ा ही सजीव एवं स्वाभाविक चित्रण किया है। सास और ननद अपने परिवार में नवागत महिला के प्रति कैसी तीखी व्यंग्योक्तियों का प्रयोग करती हैं, कवि ने उनका बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया है (4/8)।

रूपिणी को शोक-विह्वल देखकर नारद जी बड़े दुःखी हुए। वे स्वयं प्रद्युम्न की खोज के लिए निकले और घूमते-घूमते विदेह-क्षेत्र स्थित सीमंधर स्वामी के समवशरण में जा पहुँचे (4/9-11)।

विदेह क्षेत्र का राजा पद्म उस समय समवशरण में विराजमान था। उसने नारद के अतिसूक्ष्म रूप को देखकर सीमंधर स्वामी से उसके विषय में पूछा। उत्तर स्वरूप सीमंधर स्वामी ने प्रद्युम्न के जन्म-काल से लेकर

अपहरण तक तथा कालसंवर द्वारा शिला के नीचे से निकाल कर, मेघकूट स्थित अपने निवास-स्थल में पालन-पोषण किये जाने तक का वृत्तान्त कह सुनाया (4/12-13)। इतना ही नहीं सीमंधर स्वामी ने शिशु प्रद्युम्न के पूर्व-भव के निम्नलिखित भवांतर (4/14 से 7/1-9 तक) भी कह सुनाए — यथा (1) शृगाली रूप में जन्म, (2) सोमशर्मा ब्राह्मण के पुत्र अग्निभूति के रूप में, (3) सौधर्म-स्वर्ग में त्रिदश देव, (4) अयोध्या के नगर सेठ का पूर्णभद्र नामक पुत्र, (5) सहस्रार स्वर्ग में देव, (6) कौशलपुरी के सुवर्णनाभ राजा का मधु नामक पुत्र, (7) अच्युत स्वर्ग में देव एवं (8) पज्जुण्ण (वर्तमान)।

कवि ने इन भवान्तरों के माध्यम से पुनर्जन्म एवं कर्म-सिद्धान्त का सुन्दर विवेचन किया है।

सीमंधर स्वामी के द्वारा कुमार प्रद्युम्न के भवान्तर सुनकर नारद प्रद्युम्न को देखने की इच्छा से मेघकूटपुर जा पहुँचे तथा उसे सकुशल देख कर उन्होंने द्वारका जाकर श्रीकृष्ण एवं रूपिणी को तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण वृत्तान्त कह सुनाया (7/10-11)।

इधर, प्रद्युम्न जब पाँच वर्ष का हो गया, तब उसे विविध विद्याओं की शिक्षा दी गयी और तीन वर्षों के भीतर-भीतर वह समस्त विद्याओं में निष्णात हो गया। राजा कालसंवर ने उपयुक्त समय पाकर जब प्रद्युम्न को युवराज पद सौंपा, तब उसके 500 पुत्र अपने पिता तथा सौतेले युवराज पर अत्यन्त रुष्ट हो गये। वे सभी मिलकर मारने के उद्देश्य से प्रद्युम्न को विविध स्थलों पर ले गये। कवि ने उस प्रसंग के लिये एक कथानक प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार प्रद्युम्न के सभी भाई प्रद्युम्न को विजयार्द्ध पर्वत पर ले गये तथा वहाँ उसे एक भयानक सर्प से भिड़ा दिया। उसका उस भयंकर सर्प के साथ युद्ध हुआ (7/12-17) (चौथी से सातवीं सन्धि)।

किन्तु जब वह सर्प प्रद्युम्न के पौरुष से आतंकित हो गया, तब उसने यक्ष का रूप धारण कर उसको अलकापुरी के राजा कनकराजा, उसकी रानी अनिला देवी तथा उसके हिरण्य एवं तार नामक दो पुत्रों का वर्णन करते हुए बतलाया—"राजा कनकराज अपने पुत्र हिरण्य को राज्य देकर तपस्वी बन गया। हिरण्य भी शीघ्र ही अपने भाई तार को राज्य देकर मन्त्र-साधना हेतु वन में चला गया। 36 वर्षों में जब उसे अनेक विद्याओं की सिद्धि प्राप्त हो गयी, तब वह पुन: अलकापुरी में राज्य करने लगा (8/1-3)। किन्तु राजा हिरण्य को पुन: जब वैराग्य हो गया तब उन विद्याओं ने स्वयं ही उससे पूछा कि अब वे कहाँ रहेंगी? उसके उत्तर में उसने कहा कि—"आगे से कृष्ण-पुत्र प्रद्युम्न उन विद्याओं का स्वामी होगा।" हे प्रद्युम्न, तभी से मैं इन विद्याओं की रक्षा कर रहा हूँ। अब आप इन्हें संभालिए (4)। इस प्रकार प्रद्युम्न को यक्षराज से विद्याओं की उपलब्धि हो गई। तदनन्तर कालसंवर के सभी पुत्र प्रद्युम्न को कालगुफा, नागगुफा, वनसरसी, वासुकुण्ड, मेषाकार पर्वत, विशाल नगरी, कपित्थक-कानन, वामी, शल्यकगिरि, वराहशैल, पयोवन, अर्जुन, भीममहावन एवं अन्त में जयन्तगिरि पर ले गये (5-16), वहाँ प्रद्युम्न रति नामकी एक अद्वितीय कन्या को देखकर उस पर मुग्ध हो गया। तत्पश्चात् वह राजा कालसंवर के पास पहुँचा (17-19, आठवीं सन्धि)।

विधि का विधान कैसा विचित्र है? कनकमाला ने जिस प्रद्युम्न का प्रारम्भ में वात्सल्यभाव से सुरक्षाकर पालन-पोषण किया, आगे चलकर उसी कनकमाला की चेष्टाओं एवं भावनाओं में उसके प्रति काम-वासना जाग उठी। इस कारण प्रद्युम्न के मन में बड़ी ही ग्लानि उत्पन्न हो गयी। वह राजमहल से तत्काल बाहर निकल कर जिन-मन्दिर गया और वहाँ बैठे हुए भट्टारक उदधिचन्द्र के दर्शन कर उनसे कंचनमाला (अपरनाम कनकमाला) के भवान्तर पूछे।

भवान्तर के इस प्रसंग में कवि ने पिछले भवान्तरों की ही पुनरावृत्ति की है (4/15 से 9/1-9 तक) (10)। इन भवान्तरों के साथ ही उन्होंने रूपिणी के भवान्तर भी बतलाए (11-13)। तत्पश्चात् प्रद्युम्न पुनः राजमहल में वापिस आया और उसने चाटुकारितापूर्ण वचनों के साथ कनकमाला से तीन विद्याएँ प्राप्त कीं और वहाँ से अपने महल में चला गया (14-15)। इधर कनकमाला ने प्रद्युम्न की ओर से कामाभिलाषा पूर्ण न किए जाने के कारण रुष्ट होकर अपने ही शरीर को क्षत-विक्षत कर डाला ओर प्रद्युम्न पर लांछन लगाकर राजा से उसकी शिकायत की। उसकी बातों पर विश्वास कर राजा ने भी अपने पुत्रों को उस प्रद्युम्न को मार डालने का आदेश दिया। इतना ही नहीं, राजा कालसंवर ने स्वयं भी युद्धस्थल में सामना करते हुए प्रद्युम्न को ललकारा (16-18)। फलस्वरूप, कालसंवर और प्रद्युम्न दोनों में घमासान युद्ध होने लगा। उसी समय संयोगवश नारद जी वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने उन्हें समझा-बुझाकर युद्ध समाप्त करवाया और कालसंवर को प्रद्युम्न का यथार्थ परिचय देकर उसे (प्रद्युम्न को) अपने साथ दारामई ले जाने हेतु तैयार करने लगे। (19-24 नवीं सन्धि)।

दारामई के लिए प्रस्थान करने के पूर्व नारद ने एक विमान की संरचना की, किन्तु वह विमान प्रद्युम्न को पसन्द नहीं आया। अतः उसने स्वयं एक वेगगामी विशेष विमान की रचना की और उसी पर दोनों सवार होकर आकाश-मार्ग से चले। मार्ग में वे नाना नदी, नद, वन, उपवन, सरोवर एवं प्राकृतिक सौन्दर्य-स्थलियों को देखते हुए एक स्थल पर पहुँचे। वहाँ कुरुराज की सुसज्जित चतुरंगिणी सेना को देखकर (1-7) नारद ने प्रद्युम्न को बतलाया कि 'दुर्योधन की जिस पुत्री (उदधि कुमारी) का विवाह तुम्हारे साथ होने वाला था, किन्तु तुम्हारा अपहरण हो जाने के कारण वह तुम्हारे साथ सम्पन्न नहीं हो पाया था, अब वही विवाह सत्यभामा के पुत्र राजकुमार भानु से सम्पन्न होने जा रहा है। इस प्रसंग से तुम्हारी माता रूपिणी को निश्चय ही बड़ी ठेस लगेगी।' यह सुनकर प्रद्युम्न ने अपनी माता को प्रसन्न करने की भावना से स्वयं एक भील का रूप धारण किया और बीभत्स रूप बना कर संग्राहक घोषित किया और अवसर पाकर वह उदधिकुमारी का अपहरण कर उसे अपने विमान में ले आया। नारद ने रोती हुई उदधिकुमारी को समझा बुझाकर तथा प्रद्युम्न के वास्तविक रूप को दिखला कर उसे उसका पति बतलाया। प्रद्युम्न अपना रूप परिवर्तित कर अकेले ही दारामई नगरी में आया और भानुकुमार को अपमानित करने की दृष्टि से उसे ऐसे घोड़े पर बैठा दिया, जिसने उसे ज़मीन पर पटक दिया। इस कारण भानु की जग हँसाई हुई (8-17)। इधर अपने को सर्वोच्च दिखाने की दृष्टि से प्रद्युम्न स्वयं उस घोड़े पर सवार होकर अदृश्य हो गया (18-21 दसवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न बहुविद्याधारी तो हो ही चुका था, अतः उसने अपनी विद्याओं का चमत्कार दिखाना प्रारम्भ किया। कहीं उसने मायावी घोड़े तैयार कर उससे सत्यभामा का उपवन चरवा दिया, तो कहीं मायावी बन्दर बनाकर किसी का उपवन नष्ट-भ्रष्ट करा दिया और कहीं पनिहारिनों के बीच में पहुँच कर वृद्ध-ब्राह्मण के रूप में उन्हें अनेक कौतुक दिखाना प्रारम्भ कर दिया। एक बार उसने वापी में स्नान करना चाहा, किन्तु जब वहाँ उपस्थित युवतियों ने उसे वैसा करने से रोका, तभी उसने अपने विद्याबल से वापी का समस्त जल अपने कमण्डल में भर लिया। उसके इस कृत्य से क्रोधित होकर युवतियों ने जब उस पर मुष्ठि-प्रहार किया तो उसने उन सबको विरूप बना दिया। वापी-जल से पूर्ण अपना कमण्डल लेकर जब वह राजमार्ग से जा रहा था, तभी वह उसके हाथ से छूट कर गिर पड़ा। फलतः बाजार में जल की बाढ़ आ गयी और सर्वत्र हाहाकार मच गया। इसी प्रकार सुगन्धित पुष्पों को सुगन्धहीन बनाकर, स्वर्ण-दीनारों को लोहे में बदल कर, राजमहल में अपने द्वारा निर्मित

मायावी मेष से अपने ही पितामह को पराजित कराकर, राजभवन में उपस्थित द्विजों को परस्पर में लड़ाकर, सत्यभामा के यहाँ सैकड़ों पुरुषों के लिये तैयार कराए गये भोजन को अकेले ही खाकर और उसे वहीं वमन कर उसने सभी को और विशेष रूपेण सत्यभामा को आश्चर्यचकित कर दिया (1-22)। इस प्रकार सत्यभामा को अपने कौतुक दिखाकर वह प्रद्युम्न पुनः क्षुल्लक का वेष बनाकर अपनी माता रूपिणी के राजमहल में जा पहुँचा (23-24, ग्यारहवीं सन्धि)।

रूपिणी की शालीनता, सौम्यता, सुन्दरता एवं भद्रता से वह इतना अधिक प्रभावित हुआ कि मन ही मन उनके मातृ-स्वरूप को नमन कर उसने उनसे उत्तम पदार्थों की याचना की। रूपिणी ने महाराज कृष्ण के लिये रखे हुए विशेष मोदक उस क्षुल्लक को दिये। साधारण व्यक्तियों के लिए दुष्पाच्य उन मोदकों को उसने देखते ही देखते खा-पचा डाला। प्रद्युम्न को देखते ही रूपिणी को नारद द्वारा कथित सीमन्धर स्वामी के वृत्तान्त का स्मरण आ गया। रूपिणी सोचने लगी कि हो न हो यही मेरा पुत्र प्रद्युम्न है। किन्तु प्रद्युम्न के इस क्षुल्लक के कुरूप वेश को देखकर वह अपने मन में सोचने लगी कि ऐसे पुत्र को लेकर मैं कृष्ण एवं सत्यभामा को अपना मुख कैसे दिखाऊँगी? अतः रूपिणी ने क्षुल्लक-वेशधारी उस नवागन्तुक से उसका कुल और गोत्र पूछा, क्षुल्लक ने उत्तर में कहा कि—"साधु का कोई कुल-गोत्र नहीं होता।" यह सुनकर रूपिणी अत्यन्त दुखी हो गई। तब क्षुल्लक ने दयार्द्र होकर उसके दुख का कारण पूछा। तब उसने उसे पूर्व-वृत्तान्त बतलाते हुए कहा कि—"सत्यभामा और मेरे बीच यह शर्त लगी थी कि जिसका पुत्र पहिले परिणय करेगा, वह दूसरी के केशों का मुण्डन करा कर, उन केशों को अपने पैरों से रोदेंगी। अब वही समय आ गया है। सत्यभामा के पुत्र भानु का विवाह हो रहा है। इसलिए अब वह मेरे साथ वही व्यवहार करेगी। इसी कारण में शोकाकुल हूँ (1-9)।

क्षुल्लक ने जब रूपिणी की व्यथा को सुना, तब उसने ढाढस बंधाते हुए उससे कहा कि —"माता, दुःखी मत बनो, मैं ही तुम्हारा पुत्र प्रद्युम्न हूँ।" उसे समझा-बुझा कर उसने अपनी विद्या से शीघ्र ही मायामयी रूपिणी का निर्माण कर उसे सिंहासन पर बैठा दिया। थोड़ी ही देर में अनेक स्त्रियों के साथ रूपिणी का मुण्डन कर उसके केश लेने हेतु नापित आया, किन्तु प्रद्युम्न ने उस समय भी अपनी विद्या का ऐसा जाल फैलाया कि नाई ने मायामयी रूपिणी के भी केश न काट कर स्वयं अपनी नाक आदि काट डाली और साथ में आई हुई सभी महिलाएँ भी उसके विद्याबल से विरूप होकर सत्यभामा के पास वापिस पहुँचीं। सत्यभामा यह सब देखकर रूपिणी पर अत्यधिक कुपित हुई, और उसने उन सभी को राज्य सभा में बलभद्र के सम्मुख भेजा। बलभद्र भी ये सब विरूपाकृतियाँ देखकर क्रोध से जल उठे (10-13)।

अपनी माँ रूपिणी को दुःखी देखकर प्रद्युम्न ने अपना यथार्थ रूप धारण किया, जिसे देखकर वह अत्यन्त हर्षित हो उठी। उसने अपनी विद्या के बल से तथा माँ के सुख-सन्तोष के लिये अपने जन्म से लेकर 1 वर्ष तक की आयु के सभी रूपों को धारण कर उसे दिखाया तथा उन्हीं के अनुरूप बाल-क्रीड़ाएँ भी दिखलायीं (14-16)। इधर, क्रोधित बलभद्र ने जब अपने सेवकों को रूपिणी के यहाँ भेजा, तभी प्रद्युम्न अपने विद्याबल से एक कृशकाय द्विज का रूप धारण कर सत्यभामा के यहाँ जा पहुँचा और फिर वहाँ से निकल कर रूपिणी के दरवाज़े में लेट गया। वहाँ पर भी उसके चित्र-विचित्र कौतुक देखकर बलभद्र बड़े खुश हुए। प्रद्युम्न ने रूपिणी से बलभद्र का परिचय प्राप्त किया एवं उन्हें सिंह से लड़ने वाला जानकर प्रद्युम्न ने स्वयं सिंह का रूप धारण किया और बलभद्र से भिड़ कर उन्हें बुरी तरह पराजित कर दिया (17-21)।

रूपिणी ने प्रद्युम्न की लालाओं से प्रसन्न होकर उससे नारद का समाचार पूछा तब प्रद्युम्न ने उसे बतलाया कि—"नारद तुम्हारी पुत्र-वधु (उदधिकुमारी) के साथ आकाश में स्थित है।" यह कहकर जब वह अपनी माता के साथ वहाँ जाने की तैयारी कर रहा था, तभी उसने कृष्ण की सभा में जाकर घोषणा की— कि मैं भीष्म-सुता रूपिणी का हरण कर ले जा रहा हूँ। यदि तुम लोगों में शक्ति हो तो छीन लो। "कृष्ण एवं बलभद्र आदि ने प्रद्युम्न की इस चुनौती को स्वीकार किया। फलस्वरूप दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ (22-28 बारहवीं सन्धि)।

दोनों पक्षों के योद्धाओं ने दिव्यास्त्रों, मोहनास्त्रों, आग्नेयास्त्रों, वरुणास्त्रों, पवनास्त्रों एवं सहस्राक्षास्त्रों आदि का खुलकर प्रयोग किया। प्रद्युम्न ने भी विद्या के बल से कृष्ण की समस्त सेना को नष्ट कर दिया। नारद इस घमासान संग्राम को देखकर आकाश से उतर कर आये और उन्होंने पिता-पुत्र दोनों को सम्बोधित कर दोनों का परस्पर में परिचय कराया। पिता-पुत्र गले से मिले और वे सभी बड़ी ही प्रसन्नतापूर्वक अपने नगर में वापिस लौटे। नगरवासियों ने प्रद्युम्न का हार्दिक स्वागत किया और महाराज कृष्ण ने उसे युवराज-पद प्रदान किया (1-17 तेरहवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न के विवाहोत्सव पर राजा कृष्ण के दरबार में राजा-कालसंवर, कनकमाला एवं मनोजवेग विद्याधर आये। अवसर पाकर रानी रूपिणी ने कनकमाला की बड़ी प्रशंसा की। राजा कालसंवर ने भी प्रद्युम्न की विद्या के लाभ का वर्णन किया और उसका शीघ्र ही विवाह कर देने की इच्छा प्रकट की। शुभ-मुहूर्त्त में उसका विवाह रति नामकी एक श्रेष्ठ विद्याधर कन्या के साथ कर दिया गया।

प्रद्युम्न एवं रति के विवाह के पश्चात् रानी रूपिणी एवं सत्यभामा का सम्मिलन हुआ, दोनों में उग्र वार्त्तालाप एवं वसुदेव, बलभद्र द्वारा शान्ति स्थापित किए जाने के बाद प्रद्युम्न के विवाह के लिए अन्य अनेक राजाओं को निमन्त्रण-पत्र प्रेषित किये गये।

समयानुसार उसके विवाह के अवसर पर मण्डप की सुरुचि-सम्पन्न सजावट की गयी। युवतियाँ नाट्य-रसों के भावों से युक्त गीत गाने लगीं। मन्त्रित्त देशों के राजा उसमें सम्मिलित हुए और उसी समारोह के बीच 500 कन्याओं के साथ प्रद्युम्न का विवाह सम्पन्न हुआ। सप्तस्वरों का उच्चारण किया गया एवं विविध प्रकार के नेंग हुए (1-7)।

प्रद्युम्न के विवाहों से सत्यभामा पूर्ववत् ईर्ष्यालु बनी ही रही और प्रतिक्रिया स्वरूप उसने भानुकुमार का विवाह अपने विद्याधर भाई रविकांत की पुत्री स्वयंप्रभा के साथ रचा दिया (8)।

विवाहोपरान्त प्रद्युम्न जब सुखपूर्वक कालयापन कर रहा था, तभी पूर्व जन्म का उसका भाई कैटभ एक दिन स्वर्गलोग से दर्शनार्थ सीमन्धर स्वामी के पास आया वहाँ आकर उसने उनकी अभ्यर्थना की और उनसे धर्मोपदेश सुना। सीमन्धर स्वामी ने कैटभ के पूर्व जन्म का उल्लेख करते हुए बताया कि "तुम्हारे पूर्व जन्म का भाई 'मधु' द्वारामई के राजा श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्मा है। यह सुनते ही वह देव राजा श्रीकृष्ण के पास गया (9-10)। उस (कैटभ के जीव-देव) ने राजा कृष्ण को एक सुन्दर हार देकर कहा कि "यह हार जिस रानी को दिया जाएगा, उसी की कुक्षि से अलगे जन्म में, मैं अपना जन्म धारण करूँगा।" यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वह हार सत्यभामा को देने के उद्देश्य से उसे उद्यान में बुलाया। प्रद्युम्न को जब यह विदित हुआ तब उसने एक चमत्कारी अँगूठी पहना कर जाम्बवती का सत्यभामा जैसा रूप बनाकर उसे कृष्ण के पास भेज दिया (11-12)। उसके पश्चात् ही वह देव स्वर्ग से चय कर जाम्बवती के गर्भ में आ गया। जाम्बवती ने अवसर पाकर वह अँगूठी

प्रद्युम्न को वापिस कर दी। उधर श्रीकृष्ण का आदेश पाते ही सत्यभामा उनके पास पहुँची और कुछ दिन उनके साथ रह कर वापिस लौट आयी (13-14)।

योग्य समय पर दोनों रानियों (जाम्बवती एवं सत्यभामा) को पुत्रों की प्राप्ति हुई। जाम्बवती के पुत्र का नाम शम्बुकुमार एवं सत्यभामा के पुत्र का सुभानु रखा गया। बड़े होने पर दोनों पुत्रों ने द्यूत-विधि आरम्भ की। शम्बुकुमार ने उसी प्रसंग में सुभानु से एक कोटि स्वर्ण-मुद्राएँ जीत लीं। अपने पुत्र की पराजय देखकर सत्यभामा ने द्यूत-विधि में एक मुर्गा भेजकर दो करोड़ स्वर्ण मुद्राओं की बाजी लगायी। किन्तु शम्बुकुमार ने प्रद्युम्न की सहायता से उसे भी जीत लिया। तत्पश्चात् सत्यभामा ने सुगन्धित फल भेजा। उसे भी जीत लिया गया, साथ ही चार करोड़ स्वर्ण-मुद्राएँ भी। इस प्रकार शम्बुकुमार ने आठ, सोलह, बत्तीस, चौंसठ एवं 128 करोड़ स्वर्ण-मुद्राएँ जीत लीं। अन्त में सत्यभामा ने 256 करोड़ स्वर्ण मुद्राओं की शर्त लगा कर एक मायामयी सेना भेज कर शम्बुकुमार को यह कहलवाया कि वह इसे भी जीत कर दिखाये। प्रद्युम्न के विद्याबल की सहायता से शम्बुकुमार ने उसे भी जीत लिया और जीता हुआ सार धन तत्काल ही उसने याचकों को बाँट दिया (15-18)।

सत्यभामा ने दुखी होकर तडितवेग नामक विद्याधर—सेवक को अपने भाई चन्द्रोदर के पास भेजा। चन्द्रोदर की पत्नी का नाम शशिलेखा तथा पुत्री का नाम अनुन्धरी था। सुभानु से प्रभावित होकर चन्द्रोदर ने अपनी पुत्री अनुन्धरी का विवाह उसके साथ कर दिया। इधर रूपिणी ने भी अपने पुत्र प्रद्युम्न एवं भतीजे शम्बुकुमार के विवाह के लिए अपने भाई रूपकुमार (कुण्डिनपुर का राजा) के पास सन्देश भेजा। किन्तु उसका भाई इस तरह क्रोधित हो उठा जैसे "मीन राशि का शनीचर" रौद्र हो उठता है (19-21)। तब प्रद्युम्न और शम्बुकुमार स्वयं ही कुण्डिनपुर गये और वहाँ चाण्डाल एवं डोम का वेश बनाकर उन्होंने रूपकुमार से कन्या की माँग की, जिससे वहाँ के सभी लोग उनसे चिढ़ गए और उन्हें मारने दौड़े। किन्तु प्रद्युम्न ने अपने विद्या-बल से वहाँ के समस्त नर-नारियों को चाण्डाल-चाण्डाली बना दिया और वहाँ की समस्त पुत्रियों का अपहरण कर उन्हें दारामई ले आया, किन्तु साथ में ही अपने मामा रूपकुमार को भी बन्दी बनाकर लाना नहीं भूला (चौदहवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न रूपकुमार को वैसे ही बाँध लाया जैसे रावण-पुत्र इन्द्रजीत ने पवनपुत्र (हनुमान) को बाँधा था। किन्तु कृष्ण और बलराम ने रूपकुमार को आदर-सम्मान देकर छोड़ दिया (1)।

रूपकुमार अपनी बहन रूपिणी के चरण कमलों का स्पर्श कर अपनी नगरी को वापस लौट गया और प्रद्युम्न अपनी रानियों के साथ विभिन्न क्रीड़ाएँ एवं मनोविनोद करता हुआ अपना समय सुख-पूर्वक व्यतीत करने लगा। एक बार चैत्रमास के समान मुख वाला वह प्रद्युम्न फागुन मास के नन्दीश्वर पर्व पर कैलाशगिरि पर जिनवरों की वन्दना-पूजा करने हेतु गया। वहाँ उसने चौबीसों जिनेश्वरों की स्तुति कर 108 कलशों से प्रभु का अभिषेक किया एवं अक्षत, दीप लेकर पूजा की (2-8)।

तत्पश्चात् श्रीकृष्ण नेमि प्रभु के दर्शनों को गये। वे नेमिप्रभु, जिन्होंने महाभारत के युद्ध में अग्रणी रहने वाले जरासन्ध को मार कर अर्धचक्री पद प्राप्त करने वाले श्रीकृष्ण को अपने हाथ की छोटी अँगुली से भी तौल दिया था तथा पांचजन्य-शंख को उन्होंने सरलतापूर्वक तुरन्त ही बजा दिया था और जब उन्हीं नेमिप्रभु ने वैराग्य धारण किया, तब उनके साथ 1000 राजाओं ने भी दीक्षा ग्रहण की और वरदत्त राजा के यहाँ जिन्होंने सर्वप्रथम पारणा की थी, सभी प्रकार के तपों को करते हुए जब उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई, तब देवताओं ने एक कलापूर्ण

विस्तृत समवशरण की रचना की। उन्हीं नेमिप्रभु के समवशरण में त्रिखण्डाधिपति कृष्ण समस्त परिवार तथा सैन्य एवं दस-दसार राजाओं के साथ दर्शनार्थ आये एवं उनका धर्मोपदेश सुनकर द्वारिका वापस लौट आये (10-12)।

नेमिप्रभु समवशरण सहित विहार करते हुए उपदेश करने लगे। जब पुनः नेमिप्रभु द्वारका आये तब श्रीकृष्ण पुनः उनके समवशरण में पहुँचे। उन केवलज्ञानी प्रभु ने धर्म, जीव, एवं संसार की नश्वरता आदि पर अमृतमय उपदेश दिये, साथ ही हलधर (बलभद्र), हरि (कृष्ण) के पूर्वभवों के वर्णन भी किये और भविष्यवाणी की कि मदिरापान से सारा देश विनाश को प्राप्त होगा द्वीपायन मुनि के कोप से समस्त दारामई जलकर नष्ट हो जाएगी एवं जरदकुमार के हाथों से कृष्ण की मृत्यु होगी। यह सुनकर प्रद्युम्न को वैराग्य हो गया और उसने दीक्षा धारण करने की श्रीकृष्ण एवं रूपिणी से आज्ञा माँगी, जिसके कारण रूपिणी विलाप करने लगी एवं मुरारी (श्री कृष्ण) तथा राम (बलभद्र) शोकाकुल हो गये (13-20)। किन्तु इन्द्र ने अपनी मधुर-वाणी में रूपिणी को सान्त्वना दी। तत्पश्चात् प्रद्युम्न ने दीक्षा धारण की। उसके साथ ही शम्भु, भानु, सुभानु, अनिरुद्ध आदि ने भी दीक्षा ग्रहण की। इनके दुख से विह्वल होकर रूपिणी, एवं सत्यभामा के साथ राजमहल की अनेक महारानियों ने भी आर्यिका के व्रत ग्रहण किये (21-22)। प्रद्युम्न ने घोर तपश्चरण किया। गुणस्थान का आरोहण कर, कर्म-प्रकृतियों को नष्ट कर केवलज्ञान प्राप्त किया, तत्पश्चात् अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाण लाभ किया (23-27, पन्द्रहवीं सन्धि)।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(3) पज्जुण्णचरिउ एवं अन्य प्रद्युम्नचरितों में विवेचित प्रद्युम्न-चरित के साम्य-वैषम्य का संक्षिप्त तुलनात्मक मानचित्र

यह पूर्व में चर्चा की जा चुकी है कि प्रद्युम्न महाभारत का एक प्रमुख पात्र है। वैदिक एवं जैन-परम्परा के कवियों ने उसके चरित को अपने-अपने दृष्टिकोणों से विकसित किया है। कुल-परम्परा एवं कुछ प्रमुख घटनाओं की दृष्टि से यद्यपि दोनों के कथानक प्रायः एक समान हैं, फिर भी घटना-क्रमों में कहीं-कहीं पर्याप्त अन्तर आ गया है। उनके घटनाक्रमों का तुलनात्मक चित्र इसी ग्रन्थ के अन्तिम पृष्ठों पर परिशिष्ट के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

(4) पज्जुण्णचरिउ : काव्यशास्त्रीय-अध्ययन

(1) महाकाव्यत्व

महाकवि दण्डी ने महाकाव्य के तत्वों का निर्देश करते हुए उसमें निम्न लक्षणों को आवश्यक माना है:— (1) सर्ग बन्धता, (2) आशीर्वचन, (3) मंगलाचरण, (4) सज्जन संकीर्त्तन एवं दुर्जन- निन्दा, (5) नायक के समग्र-जीवन का निरूपण (6) उदात्त-गुणों से युक्त ऐतिहासिक एवं पौराणिक नायक का चित्रण, (7) शृंगार, वीर तथा शान्त इन तीन रसों में से किसी एक का अंगीरस के रूप में तथा अन्य रसों का सहायक के रूप में निरूपण, (8) एक सर्ग में एक ही प्रकार के छन्द का होना, किन्तु अन्त में छन्द-परिवर्तन तथा अन्तिम-छन्द में ही आगामी कथा-वस्तु की सूचना, (9) कथावस्तु की उत्कर्षता एवं घटना-वैविध्य-हेतु प्रासंगिक कथाओं का नियोजन, (10) सागर, सरिता, नगर-यात्रा, सन्ध्या, सूर्योदय, षड्ऋतु आदि के वर्णन, (11) महाकाव्य में विविधता और यथार्थता, इन दोनों के ही सन्तुलित रूप, (12) महाकाव्य में विविधता और यथार्थ। (13) महदुद्देश्यता, (14) चतुर्वर्ग प्राप्ति कामना तथा (15) संघर्ष, साधना, चरित्र-विकास आदि का रहना अनिवार्य होता है। महाकाव्य का निर्माण

युग-प्रवर्तनकारी परिस्थितियों के बीच में सम्पन्न किया जाता है।[1]

महाकाव्य के इन लक्षणों के आलोक में प्रस्तुत "पज्जुण्णचरिउ" महाकाव्य की कसौटी पर खरा उतरता है। इसमें महाकाव्य के उपर्युक्त प्रायः सभी लक्षण वर्तमान हैं। चूँकि अपभ्रंश में सर्ग के स्थान पर सन्धि का प्रयोग होता है, अतः वह सर्गबद्ध न होकर सन्धि-बद्ध है तथा उसकी कथावस्तु 15 सन्धियों में विस्तृत है। कथावस्तु पुराण-प्रसिद्ध है। इसमें शृंगार, वीर और करुण रस अंग रूप में और शान्तरस अंगी के रूप में प्रस्तुत है। वस्तु व्यापारों में नगर, समुद्र, पर्वत, नदी, सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रोदय, उपवन, सैनिक-प्रयाण, युद्ध, विजय, स्वयंवर, दूत-प्रेषण आदि के सुन्दर चित्रण हैं। कथावस्तु की दीर्घता के साथ-साथ उसमें महा-काव्योचित भावों की बहुलता एवं गम्भीरता भी पाई जाती है। इसका नायक 169 पुराण पुरुषों में से एक है। वह अतिशय पुण्यवान् एवं अनेक कलाओं का स्वामी है। जैन परम्परा के अनुसार वह 21वें कामदेव के रूप में प्रसिद्ध है। इस महाकाव्य में प्रतिनायक का अभाव है। यद्यपि प्रद्युम्न का संघर्ष कालसंवर एवं कृष्ण के साथ होता है, किन्तु वे खलनायक नहीं हैं। क्योंकि खलनायक का कार्य सर्वत्र नायक को परेशान करना होता है और इस कारण पाठकों के हृदय में उसके प्रति कोई सहानुभूति नहीं रहती। प्रस्तुत काव्य में ऐसा कोई पात्र नहीं है, जिससे प्रद्युम्न का सदैव विरोध रहा हो। अतः इस काव्य-ग्रन्थ में प्रतिनायक का अभाव है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि प्रस्तुत काव्य में महाकाव्य के इतिवृत्त, वस्तुव्यापार-वर्णन, संवाद, भावाभिव्यंजना आदि सभी अवयव अपने सन्तुलित रूप में विद्यमान हैं।

(2) वस्तु-व्यापार-वर्णन

कवि ने प०च० में प्रसंग प्राप्त द्वीप, देश, नगर, नदी, पर्वत, समुद्र, उपवन, अटवी एवं षड्ऋतु आदि के वर्णन बड़ी ही आलंकारिक शैली में किये हैं। उदाहरणार्थ कुछ वर्णन यहाँ प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

(क) **देश वर्णन**:—सौराष्ट्र देश प्राचीन-साहित्य एवं संस्कृति का प्राण रहा है। वैदिक, बौद्ध एवं जैन-साहित्य में उसके श्री-सौन्दर्य का वर्णन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कवि सिंह ने भी उसके अन्तर्बाह्य-सौन्दर्य एवं श्री-समृद्धि का विशद वर्णन किया है। उसके अनुसार सौराष्ट्र-देश प्राकृतिक-शोभा और श्री-समृद्धि से परिपूर्ण है। पथिक-जन अपने साथ इस प्रदेश में भोजन-सामग्री लेकर नहीं चलते। राजमार्गों के दोनों पार्श्वों पर स्थित फलों की लम्बी पंक्तियाँ स्वयमेव उनके लिए यथेष्ट पाथेय प्रदान करती हैं। द्राक्षारस से युक्त मंडप-स्थान जगह-जगह पर पथिकों की तृषा को शान्त करते हैं (दि० 1/6/11-12)। वहाँ की नारियाँ दूध एवं शक्कर से युक्त भोजन पथिकों को कराती रहती हैं (दि० 1/7/11-12)।

(ख) **नगर वर्णन**:—कवि ने दारामई (द्वारावती अथवा वर्तमान द्वारिका 1/9, 1/10), कुण्डिनपुर (2/11/10), पुण्डरीकिणी (4/10/9, 14/9/10), कोशल (5/11/5), अयोध्या (5/11/5) आदि नगरों की समृद्धि का वर्णन किया है, जिसमें दारामइ नगर का वर्णन विस्तार से उपलब्ध होता है। कवि ने उसमें नगर की बाह्यान्तर-रचना के साथ-साथ वहाँ के नागरिकों के सुखद-जीवन का आकर्षक वर्णन किया है, साथ ही, वहाँ के लोगों के धार्मिक एवं वाणिज्य सम्बन्धी कार्यों का भी मनोहारी वर्णन प्रस्तुत किया है (1/9/2, 1/10/4)। प०च० के अनुसार दारामइ नगर में अत्यन्त सुन्दर सौधतल थे, जिन पर लहराती ध्वजाएँ स्वर्ग को स्पर्श करती थीं। प्राकार के चारों ओर चार गोपुर थे। स्थान-स्थान पर कल्पवृक्षों के समान सुन्दर और सरस फल लगे थे। उसके प्रत्येक

1. काव्यादर्श, 1/2।

पट्टन की दुकानों में विविध बहुमूल्य रत्न शोभायमान रहते थे (1/10/1-6)। समुद्र अहर्निश उस नगरी की सेवा कर अपने को धन्य मानता था, और परस्त्रियों अर्थात् नदियों को वह उसी प्रकार भूल गया था, जिस प्रकार दशमुख रावण अपनी प्रियतमाओं को भूल गया था (1/10/10)।

(ग) **उपवन** — कवि सिंह ने प्रस्तुत ग्रन्थ में अनेक उपवनों का सजीव चित्रण किया है। उसके अनुसार वे सभी उपवन प्राकृतिक-शोभा और समृद्धि से परिपूर्ण थे। नील वर्ण वाले उन उपवनों में स्थान-स्थान पर सरोवर बने हुए थे जिनमें कमलों के समूह सुशोभित होते रहते थे और जहाँ सुगन्धित शीतल-समीर बहती रहती थी। उन कमलों का अलिगण चुम्बन करते रहते थे और वे अपनी सुरम्यता से पथिक जनों का मन मोहते रहते थे (1/7/1-4)। वे उपवन लतागृहों से वेष्टित थे (3/1)। वसन्तागमन एवं राजाओं के उद्यान-क्रीडार्थ- गमन के प्रसंगों में कवि द्वारा किया गया उद्यान-वर्णन, वहाँ पर अवतीर्ण वसन्तश्री और उसका मनमोहक वातावरण पाठकों के हृदय में निश्चित ही मदनोल्लास को जागृत करता सा प्रतीत होता है। (3/4, 6/17, 15/4)

मार्गदर्शक — आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

(घ) **समुद्र वर्णन** — कवि ने दारामइ-नगरी के श्रेष्ठ सौन्दर्य का वर्णन करते समय समुद्र-वर्णन को एक रूपक के रूप में प्रस्तुत किया है (1/11) तदनुसार पयोनिधि द्वारावती के सभी पापों को अपने में समाहित करने के कारण ही खारा हो गया है। यद्यपि वह पयोनिधि अपने सभी रत्न एवं मौक्तिक-प्रवाल उस नगरी को अर्पित कर देता है, तो भी वह (नगरी) उसका कोई आदर नहीं करती। इस कारण वह अपनी चचंल-लहरों रूपी बाँहों को ऊपर उठा-उठा कर रात-दिन बावला होकर पुकारता रहता है और उछल-उछल कर रोता रहता है, कि जो-जो मेरे सार-रत्न थे, उन सभी को लेकर भी यह द्वारावती चुप होकर बैठ गयी है। यह स्थिति देखकर जल के समस्त जीव-समूह आकुलित हो उठे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों मच्छ, मगर, कर्कट जैसे जन्तु समुद्र को छोड़कर आकाशमार्ग में चले गये हों और राशियों के बहाने वे तारागणों से मिल गये हों। यहाँ कवि ने मगर, मच्छ एवं कर्कट के रूप में मीन, मकर एवं कर्क राशियों की कल्पना की है। इस प्रकार प०च० का समुद्र वर्णन अत्यन्त आलंकारिक एवं कवि की कल्पना-शक्ति का उत्तम उदाहरण है।

(ङ) **षड्ऋतु-वर्णन** — कवि ने प्रसंगवश छह-ऋतुओं के वर्णन किए हैं किन्तु वसन्त के वर्णन में कवि का काव्य-कौशल अनुपम है। कवि ने रूपक के माध्यम से वसन्त का अद्भुत वर्णन प्रस्तुत किया है। उसके (कवि सिंह के) लिए सिंहाकृति में ही ऋतुराज वसन्त के दर्शन हो रहे हैं। उसके वर्णनानुसार वसन्त-ऋतु का आगमन हो गया है। चतुर्दिक प्रकृति प्रफुल्लित है, पुष्पों के गुच्छहार एवं लता-वितानों के वन्दनवार सर्वत्र अँगड़ाइयाँ भर रहे हैं। उधर वनों में वनराज सिंह भी शीत से छुटकारा पाकर, वसन्त का उन्मुक्त-भाव से स्वागत करने की तैयारी में है। कवि ने दोनों का समन्वय जिस शैली में किया है, वह सर्वथा मौलिक, नवीन एवं अनुपम है। कवि कहता है—कि उस वसन्त-ऋतुराज रूपी सिंह का मुख फाल्गुन के दिन के अन्त के समान भास्वर एवं दीप्त था। जवा-कुसुम ही जिसके लाल-लाल नेत्र थे, बेला, मल्लिका आदि पुष्प ही जिसके दर्शन थे, अतिमुक्त (तिल-पुष्प) कुसुम ही जिसकी नासिका और अतिवृत्त कुसुम ही जिसके जगत में श्रेष्ठ श्रुति-कर्ण थे। रुण-झुण करने वाले भ्रमरों की गुंजार ही उसका स्वर था, मनोहर कुन्द-पुष्प ही उसके तीक्ष्ण नख थे। इस प्रकार बहु मंजरी से चपल, अभिन्न कर वाला वह वसन्त रूपी हरि (सिंह) द्वारावती में प्रकट हुआ जिसके भय से शिशिर-ऋतु रूपी करि (हाथी) स्वतः ही नष्ट हो गया। (3/4/3-7)

प०च० में मधुमय वसन्त के आगमन पर महाकवि सिंह ने फाल्गुन-मास को ऋतुराज वसन्त का दूत माना

है तथा वह उसके द्वारा शीतकाल की इतनी तीव्र भर्त्सना कराता है कि उसे केदार की ओर बलात् पलायन करना पड़ता है। उसके पीठ फेरते ही जो प्रियतम परदेश गये हुए थे, उन्हें अपनी प्रियतमाओं का स्मरण हो उठता है और वे लौट-लौट कर घर वापिस आने लगते हैं। (6/16)

इस प्रसंग में कवि सिंह पर महाकवि कालिदास के मेघदूत का प्रभाव लक्षित होता है तथा कवि सिंह के इस वर्णन का प्रभाव सम्भवतः कवि जायसी के पद्मावत पर पड़ा है। जायसी ने भी शरद्काल का वर्णन करते समय बतलाया है कि पूस के महीने में इतना जाड़ा पड़ने लगा कि सूर्य भी लंका में जाकर आग तापने लगा।[1] सिंह एवं जायसी के वर्णन में अन्तर केवल इतना ही है कि कवि सिंह का शीत केदार पर्वत पर चला जाता है जब कि कवि जायसी का सूर्य सिंहल में प्रवासी होकर आग तापने लगता है किन्तु दोनों की कल्पना का मूल उत्स समान ही है।

एक प्रसंग में तो कवि की भावुकता देखते ही बनती है, जहाँ उसने एक विशिष्ट-पूजा के समय पुष्पार्पण करते समय कल्पना की है कि यह पुष्पार्पण नहीं, किन्तु उसके बहाने विशिष्ट पूजा के अवसर पर प्रकृति द्वारा समग्र वसन्त-ऋतु का ही समर्पण है। (15/8/4)

प०च० में वसन्त आगमन के अन्य उपादानों की सूचनाएँ भी यथास्थान उपस्थित की गयी हैं। यथा — आमों में बौर लगना (6/17/1), वनस्पति का फूलना (6/16/17), प्रोषितपतिकाओं, मानिनी नारियों एवं कामी जनों की मदोन्मत्तावस्था (6/17) आदि-आदि।

ग्रीष्म — ग्रीष्म ऋतु का उल्लेख कवि ने सीधे न करके प्रद्युम्न की क्रीड़ाओं एवं तपस्या के माध्यम से किया है। प्रद्युम्न को ग्रीष्म-ऋतु में चन्दन-समूह तथा अन्य शीतल पदार्थों के लेपन, नारियल, द्राक्षासव, शर्करा, केला, गाढ़े दही या कर्पूर निर्मित सुगन्धित पानकों के सेवन तथा लतागृह में निवास करते हुए चित्रित किया गया है (15/3/11-13)।

तपस्या-वर्णन-प्रसंग में भी कवि ने ग्रीष्म-ऋतु का जो वर्णन प्रस्तुत किया वह श्रमण-तप का एक बिम्ब उपस्थित करता है। मुनिगण ग्रीष्म-काल में दिगम्बर रूप से गिरि-शिखर पर समभाव से प्रखर-सूर्य की किरणों को सहते थे, जिसके कारण उनका शरीर कृश एवं जल-मल से लिप्त हो गया था (7/6/1-2, 15/23/18)।

वर्षाकाल — प०च० में अग्निभूति-वायुभूति की अन्तर्कथा के प्रसंग में वर्षा-ऋतु का यथार्थ चित्रण किया गया है। (4/16) इस प्रसंग में वर्षा ऋतु के आगमन पर बादलों का लटक जाना, मेघों की गर्जना, बिजली की कौंध, घनघोर-वर्षा तथा उसमें पृथिवी एवं आकाश का एकमेक हो जाना तथा बाढ़ का आ जाना और लगातार सात-दिनों की वृष्टि से पशु-पक्षियों की विकलता का हृदय-स्पर्शी वर्णन पाया जाता है (4/16/12-18)।

मुनियों के तप-वर्णन प्रसंगों में भी वर्षा-ऋतु का वर्णन हुआ है (15/23/19)।

इसी प्रकार कवि ने हिम, शिशिर (3/4, 9/9 15/4/9) एवं शरद (15/4/8) के भी सुन्दर वर्णन किए हैं।

उषःकाल-सूर्योदय — सूर्योदय का वर्णन हर्षोल्लास का प्रतीक माना गया है। कवि ने उसका वर्णन करते हुए कहा है कि — तम रूपी रज का प्रभंजक, जनरंजक, अरुणाभ-सूर्य जब निषधाचल के शिखर पर उदित हुआ, तब वह ऐसा प्रतीत होता था, मानों कंकेलि का लाल-पुत्र ही हो, अथवा दिग्गजों पर लाल-छत्र ही तना हो अथवा मानों पीन-पयोधर नारियों का मुख-मण्डन करने वाले कुंकुम का पिण्ड ही हो (6/22/6-8)। कवि का यह वर्णन उद्दीपन के रूप में प्रस्तुत हुआ है।

---

1. पद्मावत, 350/1।

सूर्यास्त — सूर्यास्त-वर्णन भी कवि ने उत्प्रेक्षाओं एवं कल्पनाओं के माध्यम से किया है। इस प्रसंग में उसने सूर्य को सन्ध्या के रक्त से लिपटा हुआ पिण्ड बताया है और कहा है कि अपने इसी दोष को मिटाने के लिए वह सूर्य अपने शरीर-प्रक्षालन हेतु समुद्र की ओर चला गया है और उसने अपने को समुद्र में डुबा दिया है (6/19/7-8)।

रात्रि-चन्द्रोदय — रात्रि एवं चन्द्रोदय का वर्णन कवि ने काम से विह्वल कामीजनों की उदीप्त चेष्टाओं को चित्रित करने के प्रसंग में प्रस्तुत किया है। कवि ने सूर्य के समान ही चन्द्रमा की अनेक उत्प्रेक्षाएँ की हैं। उसे सूर्य को गला देने वाला, दुर्जनों को पीड़ा देने वाला तथा शृंगारमय खजाने का कुम्भ-कलश (6/20/2-3) कहा है। कवि को वह ऐसा प्रतीत होता है, मानों शिवजी के सिर का रत्न ही हो, या कामदेव के पाँच बाणों को तेज धार देने वाला शान (पत्थर) ही हो (6/20)। यह वर्णन अतिशयोक्ति पूर्ण शैली तथा मानवीय-भावनाओं के उद्दीपन कारक के रूप में चित्रित हुआ है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

रात्रि के प्रारम्भ होते ही कवि ने दूतियों के गमनागमन (6/21/7) मानिनी नारियों के मानभंग (6/20/11) एवं प्रिय-वियोग में चकवी का दुःखी होकर कुरर-कुरर ध्वनि करने आदि के हृदय-स्पर्शी रूप चित्रित किए हैं। अन्यत्र एक स्थल पर कवि ने कल्पना की है कि चन्द्रमा की चाँदनी से ऐसा प्रतीत होता है, मानों सारे जगत ने क्षीरोदधि में स्नान ही कर लिया हो। वायस भी हंस की भांति दिखाई दे रहे हैं और सरोवरों में कुमुदनियाँ खिलकर हर्षोन्मत्त होकर झूम रही हैं (6/21)।

उक्त वर्णनों के अतिरिक्त प० च० में पुरुष की वीरता, सुन्दरता एवं उसके धार्मिक-आचरण पर भी कवि ने विशेष जोर दिया है, क्योंकि एक ओर जहाँ बल-वीर्य पुरुषार्थ एवं पराक्रम से देश की सुरक्षा एवं स्वस्थ-समाज का निर्माण होता है वहीं दूसरी ओर धार्मिक-आचरण से पारस्परिक विश्वास का प्राबल्य एवं अनुशासन की प्रवृत्ति भी बढ़ती है।

ऐसे वर्णनों में निम्न प्रसंग दृष्टव्य हैं। यथा—

श्रीकृष्ण की वीरता का वर्णन—

चाणउर विमद्दणु देवइ णंदणु संख-चक्क-सारंगधरु।
रणे कंस-खयंकरु असुर-भयंकरु वसुह तिखंडहिं गहियकरु।। *1/12/9-10*

सैन्य-प्रयाण-वर्णन—

वलियसेण्ण पयभरु पयभरु असहंतिए आकंपिउ भए तसिय धरत्तिए।
फणि सलिवलिय टलिय गिरि ठायहो णियवि पयाणहो महुमहरायहो।। *6/13/9-10*

धार्मिक आचरण—

राएण राउ मउ माणु चत्तु समभावए मण्णिउं सत्तुमित्तु।
तिणु कंचणु पुणु मणे तुल्ल दिट्ठि णवि रूसइ अहण कयावि हिट्ठ।। *7/5/4-5*

सौन्दर्य-वर्णन—

पडिपट्टणेत्त गट्ठिय विचित्तु ससि-सूर कंत कर-णियर-दित्तु।
कंचण-मण सिंहासण सुणेह णं मेरु-सिहरि णव-कण्ण मेह।। *1/14/5-6*
भुवणत्तय जणस्स सुमणोहर सविलासें ण सक्कउ।
दाणालीढ-करुव-रयणं सुज्जोइउ सहइ णंगउ।। *15/4/1-2*

वीरोचित गुणों के साथ-साथ कवि ने मानव के दोषों की भी चर्चा की है। कवि की दृष्टि में मद्य-पान (15/19/5), द्यूत-क्रीड़ा (14/15/10) एवं कामासक्ति (8/18/8) जीवन के महान् शत्रु हैं। उन्हें समाज एवं राष्ट्र का घुन माना गया है।

(3) रस

भारतीय काव्य-शास्त्रियों ने रस को काव्य की आत्मा स्वीकार कर उसके महत्व का विशद् विश्लेषण किया है। उनके अनुसार मात्र शब्दाडम्बर ही काव्य नहीं, बल्कि उसमें हृदय-स्पर्शी भावों का होना भी नितान्त आवश्यक है। अत: शब्द और अर्थ यदि काव्य रूपी शरीर की संरचना करते हैं, तो रस उसमें प्राणों की प्रतिष्ठा करते हैं। वीणा के तारों को छेड़ने से जैसे झंकृति उत्पन्न होती है, उसी प्रकार हृदय-स्थित भावनाएँ भी काव्य का सम्बल पाकर उसमें रस का संचार करती हैं, इसलिए रस को 'ब्रह्मानन्द-सहोदर' कहा गया है।

महाकाव्य युग-जीवन की समग्र चेतना को अपने में आत्मसात् किये होता है। अतएव महाकाव्य में विविध घटनाओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप रसों की संयोजना स्वत: होती ही चलती है।

प्रत्येक महाकाव्य में एक रस अंगी होता है तथा शेष रसों की स्थिति उसके सहयोगी के रूप में होती है। प्रस्तुत काव्य का प्रारम्भ शृंगार-रस से हुआ है और अमृत पयस्विनी सुरसरिता की प्रवाहमयी धारा के समान विभिन्न रसोद्रेकिनी घटनाओं एवं कथा-मोड़ों को पार करता हुआ वह शान्त-रस के निर्मल-रत्नाकर में पर्यवसान को प्राप्त होता है। सिंह कवि ने शृंगार के साथ-साथ वीर, रौद्र, भयानक अद्भुत, करुण, वात्सल्य एवं शान्त रसों की भी प्रसंगानुकूल उद्भावनाएँ की हैं, जिन पर यहाँ संक्षिप्त प्रकाश डाला जा रहा है:—

शृंगार-रस:— शृंगार-रस का स्थायी भाव रति है और यह संस्कार रूप से समस्त विश्व में व्याप्त है। कवि ने इस रति-भाव को रसावस्था तक पहुँचा कर उसमें बड़ी ही कुशलतापूर्वक आस्वादन-योग्यता उत्पन्न की है। प०च० में शृंगार रस के दोनों पक्षों का निर्वाह बड़ी ही कुशलता पूर्वक हुआ है। यथा—

संयोग-शृंगार— प्रस्तुत ग्रन्थ में संयोग-शृंगार का चित्रण कृष्ण-रुक्मिणी की केलि-क्रीड़ाओं के रूप में आया है। श्रीकृष्ण रुक्मिणी के भवन में शृंगारिक क्रीड़ाएँ करते हुए जब दीर्घकाल व्यतीत करने लगते हैं, तो सत्यभामा को बड़ी ईर्ष्या होने लगती है। एक दिन श्रीकृष्ण सुगन्धित पदार्थों से युक्त पान के चर्वित अंश को चादर के कोने में बाँध कर सत्या के भवन में आते हैं और नींद का बहाना बनाकर वहीं लेट जाते हैं। तब सत्या विचार करती है कि यह सुगन्धित द्रव्य श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के लिए अंचल में बाँध रखा होगा। अत: ईर्ष्यावश उसे खोलकर वह उससे अंगलेप तैयार कर तथा अपने शरीर में उसे पोत कर अपना तन सुवासित कर लेती है। सत्या के इस भोलेपन पर श्रीकृष्ण को हँसी आ जाती है जिसे देखकर वह रुष्ट हो जाती है (3/6/1-5)।

यहाँ पर रुक्मिणी आलम्बन और कृष्ण आश्रय हैं। रुक्मिणी के साथ भोगे हुए भोगों को श्रीकृष्ण सत्यभामा के यहाँ शृंगारोचित सापत्निक-ईर्ष्या के रूप में व्यक्त करते हैं। अत: रति स्थायी-भाव की अभिव्यक्ति होती है।

इसी प्रकार कवि ने दाम्पत्य-रति के अनेक ऐसे अनमोल-चित्र भी प्रस्तुत किए हैं कि उनमें केवल चित्रकार की तूलिका से रंग भर देना ही शेष रह जाता है। राजा मधु और कनकप्रभा की रति-विषयक क्रीड़ा के वर्णन में संयोग-शृंगार का माधुर्य स्वत: स्रवित होने लगता है (6/22)।

श्रीकृष्ण का रुक्मिणी के साथ द्वारका-प्रवेश के समय कवि ने नारियों की विह्वलता का अपूर्व चित्र उपस्थित

किया है। उसके अनुसार युवतियाँ कृष्ण को आया हुआ देखकर आत्मविस्मृत हो गयीं। किसी ने ताम्बूल के स्थान पर आमलों को मुख में डाल लिया, किसीने घिसे हुए चन्दन को नेत्रों में आँज लिया और अंजन को मुख पर लेप लिया। किसी ने रोते हुए शिशु को पैर ऊपर एवं सिर नीचा कर गोद में ले लिया और उनके पैरों को स्तन-पान करने लगीं (3/2)। इसी प्रकार प्रद्युम्न के द्वारका-प्रवेश के समय नारियाँ काम से विह्वल हो उठती हैं। उनका काम ज्वर बढ़ जाता है (13/17/1-2)। यहाँ दर्शन-जन्य-पूर्वराग नामक शृंगार-रस है।

वसन्त ऋतु का आगमन होता है, नागरिकों के जोड़े उद्यान-क्रीड़ा के निमित्त निकल पड़ते हैं, तत्पश्चात् जलक्रीडा (3/4/7-12, 15/4/8, 15/5/1), आदि करने लगते हैं। इन वर्णनों में संयोग-शृंगार की निदर्शना की गयी है।

विप्रलम्भ शृंगार:— संयोग-शृंगार के साथ ही कवि ने विप्रलम्भ-शृंगार की भी उद्भावना की है। जिस समय राजा मधु वटपुर के राजा कनकरथ (हेमरथ) की रानी को छलपूर्वक अपने राजमहल में रोक लेता है, तब उसके वियोग में कनकरथ पागल होकर गलियों में भटकने लगता है। प्रिया के वियोग में उसकी विपन्नावस्था का वर्णन कवि ने बड़ी मार्मिक-शैली में किया है। वह कहता है—

खणे रुवइ हसइ खणे गेउ करइ खणे पढइ खणे चिंतंतु मरइ।
खणे णच्चइ खणे उब्भाइ धाइ खणे अण्ण कवलु उब्भुब्भु खाइ।
खणे लुट्टइ खणे णिय वेसु मुवइ खणे पाय पसारिवि पुणु वि रुवइ। *(7/1/6-12)*

इसी प्रकार राजा मधु कनकप्रभा की प्रचुर आसक्ति एवं उसकी प्राप्ति न होने के कारण विरहाग्नि से संतप्त हो उठता है। शीतलता प्रदान करने वाली सभी वस्तुएँ सन्ताप को वृद्धिंगत ही करती हैं (6/17/9-10)।

इस सन्दर्भ में राजा हेमरथ (कनकरथ) की पत्नी आलम्बन है। उद्दीपन वसन्त ऋतु है। अनुभाव हैं मधु की शारीरिक चेष्टाएँ और संचारी हैं — हर्ष, चिन्ता, औत्सुक्य आदि।

वीर:— वीर-रस के चित्रण में कवि सिंह का मन अत्यधिक रमा है। क्योंकि उसका युग ही ऐसा था कि देश में चारों ओर युद्धों का वातावरण व्याप्त था। कभी तो हिन्दु राजा परस्पर में राज्य-विस्तार की लिप्सा से आपस में ही भिड़ जाते थे और कभी विदेशी आक्रमणों के कारण उन्हें रण-जौहर दिखलाना पड़ता था। अत: तत्कालीन साहित्य में युद्ध-प्रसंगों को प्रमुखता प्रदान की गयी। पृथ्वीराज रासो, बीसलदेव रासो, खुमान रासो, परमाल रासो जैसे ग्रन्थों का प्रणयन हुआ। पज्जुण्णचरिउ यद्यपि एक पौराणिक-महाकाव्य है, किन्तु कवि ने पौराणिक पात्रों के माध्यम से भी तत्कालीन युद्ध की झाँकियाँ उसमें प्रस्तुत की हैं और इन प्रसंगो में वीर-रस की सुन्दर उद्भावना की है।

पज्जुण्णचरिउ के कृष्ण एवं शिशुपाल युद्ध (2/16-20), राजा मधु एवं भीम का तुमुल युद्ध (6/14-15), कालसंवर और प्रद्युम्न-युद्ध (9/17-22) प्रद्युम्न तथा कृष्ण का प्रबल युद्ध (12-13 सन्धियाँ) तथा प्रद्युम्न एवं रूपकुमार-युद्ध (14-23) के वर्णन चित्रोपम रूप उपस्थित करते हैं। युद्ध-प्रसंगों के कुछ उदाहरण यहाँ उपस्थित किए जा रहे हैं:—

सेना की विशालता—

चडाविउ चाउपि सक्क सएहि पिहंतु णहंगणु वज्ज मएहि।
जलंपि-थलंपि णहंगणु तंपि सो मग्गु-अमग्गु ण पूरिउ जंपि।। —*(13/8/14-15)*

सैनिकों की गर्वोक्तियाँ–

युद्ध के साथ-साथ कृष्ण और शिशुपाल, मधु और भीम एवं कृष्ण तथा प्रद्युम्न की युद्ध के बीच परस्पर गर्वोक्तियाँ वीर-रस से ओत-प्रोत हैं—

वुच्चइ जाहि-जाहि मा पइसहि जममुह कुहर दुद्धरे।
तुहुँ सिसुपाल काल खद्धोसि किं जाहि अहिण्ण कंधरे।। *—(2/18/2)*

महादेशक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अह संकहि तो दडहि गडंतरे महु पंडिखलइ को भरह अंतरे। *—(6/14/3)*

उपहास— **जा जाइव जीवहि भुंजिसुहु इय उवहसियउ असहंतु दुहु।।** *—(13/9/11)*

युद्ध वर्णन में वीर-रस के स्थायी-भाव उत्साह, आलम्बन, उद्दीपन, अनुभाव एवं संचारी भावों का सुन्दर निरूपण हुआ है। वस्त्रों की खनखनाहट एवं हाथी-घोड़ों के चिंघाड़ने तथा हिनहिनाने का भी कवि ने सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है।

रौद्र-रस:— स्वाथ-विरुद्ध, अनिष्ट अथवा अपमान की स्थिति में उत्पन्न क्रोध के कारण रौद्र-रस की व्यंजना होती है। सत्यभामा के आदर एवं सम्मान न करने पर जब नारद कृष्ण के लिए दूसरी कन्या की खोज में निकलते हैं तब क्रोधित होकर वे इस प्रकार कहते हैं—

वयं णच्चिमो जो अवज्जंत तूरो। ण णच्चामि किं वज्जिए सोअ तूरो। *—(2/1/10)*

धूमकेतु दैत्य अपने पूर्वजन्म के बैरी मधुराजा को प्रद्युम्न के रूप में प्राप्त कर क्रोध में आग बबूला हो जाता है। यथा— **वियारिऊण किंतु णहमि सारमि विचिंतएणिसिंदु वइरु सारमि।**
किं घिवमि उवहिमज्झें वाडवे। पयंडमच्छ सुंसुमार फाडवे।। *—(4/1/12-13)*

यहाँ प्रद्युम्न आलम्बन और धुमकेतु आश्रय है। प्रद्युम्न का शैशव रूप में दिखलाई पड़ना उसका उद्दीपन विभाव है। पत्नी के अपहरण का स्मरण अनुभाव है। आमर्ष, उग्रता आदि संचारी भाव हैं।

इसी रस के अन्य प्रसंगों में सत्यभामा एवं रुक्मिणी (14/2/2-5), मधु राजा (6/16, 6/19) एवं कुण्डिनपुर नरेश रूपकुमार (14/21/11-12) आदि के रौद्र-रूप भी द्रष्टव्य हैं। एक अन्य प्रसंग में कवि ने रौद्र-रस की तुलना समुद्र से की है (6/13/12, 6/14/4)। इस कल्पना में कवि की मौलिक सूझ-बूझ का पता चलता है।

भयानक-रस:— भयकारी दृश्यों के दर्शन, श्रवण एवं स्मरण से अथवा प्रतीति से उत्पन्न भय भयानक-रस की व्यंजना कराता है अथवा वीर और रौद्र-रसों के पोषक-तत्वों से भयानक-रस की उत्पत्ति होती है। प०च० में रणस्थली के वर्णन-प्रसंगों में भयानक-रस के अनेक प्रसंग आये हैं। यथा 2/17, 2/18, 6/13/9 तथा 13/5-17। किन्तु उनमें भी वह प्रसंग प्रमुख है, जिसमें प्रद्युम्न अपनी विद्या के द्वारा सिंह का भयानक रूप धारण कर बलदेव के साथ युद्ध करता है, जिसे देखकर वहाँ उपस्थित समग्र जन-समुदाय भयभीत हो उठता है तथा बलदेव भी हताश होकर वहीं मूर्च्छित हो जाते हैं (12/20/8-10, 12/21/1-8)।

इन सन्दर्भों में विभावादि से पुष्ट भय स्थायी-भाव की भयानक-रस में व्यंजना हुई है।

वीभत्स-रस:— रुधिर, अस्थि, मांस, मज्जा, मल-मूत्र जैसी घृण्य-वस्तुओं के दर्शन, श्रवण अथवा स्मरण से उत्पन्न घृणा से वीभत्स-रस की व्यंजना होती है। यौवनोन्मत्ता महिलाओं के पीन-पयोधर, सुपुष्ट जंघाएं एवं गर्वोन्मत्त हाव-भाव, शृंगार-रस के उद्दीपक हो सकते हैं, किन्तु वैराग्यावस्था में वे ही अंग एवं हाव-भाव घृणित प्रतीत होकर वीभत्स-रस की प्रतीति कराने लगते हैं। इन दृश्यों से संसार की अनित्यता का भान होता है और

मानव-मन विरक्ति की ओर अग्रसर होता है। अत: इसे शान्त रस का सहायक-अंग ही माना गया है। प०च० में युद्ध प्रसंगों में वीभत्स-रस के अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं। यथा— 2/18/9-12, 6/14/9-10 तथा 13/3-14।

इन वर्णन-प्रसंगों में स्थायी भाव जुगुप्सा है। घृणित वस्तु आलम्बन। दुर्गन्ध, कुरूपता आदि उद्दीपन। आँखें बन्द करना, मुख मोड़ना आदि अनुभाव एवं आवेग, व्याधि, ग्लानि, अपस्मार आदि संचारी भाव हैं।

मार्गदर्शक :—आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

अद्भुत रस:— प०च० में अद्भुत रस के उदाहरण भी पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होते हैं। उसकी 10वीं सन्धि से लेकर 12वीं सन्धि के 24 कडवकों तक के कथा-प्रसंग में अद्भुत-रस के ही दर्शन होते हैं।

प्रद्युम्न एक कृशकाय विप्र के रूप में सत्यभामा के भवन में गया और समस्त खाद्यान्न का भक्षण कर गया, तो भी वह अतृप्त रहा (11/21-22)। इस कृशकाय विप्र को इतना अन्न खाते देखकर किस व्यक्ति को आश्चर्य नहीं होगा?

इसी प्रकार रुक्मिणी के समक्ष की गयी बाल-क्रीड़ाएँ और द्वारका में रौद्र, कुरूप विभिन्न रूपों को धारण कर अनेक अद्भुत कौतुकपूर्ण रूप उत्पन्न करना। ये सभी प्रसंग अद्भुत-रस की मोहक अभिव्यंजना करते हैं। इन विस्मयोत्पादक घटनाओं के द्वारा कवि ने काव्य की रोचकता को द्विगुणित बना दिया है।

वात्सल्य-रस:— वात्सल्य-रस के सम्बन्ध में प्राचीन आचार्यों में पर्याप्त मतभेद है। उद्भट (8-9वीं ई०) तथा रुद्रट (9वीं सदी ई०) ने वात्सल्य को एक स्वतन्त्र रस के रूप में घोषित नहीं किया, किन्तु भोजराज (11ई० पूर्वार्द्ध) तथा साहित्य-दर्पणकार विश्वनाथ (14वीं सदी) ने वात्सल्य को एक स्वतन्त्र रस घोषित किया है।

प०च० के वात्सल्य वर्णनों के अध्ययन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि कवि सिंह ने इस रस की संयोजना स्वतन्त्र रस के रूप में की है।

कवि ने बालक की सूक्ष्मातिसूक्ष्म भावनाओं का चित्रण अनुपम कुशलता के साथ किया है। उसने पालने से लेकर किशोरावस्था तक की बालकपन की प्राय: सभी दशाओं के अत्यन्त स्वाभाविक, मनोवैज्ञानिक तथा सरस चित्र प्रस्तुत किये हैं। (3/13, 4/3/8-12, 7/10-12, 12/15)। इस प्रसंग का एक उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—

णियलीलइँ रंगेविणु थक्कइ ईसीसु-विहसेवि मुहुँ वंकइ।
संवत्थरेण खलंतु पवोल्लइ उट्ठइ पडइ सुकंपइ चल्लइ।
जणणिहि करि अवलंविवि धावइ।। —*(12/15/7-9)*

उक्त प्रसंगों में स्थायी भाव स्नेह है, आलम्बन हैं माता-पिता। उद्दीपन है इनके प्रति गुणानुराग, अनुभाव रोमांच है तथा संचारी भाव है हर्ष। उक्त प्रसंग में वात्सल्य-रस की बड़ी ही मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है।

करुण-रस:— अनिष्ट संयोग के कारण हृदयोत्पन्न विषाद का भाव करुण-रस की व्यंजना कराता है। विषादानुभूति वैसे तो वियोग-शृंगार में भी होती है, किन्तु वहाँ विषाद के साथ-साथ भविष्य में प्राप्त होने वाले सम्मिलन-सुख की आशा भी विद्यमान रहती है। अत: वहाँ विषाद-संचारी भाव के रूप में ही विद्यमान रहता है। किन्तु करुणा में अनिष्ट-संयोगजन्य ही विशाद की अनुभूति होती है और भविष्य में उस वस्तु या व्यक्ति के सम्मिलन की आशा नहीं रहती। अत: उस स्थिति में विषादजन्य शोक स्थायी भाव रहता है न कि संचारी। प०च० में करुण-रस की योजना अनेक स्थलों पर हुई है। किन्तु कारुण्य की तीव्र धारा रुक्मिणी के रुदन में उस समय प्रवाहित हुई है, जब उस के प्राण प्यारे सुपुत्र — प्रद्युम्न का अपहरण जन्म लेने के छठवें दिन ही हो जाता है। वह करुण-क्रन्दन करती हुई कहती है—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

हा पुत्त-पुत्त तुहु केण णियउ फुट्टइ सयसक्कर मज्झु हियउ।
हा वच्छ-वच्छ कुवलय दलच्छ पइँ पेछमि कहिँ हउँ सेय तुच्छ।
हा वाल-वाल अलिणीलवाल करयल जिय रत्तुप्पल सुणाल।
हा कंठु-कंठउज्जय सुणास हा-सवण विणिज्जिय मयण-पास।
मोक्कल कल कोंतल तोडणेण कोमल-करयल-उरे ताडणेण।
विहुणिय तणु सिर संचालणेण पाणियल धरणि अप्फालणेण।। 4/5/9-14

करुण-रस का चित्रण कवि सिंह की अपनी विशेषता है। उनके काव्य के हृदय का तार मानों करुण की तन्त्री से ही निर्मित है। हृदयाकाश में जब वेदना के मेघ घनीभूत होकर आँसुओं के रूप में बरस पड़ते हैं, तब हृदयाकाश स्वच्छ और निर्मल हो जाता है। प्रस्तुत काव्य में यही स्थिति रुक्मिणी की है। उसके हृदय की तीव्र-वेदना ने आँसुओं के द्वार का नियन्त्रण तोड़ दिया है। प्रद्युम्न के दीक्षा प्रसंग में भी माता रुक्मिणी एवं पिता कृष्ण के विलाप में करुण-रस की सरिता प्रवाहित हुई है (15/20/8-20)। इस कारुण्य रस की धारा प्रारम्भ में तो वेगवती वर्षाकालीन धारा के समान उद्दाम-गति से प्रवाहित हुई है, किन्तु फिर धीरे-धीरे मन्द पड़ जाती है और अन्त में उसमें निर्वेद और त्याग की शरत्कालीन शान्ति तथा पुण्य की प्रसन्नता छा जाती है। यथा— **सच्चहाम रूविणि सिय सेविहिं सुण्हइँ समउ अट्ठ-महएविहिं।**
गहियउ वउ रायमइ णवेविणु भिण्णु सरीरु जीउ मण्णेविणु।। *—(15/21/15-16)*

इस सन्दर्भ में स्थायी भाव शोक है, आलम्बन माता-पिता, उद्दीपन वियोग तथा रोदन आदि संचारी भाव हैं।

शान्त-रस:— संसार की अनित्यता का अनुभव अथवा तत्व-जिज्ञासा एवं तत्वज्ञान से उत्पन्न निर्वेद शान्तरस की व्यंजना कराता है।

प०च० में अंगीरस के रूप में शान्तरस की उद्भावना हुई है। उक्त काव्य ग्रन्थ के एतद्विषयक निम्न प्रसंग महत्वपूर्ण हैं—

अग्निभूति-मरुभूति (5/11), सुलोचना (6/6), पूर्णभद्र-मणिभद्र (6/7), राजा मधु-कैटभ (7/4), राजा कनक (8/1), राजा हिरण्य (8/3), राजा वरदत्त (15/12) एवं प्रद्युम्न, शम्बु, भानु, अनिरुद्ध तथा आठ महारानियाँ (15/21)।

उपर्युक्त प्रसंगोपात्त पात्र संसार की अनश्वरता एवं भौतिक-सुखों की क्षणिकता देखकर वैराग्य से भर उठते हैं और उनका हृदय वैराग्य-मूलक शान्तरस से आप्लावित हो जाता है। यह निर्वेद तत्वज्ञान-मूलक होता है।

इन प्रसंगों में स्थायी भाव निर्वेद, संसार की असारता का बोध, आलम्बन, विभाव, उपदेश, अध्यात्म, प्रवचन आदि उद्दीपन। संसार के त्याग की तत्परता, पंचपरावर्त्तन आदि अनुभाव एवं मति, धृति तथा स्मृति संचारी भाव हैं। शान्त रस की स्थित में विषय-सुख का अभाव होने से आत्म-सुख की समृद्धि होती है।

(4) अलंकार-योजना

भावों की उत्कर्षता का चित्रण तथा वस्तु-निष्ठ रूप गुण एवं क्रिया की तीव्रानुभूति कराने में सहायक होने वाले उपादानों को अलंकार की संज्ञा प्रदान की गयी है। अलंकार-योजना से चूँकि काव्य में सौन्दर्य का समावेश

होता है, अतः भामह ने उन्हें काव्य-शोभा का आधायक-तत्व बताया है।[1] दण्डी ने इसे काव्य के शोभावर्द्धक-धर्म के रूप में माना है। यथा—काव्य शोभा करान् धर्मालंकारान् प्रचक्षते।[2]

अलंकार केवल वाणी की सजावट के लिए ही नहीं, अपितु भावों की अभिव्यक्ति के लिये भी विशेष द्वार माने गये हैं। भाषा की पुष्टि तथा राग की परिपूर्णता के लिए वे आवश्यक उपादान के रूप में मान्य हैं। इन अलंकारों को दो भागों में विभक्त किया गया है—शब्दालंकार एवं अर्थालंकार।

प०च० में शब्दालंकार एवं अर्थालंकार दोनों के ही प्रचुर मात्रा में प्रयोग मिलते हैं। शब्दालंकारों में अनुप्रास, यमक एवं श्लेषालंकार प्रमुख हैं। अपभ्रंश-काव्य की यह प्रमुख विशेषता है कि उसमें बिना किसी आयास के स्वतः ही अनुप्रासों का आयोजन होता चलता है। उसमें वाक्यों में वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है। यथा—जहिं सरवरे-सरवरे कंदोट्टइँ परिमल वलहइँ अइ सुविसट्टइँ। (1/7/1)

यहाँ सरवर-सरवर एवं अन्य पदों में अनुप्रासालंकार है। इसी प्रकार केयूर-हार कुंडल धराहँ कण-कण कणंत कंकण-कराहँ (1, 13, 4) एवं 8/12/1, 8/15/12 आदि में अनुप्रास की सुन्दर योजना की गयी है।

यमक:— जहाँ एक या एक से अधिक शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हों एवं उनका अर्थ भी प्रत्येक बार भिन्न हो, वहाँ यमक-अलंकार होता है। यथा— **जाउ तत्त चारु कणयप्पह कणयरहहो राणी कणयप्पह।**

यहाँ 'कणयप्पह' शब्द के दो अर्थ हैं, प्रथम का अर्थ है—'स्वर्ण की प्रभा के समान और दूसरे 'कणयप्पह' पद का अर्थ है 'राजा कनकरथ की रानी कनकप्रभा।'

इसी प्रकार बाल-बाल (4/5/11), पिएंवि पिएंवि (6/17/3), पडुल-पडुल (6/17/4) वसुन्धरा, वसुन्धरा (6/3/3) में भी यमक अलंकार दृष्टव्य है।

श्लेष:— वाक्य में किसी शब्द के एक बार प्रयुक्त होने पर भी उसके अर्थ एक से अधिक हों, तो वहाँ श्लेषालंकार होता है।

इस अलंकार के द्वारा काव्य में विशेष चमत्कार उत्पन्न किया जाता है। यथा—

जहिं सुपिहुल-रमणिउँ मंथर-गमणिउँ कय-भुअंग सहसंगिणिउँ।
सच्छंवर-धारिउ जण-मण-हारिउ पण्णत्तिय व तरंगिणिउँ।। —*1/8/9-10*

यहाँ पर कवि ने श्लेष में नदी-वर्णन करते हुए कहा है कि स्वच्छ-वस्त्र धारण करने वाली, सुन्दर एवं सुपुष्ट रमण फलक वाली, मन्थर गति गामिनी तथा भुजंगी के समान वेणी वाली पण्य-स्त्रियों के समान ही वहाँ की नदियाँ भी स्वच्छ जलवाली अत्यन्त विस्तृत तटों वाली मन्थरगति से प्रवाहित होने वाली एवं भुजंगी के समान सहस्र धाराओं से युक्त थीं। यहाँ सच्छंवर, पिहुल एवं भुअंग में श्लेषालंकार है।

इसी प्रकार भोज्जुअ विचित्तु विंजणहिफारु (3/9/6) पद में विंजणहिंफारु में श्लेष है। यह दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है, एक तो व्यंजन वर्णों (क, ख, ग) के लिए और दूसरा विविध पकवानों के लिए। इसी प्रकार हरी (3/13/8), अद्धवरिसु (15/3/4) में भी श्लेषालंकार द्रष्टव्य है।

पुनरुक्ति:— जहाँ काव्य की सौन्दर्य-वृद्धि के लिए एक शब्द एक ही अर्थ में पुनरुक्त किया जाता है, वहाँ पुनरुक्ति-अलंकार होता है। यथा—

---

1. रूपकादिरलंकारस्तस्यान्यैर्बहुधोदितः। न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनितामुखम्।। काव्यालं० 1/13। 2. काव्यादर्श, 2/1।

हले पेक्खु-पेक्खु खज्जंति सास। —*(1/8/5)*
जहिं सरवरे-सरवरे कंदोट्टइँ। —*(1/7/1)*

यहाँ एक ही अर्थ में पेक्खु-पेक्खु एवं सरवरे-सरवरे की आवृत्ति से भाव-सौन्दर्य की अभिवृद्धि हुई है। अत: यहाँ पुनरुक्ति अलंकार है।

मार्गदर्शक :— आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

वीप्सा:— क्रोध, शोक आदि मनोवेगों को प्रभावित करने के लिए जहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति होती है, वहाँ यह अलंकार होता है। यथा—

हा वच्छ-वच्छ कुवलय दलच्छ पइँ पेछमि कहि हउँ सेय तुच्छ।
हा बाल-बाल अलि णीलबाल करयल जिय रत्तुप्पल सुणाल।। —*4/5/10-11*

उक्त पद्य में पुत्र शोक की अभिव्यंजना के लिए वच्छ, बाल और 'हा' वर्ण की आवृत्ति वीप्सा की योजना करती है। इसने शोकोद्गार को मूर्त्तरूप प्रदान किया है।

उपमा:— अर्थालंकारों में उपमालंकार को अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सादृश्यमूलक अलंकारों का तो इसे सर्वस्व माना गया है। इस अलंकार में किसी वर्ण्य-वस्तु की उसके किसी गुण, क्रिया या स्वभाव-विशेष आदि की समानता के कारण किसी अप्रस्तुत वस्तु से तुलना की जाती है। प०च० में इस अलंकार का अनेक स्थलों पर सुन्दर संयोजन हुआ है। यथा—

एक्कहि वयणुल्लउ णिरुवमउ अणेक्कहिं छण ससहर समउ।
एक्कहिमुहँ सरल पुणु णयणु अणेक्कहो उक्कोइय मयणु।
एक्कहि वर कंठु कंबु हणइँ अणेक्कहे रूउ जि जगु जिणइँ। 3/11/2-5
सिहिगल अलि तमाल सम कुंतल। 12/1/3,

इसमें रुक्मिणी और सत्यभामा के रूप-सौंदर्य की तुलना कवि ने अनेक उपमानों से की है। इसी प्रकार रवि की रानी, चन्द्रमा की रोहिणी तथा इन्द्र की पौलोमी द्वारा राजा अरिंजय के साथ रानी प्रियवदना के शोभित होने का चित्रण किया गया है— **रेहइ पउलोमी इव सक्कहो रविहि रण्ण रोहिणिव ससंकहो।** —*5/11/8*

उपमेयोपमा:— जहाँ पद में उपमेय की प्रधानता एवं उपमान की हीनता प्रदर्शित की जाय, वहाँ उपमेयोपमा अलंकार होता है। कवि ने रुक्मिणी के श्रेष्ठ सौन्दर्य का वर्णन करने के लिए इसी अलंकार का प्रयोग किया है। यथा— **ससि सकलंकु कमलु खणे वियसइ अणुवमु वयण पंकयं।** —*2/10/1*

अर्थात् शशि तो कलंक सहित है तथा कमल क्षण में विकसित होता है और नष्ट हो जाता है। किन्तु इसका मुख-कमल दोनों की उपमा रहित अनुपम है अर्थात् मुख कलंक रहित और सदा विकसित रहता है।

हीनोपमा:— कवि सिंह ने उपमा के चित्रण में हीनोपमा अलंकार का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। यथा—

पणमिय चलण-कमल रूवए कह। वण देवियइमि वणदेवय जह। —*14/1/10*

कनकमाला रूपिणी के चरण कमलों में किस प्रकार प्रणाम करती है? इसी प्रकार, जिस प्रकार कि वनदेवता, वनदेवी के चरणों में प्रणाम करता है। वनदेव के द्वारा वनदेवी को प्रणाम करने के कारण यहाँ हीनोपमा-अलंकार है।

रूपक:— जब उपमेय में उपमान का निषेध रहित आरोप किया जाय तो रूपकालंकार होता है। समुद्र में नायक का आरोप कर कवि कहता है कि वह अपनी चंचल-तरंग रूपी विशाल भुजाओं से द्वारका के नितम्ब—तट को दूर करता हुआ द्वारका रूपी परस्त्री के संग के भय से दूर हट जाता है। यथा—

पसरिय कल्लोलहिँ, भुयहिं विसालहिं णं णियंवु विप्फालइ।
खणे संकिवि फिट्टइ पुणुवि पयट्टइ मूढउ अप्पउ खालइ।। —*1/10/11-12*

सिंह में वसन्त ऋतु का आरोप करके भी कवि ने रूपकालंकार की सुन्दर संयोजना की है। यथा—

फग्गुदिणंतभासुरवयणु जासवण कुसुम-लोहिर-रयणु।
वेइल्लमल्लि-फुल्लिर-दसणु साहार लुलिय णव-दल रसणु।
अयवत्त कुसुम सुइज्ज अपवरु रुणु-रुणिर भमर गुंजारि सरु।
कलिकुंद पसूण तिक्ख-णहरु वह मंजरि चंचलुग्गिण्णकरु।। —*3/4/3-6*

इसी प्रकार एक अन्य प्रसंग में भी फागुन मास को दूत बना कर (6/16/12-13, 3/4/3-6) एवं पूजा के प्रसंग में पूजा की सामग्रियों में वसन्त का आरोप (15/8/1-6) कर भावों की तीव्र व्यंजना की गयी है।

उत्प्रेक्षा:— जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना या कल्पना की जाए वहाँ उत्प्रेक्षालंकार होता है। नारद को हरि एवं बलभद्र के बीच खड़ा देखकर कवि कल्पना करता है—

हरी-वलहद्दइँ मज्झे मुणिंदु णं कण्णत्तुलं भरे संठिउ चंदु। —*1/15/2*

हरि और बलभद्र के बीच मुनि नारद ऐसे सुशोभित हो रहे थे, मानों सुवर्ण-तुला के मध्य चन्द्र ही स्थित हो। सूर्योदय-सूर्यास्त एवं चन्द्रोदय के वर्णन-प्रसंग में भी कवि ने सुन्दर उत्प्रेक्षाओं की उद्भावना की है। यथा—

कंकेल्लहँ पत्तुव अरुण दत्तुव दिसि गणिहे,
णं तहि मुह-मंडउ कुंकुम पिंडिउ घण-थणहे।
अवरण्हइँ णिवडंतइँ सूरें संझा-रत्त लित्त जहिं सूरइँ,
तणु पक्खालणत्थ तहिं चल्लिउ णं अप्पउ जलरासिहिं बोल्लिउ।। —*6/19-22*

इसी प्रकार रुक्मिणी और रति के सौन्दर्य वर्णन एवं प्रद्युम्न तथा कृष्ण की वीरता के प्रसंगों में भी कवि ने अनेक सुन्दर उत्प्रेक्षाओं की योजना की है।

भ्रान्तिमान्:— जहाँ रूप, रंग, कर्म आदि की समानता के कारण एक वस्तु से अन्य किसी वस्तु की चमत्कार-पूर्ण भ्रान्ति हो जाए तब वहाँ भ्रान्तिमान अलंकार होता है। यथा— रानी सत्यभामा उद्यान में श्वेत-वस्त्रधारिणी रूपिणी को वनदेवी समझ कर उसकी स्तुति एवं आराधना करती है। इस प्रसंग में कवि ने भ्रान्तिमान् अलंकार की सुन्दर योजना की है। देखिए— **किमे सावित्रदेवी सुउज्जाणसेवी**

तहो पाय पोम्मा, णुया तीए रम्भा।
सिरेणाविऊणं पयंपेय णूणं।। —*3/8/3-12*

सन्देह:— रूप, रंग आदि का सादृश्य होने के कारण उपमेय में उपमान का संशय होने से सन्देहालंकार होता है। नारायण—कृष्ण रुक्मिणी के अप्रतिम-सौन्दर्य को देखकर सन्देह में पड़ जाते हैं और सोचते हैं कि यह गायत्री है या लक्ष्मी अथवा सरस्वती? कहीं यह बुद्धि, सिद्धि, गौरी, शान्ति, कीर्ति या शक्ति तो नहीं है? यथा—

किं सुरकुमारि किं लच्छि किण्णु गंधारि गोरि।
किं बुद्धि-सिद्धि-कित्ति-सत्ति-गावित्ती-सरासइ-संति-सत्ति।। —*2/11*

अतिशयोक्ति:— जहाँ पर किसी वस्तु का वर्णन बढ़ा चढ़ा कर किया जाय, वहाँ अतिशयोक्ति-अलंकार होता है। कवि ने प्रद्युम्न के सोलह लाभ एवं युद्ध का वर्णन अतिशयोक्तिपूर्ण किया है:—

जो संवरहो वाह कट्ठिवि ठिय भिडिवि रणगंणे तेण विणिज्जिय।
पज्जुण्णकुमारहो रणे दुव्वारहो संख-कुंदे हर-हासे कसु।
वियरंत मुणेविणु मणे विहसेविणु रायइँ णियणंदणहो जसु।। —*7/14*

इसी प्रकार 8वीं सन्धि के प्रथम 16 कडवकों के वर्णन-प्रसंगों में भी कवि ने इस अलंकार का खुलकर प्रयोग किया है।

स्वभावोक्ति:— स्वाभाविक वर्णन-प्रसंगों में इसी अलंकार का प्रयोग होता है। कवि ने रुक्मिणी एवं सत्यभामा की गर्भ-दशा का चित्रण उक्त अलंकार के माध्यम से किया है। यथा—

गब्भेहिँ सुंदरीहिमि जायाइमि सालसंगाइँ।
णंदण जसेण वियसइ ईसीसिवि जाइ धवलाइँ।
अइतुंग-पीण-पीवर-थणाहं कसणइं मुहाइँ दुज्जण थणाहं। —*3/12-13*

इसी प्रकार प्रद्युम्न की बाल चेष्टाओं का स्वाभाविक वर्णन किया गया है। यथा—

थिउ दिणमेक्क मेत्तुं विरय वि तणु णं उवयाचलत्थु मय लंछणु।
पुणु मासद्ध-मास कय संखइँ भीसम-सुय पहिट्ठमण पेक्खइँ।
संवच्छरहं सुअद्ध पमाणिउं णिम्मिउ वउ कलहोय समाणउं।
णिय लीलइँ रंगेविणु थक्कइ ईसीसु-विहसेवि मुहुँ वंकइ। —*12/15*

निदर्शना:— जहाँ उपमेय का उदाहरण अनेक उपमानों से दिया जाय, वहाँ निदर्शना अलंकार होता है। बालक प्रद्युम्न की अभिवृद्धि में इस अलंकार की योजना की गयी है। यथा—

सो बालु पज्जुण्ण घरे कालसंवरहो वड्ढइ व ससि कलह कलु जेम अंबर हो।
उत्तुंग-घण-कढिण-पीड थणालाण हत्थे-हत्थेवि संवरेइ वालाण।। —*7/12*

परिसंख्या:— जब किसी वस्तु का अन्य स्थलों से निषेध करके केवल एक स्थान पर ही कथन किया जाए तो परिसंख्या-अलंकार होता है। कवि ने द्वारावती का वर्णन करते समय इस अलंकार की योजना की है। यथा—

जहिं कव्व वंधु विग्गहु सरीरु धम्माणुरत्तु जण पावभीरु।
थट्टत्तणु मलणु वि मणहराहँ वर तरुणिहिं पीण पओहराहँ।
हय हिंसुण राय णिहेलणेसु खलु विगय णेहु तिल पीलणेसु।
मज्झण्णयाले गुणगणहु राह परयार-गमणु जहिं मुणिवराह।। —*1/9*

विभावना:— बिना कारण के जहाँ कार्य की उत्पत्ति का निर्देश किया जाए वहाँ विभावना-अलंकार आता है। प०च० में मुनिराज के आगमन के अवसर पर योग्य ऋतुओं के न रहने पर भी उनके प्रभाव से समस्त वनस्पतियों में ऋतु योग्य फल फूल आ जाने के कारण उसमें उक्त अलंकार की योजना की गयी है। यथा— ता वणवालइँ कुसुमफल उडुरिउहिं जे उपज्जहिं विमल।
संजायउ जिणवर आगमणु फल कुसुमाउलु संपण्णु वणु।। —*5/13, 15/14*

अर्थान्तरन्यास:— किसी साधर्म्य अथवा वैधर्म्य का प्रदर्शन करने के लिए जब सामान्य का विशेष से अथवा विशेष का सामान्य से समर्थन किया जाए तब वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। कवि ने समुद्र के वर्णन-प्रसंग में इसका सुन्दर निरूपण किया है— यथा—

सो भुल्लउ पर-परतियहिँ केव राहव-घरिणिहिं दहवयणु जेम। —*1/10/10*

सागर दिन-रात द्वारिका नगरी की सेवा में लीन रहकर नदियों को उसी प्रकार भूल गया था, जिस प्रकार दशमुख (रावण) राघव-गृहिणी सीता के कारण अपनी गृहणियों को भूल गया था। यहाँ सामान्य का विशेष से समर्थन किया गया है।

असंगति:— कारण एक जगह हो और कार्य दूसरी जगह, तो वहाँ असंगति-अलंकार होता है। कवि ने कृष्ण का अवलोकन करते समय द्वारका की नारियों को अस्त-व्यस्त रूप में चित्रित कर असंगति अलंकार की सुन्दर योजना की है। यथा—

काइँ घुसिर्णे अंजिय णयणइँ अंजणेण पीयल पुणु वयणइँ।
काइँ वि डिंभु चडाविउ कडियले सिरु विवरीउ करिवि पयउर उरयले। —*3/2*

व्यतिरेक:— जहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय के गुणाधिक्य-वर्णन द्वारा कथन में उत्कर्ष उत्पन्न किया जाए, वहाँ व्यतिरेकालंकर होता है। महाकवि सिंह ने प०च० में रुक्मिणी एवं सत्यभामा के गर्भावस्था वर्णन-प्रसंग में इस अलंकार का प्रयोग करते हुए कहा है कि एक का कण्ठ शंख को जीतने वाला था तो एक का रूप जगत को जीतने वाला था। यथा— **एक्कहे वरकंठु कंबु हणइँ अणेक्कहे रूउ जि जगु जिणइँ।** —*3/11/4*

सहोक्ति:— जब सह अर्थ बोधक (संग, साथ, सह तथा इनके अन्य पर्याय वाचक) शब्दों के बल पर एक ही क्रिया-पद दो अर्थों का बोध कराता है तब सहोक्ति अलंकार होता है। सत्यभामा रुक्मिणी से सौतियाडाह रखती है, किन्तु कृष्ण के उपहास करने पर वह रूपिणी के साथ अपनी छोटी बहिन का सम्बन्ध स्थापित करके कृष्ण को ही धिक्कारने लगती है। यथा—

रूविणि वि मज्झु सा सस कणिट्ठ उग्गालु सु तहे तुह काइँ धिट्ठ।
जइ लाविउ तो महु णत्थि दोसु स सहोयराइँ सहुँ कवणु रोसु।। —*3/6/8-9*

(5) बिम्ब-योजना

बिम्ब-योजना में किसी वस्तु का सर्वांगीण वर्णन न कर मात्र उस वस्तु के भाव-चित्र को इस रूप में उपस्थित किया जाता है कि वह (चित्र) पाठकों के हृदय-पटल पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ता चलता है। यह परिभाषा देते हुए डॉ० नगेन्द्र के ये विचार स्मरणीय हैं—काव्य-बिम्ब शब्दार्थ के माध्यम से कल्पना द्वारा निर्मित एक ऐसी मानस-छवि है, जिसके मूल में भाव की प्रेरणा रहती है।[1]

इस प्रकार की बिम्ब-योजना प०च० में अनेक स्थलों पर उपलब्ध है। उनमें से कुछ उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

1. प०च० में राजा मधु का नख-शिख वर्णन न करके कवि ने उसकी तेजस्विता और वीरता के वर्णन द्वारा एक भावात्मक-बिम्ब उपस्थित किया है। —*(6/14-15)*
2. रुक्मिणी एवं रति का नख-शिख वर्णन, विषयगत होते हुए भी पाठक पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ता है —*(2/10, 8/16, 12/1 देखें)*।
3. गर्भवती-माता की दिन-प्रतिदिन परिवर्तित हुई दशा का यथार्थ-बिम्ब। —*(देखें 3/11-12)*

---

1. काव्य-बिम्ब, पृ० 5 (नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 1967)।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

4. कलाधर चन्द्र की कला के समान, एवं द्वितीया के चन्द्र के समान प्रद्युम्न का दिनों-दिन बढ़ने का बिम्बात्मक वर्णन। —*(दि० 7/12, 7/13)*
5. प्रद्युम्न के युवावस्था को प्राप्त कर लेने पर उसके रूप, गुण का यशोगान राजभवन, पुर, पट्टन सभी जगह जय-जय ध्वनि के साथ गाया भी जाने लगा। नगर की कोई भित्ति ऐसी नहीं थी, जहाँ उसका अनुपम चित्र न लगा हो। शंख के समान, कुन्द पुष्प के समान एवं हास के समान उसके धवल-यश से सारा भुवन धवलित हो उठा। यह बालक की यशोवृद्धि का बिम्बात्मक वर्णन है। —*(दि० 7/14/7-11)*
6. प्रद्युम्न को देखकर पुर-नारियों की कामविह्वल अवस्था सम्बन्धी बिम्ब। —*13/17*
7. प्रद्युम्न-कृष्ण युद्ध के समय हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की हिनहिनाहट, अस्त्रों की टकराहट, कोलाहल एवं रुदन आदि के बिम्ब। —*(12/24-28, 13/1-16)*

(6) छन्द-योजना

अपभ्रंश के प्रमुख छन्द 'दूहा' तथा उसकी कडवक-पद्धति पर पूर्व में प्रकाश डाला जा चुका है। इसमें सन्देह नहीं कि अपभ्रंश-साहित्य छन्द-विधान की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध है। यह समृद्धि आकस्मिक नहीं, इसके विकास के पीछे एक दीर्घकालीन काव्य-परम्परा रही है। प्रो० एच०डी० बेलंकर की गम्भीर गवेषणाओं के निष्कर्ष के अनुसार महाकवि स्वयम्भू के पूर्व 6 छन्द शास्त्री हो चुके थे, जिनमें से अर्जुन एंव गोशाल की सूचना तो रत्नशेखर (12वीं सदी) ने तथा चउमुह एवं गोइन्द की सूचना महाकवि स्वयम्भू ने दी है। अन्य दो की केवल सूचना मात्र ही है, उनके नाम अज्ञात हैं। महाकवि स्वयम्भू ने उनमें चउमुह एवं गोइन्द की रचनाओं के कुछ उद्धरण अपने 'स्वयम्भू-छन्दस्' नामक ग्रन्थ में उद्धृत किये हैं। त्रिभुवन-स्वयम्भू ने एक उद्धरण के द्वारा यह भी सूचना दी है कि चउमुह ने ध्रुवक एवं पद्धडिया-मिश्रित छन्द प्रदान किया। कुछ भी हो, उक्त शोधों से यह निश्चित होता है कि स्वयम्भू के पूर्व अपभ्रंश छन्द पर्याप्त विकसित हो चुके थे। दुर्भाग्य से स्वयम्भू-पूर्व का तद्विषयक साहित्य अनुपलब्ध रहने से उनके विषय में अधिक लिखना सम्भव नहीं। यह अवश्य कहा जा सकता है कि स्वयम्भू ने सम्भवतः उस साहित्य को देखा था और वे उससे प्रेरित-प्रभावित अवश्य हुए होंगे तथा युगीन-परिस्थितियों तथा विषयागत प्रसंगों के अनुकूल परम्परा-प्राप्त छन्दों में उन्होंने कुछ संशोधन-परिवर्तन-परिवर्धन भी अवश्य किये होंगे।

स्वयम्भू, पुष्पदन्त, धवल, वीर, धनपाल, नयनन्दि प्रभृति कवियों ने अपभ्रंश-छन्दों का लगभग एक निश्चित रूप स्थित कर दिया था और इस प्रकार पज्जुण्णचरिउकार को छन्दों की एक विशाल एवं समृद्ध-परम्परा प्राप्त हुई।

पज्जुण्णचरिउ एक पौराणिक महाकाव्य है। उसमें प्रद्युम्न के अपहरण, संघर्ष एवं राज्य-प्राप्ति के बाद उसके साधक-जीवन का चित्रण मिलता है। इन प्रसंगों में कवि को विविध छन्दों के प्रयोग का अवसर नहीं मिल पाया है अथवा यह भी कहा जा सकता है कि उसे अनेक प्रकार के छन्द-प्रयोगों की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। पूर्वोक्त वर्णन-प्रसंगों मे कवि ने जिस प्रकार की छन्द योजना की है, वह पद्धडी, अलिल्लह पादाकुलक आदि छन्दों के आगे-पीछे घत्ता, वस्तु-छन्द, गाथा और द्विपदी, ध्रुवक आदि जोड़कर उनसे कडवक छन्द को संयोजित कर उनमें अपने वर्ण्य-विषय को नियोजित किया है।

प०च० में कवि ने जिन छन्दों के प्रयोग किए हैं, उनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

छन्द-नाम	लक्षण	पज्जुण्णचरिउ के उदाहरण
पद्धडिया	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त जगण	1/9
पादाकुलक	मात्रिक — 16 मात्रा, सर्व लघु, अथवा अन्त गुरु अथवा अन्त ल, ग	1/12
द्विपदी	मात्रिक — 28 मात्रा, अन्त ल, ग	2/1-20; 9/13-24, 15/2-28
चारुपद	मात्रिक — मात्रा 10 अन्त ल	5/15, 7/15
चन्द्रलेखा	मात्रिक — मात्रा 8, अन्त ग, ल अथवा ल, ग	8/8, 11/5
चतुष्पदी	मात्रिक — विभिन्न मात्राओं वाला छन्द	13 सन्धि
	12 मात्राएँ, अथवा	13/5
	23 मात्राएँ, अथवा	13/6
	16 मात्राएँ, अथवा	13/7
	22 मात्राएँ	13/17
आरणाल (षट्पदी)	मात्रिक — मात्रा 29 (12+8+9)	10/16
अलिल्ला	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त, ल, ल	10/11
सुतार	मात्रिक — 38 मात्राएँ, अन्त में ल, ग प्रारम्भ में -नगण'	10/6
षट्पदी	मात्रिक — मात्रा 28 (10+8+10) पदान्त 'सगण'।	10/19
मधुभार	मात्रिक — मात्रा 8 अन्तलघु	11/5
दुवई	मात्रिक — मात्रा 23, अन्त में लघु अपवाद रूप में	15/1
गाथा (परपथ्या)	मात्रिक — मात्रा 12, 18, 12, 15	अन्त्य-प्रशस्ति
त्रोटनक	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त ल, ग	13/6/5, 13, 14
करमिकरभुजा	मात्रिक — मात्रा 8, अन्त ल, ग	1/2, 5/14
उष्णिका	वर्णिक — वर्ण 7, र, ज, ग	3/14
वंशस्थ	वर्णिक — वर्ण 12, ज, त, ज, र	8/17 अवहट्टय
भुजंगप्रयात	वर्णिक — वर्ण 12, य, य, य, य	2/1, 3/8
नि:श्रेणी	वर्णिक — वर्ण 11, र, ज, र, ल, ग	8/9/3-4
शार्दूलविक्रीडित	वर्णिक — वर्ण 19, म, स, ज, स, त, त, ग	1, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 के अन्त में
स्कन्धक (खंडिया)	विषम मात्रिक छन्द — मात्रा 14, 16, 14, 13 14, 10, 14, 12 अन्त रगण	9/1–12
वस्तु-छन्द	विषम मात्रिक छन्द — मात्रा, 15+27+26 + दोहा	4/1 से 4/17

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(7) भाषा

दृश्य जगत के प्रति संवेदनशीलता, अदृश्य के प्रति मानसिक उद्वेग, संस्कार जन्य स्वाभाविक वृत्ति, सहज अनुभूति, भावानुगामिनी भाषा एवं शैली ही किसी प्रबन्ध-काव्य के प्रमुख आधार होते हैं। इसीलिए काव्य-प्रणेताओं ने भाषा को काव्य एवं विचारों का शरीर एवं अनुभति को आत्मा माना है। दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि भाषा-शैली ही कवि एवं उसके काव्य की कसौटी है। इस दृष्टि से प०च० की भाषा एवं शैली का अध्ययन अत्यावश्यक है। संक्षेप में उसे यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है:—

प्रस्तुत मूलरचना में तीन प्रकार की भाषाओं के प्रयोग किए गए हैं— (1) अपभ्रंश, (2) प्राकृत, एवं (3) संस्कृत।

संस्कृतभाषा यद्यपि प०च० की प्रमुख भाषा नहीं है। वह केवल रचना-प्रशंसा, कवि-प्रशंसा, आश्रयदाता-प्रशंसा अथवा प्रशस्ति-पद्यों के रूप में ही प्रयुक्त है, फिर भी वे प्रशस्ति-पद्य दो दृष्टियों से महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं:— (1) शब्द-प्रयोगों की दृष्टि से एवं (2) कवि के अपभ्रंशेतर-भाषा-ज्ञान की दृष्टि से।

प्रयुक्त संस्कृत-पद्य, प्राकृत एवं अपभ्रंश से पूर्णतया प्रभावित हैं। कवि के भाषा-ज्ञान को देखते हुए यह ज्ञात होता है कि यदि वह चाहता तो इन पद्यों में संस्कृत-भाषा के नियमित शब्द-प्रयोग कर सकता था, किन्तु कवि चूँकि प्राकृत एवं अपभ्रंश-भाषा का भी पण्डित था, अत: उसने इन पद्यों में प्राकृत एवं अपभ्रंश-भाषा के मिले-जुले प्रयोग तथा अपभ्रंश-पद्यों के बीच-बीच में भी संस्कृत-पद्यों की संरचना की। उसके कुर्व्वन् (कुर्वन् के लिए, दे० सन्धि-1 अन्त में), सर्व्व (सर्व के लिए — सन्धि 9 अन्त में) मटंब (मडम्ब के लिए, सन्धि 10 के अन्त में) एवं संकुर्व्वतीदं (संकुर्वतीदं के लिए, सन्धि 10 के अन्त में), धर्म्म-कर्म्म (धर्म-कर्म के लिए), पंडित (पण्डित के लिए) एवं गूर्ज्जर (गुर्जर के लिए, सन्धि 12 के अन्त में), तर्क्क (तर्क के लिए, सन्धि 13 के अन्त में), गर्व्व (गर्व के लिए — सन्धि 14 अन्त में), जैसे शब्द-प्रयोग दृष्टव्य हैं, जिनमें प्राकृत-व्याकरण के नियमानुसार विजातीय-व्यंजन के लोप के कारण सम्बद्ध व्यंजन के द्वित्व का रूप तो दिखाई पड़ता है, किन्तु जिस (दुर्बल—) व्यंजन के स्थान पर द्वित्व किया गया, वह स्वयं लुप्त न होकर यथावत् सुरक्षित रह गया है। उन्हीं मिले-जुले रूपों के प्रयोग कवि ने किए हैं। टवर्गीय 'ट' ध्वनि के स्थान में प्राय: 'ड' वर्ण हो जाता है, फिर भी यहाँ 'ट' ध्वनि यथावत् रूप में मिलती है।

समस्त संस्कृत-पद्य शार्दूल-विक्रीडित-छन्द में लिखे गए हैं। इनमें यद्यपि कहीं-कहीं मात्राओं का भंग दिखलाई पड़ता है, किन्तु वह दोष निश्चय ही प्रतिलिपिकार की अज्ञता अथवा प्रमादवश हुआ है।

इन संस्कृत श्लोकों की कुल संख्या 8 है जो सन्धि संख्या 1, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14, 15 के अन्त में अंकित किए गए हैं।

प्राकृत

प०च० में उपलब्ध पद्यों में प्राकृत-भाषा के प्रयोग भी द्रष्टव्य हैं। यद्यपि इन पद्यों की प्राकृत तथा अपभ्रंश के उकार-बहुल के भेद को छोड़कर अन्य भेद खोज पाना प्राय: कठिन ही है। कवि ने अपभ्रंश-पद्यों के बीच में कुछ तो अपने-ज्ञान-प्रदर्शन के लिए और कहीं-कहीं शैलियों एवं छन्दों के वैविध्य-प्रदर्शन हेतु ही प्राकृत के उक्त-सुप्रसिद्ध पद्य—'गाहा' का प्रयोग किया है। प०च० में सन्धि तीन का प्रत्येक कड़वक गाहा-छन्द से प्रारम्भ

हुआ है (इस सन्धि में कडवकों की कुल संख्या 14 है)। इसी प्रकार 11वीं सन्धि का प्रत्येक कड़वक गाहा-छन्द से प्रारम्भ हुआ है (कडवकों की कुल संख्या 23)। यद्यपि ये प्राकृत-पद्य आनुषंगिक हैं, फिर भी सोने की अँगूठी में जड़े हुए नग के समान वे काव्य-सौन्दर्य को बढ़ाने में सक्षम हैं।

प०च० की मूल भाषा अपभ्रंश है। उसका संक्षिप्त अध्ययन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है:—

पज्जुण्णचरिउ में अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, अनुस्वार एवं अनुनासिक स्वरों के प्रयोग मिलते हैं तथा व्यंजनों में क्, ख्, ग्, घ्, च्, छ्, ज्, झ्, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्, त्, थ्, द्, ध्, न्, प्, फ्, ब्, भ्, म्, य्, र्, ल्, व्, स्, ह् के प्रयोग मिलते हैं।

स्वर-वर्ण विकार

(1) संस्कृत की **ऋ ध्वनि** के स्थान पर 'पज्जुण्णचरिउ' में अ, इ, उ, ए एवं रि के प्रयोग मिलते हैं। यथा— कय < कृत् (3/9/14), किण्ह<कृष्ण (10/10/3) णिट्टु<नृत्य (3/1/11), घिण<घृणा (5/1/20), पुहवि<पृथिवी (8/16/11), गेहु<गृह (5/9/6), रिद्धिंजण<ऋद्धिंजण 3/7/4।

(2) **ऐ** के स्थान पर ए, अइ, एवं इ के प्रयोग। यथा— वेयाल<वैताल (1/16/10), नेरिउ<नैऋत्य (15/7/1), वेयड्ढ<वैताढ्य (2/3/6), वेरि<वैरी (3/15/7), कइलासो<कैलाश (15/5/8), कइडिहु<कैटभ (6/1/1) वइरिय<बैरी (5/2/3), चित्त<चैत्र (15/5/1), वइवसपुरि<वैवसपुरि (13/14/8), तइलोउ<त्रैलोक्य (4/14/8)।

(3) **'औ'** ध्वनि के स्थान पर 'ओ' एवं 'अउ'। यथा— कोसल<कौशल (5/11/5), गोरी<गौरी (2/11/3), सोहयल<सौधतल (1/12/5), सउ<सौ (2/19/12), गउड<गौड (6/3/12)।

(4) **ङ्, ण, न् एवं म्** के स्थान पर अनुस्वार। जैसे— पंक<पङ्क (9/5/8), चंदायण<चान्द्रायण (9/11/5), अरिंजय<अरिञ्जय (5/11/6) ससंक<शशाङ्क (15/7/8), सयंपह<स्वयम्प्रभा (14/8/9), सयंभूरमण<स्वयम्भूरमण (14/8/9)।

(5) **स्वरों का आदि, मध्य एवं अन्त्यस्थान** में आगम। यथा— पियारी<प्यारी (9/5/13), दुवार<द्वार (7/3/5), विवसग्गु<व्युत्सर्ग (5/5/5), किवाण<कृपाण (13/12/11), सलि<शल्य (15/5/6), सरय<शरद् (15/4/8)।

(6) **आद्यस्वर लोप**। यथा— छइ<अछह (15/28/8), णंग<अणंग (15/4/1)।

व्यंजन वर्ण-विकार

(7) **'रकार'** के स्थान में क्वचित् 'लकार'। यथा— चलण<चरण (12/1/13), कलुण< करुण (10/13/11), (यह अर्धमागधी प्राकृत की प्रवृत्ति है)।

(8) **श्, ष् एवं स्** के स्थान में 'स' होता है। कहीं-कहीं ष् के स्थान में 'छ' भी होता है। यथा—सत्ति<शक्ति (2/11/4), साहा<शाखा (4/1/3), पलासु<पलाश (1/6/9), सालि<शालि (1/7/4), छट्ठि<षष्ठि (3/13/11), छट्ठोववास<षष्ठोपवस (15/10/15), छप्पय<षट्पद (3/4/8)।

(9) **'स' के स्थान** पर क्वचित् 'ह' तथा संयुक्त त्स एवं प्स के स्थान पर च्छ। जैसे— दहलक्खण<दसलक्षण (5/15/5), दहवयणु<दसवयणु (1/10/10), उच्छव<उत्सव (15/8/7), अच्छरा<अप्सरा (2/4/4)।

(10) **ध्वनि परिवर्तन** में वर्ण-परिवर्तन कर देने पर भी मात्राओं की संख्या प्रायः समान। यथा— धम्म< धर्म (15/13/12), कम्म<कर्म (9/11/7), णिम्महि<निर्मम (14/16/13), अप्पा<आत्मा (1/10/12), सोमसम्मु<सोमशर्मा

(4/14/13) तथा अपवाद के रूप में माणथंभ<मानस्तम्भ (8/3/7) दिक्ख<दीक्षा 5/15/3।

(11) कुछ ध्वनियों का आमूल-चूल परिवर्तन तथा उनसे **समीकरण एवं विषमीकरण** की प्रवृत्तियाँ परिलक्षित होती हैं। यथा— मउड<मुकुल (1/14/2), पोग्गल<पुद्गल (15/17/9), पुहवि<पृथिवी (8/16/11), पोम<पद्म (4/10/13), चक्की<चक्री (4/12/11), सग्ग<स्वर्ग (6/1/13)।

(12) आद्य एवं मध्य **व्यंजन-लोप**। यथा— थण<स्तन (9/12/9), थेरु<स्थविर (10/2/6), थिउ<स्थिर (7/3/10), थाण<स्थान (15/23/15) सुकेसुया<सुकेतुसुता (14/19/4), वायरण<व्याकरण (1/4/4), वणासइ<वनस्पति (5/12/3)।

(13) **वर्णविपर्यय**— यथा— रहस<हर्ष (15/12/5), णियलु<णिलउ (15/14/7), परिवह<परिहव<पराभव (14/19/1), दीहर<दीर्घ (10/17/12), तिहराहिउ<त्रिपुराधिप (2/12/8)।

(14) **प्रथमा एवं द्वितीया** विभक्तियों के एकवचन में अकारान्त शब्दों के अन्तिम 'अकार' अथवा संस्कृत-विसर्ग के स्थान में प्राय: 'उकार'। कहीं-कहीं ए का प्रयोग भी मिलता है। यथा— चरिउ<चरित (1/5/4), सग्गु<स्वर्ग: सलिलु<सलिल: (15/14/4), संपण्णु<सम्पन्न (15/14/13), पकयणाहें<पंकजनाथम् (13/10/8)।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(15) **तृतीया-विभक्ति** के एक वचन के अन्त्य 'अकार' के स्थान में ए का प्रयोग एवं कहीं-कहीं एण का प्रयोग। यथा— मिच्छत्तें<मिथ्यादृष्टया (15/24/3), बहुत्तें<बहुत्तेन (15/24/3), परमेसरेण<परमेश्वरेण (5/15/7), संचालणेण<संचालनेन (4/5/13)।

(16) **तृतीया के** बहुवचन में अन्त्य 'अकार' के स्थान पर एहिं प्रत्यय। यथा— सव्वेहिं<सर्वै: (5/15/12), भव्वेहिं<भव्यै: (5/15/12), मुहेहिं<मुखै: (5/15/12), णंदणेहिं<नन्दनै: (2/16/3)।

(17) **अकारान्त** शब्दों में पंचमी विभक्ति के एकवचन में 'हो' प्रत्यय तथा बहुवचन में हं अथवा हिं प्रत्यय। यथा— तहो<तस्मात् (4/4/11), जंवुदीवहं<जम्बूद्वीपात् (4/2/1)।

(18) **अकारान्त** शब्दों से पर में आने वाले षष्ठी के एकवचन में आसु प्रत्यय एवं बहुवचन में हँ प्रत्यय का प्रयोग। यथा— सुंदरासु<सुन्दरस्य (1/13/9), पुरंदरासु<पुरन्दरस्य (1/13/9), मणहराहँ<मनोहराणम् (1/9/3), पउहराहँ<पयोधराणाम् (1/9/3)।

(19) **स्त्री लिंग** के शब्दों में पंचमी और षष्ठी के एकवचन में 'हे' का प्रयोग। यथा— जाहे<जस्या: (4/3/15), ताहे<तस्या: (2/10/4)।

(20) **क्रिया रूपों** के प्रयोग प्राय: प्राकृत के समान हैं। पर कुछ ऐसे क्रियारूप भी हैं, जो कि विकसित भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और जिनसे आधुनिक भाषाओं की कड़ी जोड़ी जा सकती है। यथा—

ढोइउ (बुन्देली)	ले जाने के अर्थ में (11/21/2)
हुवउ	होने के अर्थ में (11/13/8)
आयउ	आने के अर्थ में (14/4/10)
वट्टियउ (भोजपुरी-वडुए)	होने के अर्थ में (10/10/9)
पुच्छिउ	पूछने के अर्थ में (5/16/2)
अच्छइ (मैथिली छी, मगही त्थी)	है के अर्थ में (10/17/8)

थिय (भोजपुरी – एथी)	'इस' के अर्थ में (11/9/10)
करंतिय (भोजपुरी — करंतिया)	करने के अर्थ में (10/13/3)
चडिउ	चढ़ने के अर्थ में (2/13/3)
बोल्ल	बोलने के अर्थ में (9/1/18)
छाइउ	छाने के अर्थ में (13/15/13)

(21) **वर्तमान कृदन्त** के रूप बनाने के लिए 'माण' प्रत्यय। यथा— विज्जमाण (13/16/7), गिज्जमाण (13/16/7) आदि।

(22) **परसर्गों** में से प०च० में कवि ने निम्न परसर्गों के प्रयेग किए हैं। यथा— केरउ (11/4/7), तणउ (5/16/5), किर (11/22/8)।

(23) **पूर्वकालिक क्रिया** या सम्बन्ध-सूचक कृदन्त के लिए इवि, एवि, एप्पिणु और एविणु प्रत्ययों के प्रयोग। यथा—

√ मिल् + इवि = मिलिवि (3/7/11)।

√ अव + लोक – अवलो + एवि = अवलोएवि (13/21/1)

√ प्र + णव + पणव + एप्पिणु = पणवेप्पिणु (15/1/2)

√ कृ ञ् – कर् + एविण = करेविणु (2/4/12)

√ धृ = धर् + एविणु = धरेविणु (2/4/12)

√ नि-सुण् + एविणु = णिसुणेविणु (14/22/11)

√ प्र + विश् = पइस् + एविणु = पइसेविणु (14/21/4)

(24) इसीप्रकार कवि ने प०च० में निम्नलिखित **संख्यावाची शब्दों के प्रयोग** किए हैं— पढम—प्रथम (6/1/7), विण्णि—दो (10/2/4) तिण्णि—तीन (4/2/7), चउ—चार (15/10/3), चयारि—चार (10/20/8), पंच—पांच (14/5/11), अद्धवरिस—आधा वर्ष अर्थात् छह माह (15/3/4) सत्त—सप्त, अट्ठ—आठ (7/10/4), णव—नौ, दह—दस (5/15/7) एयारह— एकादश—ग्यारह (15/12/4), दोदह—द्वादश—बारह (5/15/7), मासद्ध—मासार्ध —पन्द्रह (दिन) (12/15/5), सोल—सोलह (10/20/9), दुअट्ठ 2 × 8 = सोलह (7/10/4), बावीस—बाईस (5/15/7), बत्तीस (10/20/9), अडसय—अडसठ (15/12/5), सयतिण्णिसट्ठ — 360 (4/2/7), चउसिउ—400 (15/12/3), पंचसय—500 (14/5/11), पण्णारहसय—1500 (15/12/5), एयारहसहस—11,000 (15/12/4), कोडि—कोटि—करोड़ (15/12/4)।

(25) **ध्वन्यात्मक** शब्दों में गडयड (13/11/4), तडयड (13/11/4), गुमगुमंत (8/11/9), घणघोणराउ (8/12/1), रुणरुणंत (11/6/10), चिक्कंत (11/8/14), घग्घरोलि (13/12/13), हिलिहिलि (10/16/12), टलटल (13/13/1), कलयलु (12/27/1), थरहरइ (10/4/6), लुलइ (10/4/10), कसमसंत (13/16/11), सटिसटि (14/6/3), विलिविलि (14/6/3), थुमुथुमिय (14/6/4) जैसे शब्द प्रमुख हैं। ये शब्द प्रसंगानुकूल हैं तथा अर्थ के स्पष्टीकरण में विशेष रूप से सहायक सिद्ध हुए हैं।

(26) अपभ्रंश व्याकरण सम्बन्धी उक्त विशेषताओं के अतिरिक्त पज्जुण्णचरिउ में ऐसे शब्द भी प्रयुक्त हुए

है जो भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं तथा जिनके साथ आधुनिक भारतीय-भाषाओं का सम्बन्ध सरलता से जोड़ा जा सकता है। यथा— चोज्ज=आश्चर्य (10/8/1), धरा=पकड़ा (9/17/4), तुट्ट=टूटना (1312/6), चप्प=चाँपना (13/12/15), झंप=झाँपना (13/12/16), फुट्ट=फूटना (13/12/15), रेल्लिउ=ठेलमठेल (बुन्देली 13/11/7) खंचिउ=खींचा (13/10/2), कोवि-कोई (12/15/8), पल्लट्ट=पलटना (12/20/6), उछलिउ=उछला (13/1/2), थड्ढ=थक्का (जमा हुआ) (15/3/12), सावण=श्रावण मास (14/15/3), लिय=लिया (14/16/3), वलेइ=वलैया (14/18/15), पक्खर=पलान (14/24/5), अवसु=अवश्य (बुन्देली-अवस, 15/21/5) खुडंत-खुरचना (15/11/5), चुक्क=चूकना (15/19/6), झाड=झाड़ना (15/26/18), आयउ=आया (14/4/10), गारउ=गर्व (14/3/11), हरम्म=हरम (फारसी, 14/20/7) पलित्ते=पलीता (6/19/2), हक्कारा=हलकारा (बुन्देली, हलकारना) (14/3/17), दुवार=द्वार (बुन्देली, बघेली, 7/3/5) मइरी=माता (व्रज, 8/19/4) अण्णमणु=अनमना (बुन्देली, 11/11/5) ढुंढुरना=घिसटना (9/8/8), विलख=व्याकुल (13/8/1), थाण—स्थान (बुन्देली, 15/23/15), माइ=मां (भोजपुरी, 12/7/1), डिंभु=बालक (राजस्थानी, 3/2/11), डोरु=डोर (बुन्देली, 11/14/10), तुप्प=घी (भोजपुरी-तूप, हरियाणवी तुप्प, 11/13/12), परसिउ=परोसा (11/21/4) दाल=दाल (11/21/5), तुहार=तुम्हारा (भोजपुरी, 11/12/21) छइल्ल=छैला (10/2/4), डोल्लिय=डोल गया (10/2/3/) भित्ति=दीवार (बुन्देली, भीत, 10/9/5), मुडिवि=मुड़कर (10/2/3), मोट्टु=मोटा (10/9/6), पोट्टु=पेट (10/9/6), धुत्त=कुशल (10/8/7), भद्दु=भद्दा (9/1/15), हउमि=मैं हूं (10/10/2), छल्ला=मुंदरी (10/2/11), जेइउ=जितना (10/2/4), खेड्ड=क्रीड़ा (9/2/8), दिवहु=दिवस (14/9/1), वउ=आयु (10/20/5), झोपड=झोपड़ा (9/9/3), पियारी=प्यारी (9/5/13), कुहनी=कुहनी (8/7/10), थण्ण=स्तन (9/21/2), मुसुमूरिय=मसल देना (9/19/12), घिण=घृणा (5/1/20), कायर=कातर (5/6/9), खील=कांटी (बुन्देली, 5/7/6), उसीसो=तकिया (बुन्देली, 3/12/11), पग्गह=पगहा (बुन्देली, 11/6/3), रुक्ख=वृक्ष (बुन्देली, 13/9/18), रसोइ=रसोई (13/5/7), थट्ट=भीड (बुन्देली, 13/3/6), काइं=किसी (राजस्थानी, 3/2/10-11), कसवट्ट=कसकुट (बुन्देली, 3/9/5), पयज्ज=प्रतिज्ञा (अवधी, पैज, 3/9/14), चुलु=चुल्लु (13/6/10), पाहुण=दामाद (भोजपुरी, 14/1/5), भइणि=बहिन (14/21/7), पाव=पैर (11/12/13), लट्ठि=लाठी (11/12/13)।

(8) शैली

किसी भी कवि अथवा साहित्यकार के व्यक्तित्व की झाँकी उसकी कृतियों की रचना-शैली में देखी जा सकती है। प्रत्येक साहित्यकार की कृतियों में अन्य साहित्यकारों की कृतियों की अपेक्षा अपना एक वैशिष्ट्य अवश्य रहता है। इसी वैशिष्ट्य निर्धारण का ही दूसरा नाम शैली है। संस्कृत-साहित्य में जिस प्रकार रसमय अभिव्यंजना के लिए महाकवि कालिदास, अर्थ-गौरव के लिए भारवि, माधुर्य, प्रसाद, ओज, रूप त्रिगुण-समन्वय के लिए माघ, ललित-पद के लिए हर्ष एवं विकट श्लिष्ट-बन्धन के लिए बाण प्रसिद्ध हैं, उसी प्रकार अपभ्रंश में ही मृदु ललित-बन्धन के लिए चउमुह, विकट बन्धन के लिए स्वयम्भू एवं श्लिष्ट-बन्धन के लिए अभिमान मेरु पुष्पदन्त प्रसिद्ध हैं।

महाकवि सिंह के लिए पूर्वोक्त अपभ्रंश-साहित्य की एक विस्तृत पृष्ठभूमि एवं परम्परा उपलब्ध हुई है। अतः उसकी शैली में पूर्वोक्त समस्त परम्पराओं के सम्मिश्रण के साथ-साथ पौराणिक, ललित, प्रबन्धात्मक-शैली का

प्रयोग विशेष रूप से दृष्टिगत होता है। उसके पज्जुण्णचरिउ को देखकर ऐसा प्रतीत होता है, कि वह एक साथ प्रबन्ध-काव्य का प्रणेता, दार्शनिक, सैद्धान्तिक, आचारात्मक और आध्यात्मिक गीतियों का उद्गाता तथा भव-भव में भटकने वाले विषयासक्त मानव को विविध धर्मोपदेशों के माध्यम से उनका सम्बोधक भी है। प०च० में उपलब्ध काव्य-शैली को निम्न रूपों में विभक्त किया जा सकता है[1]—

1. प्रबन्धात्मक-कडवक-पद्धति
2. प्रबन्ध-निर्मुक्त-कडवक-पद्धति, एवं
3. गाथा-पद्धति।

(1) प्रबन्धात्मक-कडवक-पद्धति

महाकवि सिंह ने पौराणिक-इतिवृत को ग्रहण कर महाकाव्य की शैली में कडवकों द्वारा सन्दर्भांशों का विभाजन कर प्रस्तुत काव्य का निर्माण किया है। इसमें कवि ने कडवकों का गठन कई प्रकार से किया है। उसने कहीं-कहीं द्विपदी और घत्ता के मेल से, तो कहीं पद्धडिया और घत्ते के मेल से, कहीं गाथा अथवा वस्तु-छन्द के मेल से, कहीं वंशस्थ और घत्ता के मेल से, कहीं भुजंगप्रयात और घत्ता के मेल से कडवकों का रूप निर्मित किया है। कवि का यह कडवक-निर्माण विषयानुकूल ही सम्पन्न हुआ है। कवि जब हाव-भाव अथवा विविध विलास-क्रीड़ाओं का वर्णन करता है, तो वहाँ पद्धडिया और घत्ते से निर्मित कडवक का प्रयोग करता है (यथा— 3/6-9, 6/20, 6/23)।

महाकवि सिंह की कडवक शैली की दूसरी विशेषता है कि उसने ओज, माधुर्य और प्रसाद गुण का प्रयोग विषयानुसार किया है। वह विषयानुसार ही कोमल, मधुर और ओजपूर्ण शब्दों का चयन करता चलता है। जिस समय प०च० के पात्रों को वैराग्य होने लगता है, उस समय की शब्दावली कवि ने इस ढंग से प्रस्तुत की है कि जिससे वैराग्य का बिम्ब उभर कर सामने आ जाता है।

जब कवि किसी साधक मुनि के केश-लौंच का वर्णन करता है, तब उस प्रसंग में प्रयुक्त शब्दावली भी लुंचन करती जैसी प्रतीत होती है। ऐसे प्रसंगों में आई हुई शब्दावलियों को देखिए—

जंपइ वच्छ-वच्छ कुडिलालय, किह उम्मूलय सहसा आलय।
सुवहि हंस तूलेमु सकोमले, कहणिसि वासरुगमि सिलयाउले।। —*15/20/10-11*
अण्हाणु अजिंभणु णिहय करणु सिरलोउ दंतमल पंक धरणु। —*9/5/8*
उम्मूलिउ सकुडिलु केसपासु णं घाई चउक्कहिं बल पणासु।।
भूसण स कोस महि पवर धुया छत्तोह-चमर-रह-भत्त-गया।
परिहरिवि सणेहु सहोयरहं अवहेरि करेवि सेवायरहं।। —*15/10/11-13*

कोपानल-प्रसंग में—

जो रण भउ-थउ कडणउ सहइ सो किं जीवहुँ जगेणउ लहइ।
हरिमणे कोवाणलु पज्जलिउ दिक्करि करि अहिमुहु जि चवलिउ।। —*13/9/9-12*

---

1. विशेष के लिए दे० र०सा०आ० परि०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

गर्जन के प्रसंग में—

गज्जइ गडयड-रउरव णद्दइं तडयडंत तडिवि सरिस सद्दई।
पंचवण्णु उत्तंगु सुसोहणु वलय वि सक्कचाउ मणमोहणु।। —*13/11/4-5*

जब कवि जन-सामान्य की दृष्टि से कोई विशेष समस्या को प्रस्तुत करना चाहता है, उस समय वह तथ्यों के स्पष्टीकरण के लिए प्रश्नोत्तरी-शैली का प्रयोग करता है। इसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उस पर प्रियदर्शी सम्राट अशोक के स्तम्भ लेखों (संख्या 3, 4) में प्रयुक्त प्रश्नोत्तरी-शैली का प्रभाव पड़ा है।

उदाहरणार्थ—

परमेसरु कवणु यह कहिं तणउ महु करिज्जु अछइ। —*4/12/1*
कहइ जिणेसरु रायसुणि जो तिहुवणे सुपसिद्ध। —*4/12/3*
ता मयणेण पयासियं जं जणणी विण्णासियं। —*9/4/2*
तं णिसुणेवि सूरणर खयरवंदु सुणि मयण पयंपइ मुणि वरिंदु। —*9/4/7*
इय वंदिवि जिणुवंदिउ गणहरु आसीणउं णियकोट्ठहिं सिरिहरु।
ता भासइ गणहरु गहिर-झुणि आयण्णहिं गोवद्धणधारण। —*15/1/5/10-16*

युद्ध-वर्णन के प्रसंग में कवि ने वातावरण में आंतक एवं भारीपन उपस्थित करने के लिए चतुष्पदी एवं त्रोटनक से निर्मित कडवक-छन्द के साथ ध्वन्यात्मक-पदों के प्रयोग किये हैं।

रौद्र एवं वीभत्स वर्णनों के प्रसंग में कवि ने 'ट' वर्गीय ध्वनियों के साथ-साथ ध्वन्यात्मक एवं कर्कश शब्दावली का विशेष प्रयोग किया है। यथा—

भग्गरहेहिं मग्गु संचारिवि वड्ढिउ रुहिर महण्णउ फारुवि।
किलिकिलंत वेयाल पणच्चिय जोइणि गण वस कद्दम चच्चिय।
पलया-लुद्धिवि सिव पुक्कारइ हुव रसोइ णं जमु हक्कारइ। —*13/5/7-9*

(2) प्रबन्ध—निर्मुक्त कडवक-पद्धति

प्रस्तुत शैली की कुछ निम्न विशेषताएँ प्रमुख हैं:—

1. मूल-प्रबन्ध के न रहने पर भी उदाहरणों में ही प्रबन्धात्मकता की परिकल्पना।
2. प्रसाद और ओजगुण पूर्ण पदावली का नियोजन।
3. कथा के न रहने पर भी पद्धडिया-छन्दों द्वारा तथ्यों की अभिव्यंजना।

महाकवि सिंह की इस शैली की यद्यपि कोई स्वतन्त्र रचना नहीं है, किन्तु कवि ने प्रस्तुत रचना के अन्त में एक ऐसे कडवक को प्रस्तुत किया है, जो मूल कथा-भाग से किसी भी प्रकार से सम्बन्धित नहीं है, किन्तु उसका गठन, प्रबन्धात्मक शैली का है। यह कडवक कवि-परिचय, आश्रयदाता-परिचय एवं गुरु-परिचय को प्रस्तुत करता है। यथा— **कइ सीहु सहि गब्भंतरम्मि संभविउ कमलु जिह सुरसरम्मि।**
जण-वच्छलु सज्जण जणिय हरिसु सुइमंतु तिविह वइराय सरिसु।।
उप्पण्णु सहोयरु तासु अवरु नामेण सुहंकरु गुणहं पवरु।
साहारणु लहुवउ तासु जाउ घम्माणु रत्तु अइ दिट्ठ काउ।। —*15/29/9-12*

आदि-आदि।

(3) गाथा-पद्धति

पज्जुण्णचरिउ में तीसरी काव्य-शैली गाथा-पद्धति की उपलब्ध होती है। प्रयुक्त गाथाओं की यह विशेषता है कि इन्होंने मुक्तक-काव्य की परम्परा को छोड़ कर प्रबन्ध-काव्य की परम्परा में प्रवेश किया है। ये गाथाएँ कडवक के प्रारम्भ में विषय की उत्थानिका के रूप में आयी हैं। इनकी एक विशेषता यह भी है कि ये ऐसे प्रकरणों में अंकित की गयी हैं, जहाँ शृंगार-विलास एवं कौतुक के प्रसंग आए हैं। उदाहरणार्थ कुछ गाथाएँ निम्न-प्रकार हैं—

एउ रूविणियहि कज्जे वद्धचेलं चलम्मि भण्णत्ती।
मुणिवि सुयंधं दव्वं सच्चाए विलेवियंअंगं।। छ।। —*3/6/1-2*

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज

बहुलोय भुजमाणो णववहु सरिसो पुरम्मि।
महुमहणो अणु-दिणु अणुरत्तमणो अछइ रह लालसो जम्मि।। —*3/4/1-2*

हय-गय-करहा णत्थं खाणे पउरंपि णिम्मियं जंपि।
दिण्णंतं तहो दुरियं सच्चाएसेण सयल मिच्चेहिँ।। —*11/22/1-2*

जं किंपि भव्व वत्थू विवरीयं तं कुणेइ तं सयलं।
भमइव एव कीलाए विप्पो णयरस्स मज्झम्मि।। छ।। —*11/14/1-2*

पज्जुण्णचरिउ में कथानक-रूढ़ियाँ

पूर्ववर्ती अन्य प्रबन्ध-काव्यों की भाँति ही पज्जुण्णचरिउ में भी कथानक रूढ़ियों का निर्वाह हुआ है। जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि कथानक-रूढ़ियाँ प्रधानत: लोक-विश्वासों एवं सम्भावनाओं की उपज होती हैं। इनसे कथा-प्रवाह में तो गतिशीलता आती ही है, साथ ही कथा में सरसता एवं रोचकता भी उत्पन्न होती है। महाकवि सिंह मूलत: कवि हैं, कथाकार नहीं, अत: उसके पज्जुण्णचरिउ में कथानक-रूढ़ियों के प्रयोग प्रचुर मात्रा में तो नहीं मिलते, फिर भी जो कथानक-रूढ़ियाँ उसमें उपलब्ध हैं, वे निम्न प्रकार हैं—

1. स्वप्न-दर्शन एवं उनका फल-कथन —*3/10*
2. भविष्यवाणी —*7/10/5*
3. नारद की सक्रियता —*1/15-16, 2/1-10*
4. योग्य वर-प्राप्ति हेतु स्वयंवर —*6/3/9, 6/4*
5. नख-शिख वर्णन —*8/16, 12/1*
6. प्रेमी अथवा प्रेमिका द्वारा चित्र-दर्शन एवं उनमें पारस्परिक आकर्षण —*2/11*
7. प्रिय-प्राप्ति हेतु युवती-कन्या का तपश्चरण —*8/16*
8. निर्जन-वन में प्रेमी-प्रेमिका-मिलन —*10/6*
9. शकुन-अपशकुन —*12/4/2-4, 12/27/8-9, 13/7/3-5*
10. नायक द्वारा विद्या-प्राप्ति —8वीं सन्धि।
11. नायक द्वारा प्रसंगानुकूल वेश-परिवर्तन —*10-11 सन्धियां*
12. भाग्यवाद —*4/8/1, 14/10*
13. पुनर्जन्म-निरूपण —*5-9/4-6, 9/8*
14. दिव्य-विमान द्वारा नभ-यात्रा —*10/3*

15. ऋतु वर्णन —*15/3/5-7, 15/4/3-9, 15/5/1-3*
16. धार्मिक-उपदेशों के प्रसंग, 6, 14, 15 सन्धियाँ
17. अवसर-विशेष पर देवागमन एवं पंचाश्चर्य —*15/11/1*
18. राज्यसभा में देवों का आगमन —*14/11/7*
19. समवशरण में तीर्थंकर-दर्शन कर राजा को वैराग्य —*15/12*
20. साधक-मुनि पर उपसर्ग —*5/5/7-8*
21. मेघ-घटा को देख कर वैराग्य —*6/8/10*

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(9) चरित्र-चित्रण

पज्जुण्णचरिउ में अनेक पात्रों का चित्रण हुआ है, किन्तु चरित्र-चित्रण की दृष्टि से उनमें से कुछ ही पात्र प्रमुख हैं। यथा—पुरुष पात्रों में से प्रद्युम्न, नारद, कृष्ण, बलभद्र एवं कालसंवर तथा नारी-पात्रों में से रूपिणी, सत्यभामा एवं कनकप्रभा। बाकी के पात्र उस राहगीर के समान हैं, जो मार्ग में कुछ दूरी तक अन्य प्रमुख राहगीरों का किसी कारण-विशेष से कुछ साथ दे कर विरमित हो जाता है। ऐसे पात्र कथा-प्रवाह की दृष्टि से भले ही अपना महत्व रखते हैं, किन्तु उनका चरित्र सामान्य ही है। इस श्रेणी के पात्रों में वसुदेव, राजा भीष्म, रूपकुमार, भानु, सुभानु, शम्बु, जाम्बवती आदि के नाम लिए जा सकते हैं। प्रमुख पात्रों के चरित्र निम्न प्रकार हैं—

प्रद्युम्न

प्रद्युम्न पज्जुण्णचरिउ का धीरोदात्त नायक है। श्रमण-परम्परा के अनुसार चौबीस कामदेवों में उसे 21वां कामदेव माना गया है। उसमें परम्परानुमोदित नायक के सभी गुण विद्यमान हैं। वह अत्यन्त सुन्दर और साहसी गुणों से विभूषित है। अपनी वीरता के कारण वह अनेक विद्याओं और बहुमूल्य सामग्रियों को प्राप्त करता है। उसके जीवन में लगातार प्रतिकूल परिस्थितियाँ आती रहती हैं, किन्तु वह उनसे रंचमात्र भी विचलित नहीं होता, प्रत्युत बड़े ही साहस के साथ वह उनका सामना कर उनमें सफलता प्राप्त करता है।

विजयार्द्ध-पर्वत के गोपुर में वह एक सर्प से भिड़ जाता है और उसकी पूँछ पकड़ कर उसे पृथिवी पर पटक देता है। कालगुफा एवं नाग-गुफा के राक्षस एवं नागदेव को भी पराजित कर देता है। कपित्थवन में वह करि रूप धारी भयंकर सुर से युद्ध कर उसे भी निर्मद कर डालता है। युद्ध के प्रसंगों में उसकी क्षमाशीलता एवं वीरता का दिग्दर्शन कवि ने बड़ी सुन्दर भाषा-शैली द्वारा किया है। प्रद्युम्न के हृदय में अपने माता-पिता के प्रति अपरिमित श्रद्धा-भक्ति है। वह (अपने माता-पिता से) कहता है कि—"जिसके लिए तुम जैसी माता और राजा कालसंवर जैसे पिता मिले हों, उनके आगे मुझ जैसे पुत्र के लिए इस राज्य में उससे अधिक अच्छा सुफल और क्या मिल सकता है? उसका हृदय गंगा की निर्मल धारा के समान अत्यन्त पवित्र है। उसके मन एवं मस्तिष्क में किसी भी प्रकार का छल-छद्म तथा स्वार्थान्धता नहीं। वह अत्यन्त सौन्दर्यशाली है। उसके अप्रतिम-सौन्दर्य पर मोहित हो कर युवतियाँ किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाती हैं।

प्रद्युम्न अत्यन्त संयमी है, जब उसकी धर्म-माता—कंचनमाला उसे व्यभिचार के लिए प्रेरित करती है, तब वह उसके इस प्रस्ताव को निर्ममतापूर्वक ठुकरा देता है। इतने पर भी धर्म-माता का कहीं अपमान न हो जाये, इस भय से वह स्वयं ही इसका उल्लेख कहीं भी, किसी भी रूप में नहीं करता। उस तथ्य को वह पूर्णतया छिपा

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

कर ही रखता है। धर्म-पिता—कालसंवर के साथ युद्ध करते समय भी वह इस विषय में मौन ही रहता है और मिथ्या आरोप को सहन करके भी वह राजा कालसंवर के साथ भयंकर युद्ध करता है।

प्रद्युम्न "कौतुकी-स्वभाव" वाला है। अपनी कौतुक लीलाओं के द्वारा वह सभी लोगों को आश्चर्य-चकित कर देता है। इसी स्वभाव के कारण वह अपने पिता कृष्ण से भी युद्ध करता है। माता—रुक्मिणी के प्रति उसके मन में अगाध श्रद्धा एवं भक्तिभाव है। उसके प्रति अटूट श्रद्धा होने के कारण ही वह सत्यभामा को विविध उलझनों में डालता रहता है। माता की व्यथा एवं आकांक्षा को जान कर वह उसके समक्ष अपने अनेक यथार्थ बाल रूपों को प्रस्तुत कर उसे आनन्दित करता है।

अन्त में भगवान् नेमिनाथ के समवशरण में उनके द्वारा 'द्वारका-दहन' की भविष्यवाणी सुनकर वह विरक्त हो जाता है और दीक्षित हो कर कठिन तपश्चरण करता है। अन्त में निर्वाण प्राप्त करता है।

पज्जुण्णचरिउ में प्रद्युम्न के अपरनाम भी मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं—मन्मथ (13/6/13), सर (13/7/2), मारु (13/7/11), काम (13/10/16), अहिहाणु — कन्दर्प (13/13/10), मणोवभव (13/13/13), रइरमण (14/24/2), अंगुब्भव (15/8/2), कामपाल (15/22/7)।

श्रीकृष्ण

जैन-पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रीकृष्ण 9वें नारायण तथा 63 शलाका महापुरुषों में एक युगपुरुष के रूप में प्रसिद्ध हैं। प०च० में उनका चरित्र अत्यन्त उज्ज्वल रूप में वर्णित है। उनकी यद्यपि अत्यन्त सौन्दर्यशालिनी 16 हजार युवती रानियाँ थीं, फिर भी वे रूपिणी के छाया-चित्र को देख कर उस पर आकर्षित हो जाते हैं और कुण्डिनपुर से उसका अपहरण कर लेते हैं। वे रसिक होने के साथ ही साथ अत्यन्त वीर भी हैं। उन्होंने रूपिणी के अपहरण के समय बलराम के साथ अकेले ही अनेक वीरों को धराशायी कर शिशुपाल का वध कर डाला था और रूपिणी को लेकर द्वारिका वापिस आ गये थे।

वे प्रजा-वत्सल थे। उनके राज्य में चारों ओर सुख-शान्ति व्याप्त थी। परिवार के प्रति उनके मन में बड़ी ममता थी। उनका पुत्र-वात्सल्य आदर्श था। प्रद्युम्न का जब अपहरण हो जाता है, तब वे अत्यन्त विचलित हो उठते हैं और अत्यन्त करुण-विलाप करने लगते हैं। उनका यह विलाप ही प्रद्युम्न के प्रति उनके असीम स्नेह का परिचायक है। द्वारका-दहन की भविष्यवाणी, पुत्रों के वैराग्य एवं रानियों के दीक्षित हो जाने पर भी वे अपने राजकाज में लिप्त रहते हैं, यह उनका अपने दायित्वों के प्रति सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इस प्रकार का चित्रण कर कवि ने श्रीकृष्ण की जन-हितैषिता तथा सर्वोदयी-प्रवृत्ति को अधिक मुखरित किया है।

प०च० में कवि ने कृष्ण के अपरनामों के भी उल्लेख किये हैं जो इस प्रकार हैं— अद्धचन्द (13/4/14), गोविन्द (12/28/11), हरि (13/5/12), किण्हु (13/5/15), महुमहण (13/6/1), केसव (13/7/5), सिरीहर (13/7/7), माहव (13/7/12), पंकयणाभ (13/13/15), सारगंधर (13/14/15), चक्कपाणि (15/21/4), लच्छीहर (15/9/10), माणस (13/8/3), कंसारि (13/12/9) एवं चक्कनाभ (15/22/8)।

बलभद्र

बलभद्र का चरित्र एक वीर-पराक्रमी महापुरुष तथा कृष्ण के एक परम विश्वस्त निस्वार्थ सहयोगी के रूप में चित्रित किया गया है। वे कृष्ण के बड़े भाई हैं और उसी रूप में वे उन्हें अनुज के रूप में अत्यन्त स्नेह भी

करते हैं। रूपिणी-अपहरण के समय वे ही कृष्ण के सच्चे सहयोगी सिद्ध होते हैं। प्रद्युम्न-अपहरण के समय कृष्ण जब शोकसागर में डूबे रहते हैं, तब बलराम ही उनका कन्धा झकझोर कर उन्हें समझाते-बुझाते एवं धैर्य बन्धाते हैं। कृष्ण-प्रद्युम्न युद्ध में बलराम ही कृष्ण की पूरी सहायता करते हैं।

बलभद्र को सिंह के साथ युद्ध करने में बड़ा आनन्द आता था। वे प्राय: ही उसका आयोजन किया करते थे। प्रद्युम्न को जब इस तथ्य की जानकारी मिलती है, तब वह विद्याबल से स्वयं सिंह का रूप धारण कर उन्हें युद्ध करने को ललकारता है। दोनों में भीषण-संघर्ष होता है और अन्त में बलराम को बुरी तरह पराजित होना पड़ता है।

कवि सिंह ने बलभद्र के अनेक पर्यायवाची नामों का उल्लेख किया है। यथा—सीरायुध (13/4/9), सीरि (13/5/12), हलधर (13/14/14), बलहद्द (!3/15/15) एवं राम (15/1/8)।

नारद (अपर नाम बेताल, 1/16/10)

प्रस्तुत प्रबन्ध-काव्य में नारद एक मनोरंजक पात्र है। पौराणिक-कथाओं के विकास में जहाँ कथावरोध होने लगता है अथवा कथानक को जहाँ नया मोड़ देना होता है, वहीं इस पात्र का आविर्भाव होता है। कथा में रोचकता, सरसता एवं जिज्ञासा उत्पन्न करने वाले पात्रों में नारद का विशेष स्थान है। उसके हृदय में क्रोध और स्नेह दो विपरीत भावों का उदय एक साथ ही होता रहता है, जो सामान्य पात्रों के लिए सम्भव नहीं। सत्यभामा जहाँ उसे शत्रु समझती है, वहीं, रूपिणी उसे अपना भाई मान कर, उसके साथ भ्रातृत्व का स्नेह-भाव रखती है। प्रथम सन्धि के अन्तिम कडवक में नारद का आविर्भाव हो जाता है। और 13वीं सन्धि के अन्त तक वह किसी न किसी रूप में कथा को प्रवाह देते रहते हैं। अनेक घटनाओं में नारद ने सक्रियता दिखलाई है। रूपिणी का कृष्ण द्वारा अपहरण, प्रद्युम्न के अपहरण के पश्चात् उसकी खोज, कालसंवर एवं प्रद्युम्न के युद्ध में समझौता, श्रीकृष्ण और प्रद्युम्न-युद्ध के बीच कृष्ण को प्रद्युम्न का परिचय कराने वाले पात्र नारद ही हैं।

नारद अभिशाप के प्रतीक माने गये हैं, किन्तु प्रसन्न होने पर उनके वरदान भी भाग्य- निर्णायक सिद्ध होते हैं। प्रद्युम्न के भाग्य-निर्माण में नारद का प्रमुख हाथ रहा। फिर भी प्रद्युम्न कभी-कभी परिस्थिति-विशेष में अपनी हठधर्मी से नारद को आपत्ति में डाल देता है। नभोयान को आकाश में ही रोक कर तथा उसमें नारद को दीर्घावधि तक बन्द कर प्रद्युम्न द्वारिका में कौतुक करने चला जाता है। इस पर नारद को प्रद्युम्न पर क्रोधित होने का अच्छा अवसर मिला था, फिर भी वे प्रद्युम्न के प्रति क्षमाशील रहते हैं तथा उसे पुत्रवत् स्नेह देते रहते हैं।

कालसंवर

पज्जुण्णचरिउ में कालसंवरविद्याधर राजा के रूप में वर्णित हुआ है। इसका चरित्र उदात्त है। वह वीर एवं पराक्रमी होने के साथ-साथ दयालु भी है। खदिराटवी में नवजात-शिशु के रूप-लावण्य को देखकर वह द्रवित हो जाता है और उसके ऊपर पड़ी हुई विशाल शिला को हटा कर तथा उस शिशु को उठाकर अपने गले से लगा लेता है और उसे अपनी पत्नी कंचनमाला को सौंप देता है। कंचनमाला के अनुरोध पर ही वह (कालसंवर) शिशु के कुल, गोत्र, जाने बिना ही, तथा अपने 500 पुत्रों के होते हुए भी उसे ही युवराज पद प्रदान कर देता है। वह अपना कर्त्तव्य समझ कर उसका उचित लालन-पालन कर उसे सभी शिक्षाओं में निष्णात भी बना देता

है। अन्त में परिस्थिति प्रतिकूल होने एवं कंचनमाला द्वारा पुत्र पर व्यभिचार का सीधा अभियोग लगाए जाने पर पत्नी-भक्त कालसंवर बड़ी वीरता के साथ प्रद्युम्न से युद्ध भी ठान लेता है। घोर युद्ध के बाद नारद द्वारा दोनों में समझौता करा दिया जाता है। इस प्रकार कालसंवर वीर होने के साथ-साथ यद्यपि दयालु है, किन्तु उसके चरित्र में यह एक बड़ी भारी त्रुटि भी दृष्टिगोचर होती है कि वह गम्भीर विचार किये बिना तथा वास्तविक मनोवैज्ञानिक तथ्य को जाने बिना ही अपनी पत्नी का एक पक्षीय स्वार्थपूर्ण एवं आक्रोशपूर्ण कथन सुन कर अपने स्नेही धर्मपुत्र के प्रति भी युद्ध की घोषणा कर देता है।

कवि ने कालसंवर के कुछ अपरनामों के भी उल्लेख किए हैं, जो निम्नप्रकार हैं— जमसंवर (9/12/3) एवं अनसितसंवर (9/5/13, 9/6/11)।

रूपिणी

पज्जुण्णचरिउ के नारी-पात्रों में रूपिणी का चरित्र अत्यन्त धवल, सात्विक एवं प्रभावक है। निसर्ग-सौन्दर्य उसे पूर्वजन्म के सुकृतों के फल-स्वरूप वरदान में मिला था। ऋजुता, विवेक, सहिष्णुता एवं निश्छलता उसके स्वाभाविक गुण हैं। वह श्रीकृष्ण के चित्र को देख कर आकर्षित हो जाती है और उनके साथ द्वारिका जाने के लिए भी तत्पर हो जाती है। उसके मन में सपत्नियों के प्रति किसी भी प्रकार की ईर्ष्या एवं विद्वेष नहीं, यद्यपि उसका यह गुण नारी-स्वभाव के अत्यन्त विपरीत है। पुत्र प्रद्युम्न के अपहरण पर वह अत्यन्त दुःखी हो उठती है और उसका करुण-विलाप गगनभेदी हो उठता है। उस दुःख के कारण वह अपना विवेक खो बैठती है, यहाँ तक कि उसके मन में आत्म-हत्या करने का जघन्य-भाव भी जागृत हो जाता है, किन्तु बाद में नारद के समझाने पर वह धैर्य धारण कर लेती है और 16 वर्षों तक लगातार पुत्र की प्रतीक्षा करती रहती है। वह बड़े ही धैर्य के साथ अपनी सास-ननद की कटूक्तियों को भी सहन कर लेती है तथा अपनी सौत सत्यभामा के आक्षेपों का भी कोई उत्तर नहीं देती।

नारी के क्षमा, दया, ममता, धैर्य, सन्तोष आदि सभी नैसर्गिक गुण उसमें विद्यमान हैं। उसके चरम-सन्तोष का परिचय उस समय मिलता है, जब प्रद्युम्न के पूर्व जन्म का भाई कैटभ (15/11-12) उसी के सगे भाई के रूप में जन्म लेना चाहता है, तब प्रद्युम्न अपनी माता से इस बात का उल्लेख करता है। उस समय रूपिणी कहती है कि — तुम अकेले ही मेरे लिए अनेकों के समान हो, मुझे दूसरे पुत्र की आवश्यकता नहीं, हाँ, यदि कृष्ण की दूसरी उपेक्षिता एवं दुःखी रानी जाम्बवती से वह पुत्र के रूप में उत्पन्न हो, तो मुझे विशेष प्रसन्नता का अनुभव होगा।

वह अत्यन्त ममतामयी नारी है। पुत्र को प्राणों से भी अधिक प्यार करती है। जब प्रद्युम्न को विरक्ति हो जाती है और वह दीक्षा लेने के पूर्व माता से आशीर्वाद ग्रहण करने आता है, उस समय रूपिणी की मनोदशा का कवि ने अत्यन्त मार्मिक चित्रण किया है। प्रद्युम्न के चरित्र के क्रमिक उत्थान के साथ-साथ माता के चरित्र में भी उत्तरोत्तर उत्कर्ष आता गया है और वह भी उसके साथ दीक्षा लेकर आर्यिका बन जाती है।

सत्यभामा

सत्यभामा सुकेतु विद्याधर की पुत्री एवं श्रीकृष्ण की पट्टरानी है। ईर्ष्या विद्वेष, कलह, अहंकारिता, स्वार्थभावना जैसे दुर्गुण उसके स्वभाव के प्रमुख अंग हैं। नारी के इन दुर्गुणों का चित्रण कवि ने सत्यभामा के

माध्यम से किया है। वह एक अत्यन्त सुन्दरी नवयुवती है। उसके अंग-अंग से नवयौवन एवं सौन्दर्य प्रस्फुटित होता रहता है। वह दर्पण के सम्मुख बैठकर स्वयं ही अपने सौन्दर्य पर आकर्षित है (1/16)। वह उसमें इतनी डूब जाती है कि उसके बगल में कौन खड़ा है और क्या धारणा बना रहा है, इसका भी उसे भान नहीं। छुई-मुई जैसे स्वभाव वाले महान् साधक—नारद रूप गर्विता इस नारी के अपने प्रति उपेक्षित भाव को देखकर रुष्ट ही नहीं हुए अपितु उसे इसका फल चखाने की प्रतिज्ञा कर तथा इसकी शिक्षा देने हेतु उसके लिये एक सौत की खोज में निकल पड़ते हैं (2/1-2)। सत्यभामा के मन में सपत्नी के प्रति ईर्ष्या सदैव पनपती रहती है, जिसके फलस्वरूप वह उनको नीचा दिखाने का प्रयास करती रहती है। रूपिणी को वह हमेशा परास्त करने के उपक्रम में संलग्न रहती है। इसी दूषित भावना के कारण वह रूपिणी के साथ प्रतिज्ञा करती है कि जिसके पुत्र का विवाह पहले होगा, वह दूसरी के केशों का कर्त्तन कराएगी और उसका पुत्र उन्हीं केश-कलापों को रौंद कर विवाह के लिये प्रस्थान करेगा (3/9/15)। किन्तु प्रद्युम्न के कारण उसकी इस अभिलाषा पर तुषारापात हो जाता है। वह अपने समक्ष कृष्ण को भी कुछ नहीं समझती और उन्हें धृष्ट, पिशुन, खल एवं ग्वाला (3/6/6-7) जैसे शब्दों से सम्बोधित करती है। किन्तु सत्यभामा की यह विवेकहीनता निरन्तर नहीं बनी रहती। प्रद्युम्न, भानु आदि की विरक्ति के तुरन्त बाद उसके चरित्र में सहसा परिवर्तन हो जाता है। वह अपने पिछले दुष्कृत्यों एवं दूषित भावनाओं को समझने लगती है और प्रायश्चित स्वरूप दीक्षित होकर घोर तपश्चरण करती है।

मार्गदर्शक :— आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

कनकमाला

पज्जुण्णचरिउ में कनकमाला का चरित्र प्रद्युम्न की धर्म-माता के रूप में चित्रित हुआ है। पूर्वार्द्ध में वह प्रद्युम्न को प्राप्त करने के पश्चात् अपने हृदय के समस्त स्नेह और ममता के साथ उसका लालन-पालन करती है, किन्तु उत्तरार्द्ध में जाकर वह पूर्व-जन्म के प्रभाव में आकर प्रद्युम्न के सौन्दर्य पर मुग्ध हो कर उसे आकर्षित करने के लिये अनेक अश्लील चेष्टाएँ करने लगती हैं। किन्तु जब प्रद्युम्न वहाँ से भाग जाता है, तब वह अपने पति—राजा कालसंवर से उसकी झूठी शिकायतें करके उन्हें युद्ध के लिये प्रेरित करती है, और अन्त में प्रद्युम्न की ही विजय होती है।

इस प्रकार कवि ने कनकमाला के चरित्र में दो प्रकार के भावों का चित्रण किया है। एक ओर वह ममतामयी नारी है, तो दूसरी ओर कुटिल व्यभिचारिणी।

(10) सूक्तियाँ, कहावतें एवं मुहावरे

सूक्तियाँ, कहावतें एवं मुहावरे ऐसे ऐतिहासिक संक्षिप्त सुवाक्य होते हैं जिनके पीछे विवेकशील मानव के विचारों की युगों-युगों से सुचिन्तित दीर्घ-परम्पराएँ एवं अनुभूतियाँ अथवा इतिहास में घटित घटनाओं के संक्षिप्त संकेत रहते हैं। इनमें इतिहास, संस्कृति, समाज, धर्म, दर्शन एवं लोक-जीवन से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण तथ्य भी प्रच्छन्न रहते हैं। जो संकेतवाक्य के रूप में प्रयुक्त होते हैं और जिसके प्रयोग से अल्पकाल में भी कवि अथवा वक्ता अपनी विस्तृत भावनाओं को सहज ही में व्यक्त कर सकता है। काव्यों में ये सूक्तियाँ घटना-प्रसंगों में उसी प्रकार सुशोभित होती हैं, जिस प्रकार किसी उद्दाम-यौवना सुन्दरी नव-युवती के भव्य ललाट पर सिन्दूरी बिन्दु।

पज्जुण्णचरिउ में अपने विचारों के समर्थन, गूढ़ रहस्यों के उद्घाटन एवं वर्णन-सौन्दर्य में अभिवृद्धि की दृष्टि से कवि सिंह ने प्रसंगानुकूल निम्न सूक्तियों के प्रयोग किये हैं—

सोयइँ सुहडत्तणु णासिज्जइँ — शोक से सुभटपने का नाश होता है। —4/6/7

को-को ण गयउ महे भवण भित्तरु — इस महान् भवन के भीतर कौन-कौन नहीं गया? (अर्थात् मृत्यु ही अटल सत्य है) —4/9/1

सुर-करिस्स को दसण मोडए — सुरकरी के दाँत को कौन मोड़ सकता है? —13/6/8

डज्झउ धम्म विहूणउँ जो णरु — जो मनुष्य धर्म विहीन है, वह दग्ध है। —15/5/4

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विणु णाणें णउ सिवगइ लहेइ — बिना ज्ञान के शिव-गति प्राप्त नहीं हो सकती। —15/19/16

आउक्खइँ जयम्मि को रक्खइ — आयु के क्षय होने पर जगत् में कौन किसे सुरक्षित रख सकता है? —14/10/11

जं समदिट्ठि देवि णिहालइ तहो दलिहु सयलु पक्खालइ — जिस प्रकार सम्यग्दृष्टि देव सभी को समदृष्टि से देखता है, उसी प्रकार दरिद्रता भी सभी को समान रूप से प्रक्षालित करती है। —11/16/9

भुवणयलु तस्स किं दुल्लहु जस्स सपुण्ण सहयरो — जिसका पुण्य सहायक है, उसके लिए भुवनतल में क्या दुर्लभ है। —15/3/2

तसु रवि किरण हउ तेम सयल गउ। — जिस प्रकार तम रवि-किरणों से हत हो जाता है, उसी प्रकार सब कुछ नष्ट हो जाता है। —15/14/16

जाइ सरीरु-वंभ मुनि लक्खणु णउ वण्णु वि। — ब्रह्मचर्य ही मुनि की जाति, शरीर एवं लक्षण है। वर्ण (जाति) मुनि का लक्षण नहीं। —11/9/7

जो संतहं दंतहं कुणइँ हासु घरु घरिणि ण संपय होइ तासु। — जो सन्त एवं दान्त जनों की हँसी उड़ाता है, उसके पास घर, गृहिणी एवं सम्पदा नहीं रहती। —9/9/8

सुपुण्णु सहेज्जउ संचरइ तसु खलयणु कुद्धउ किं करइ — जो सुकृत्यों को सहेज कर चलता है, उससे खल जन क्रुद्ध हो कर भी उसका क्या कर लेंगे? —9/14/11

पुण्णक्खइ होइ परम्मुहउ घरु घरिणि सयणु सयणिज्जउ — पुण्य के क्षीण हो जाने पर गृह-परिवार, गृहिणी, स्वजन एवं सम्पत्ति आदि सभी पराङ्गमुख हो जाते हैं। —15/16/1

पर अहिय जे रोसारुण अयाण। — जो दूसरों के अहित में रोष से लाल रहते हैं, वे अज्ञानी हैं। —15/17/15

खीरहो जलु जेम हवेइ जुत्तु देहु जि आहारु जि भो णिरुत्तु। — दूध और जल जिस प्रकार मिश्रित रहता है,

उसी प्रकार देह और जीव भी मिला हुआ है। —15/17/13

कहि होएविणु आगमण — बिना अवसर आगमन कैसा? —2/10/11

सूरे वि मरइ जो रणे भिडइ। — शूर वही है, जो रण में भिड़ता है और मर जाता है। —10/19/9

जे मलिण हुंति ते हुववहे सुब्भ हुंति। — जो मलिन होते हैं, वे अग्नि में शुभ्र हो जाते हैं। —8/7/6

मणुअहो दइ वाहियहो गिरि वि दिंति चिंतियउ फलु। — भाग्यशाली पुरुष को पर्वत भी चिन्तित फल देते हैं। —8/7/12

किं वहु अइ असगावे — अति असंगत कहने से क्या? —11/9/4

सुबुद्धिए जेण जगत्तउ कलिउ। — बुद्धिमान वही है, जिसने तीनों लोकों को समझ लिया है। —11/12/11

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

तो किं सिहि विज्झइ णउ सलिलइं। — क्या अग्नि पानी से नहीं बुझाई जाती? —15/16/8

सलिलु वि केम सोसिज्ज पवणइं। — पवन से पानी का शोषण कैसे हो जाता है? —15/16/8

कवणु जलहि चुलुएण सोसए। — समुद्र को चुल्लु से कौन सुखा सकता है? —13/6/10

हुववहो ब इंधणेण तोसए। — ईंधन से अग्नि को कौन सन्तुष्ट कर सकता है? —13/6/10

को पयंडु जमदंडु खंडए। — प्रचण्ड यमदण्ड को कोई खण्डित कर सकता है? —13/6/11

पयंगु दीवं दंसमि। — सूर्य को दीपक दिखाना। —14/14/2

(5) सिंह तथा अन्य कवि : आदान-प्रदान

पज्जुण्णचरिउ का पूर्ववर्त्ती-साहित्य के सन्दर्भों में अध्ययन करने से विदित होता है कि महाकवि सिंह एक अध्ययनशील साहित्यकार थे। स्वग्रन्थ-लेखन के पूर्व उनके सम्मुख सम्भवतः अश्वघोष, कालिदास, भारवि, माघ, महासेन आदि की कुछ कृतियाँ थीं, जिनका अवलोकन कवि ने किया था। उनका प्रभाव प०च० में स्पष्ट रूपेण परिलक्षित होता है। यहाँ पर उनका एक संक्षिप्त तुलनात्मक रूप प्रस्तुत किया जा रहा है—

(1) अश्वघोष एवं महाकवि सिंह

कवि अश्वघोष (प्रथम सदी) ने अपने सुप्रसिद्ध सौन्दरनन्द-महाकाव्य में राजा नन्द के दीक्षित हो जाने पर अपनी पत्नी-सुन्दरी की स्मृति आ जाने पर उनके विलाप का मार्मिक चित्रण किया है। वह क्षण-क्षण पर उसका स्मरण कर फूट-फूट कर रोने लगता है। यथा—

स तत्र भार्यारणिसंभवेन वितर्कधूमेन तमः शिखेन।
कामाग्निनान्तर्हृदि दह्यमानो विहाय धैर्यं विललाप तत्तत्।। —*सौन्दर० 7/12*

महाकवि सिंह इस प्रसंग से अत्यन्त प्रभावित हैं। उन्होंने उससे प्रेरणा ग्रहण कर राजा कनकरथ की पत्नी के अपहृत हो जाने पर उसके विलाप का अत्यन्त सुन्दर वर्णन किया है। उसमें भाषा, भाव एवं शैली में पूर्ण अनुकरण प्राप्त होता है। तुलना के लिए देखिए —पज्जुण्णचरिउ, 7/1।

इसी प्रकार सौन्दरनन्द में वर्णित शुद्धोदन-पुत्र बुद्ध के वैराग्य एवं प०च० के प्रद्युम्न तथा अन्य पात्रों के वैराग्य के वर्णन-प्रसंगों में भी बड़ी समानता दृष्टिगोचर होती है। बुद्ध के वैराग्य का चित्र अश्वघोष ने इस खींचा है— **तपसे ततः कपिलवस्तुं हयगजरथौघसंकुलम्।**
श्रीमदभयमनुरक्तजनं स विहाय निश्चिंतमना वनं ययौ।। —*सौन्दर० 3/1*

प्रद्युम्न के वैराग्य का वर्णन भी इसी प्रकार किया गया है। तुलना के लिए देखिए —पज्जु गचरिउ, 15/20-21।

(2) कालिदास एवं सिंह

पज्जुण्णचरिउ में महाकवि कालिदास कृत रघुवंश, कुमारसम्भव एवं मेघदूत के प्रभाव भी विभिन्न प्रसंगों में परिलक्षित होते हैं। काव्य-वर्णन में वर्ण्य-विषय की गरिमा एवं अपनी बुद्धि की अल्पज्ञता के विषय में दोनों कवियों ने समान रूप से चर्चा की है। यथा— **क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषयामतिः।।** —*रघुवंश, 1/2*

तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ, 1/3/6, अन्त्य प्रश० 14वाँ पद

इसीप्रकार अन्य वर्णन-प्रसंगों में जो समानता दृष्टिगोचर होती है, वह निम्नलिखित है—

कुमारसम्भव के हिमालय-वर्णन एवं पज्जुण्णचरिउ के कौशलदेश एवं कुण्डिनपुर-वर्णन में समानता द्रष्टव्य— **अस्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।**
पूर्वापरो तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः।। —*कुमार० 1/1*

तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 2/11/1, 5/10/5

कालिदास ने जहाँ मेघ को दूत बना कर यक्ष की प्रिया के पास सन्देश भेजा है, वहाँ महाकवि सिंह ने वसन्त के आगमन पर फाल्गुन-मास को दूत बना कर भेजा, जिसने शीतकाल को डाँट कर भगा दिया। फाल्गुन को देखकर प्रेमीजन भी रति से अवश होकर अपनी प्रियाओं के पास लौटने लगे।

संतप्तानां त्वमसि शरणं तत्पयोदप्रियायाः
संदेशं मे हर धनपति क्रोधविश्लेषितस्य।
गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां,
बाह्योद्यानस्थित हर शिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या।। —*(मेघदूत-पूर्वमेघ, 1/7)*

तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 6/16/12-16।

(3) भारवि एवं सिंह

पज्जुण्णचरिउ पर भारवि के किरातार्जुनीयम के कुछ अंशों का प्रभाव पड़ा है। किरातार्जुनीयम में अर्जुन और शंकर का अनेक बार युद्ध होता है। अन्त में दोनों का मिलन हो जाता है। पज्जुण्णचरिउ में भी पज्जुण्ण और श्रीकृष्ण का युद्ध इसी प्रकार का होता है और नारद द्वारा परिचय कराने पर दोनों का मिलन हो जाता है।

तत् उदग्र इव द्विरदे मनै रणाप्येषुषि भीमभजायुधे।
धनुरपास्य सबाणधि शंकरः प्रतिजघान घनैरिव मुष्टिभिः।। —*किरात० 18/1*

तुलना क लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 13/13/1-15।

राजा दुर्योधन के वर्णन का विदर्भ-कुण्डिनपुर के राजा भीष्म के वर्णन पर प्रभाव—

कृतारिषड्वर्गजयेन मानवीयमगम्यरूपां पदवीं प्रपित्सुना।
विभज्य नवतंदिवमस्ततन्द्रिणा वितन्यते तेन नयेन पौरुषम्।। —*किरात० 1/9*

तुलना के लिए देखिए —पज्जुण्णचरिउ 2/6।

सूर्यास्त वर्णन-प्रसंग

सूर्य को अस्ताचल की ओर जाते हुए देख कर चक्रवाक-मिथुन शोकसन्तप्त हो उठते हैं। सूर्यास्त वर्णन-योजना में दोनों कवियों की कल्पनाएँ प्रायः समान हैं।

यथा— **गम्यतामुपगते नयनानां लोहितायति सहस्रमारीचौ।**
आससाद विरहयय धरित्रीं चक्रवाक हृदयान्यभितापः।। —*किरात० 9/4*

तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 6/19/4-10, 6/12/3-6

(4) माघ एवं सिंह

महाकवि माघ के शिशुपाल वध का भी पज्जुण्णचरिउ पर अधिक प्रभाव है। इसका मूल कारण यह है कि दोनों ही रचनाओं में शिशुपाल एक सामान्य नायक के रूप में वर्णित है तथा उनकी कथावस्तुओं के अनुसार श्रीकृष्ण द्वारा उसका वध हुआ है। अतः यह स्वाभाविक भी लगता है कि कवि सिंह ने इस रचना से पर्याप्त प्रेरणा ग्रहण की होगी। दोनों का एक साथ अध्ययन करने से उनमें निम्न समानताएँ परिलक्षित होती हैं—

1. श्रीकृष्ण-सभा में नारद का आगमन—शिशुपालवधम्, प्रथमसर्गारम्भ में एवं पज्जुण्णचरिउ 1/14/13-14।
2. शिशुपालवधम् के श्रीकृष्ण ने चेदिराज राजा शिशुपाल का वध किया और पज्जुण्णचरिउ (2/20/1-2) के श्रीकृष्ण ने भी राजा शिशुपाल का वध किया।
3. शिशुपालवधम् (20/65) के अनुसार शिशुपाल ने अग्निबाण छोड़ा तो पज्जुण्णचरिउ (13/10/8) के अनुसार श्रीकृष्ण ने अग्नेयास्त्र छोड़ा।
4. शिशुपालवधम् (20/65) के अनुसार श्रीकृष्ण ने मेघबाण छोड़ा तो पज्जुण्णचरिउ (13/11/1) के अनुसार प्रद्युम्न ने वारुणास्त्र छोड़ा।
5. अन्य वर्णन-प्रसंगों में भी समानता है। महाकवि माघ ने शिशुपाल वध में बताया है कि धर्मराज युधिष्ठिर के यज्ञ के समय श्रीकृष्ण उसमें आदरपूर्वक उपस्थित हुए और उन्होंने यज्ञ के समय स्वयं पूजा की, इसे देखकर शिशुपाल अत्यन्त क्रोधित हो उठा। (दि० शिशु० 15वां सर्ग)। महाकवि सिंह ने माघ की इस कल्पना से प्रभावित होकर तथा माघ की कल्पना में कुछ मोड़ देते हुए बतलाया हे कि सात्यकि नामक दिगम्बर महामुनि की साधना, कठोर तपश्चर्या एवं समवृत्ति की कीर्ति सर्वत्र व्याप्त हो गयी और जब लोग उनकी स्तुति करने लगे, तब अग्निहोत्री सोमशर्मा आग बबूला हो उठा और वह उन महामुनि के प्रति विष-वमन करने लगा (प०च० 4/15/6-7, 5/4/7-8)।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

6. महाकवि माघ ने सूर्योदय के प्रसंग में बतलाया है कि सूर्योदय के कारण किसी को शोक और किसी को प्रमोद का अनुभव हो रहा है (दि० शिशु० 15वां सर्ग)। कवि सिंह ने अपने प०च० में उस कल्पना में कुछ परिवर्तन कर बतलाया है कि—"निशानाथ चन्द्रोदय के कारण किसी का विकास एवं किसी का विनाश हो रहा है (प०च०, 6/20-21)।

(5) महासेन एवं सिंह

कथावस्तु, कथानक-गठन एवं शैली की दृष्टि से कवि सिंह, कवि महासेन कृत प्रद्युम्नचरित से अत्यन्त प्रभावित हैं। कहीं-कहीं तो ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे महासेन के कुछ संस्कृत श्लोकों का कवि सिंह ने अपभ्रंशीकरण ही कर लिया हो। उनके कुछ अंशों का तुलनात्मक मानचित्र निम्न प्रकार है—

प्रद्युम्न-चरित (महासेन)		विषय-विस्तार		पज्जुण्णचरिउ
14 सर्ग	—	कुल कथावस्तु विस्तार	—	15 सन्धियाँ
1/23	—	समुद्र वर्णन	—	1/8/9-10, 1/10/11
1/10-13	—	सौराष्ट्र वर्णन	—	1/8-11
2/51-52	—	रुक्मिणी अथवा रूपिणी के चित्र	—	2/1
	—	को देख कर श्रीकृष्ण की प्रतिक्रिया		
3/41-48	—	रुक्मिणी अथवा रूपिणी के पान का उगाल श्रीकृष्ण अपने चादर के एक छोर में बाँध कर रखते हैं। सत्यभामा उसे रहस्यपूर्ण वस्तु समझ कर, चुपचाप चुराकर तथा उसका चूर्ण बना कर अपने शरीर में लेप कर लेती है। इसे देखकर श्रीकृष्ण उस पर हँस पड़ते हैं।	—	3/5-6
9/8	—	नारद द्वारा नभोयान संरचना	—	10/2/6-9

दोनों ग्रन्थों की भाषा-साम्य के कुछ उदाहरण—

भीष्मजा मम कनीयसी स्वसा, पूजितायदि मया सपर्यया।
किं त्वया परमतोष कारिणा, निर्विवेक हसितं निरर्थकम्। —*प्रद्युम्न० 3/73*

गोवालय तुह के तडिय बुद्धि उवहासु करंतहं कवण सुद्धि।
रूविणि वि मज्झु सा सस कणिट्ठ उग्गालुसु वहे तुह काइँ धिट्ठ।
.....ससहोयराइँ सहुँ कवणु रोसु। —*प०च० 3/6/7-9*

वचनं तदतीव पेशलं, मदनोक्तं विनिशम्य नारदः।
अयि वत्स जराधिकस्य मे निपुणत्वं कुत इत्यवोचत्।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

कुशलस्तरुणोसि सत्वरं कुरुषे किं न विमानमुत्तमम्।
जननी तव दुःखिता परं किमु कालं गमय स्वनर्थकम्।। —*प्रद्युम्न०, 9/8-9*

हउँ सुव थेरु कज्ज असमत्थउ किं कारणे उवहसणि णिरुत्तउ।
तुहु जुवाणु सुवियटुढु वियक्खणु रयहि विमाणु माणु णविलेक्खहिं।।
किं किं खेमु करंतु ण थक्कइ किं किज्जइ णा तुरिउ सक्कइ।
किं तुहु अवमाणु णउ लक्खहिं किं णिय जणणिहिं कज्जु उवेक्खहि।। —*प०च०, 10/2/6-9*

उक्त्वेति तां प्राह मुनिर्मनोजं, क्रीड़ा चिरं नो क्रियतेत्र वत्स।
निजेन रूपेण मनोहरेण, विलोचनेस्याः सफली कुरुष्व।। —*प्रद्युम्न० 9/80*

भणिउ मणोब्भउ मा भेसावहि सुदरि णियय रूउ दरिसावहि।
ता अप्पउ पयडिउ सव्वंगु वि किं वण्णिज्जइ अवसु अणंगु।। —*प०च० 10/14/3-4*

जिस प्रकार पूर्ववर्त्ती साहित्य का प०च० पर प्रभाव दृष्टिगोचर होता है, उसी प्रकार प०च० का प्रभाव परवर्त्ती-साहित्य पर भी पड़ा है। कथावस्तु, कथानक गठन, वर्णनशैली आदि के प्रभाव से जायसी कृत पद्मावत एवं कवि सधारु कृत प्रद्युम्नचरित का नाम इस प्रसंग में प्रमुख रूप से लिया जा सकता है।

(6) जायसी एवं सिंह

महाकवि जायसी हिन्दी के आद्य प्रेमाख्यानक-काव्य-प्रणेता कवियों में अग्रगण्य हैं। पूर्व में कहा ही जा चुका है कि अपभ्रंश-कवियों ने उनकी रचनाओं पर अपना पर्याप्त प्रभाव छोड़ा है। उदाहरणार्थ यहाँ पद्मावत के दो प्रसंगों की तुलना प्रस्तुत की जा रही है—

1. पज्जुण्णचरिउ में जहाँ फाल्गुन मास को रसिकों के लिए दूत के रूप में चित्रित किया गया है (6/16/12), वहीं पर पद्मावत में कुछ परिवर्तन कर उसे काग, भंवरा एवं विहंगम (पक्षी) को दूत बनाया गया है। (पद्य सं० 349 एवं 363)।
2. पज्जुण्णचरिउ में शीतऋतु की समाप्ति पर सूर्य के केदार (हिमालय पर्वत) पर भाग जाने की कल्पना की गयी है (6/16/12)।

पद्मावत में भी ग्रीष्मऋतु के आगमन पर सूर्य को हिमालय में भागते हुए तथा शीतऋतु में दक्षिण-दिशा (लंका) की ओर भागते हुए चित्रित किया गया है। (पद्य 350-54)।

(7) कवि सधारु एवं सिंह

जिस प्रकार महाकवि सिंह ने महासेन (10वीं सदी) कृत प्रद्युम्नचरित से भाषा, भाव एवं शैली से अधिकांश प्रेरणा एवं प्रभाव गृहीत किया उसी प्रकार कवि **सधारु** (15-16वीं सदी) ने भी पज्जुण्णचरिउ से अपनी रचना में, पूर्ण प्रभाव ग्रहण किया है। कथानक एवं वर्णन-प्रसंगों की दृष्टि से दोनों प्रायः एक ही हैं। अन्तर केवल इतना ही है कि पज्जुण्णचरिउ में प्रत्येक वर्णन विस्तृत रूप में किया गया है और **सधारु कृत प्रद्युम्नचरित** में संक्षिप्त रूप में। कहीं-कहीं तो सधारु ने पज्जुण्णचरिउ के पद्यों का मानों अनुवाद ही कर लिया है। यथा—

तव सतभामा चवइ निरुत जाके पहिलइ जामइ पूत।
सो हारइ जाहि पाछइ होइ तिहि सिहु मूंडि विकाहइ सोइ।। —*प्रद्युम्न० 112*

तथा तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ, 3/9/15-16।

कनक धोवतो जनेऊ धरै द्वादस टीकौ चन्दन करै।
च्यारि वेद आचूक पढंत पटराणी घर जायोपूत।। —*प्रद्युम्न० 374*

तथा तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 11/16/2।

सिर कंपंत वंमण जब कहइ बोल तिहारो साचउ अहउ। —*प्रद्युम्न० 378/1*

तथा तुलना के लिए देखिए पज्जुण्णचरिउ 11/16/7।

इसी प्रकार सधारु के 385 पद्य से 394 पद्य एवं 403 से 404 पद्य, पज्जुण्णचरिउ के 11/21-23 एवं 12/1-3 से पूरी तरह मिलते हैं।

(6) भौगोलिक सन्दर्भ

महाकवि सिंह धर्म, दर्शन, आचार, अध्यात्म के साथ-साथ प्रकृति के भी कवि हैं। उन्होंने जहाँ आध्यात्मिक जगत का साक्षात्कार किया, वहीं प्रकृति अर्थात् भौतिक-जगत का भी। प्रस्तुत-प्रसंग में भौतिक जगत का अर्थ है—भूगोल। किसी भी देश अथवा राष्ट्र की संस्कृति एवं सभ्यता का निर्माण उसके भौतिक अथवा भौगोलिक आधारों पर होता है।[1] सामाजिक रीति-रिवाज, आर्थिक-संगठन, रहन-सहन, खान-पान एवं विचारधारा आदि तत्तदेशीय, भौगोलिक- स्थिति से अत्यन्त प्रभावित रहते हैं। अतः कविकालीन सामाजिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन के प्रसंग में 'पज्जुण्णचरिउ' में वर्णित भौगोलिक-स्थिति का अध्ययन करना आवश्यक है। यद्यपि यह ग्रन्थ शुद्ध भूगोल से सम्बन्ध नहीं रखता, किन्तु कवि ने प्रसंगवश जहाँ-तहाँ उसके सन्दर्भ प्रस्तुत किये हैं, उनके आधार पर ही यहाँ उसका अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है। उपलब्ध भौगोलिक-सामग्री को वर्तमान भौगोलिक सिद्धान्तों के आधार पर निम्न दो भागों में विभक्त किया जा सकता है—

1. प्राकृतिक भूगोल, एवं 2. राजनैतिक भूगोल

अ. प्राकृतिक भूगोल

प्राकृतिक भूगोल के अन्तर्गत वे वस्तुएँ आती हैं, जिनकी संरचना स्वतः सिद्ध अथवा प्रकृति से होती है। इनके निर्माण में मनुष्यगत-प्रतिभा एवं पुरुषार्थ की आवश्यकता नहीं होती। पज्जुण्णचरिउ में महाकवि सिंह द्वारा वर्णित प्राकृतिक भौगोलिक सामग्री निम्न प्रकार उपलब्ध है— (1) द्वीप एवं क्षेत्र, (2) पर्वत, (3) नदियाँ, (4) अरण्य एवं वृक्ष, (5) अनाज एवं तिलहन (6) पशु-पक्षी एवं जीव-जन्तु।

द्वीप—जम्बूद्वीप (1/6/6, 4/2/1)

पज्जुण्णचरिउ में प्राकृतिक भूगोल की अधिकांश सामग्री पौराणिक है। कवि ने तिलोय-पण्णत्ति[2] के आधार पर इसका वर्णन किया है। जैन पुराणों के अनुसार मध्यलोक में असंख्यात द्वीप, समुद्रों के बीच एक लाख योजन के व्यास वाला वलयाकार जम्बूद्वीप है।[3] इसके चतुर्दिक लवणसमुद्र तथा बीचों-बीच सुमेरु-पर्वत है।

---

1. जीवराज ग्रन्थमाला से दो भागों में प्रकाशित (सोलापुर, 1951, 1956)। 2. तिलोयपण्णत्ति। 3. दे० तत्त्वार्थराजवार्तिक; 3/7।

कवि सिंह ने बतलाया है कि जम्बू नामक वृक्षों की अधिकता के कारण ही उस द्वीप का नाम जम्बूद्वीप पड़ा।[1] इस जम्बूद्वीप के पूर्व एवं पश्चिम-दिशा में लम्बायमान दोनों ओर पूर्व एवं पश्चिम समुद्र का स्पर्श करते हुए हिमवन, महाहिमवन, निषध, नील, रुक्मि और शिखरी नामक छह कुलाचल हैं। इन कुलाचलों के निमित्त से उसके सात क्षेत्र बन जाते हैं, जिनके नाम क्रमशः भरत, हरि, विदेह, रम्यक्, हैरण्यवत् और ऐरावत[2] हैं।

क्षेत्र

भरतक्षेत्र (1/6/8, 2/11,7, 4/2/1)

पज्जुण्णचरिउ में भरतक्षेत्र के भूगोल के विषय में कोई चर्चा नहीं की गयी, किन्तु प्राचीन-साहित्य में उसके विषय में विविध चर्चाएँ आयी हैं। जिनसेन कृत आदि पुराण के अनुसार हिमवन्त के दक्षिण और पूर्वी-पश्चिमी समुद्रों के बीच वाला भाग भरतक्षेत्र कहलाता है। इसमें कोशल, अवन्ती, पुण्ड्र, अश्मक, कुरु, काशी, कलिंग, अंग, बंग, सुह्म, समुद्रक, काश्मीर, उसीनर, आनर्त्त, पांचाल, वत्स, मालव, दशार्ण, कच्छ, मगध, विदर्भ, कुरुजांगल, करहाट, महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, आभीर, कोंकण, वनवास, आन्ध्र, कर्नाटक, चोल, केरल, दास, अभिसार, सौवीर, शूरसेन, अपरान्तक, विदेह, सिन्धु, गान्धार, यवन, चेदि, पल्लव, काम्बोज, आरट्ट, बाल्हीक, तुरुष्क, शक और केंकय देशों की रचना मानी गयी है।[3]

आचार्य उमास्वामि के अनुसार इस भरतक्षेत्र का विस्तार 526 6/19 योजन है।[4]

पर्वत

सामाजिक-जीवन के विकास में पर्वतों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जलवायु-संयमन, ऋतु परिवर्त्तन एवं विविध खनिज-तत्वों तथा जड़ी-बूटियों के उत्पादन से वे देश की आर्थिक-समृद्धि को भी सन्तुलित रखते हैं। 'पज्जुण्णचरिउ' में दो प्रकार के पर्वतों के उल्लेख मिलते हैं— (1) पौराणिक, एवं (2) वास्तविक अथवा समकालीन।

सुमेरु पर्वत (अपरनाम मंदिरगिरि, 1/6/7, 4/9/10)

पौराणिक-पर्वतों में सुमेरु पर्वत एवं वेयड्ढ पर्वत (वैताढ्य) प्रमुख हैं। वैदिक एवं जैन-साहित्य में इनका विस्तृत वर्णन आया है। जैन-पुराणों के अनुसार सुमेरु-पर्वत जम्बूद्वीप के मध्य भाग में स्थित है। जिसकी उँचाई एक लाख चालीस योजन है। इसमें से एक हजार योजन भाग पृथिवी के भीतर है, चालीस योजन के अन्त में एक-एक चोटी और शेष 99 हजार योजन का समतल से चूलिका तक प्रमाण माना गया है। आदि भाग में पृथिवी पर सुमेरु पर्वत का व्यास दस हजार योजन है, तथा ऊपर की ओर वह क्रमशः घटता गया है, किन्तु जिस हिसाब से वह ऊपर की ओर घटा है उसी क्रम में पृथिवी में उसका व्यास बढ़ता जाता है।[5] मार्कण्डेय पुराण से विदित होता है कि इस पर्वत के पश्चिम में निषाध, उत्तर में शृंगवन एवं दक्षिण में कैलाश स्थित है।[6] यह बद्रिकाश्रम के करीब है एवं सम्भवतः एरियन का मेरास-पर्वत है।[7]

वैताढ्य

जैन साहित्य में वेयड्ढ (2/3/6, 2/11/9, 7/8/8) अथवा वैताढ्य (अथवा विजयार्द्ध) का विस्तृत वर्णन मिलता

---

1. दे० प०च० जंबूतरु, 1/6/6। 2. तत्त्वार्थसूत्र, 3/10। 3. आ०पु० 16/152-156। 4. दे० स०सि० 3/24, पृ० 221। 5. वही० 3/9, पृ० 213। 6. दे० मा०पु० वंगवासी सं०, पृ० 240। 7. बी०सी० लाहा : हिस्टोरिकल ज्योग्रॉफी ऑफ ऐंशियेंट इंडिया, पृ० 131।

है। कवि सिंह ने स्वयं इसकी अवस्थिति के विषय में कोई चर्चा नहीं की। किन्तु आचार्य जिनसेन (8वीं सदी), आचार्य हेमचन्द्र (13वीं सदी) एवं अन्य कवियों ने इसकी अवस्थिति के सम्बन्ध में चर्चा की है। आचार्य जिनसेन कृत आदिपुराण में विजयार्द्ध की दो श्रेणियों की चर्चा आयी है। उत्तर श्रेणी एवं दक्षिण श्रेणी। उत्तर श्रेणी के राजा नमि तथा दक्षिण-श्रेणी के राजा विनमि की चर्चा की गयी है।[1] प०च० में उसे 50 योजन चौड़ा और 25 योजन ऊँचा बतलाया गया है।[2] आचार्य हेमचन्द्र कृत त्रिषष्ठिशलाकापुरुष चरित के उल्लेखानुसार वैताढ्य पर्वत अपनी 400 मील की लम्बाई के दोनों छोरों से विशाल गंगा एवं यमुना का स्पर्श करता है।[3] यहाँ के राजा नमि एवं विनमि ने अपनी उत्तर एवं दक्षिण श्रेणियों में पचास-पचास विशाल नगर बसाये थे।[4] कवि सिंह ने इसका अपर नाम सिलोच्चय (शिलोच्च) भी कहा है।[5]

हिमगिरि (13/16/5)

हिमगिरि की पहचान हिमवत् अथवा हिमालय से की जा सकती है। कवि ने हिमगिरि की चोटी का वर्णन किया है। इससे भी यही प्रतीत होता है कि हिमालय की सर्वोच्च चोटी गौरीशंकर है। जैन-परम्परा के अनुसार यह जम्बूद्वीप का प्रथम पर्वत है, जिस पर ग्यारह कूट हैं। इसका विस्तार 1052 12/19 योजन है। इसकी ऊंचाई 100 योजन और गहराई 25 योजन मानी गयी है।

अट्ठावय (अष्टापद) अर्थात् कइलास (कैलाश 2/4/4)

महाकवि सिंह के अट्ठावय पर्वत का उल्लेख किया है, साथ ही अन्य प्रसंग में कइलास की भी चर्चा की है। प्राच्य भारतीय-साहित्य में कैलाश-पर्वत का विशद वर्णन किया गया है। महाकवि जिनसेन ने कैलाश-पर्वत के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए उसे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का निर्वाण स्थल माना है।[6] आचार्य हेमचन्द्र एवं अन्य जैन-कवियों ने इसका दूसरा नाम अष्टापद भी माना है।[7] महाभारत के अनुसार कैलाश पर्वत की उँचाई 6 योजन है। वहाँ सभी प्रकार के देवता आया करते हैं। उसके समीप ही विशाला (बदरिकाश्रम) है। महाभारत के एक अन्य प्रसंग के अनुसार राजा सगर ने अपनी दो पत्नियों के साथ कैलाश-पर्वत पर तपस्या की थी।[8]

उज्जिलगिरि (1/1/13) एवं रेवयगिरि (14/13/3, 15/10/9)

उज्जिलगिरि, रेवयगिरि ऊर्जयन्त अथवा गिरनार पर्वत के ही अपरनाम हैं। जैन-मान्यता के अनुसार 22वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ की यह निर्वाण भूमि है। महाभारत में भी इसे एक सिद्धिदायक पर्वत के रूप में स्मृत किया गया है।[9] पार्जीटर ने इसकी पहचान काठियावाड़ के पश्चिम-भाग में वरदा की पहाड़ी से की है।[10]

केयार (केदार, 6/16/14)

कवि ने इसकी अवस्थिति के विषय में कोई संकेत नहीं किया है, किन्तु रूपकालंकार के माध्यम से वह कहता है कि "शीतकाल घबरा कर केदार पर चला गया" इससे प्रतीत होता है कि कवि का यह केदार हिमालय-पर्वत की एक चोटी से ही सम्बन्ध रखता है। महाभारत में कुरुक्षेत्र के अन्तर्गत केदार नामक एक तीर्थ की चर्चा आई है, जहाँ पर स्नान करने से पुण्यानुबन्ध होता है[11], किन्तु महाभारत का यह केदार उक्त केदार से भिन्न है।

---

1. दे० आ०पु० 4/81, 18/149। 2. दे० प०च० 10/5/10। 3. दे० अनेकान्त, 33/2/16। 4. वही०। 5. प०च० 7/16/4। 6. दे० आ०पु० 33/12-20। 7. सि० हे० व्या० 3/2/75। 8. दे० सभा पर्व० 46/17। 9. दे० वनपर्व, 88/21। 10. ज्यो० डिक्श० ऑफ ए०एस०आई०, पृ० 71। 11. वनपर्व, 88/21।

गोवद्धणगिरि (गोवर्द्धनगिरि, 9/12/3)

कवि ने भगवान् श्रीकृष्ण की शक्ति एवं पराक्रम का वर्णन करते हुए उन्हें गोवर्द्धनधारी कहा है तथा उसके समीप बहने वाली यमुना का भी उल्लेख किया है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है कि मथुरा-वृन्दावन के समीपवर्ती वर्तमान गोवर्द्धन-पर्वत से ही कवि का तात्पर्य है। महाभारत के अनुसार जब इन्द्र अपनी पूजा न पाने के कारण व्रजवासियों को मिटा देने के लिए व्रज में घोर-वर्षा करने लगा, उन दिनों भगवान् कृष्ण ने बचपन में ही समस्त प्राणियों की रक्षा के लिए एक सप्ताह तक गोवर्द्धन पर्वत को एक हाथ पर उठा रखा था।[1]

तक्खयगिरि (3/14/9, 4/13/8)

प०च० को छोड़ कर अन्य प्राचीन जैन साहित्य में इस पर्वत का नामोल्लेख नहीं मिलता। तक्षशिला का उल्लेख अवश्य मिलता है। पज्जुण्णचरिउकार ने तक्षशिला के शिलापद को पर्वत सूचक मान कर इसे तक्खयगिरि अथवा तक्षकगिरि कहा है।

महाभारत के अनुसार तक्षशिला वह स्थल है, जहाँ जनमेजय ने सर्पसत्र का अनुष्ठान एवं महाभारत की कथा सुनी थी।[2] आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार तक्षशिला 'गान्धार' की राजधानी थी। वह उत्तरापथ-राजमार्ग का प्रमुख व्यापारिक नगर था। सिन्धु और विपाशा के मध्यवर्त्ती नगरों में सर्वश्रेष्ठ एवं समृद्ध नगर माना जाता था।[3] बौद्ध-साहित्य के अनुसार यह विद्या का प्रधान केन्द्र था।

मलय (4/13/2)

प०च० में इसकी अवस्थिति के विषय में चर्चा नहीं की गयी है, किन्तु महाभारत के अनुसार यह दक्षिण भारत का एक पर्वत है।[4] महाभारत के अन्य प्रसंग में इसे भारतवर्ष के सात कुल-पर्वतों में प्रधान बतलाया गया है।[5] काव्य-मीमांसा में इसे पाण्डय-देश का पर्वत कहा गया है, इसे अद्रिराज भी कहा गया है।[6] कवि राजशेखर ने इस पर्वत का वर्णन विशद रूप से किया है एवं उसकी चार विशेषताओं का उल्लेख किया है। वहाँ उत्पन्न होने वाली वनस्पतियों का वर्णन कर इसे चन्दनगिरि भी कहा है।[7]

वराहसेलु (वाराह शैल 8/11/7)

महाकवि सिंह ने प०च० में प्रद्युम्न की वीरता का वर्णन करते हुए इस पर्वत की चर्चा की है, लेकिन इसकी अवस्थिति के विषय में वे मौन हैं। महाभारत में इस पर्वत की चर्चा की गयी है एवं उसे मगध की राजधानी गिरिव्रज के समीप एक पर्वत कहा गया है।[8] महाकवि जिनसेन ने भी वराह-पर्वत का वर्णन किया है। उसमें 'वराह' को 'वैभार' के नाम से वर्णित किया है एवं उसकी अवस्थिति मगध की राजधानी राजगृह की पहाड़ियों में बतलाई है।[9] हरिवंशपुराण में वैभार को राजगृह की दक्षिण-दिशा में माना है। यह पर्वत त्रिकोणाकार है।

विउलगिरि (विपुलाचल, 1/6/3)

प०च० में कवि ने विउलगिरि का उल्लेख भ० महावीर के प्रसंग में किया है और बतलाया है कि भ० महावीर का समवशरण विपुलाचल पर आया था और राजगृह नगरी का राजा श्रेणिक वहाँ जाकर उनकी वन्दना किया करता था। आदिपुराण में भी इसका उल्लेख इसी प्रसंग में हुआ है। राजगृह की पाँचों पहाड़ियों में यह प्रथम है।

---

1. उद्योग पर्व, 130/46 तथा सभापर्व 41/9। 2. आदिपर्व, 3/20। 3. दे० सि०हे० व्या० 6/2/69। 4. दे० सभा पर्व, 10/32। 5. दे० भीष्म पर्व, 9/11। 6. का०मी० 41/2, 41/5। 7. वही० 96/7। 8. सभा पर्व 21/2। 9. आ०पु०, 29/46।

इस पर भ० महावीर का प्रथम धर्मोपदेश श्रावण-कृष्ण-प्रतिपदा को प्रारम्भ हुआ था।[1] महाभारत के सभा-पर्व में भी विपुल शब्द का उल्लेख हुआ है। वहाँ उसे मगध की राजधानी के समीप का एक पर्वत कहा गया है।[2]

उक्त पर्वतों के अतिरिक्त कवि ने सल्लयगिरि (8/10/11) तथा सराव (8/11/7) नामक पर्वतों के उल्लेख भी किये हैं। इनकी अवस्थिति अज्ञात है। कवि ने विद्याधरों के भ्रमण-प्रसंग में इनका उल्लेख किया है।

नदियाँ

अमरसरि (गंगा, 3/13/8, 5/17, 8 गंगासरि, 15/5/12)

जैन-साहित्य में गंगा नदी अपरनाम अमरसरि, गंगासरि को उसी प्रकार महत्वपूर्ण एवं पवित्र माना गया है, जिस प्रकार वैदिक साहित्य में। इसका विशेष परिचय तिल्लोयपण्णत्ति, त्रिलोकसार, तत्त्वार्थसूत्र, सर्वार्थसिद्धि, तत्वार्थराजवार्तिक आदि में प्रचुर मात्रा में मिलता है।

कालिन्दी (2/10/6), जमुद्धी (9/12/4)

कालिन्दी का वर्तमान नाम जमुना ही अधिक प्रसिद्ध रहा है। प्रद्युम्न के पिता कृष्ण ने अपना बचपन एवं युवावस्था इसी की तरंगों से खेलते हुए व्यतीत की थी। भारतीय साहित्य में इस नदी का विस्तृत वर्णन किया गया है। महाभारत के अनुसार कालिन्द-पर्वत से निकलने के कारण ही इसका नाम कालिन्दी पड़ा।[3]

महातीरि (2/11/9)

महाकवि सिंह ने इस नदी का उल्लेख वैताढ्य पर्वत के समीपवर्त्ती कुण्डिनपुर नगर के समीप किया है। महाभारत में कुण्डिन नामक एक प्रसिद्ध नगर का नाम आता है, जिसे कि विदर्भ देश की राजधानी कहा गया है।[4] बहुत सम्भव है कि कुण्डिनपुर महाभारत कालीन कुण्डिनपुर ही हो तथा उसके समीप बहनेवाली महातीरि नदी वर्तमानकालीन वेनगंगा अथवा पेनगंगा हो।

सीतानदी (4/10/7)

सीतानदी एक पौराणिक नदी के रूप में विख्यात है, किन्तु कवि ने इसे दक्षिणापथ की पुष्कलावती नगरी के समीप माना है। इससे प्रतीत होता है कि यह वर्तमान महानदी का तत्कालीन अपरनाम रहा होगा।

अरण्य एवं वृक्ष

महाकवि सिंह ने प्रसंगवश वनों की भी चर्चाएँ की हैं। इन वनों में से कुछ तो परम्परा प्राप्त एवं पौराणिक वन हैं, जैसे—नन्दनवन (1/8/7)। कुछ वन ऐसे हैं जो विद्याधर-भूमियों से सम्बन्ध रखने वाले हैं, जैसे—पंकजवन (7/6/10), पयोवन (8/12/9), अर्जुनवन (8/14/11), विपुलवन (8/14/16), भीम महावन (8/15/8), माकन्द वन (11/3/14)।

कुछ वन ऐसे हैं, जिनका वर्णन यद्यपि विद्याधर-भूमियों प्रसंग में किया गया है, किन्तु वे मनुष्य-भूमियों में भी उपलब्ध हैं, जैसे—खडरावड वन (4/2/12, 4/13/8) तथा कपिट्ठ कानन (8/9/9)। खडरावड वह वन है, जहाँ खदिर अर्थात् खैर (कत्थे) के वृक्ष होते हैं। कत्था भारतीय खाद्य-मसालों में अपना प्रमुख स्थान रखता है तथा

---

1. आ०पु०, 1/196। 2. सभा पर्व, 21/2। 3. आदि पर्व, 60/2। 4. दे० महाभारत की नामानुक्रमणिका, पृ० 70।

विविध प्रकार की औषधियों के लिए भी प्रयुक्त होता है। इसीप्रकार कवि ने जिस 'कपित्थवन' का उल्लेख किया है, वह वर्तमान में कैंथा (कैंथ) के रूप में प्रसिद्ध है। यह भोजन को सुस्वादु बनाने में अवलेह्य का काम तो देता ही है, साथ ही नाना प्रकार की अन्तर्बाह्य बीमारियों में औषधि के रूप में प्रयुक्त होता है। कवि ने इन वनों के प्रसंग में विविध वनस्पतियों के भी उल्लेख किये हैं। इन वनस्पतियों को हम दो भागों में विभक्त कर सकते हैं:—

(1) वृक्ष, (2) अनाज एवं तिलहन।

1. वृक्ष

(क) पुष्प वृक्ष। (ख) फल वृक्ष। (ग) उभय वृक्ष। (घ) शोभा वृक्ष, तथा (ङ) अन्य वृक्ष एवं पौधे।

(क) पुष्प-वृक्ष

कोई गरजते गज पर जा रहे थे तो कोई हींसते (हिनहिनाते) हुए घोड़ों पर चढ़े थे। जहाँ सैकड़ों भ्रमर इकट्ठे मिल गये थे, ऐसे सुगन्धित द्रव्य लगाये मनुष्य थे। कोई ध्वजा उठाये हुए थे, कोई भट खेल रहे थे, तो कहीं सामंतों (मल्लों) के झुंड इकट्ठे थे। कोई चमर चला रहे थे। कोई ऊँटों को ताँसते हुए श्रीगिरि प्रवर समान रथ को आगे चला रहे थे। कोई तूर बजा कर दिशाओं को पूर रहे थे। कहीं गुट्ठ के गुट्ठ हाथी के भय से त्रस्त थे। इस प्रकार मुनिराज की भक्ति के मन वाले नागरिक जन वहाँ चले जहाँ नरपति से पूजित तथा स्वहित को जानने वाले यतिनाथ थे। सबने उन मुनिराज के दर्शन किये। राजा आनन्दित हुआ। सभी के दर्शन कर लेने

---

(12) 1. अ. यह पत्ता अनुपलब्ध है।

(13) 1. अ. "ग"।

(13) (1) स्वहितंनरजणं।

संचलिउ तहिं जइणाहु [2]जहिं।
सो वंदियउ णिउ[(2)] णंदियउ।
मुणि-णाणवहो तहो [3]पच्छि वहो।
उज्झलिवि करं आसीस वरं।
देविणु सम्मं पयडिय धम्मं।

घत्ता— केवि संसार-थिरु णवि अत्थि णिरु धणु-कणु परियणु परियाणहिं।
तमु रवि-किरण-हउ तेम सयलु गउ एउ मुणेवि कुणहिं जं जाणहिं।। 80।।

मार्गदर्शक :- उपाध्यायश्री सुविधिसागर जी महाराज

(14)

मुणिणाहु पयंपइ दिव्व-वाय मणुव-तणु देवहँ दुलहु राय।
मणुयत्तणेण सग्गापवग्गु मणुयत्तें कु कुम्मइँ कुगइ-मग्गु।
उत्तमु मणुयत्तणु लहेवि जेण[(1)] तउ-णियमु ण किउ हारियउ तेण।
णर-जम्में धम्मु जिं[1] णउ विढत्तु ते णरय-महण्णव दुक्ख पत्तु।
धम्मु वि दह-भेउ जिणिंद कहिउ [2]माणुस-जम्में ण जेण गहिउ।
भव-जलणिहि णिट्ठइ[(2)] तासु अहिउ[(3)] इय धम्माहम्मु जिणिंद कहिउ।
तं णिसुणेवि तेण णरेसरेण उज्झाउरि-पुरि परमेसरेण।

के पश्चात् ज्ञानधारी मुनिराज ने हाथ ऊँचा कर आशीर्वाद दिया और सम्यक् प्रकार धर्म को प्रकट करते हुए कहा—

घत्ता— "यह धन, कन, परिजन, जितना तुम सब जानते हो वह कोई भी संसार में स्थिर नहीं है। जैसे तम रवि किरणों से हत हो जाता है, उसी प्रकार सब कुछ नष्ट हो जाता है, ऐसा समझो और जो ठीक जानो सो करो।। 80।।

(14)

उपदेश श्रवण कर राजा का दीक्षा-ग्रहण

मुनिनाथ पुनः दिव्य वचनों से बोले—"हे राजन् यह मनुष्य तन (पर्याय) देवों को भी दुर्लभ है। मनुष्य पर्याय से स्वर्ग और अपवर्ग मिलता है। मनुष्य पर्याय में कुकर्म करने से कुमति का मार्ग भी मिलता है, ऐसा उत्तम मनुष्य जन्म पाकर भी जिसने तप, नियम नहीं किया, उसने मनुष्य जन्म को (व्यर्थ में ही) हरा दिया (खो दिया), जिन्होंने मनुष्य भव में धर्म का आचरण नहीं किया, वे नरक महार्णव के दुःख को प्राप्त होते हैं। जिनेन्द्र ने धर्म के दस भेद कहे हैं। सो ऐसे दशलक्षण धर्म को मनुष्य जन्म पाकर जिसने नहीं किया उस जीव का संसार समुद्र अभी आगे बहुत अधिक बड़ा है। जिनेन्द्र देव ने इसी प्रकार का धर्म-अधर्म का स्वरूप कहा है।"

उस उपदेश को सुनकर उस अयोध्यापुरी के परमेश्वर नरेश्वर ने मुनिनाथ के पास तपश्चरण लिया (दीक्षा

---

(13) 2. ब. म। 3. ब. पाछि।

(14) 1. ब. जेणे। 2. अ. सो।

(13) (2) निजआत्मनं।

(14) (1) पुण्येण। (2) न समर्तिं भवति। (3) तस्य अधिकत।

तव-चरणु लइउ मुणिणाह-पासि तडयउ तोडिय दिढ-कम्म-पासि।

घत्ता— समउ अरिंजएण [3]रणें दुज्जएण तउ पडिवण्णउ सामंतहिं।
सिय ढोयवि सुअहँ सुंदर भुअहँ अवरेहिमि मंति महंतहिं।। 81।।

(15)

पुणु उवहिदत्तेण[1] जिण-चलण-भत्तेण।
वंदेवि मुणिणाहु जो मयण मय वाहु।
आयरिय[2] जिण-दिक्ख जा कम्मं कय-सिक्ख।
तह[3] चेव धारिणिएँ संसारु तारिणिएँ।
संगहिउ तव भारु जिण-समय जो सारु।
णंदण वि तहँ दक्ख[4] मणि-पुण्णभद्दक्ख।
मुणि-चलण पुज्जेवि दो-दह वि वय लेवि।
णिय-णिलउ संपत्त मय-माण-भय-चत्त।
सो संघु विहरंतु भव्वयण सुहु दिंतु।
गउ कहिमि किर जाम गय कइवि दिणताम।
मुणि अवरु संपत्तु तहिं संग-मल-चत्तु।
णुउ मिलिवि सव्वेहिं अइ विविह भव्वेहिं।

ग्रहण की) और कर्मों के दृढ़ पाश को तड़तड़ तोड़ दिया।

घत्ता— रण में दुर्जय अरिंजय राजा के साथ सामन्तों ने भी तप ग्रहण किया। सुन्दर भुजा वाले पुत्रों को समझाकर, सिर पर भार रखकर और भी अनेक महान् मन्त्रियों ने तप ग्रहण किया।। 81।।

(15)

सेठ-सेठानी तथा उनके दोनों पुत्रों (मणिभद्र एवं पूर्णभद्र) ने भी व्रत ग्रहण किये

जिनचरणों के भक्त सेठ उदधिदत्त ने भी काम रूपी मृग के लिए व्याध के समान उन मुनिनाथ की वन्दना कर उस जिन-दीक्षा एवं शिक्षा को धारण किया, जो कर्मों का नाश करती है। उसी प्रकार धारिणी (सेठानी) ने भी संसार से तारने वाले जिनतप का भार-संग्रह किया, जो जिन समय में सारभूत माना गया है तथा दक्ष (कुशल) मणिभद्र, पूर्णभद्र नामक उसके दोनों नन्दनों ने भी मद, मान एवं भय से रहित होकर, मुनि चरणों की पूजा कर बारह प्रकार के व्रत ले लिये और फिर अपने घर लौट आये।

वह संघ भी विहार करता हुआ तथा भव्यजनों को सुख देता हुआ कहीं अन्यत्र चला गया। कुछ दिन जाने के बाद परिग्रह मल रहित अन्य दूसरे मुनि वहाँ पधारे।

सभी विविध भव्यों ने मिल कर तथा मद से विमुख उन मणिभद्र आदि को लेकर अन्य मनुष्यों ने भी

---

(14) 3. अ रा।

(15) (1) समुद्रदत्तेन। (2) आश्चरितः। (3) धारिणीतथा। (4) प्रवीणः।

मणिभद्द पमुहेहिं अण्ण मय विमुहेहिं।

घत्ता— समउ[5] सुणंतयहिं णयवंतयहिं मणिभद्द-पुण्णभद्दक्खहिं।
15 सरमा धारिय करु चंडालु णरु दुच्चेट्ठिउ दिट्ठु [6]सुलक्खहि।। 82।।

(16)

सरिमा[1] चंडालहो दंसणेण मणु सल्लिउ तहो[2] तहिं तक्खणेण।
जइ पुच्छिउ भणु कारणु मुणिंद भव्वयण-कुमुअ-छण-णिसि-सु चंद।
सहुँ साणिएं एहु चण्डालु आउ तं अम्हहं णिरु कंटइउ काउ।
एत्थंतरे भामइ मुणि-पहाणु भवियण कंदोट्ट-विआसे[3] भाणु।
5 पच्छिम-भवे तएँ तणउँ णेहु मणिभद्द वियाणहिं सयलु एहु।
एह भरहखेते मगहाहिहाणे उच्छुवण-सालि-धण-कण णिहाणे।
तहिं सालिगामु णामेण गामु आराम-साम-सरि-सर-पगामु।
मढ-मढिय पउर सुरहर विचित्तु जं देसु गंग-सलिलुअ पवित्तु।
पउराणिय [4]वहु पाढय समिद्धु कुरुखेत्तु व जो कणखले पसिद्धु।

नमस्कार किया।

घत्ता— आगम उपदेश सुनने वाले नय के ज्ञाता, सुलक्षण युक्त मणिभद्र, पूर्णभद्र ने सरमा (कुत्ती) हाथ में लिए हुए चाण्डाल नर को दुष्चेष्टा करते हुए देखा।। 82।।

(16)

मणिभद्र एवं पूर्णभद्र के जन्मान्तरों का नवागत मुनि द्वारा वर्णन

तब सरिमा (कुत्ती) और चाण्डाल के दर्शन से तत्काल ही उन दोनों (मणिभद्र एवं पूर्णभद्र) का मन आकर्षित हो गया। उन्होंने यति से पूछा—"भव्य रूप कुमुदों को प्रसन्न करने के लिए पूर्णमासी की रात्रि के चन्द्र समान हे मुनीन्द्र, इसका कारण समझाइए। इस कुत्ती के साथ यह चाण्डाल आया है, इनको देखकर हमारी काय कण्टकित हो रही है (रोमांचित हो रही है यह क्यों?)। यह सुन कर भव्यजन रूपी कमलों के विकास के लिए भानु के समान उन मुनि-प्रधान ने उत्तर में कहा—"गत भव में तुम्हारा इनके साथ स्नेह था। हे मणिभद्र, वह सब तुम इस प्रकार जानो।"

इसी भरतक्षेत्र में मगध नामका देश है, जो इक्षुवन, शालि एवं धन-धान्य का निधान है। वहाँ शालिग्राम नामका एक ग्राम है, जो ग्राम, आरामों से श्याम (हरा-भरा) है। नदी सरोवरों से प्रकाम (पूर्ण) है। मढ-मढियों से प्रचुर है, वह ऐसा प्रतीत होता है मानों विचित्र सुरघर ही हो। जो देश गंगाजल से पवित्र है, अनेक पौराणिक-पाठक जनों से समृद्ध है, जो कुरुक्षेत्र अथवा कनखल के समान ही प्रसिद्ध है।

---

(15) (5) आगम। (6) सुष्टु अवलोकनं।

(16) 1. ब. मा'।

(16) (1) स्वीनी। (2) तयोः द्वयोः। (3) प्रकासे। (4) चिरन्तन पाठक यत्र।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

10 घत्ता— णासग्गु वि धरहिं कय कुस करहिं संझा-वंदणु जहिं किज्जइँ।
सिद्ध रसोइ घरे मज्झण्ण भरे दिवि-दिवि जहिं परिवाइज्जइँ।। 83।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइ सिद्ध विरइयाए [2]पज्जुण्णसंभु भवांतर वण्णणं मणिभद्द पुण्णभद्द उप्पत्ती[3] पंचमी संधी परिसमत्तो।। संधी: 5।। छ।।

घत्ता— जहाँ पर नासाग्र पकड़कर कुश हाथ में लेकर (निरन्तर) सन्ध्या वंदन किया जाता है तथा मध्याह्न काल में रसोई घर में ही बनी रसोई जहाँ दिन-दिन में परोसी और खाई जाती है।। 83।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्रकट करनेवाली सिद्ध कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में प्रद्युम्न एवं शम्बु के भवान्तर वर्णन तथा मणिभद्र-पूर्णभद्र की उत्पत्ति सम्बन्धी पंचम-सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 5।। छ।।

---

(16) 2-3. ब. प्रति में यह चरण नहीं है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

छट्ठी संधी

(1)

धुवकं— जहिं अणु-दिणु चउवेय-घोसु णिरंतरु किज्जइ।
जण्ण-विहाण-मिसेण विप्पहिं पसु होमिज्जइ।। छ।।

तहिं आसि वियाणिय जण्ण-कम्मु णामेण वसइ दिउ सोमसम्मु।
तहो वंभणि अग्गिलाहिहाण सुव बेवि ताहिं गुण-गण-णिहाण।
हुअ अग्गिभूइ-मरुभूइ णाम वेयागम-सत्थ-पुराण-धाम।
ते बिण्णिवि जिणवर-धम्मु सुणेवि अणुवय-गुणवय दिढमणेण कुणेवि।
सिक्खावय पालिवि चारु मग्गे सल्लेहण मरणइं पढम सग्गे।
संजाय अमर सुर णमिय चरण सहजाय कडय-मणि-मउड धरण।
पिउ सोमसम्मु अग्गिल वि जणणि[1] दय-दूसणे मुणि गुण-गणणि हणणि।
बिण्णि वि पसु जण्ण-मिसेणवहेवि रयणप्पह-णरए दुदोह सहेवि।
पुणु कम्म वसइँ चंडालु जाउ सो सोमसम्मु एहु तुम्ह ताउ।
जा जणणि आसि मणिभद्द सुवहिं सा दुरिय पहावइ[2] जाया सुणहिं।

छठी सन्धि

(1)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) शालिग्राम निवासी सोमशर्मा एवं अग्निला के पूर्व-भवों का वर्णन

ध्रुवक— जहाँ उस शालिग्राम में प्रतिदिन चारों वेदों का निरन्तर घोष किया जाता है तथा जहाँ यज्ञविधान के बहाने विप्रों द्वारा पशु होमे जाते हैं।। छ।।

वहाँ पहले यज्ञों का ज्ञाता सोमशर्मा नामका द्विज निवास करता था। उनकी अग्निला नामकी ब्राह्मणी पत्नी थी। उसके गुण-गण निधान दो पुत्र थे। उनका नाम अग्निभूति वायुभूति के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वे भी वेदागम शास्त्र-पुराणों के धाम (ज्ञाता) थे। उन दोनों ने जिनवर का धर्म सुनकर अणुव्रत, गुणव्रत का दृढ़ मन से पालन किया। शिक्षाव्रतों का भी सुन्दर रूप से पालन किया।

अन्त में सल्लेखना मरण से दोनों प्रथम स्वर्ग में प्रधान देव हुए। जिनके चरणों में अन्य देव नमस्कार किया करते थे, जो सहज ही उत्पन्न कटक, मणिमय मुकुटों के धारी थे।

पिता सोमशर्मा और अग्निला माता ने गुणगण से युक्त मुनिगणों को दूषण दिया (हनन कराया), दोनों ने यज्ञ के बहाने पशुवध किया, उस कारण से रत्नप्रभ नामक प्रथम नरक में दुःख समूह सहा। फिर वह कर्म वश चाण्डाल हुआ है। तुम मणिभद्र सुतों की जो माता थी वही पाप के प्रभाव से यह शुनी हुई है।"

---

(1) (1) माताप्रवरयो. । (2) पापप्रभावेन उत्पन्ना।

घत्ता— आयहं[3] सुअ आसि एमहिं सग्गहो आइय।
[1]धारिणिय हे उप्पण्ण विण्णिवि तुम्हहँ भाइय।। 84।।

(2)

एउ कारणु संबंधहो लक्खिउ भव्व भवंतरु तुम्हहँ अक्खिउ।
तं णिसुणेविणु सुमरिय जम्मइँ चिंतिवि [1]मुक्किय-दुक्किय कम्मइँ।
चंडालेण भणिउँ परमेसर तुह पय सरणउँ हय-वम्मीसर।
एमहिं सो उवएसु कहिज्जइ संसारिणिय[1] जेण तिस छिज्जइ।
तं णिसुणेवि मुणिणाहइँ वुत्तउ [2]तीस दिवस तुअ आउ णिरुत्तउ।
साणिवि जा किर इह वंभणि तुह सा मण्णहि सत्तमे वासरे मुअ।
एत्थंतरे चण्डालु सुबुद्धिएँ अणुवय-गुणवय धरेवि विसुद्धिएँ।
परम पंच-णवयार सरेप्पिणु सल्लेहण मरणेण मरेप्पिणु।
हुव णंदीसरु णामइँ सुरवरु कडय-मउड-मणिमय कुंडल धरु।
[2]इलयल कल सिर मुणि चरणग्गइँ चल लंगूल ललावि रमग्गइँ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

घत्ता— "तुम दोनों पहले इसी के पुत्र थे। अभी स्वर्ग से आये हो और धारिणी से उत्पन्न तुम दोनों भाई उसी के पुत्र हो।"।। 84।।

(2)

मुनिराज द्वारा चाण्डाल एवं श्वानी का पूर्वभव कथन एवं उनकी संन्यास विधि

"यही तुम्हारे सम्बन्ध (स्नेह) का कारण लक्षित होता है। हे भव्य, भवान्तर भी तुम्हें बताया गया।" यह सुनकर तथा पूर्व जन्म को स्मरण कर वह चाण्डाल विचारने लगा कि अब दुष्कृत कर्मों से मुक्ति पाऊँ। यह निश्चय कर उस (चाण्डाल) ने मुनिराज से कहा—"हे परमेश्वर, हे हतकामदेव, मुझे अब आपके चरणों की ही शरण है। अब वह उपदेश कहिए जिससे संसार सम्बन्धी त्रास छूट जाये।"

चाण्डाल का निवेदन सुन कर मुनिनाथ ने कहा—"अब तेरी आयु तीस दिन की ही शेष है। यह श्वानी भी, जो कि, तुम्हारी ब्राह्मणी (पूर्व भव की पत्नी) थी, वह सातवें दिन मृत्यु को प्राप्त हो जायगी, ऐसा मान लो।" मुनिराज की भविष्यवाणी का उस पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि उसे (चाण्डाल को) उसी समय सुबुद्धि उत्पन्न हुई और उसने विशुद्धि पूर्वक अणुव्रत-गुणव्रत धारण कर लिये पंच णमोकार मन्त्र का स्मरण कर सल्लेखना मरण से मरण कर वह चाण्डाल नन्दीश्वर नाम कटक, मुकुट, मणिमय, कुण्डलों का धारी देव हुआ।

वह कुत्ती भी मुनि के चरणों के आगे अपने सिर को पृथिवीतल पर लगा कर चंचल लाँगूल (पूँछ) के साथ बैठ गयी।

---

(1) 1. अ. हं'।
(2) 1. अ. सुं'। 2. अ. वीं'।
(1) (3) एतयोः द्वयोः।
(2) (1) सम्बन्धी। (2) पृथ्वीउत्परे।

घत्ता— जइणाहेण मुणेवि तहिं साणिहिं सण्णास-विहि।
पंच वि णवयार ढोइय भव-सिप्पीर-सिहि।। 85।।

(3)

सा सुहभावइ[1] मरेवि अउज्झहें पर णरणाहहें समरे दुगच्छहें।
गयरहु[2] राउ अरिंजय णंदणु जो रणभरे परबल कय मद्दणु।
तहो गेहिणि णामेण वसुंधरि[3] सीलामल-गुण सास वसुंधरि।
तहे[4] तुच्छोवरे सा[5] उप्पण्णी चारु रूव चामीयर-वण्णी।
5 दिवि-दिवि ससहर-कंतिव वड्ढइ तणु लायण्ण रिट्ठि आयड्ढइ।
छुडु-छुडु बाल भाव परिवज्जिय णाइँ अणंगइँ भल्लिवि सज्जिय।
उक्कुक्कुरिय[6] सिहि णण्णव वरि जाय जुवाणइँ क्कामुक्कोयरि।
जह-जह पोढत्तणु-तणु पावइ खिज्जइ मज्झु रमण पिहुलावइ।
सा पेच्छवि चिंतिउ मणे तायइँ रइउ सयंवरु गयरह रायइँ।
10 कोसलपुरि परियरिय सुसंचहिं चउदिसु भमेर णरंतर मंचहिं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

घत्ता— यतिनाथ ने अपने मन में (उस श्वानी की प्रवृत्ति) समझ कर उसी समय संन्यास-विधि करा दी और भव-वन के लिये अग्नि समान पंचणमोकार भी उसे धारण कराया।। 85।।

(3)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन प्रसंग में–) श्वानी शुभ-मरण कर अयोध्यापुरी के राजा गजरथ के यहाँ जन्म लेती है। उसके स्वयंवर का वर्णन

वह (श्वानी) शुभ भावों से मर कर युद्ध में शत्रु राजाओं के लिए दुर्गम अयोध्यापुरी में जन्मी। अयोध्यापुरी के राजा का नाम गजरथ था जो कि अरिंजय का पुत्र था। वह रण में परबल (शत्रुसेना) का मर्दन करने वाला था। उसकी वसुन्धरा नाम की गृहिणी थी, जो निर्दोष शील-गुण रूपी शस्य के लिए वसुन्धरा थी। वहाँ उसके उदर से वह कुत्ती (का जीव) कन्या रूप में जन्मी। उस कन्या का रूप अत्यन्त सुन्दर और वर्ण चामीकर—सुवर्ण के समान था। चन्द्रकला के समान वह कन्या दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी। उसके शरीर की लावण्य-ऋद्धि भी वृद्धिंगत होने लगी।

धीरे-धीरे वह बालभाव को छोड़कर तरुणभाव को प्राप्त होने लगी। वह ऐसी लगती थी मानों अनंग ने उसे भले प्रकार सजा दिया हो। उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता था मानों वह उत्तुंग चपल शिखि-ज्वाला ही हो अथवा युवकों के लिए कामांकुर ही हो। जैसे-जैसे उसे प्रौढ़पने का शरीर प्राप्त हुआ, उसके रमण-फलकों की पृथुलता ने कटिभाग को क्षीण बना दिया। अपनी कन्या की उस तरुणावस्था को देखकर उसका पिता राजा गजरथ बड़ा चिन्तित हुआ। उसने एक स्वयंवर रचा। (उस अवसर पर) कोशल की उस पुरी अयोध्या को चारों ओर सुन्दर सामग्रियों एवं मंचों से लगातार घेर (कर सुन्दर बना) दिया।

(3) (1) सुभभावपरिणामेन। (2) गजरथ। (3) धान्यपृथिवी। (4) तस्या:। (5) सरिता। (6) उत्तुंगी चपला।

घत्ता— हूण-चीण-करहाडलाड-बंग केरलवइ।
गउड-दिविड-कण्णाड गयरह-सुअ परिणयण मइ।। 86।।

(4)

मंचहि रायकुमार असेसवि मालव-टक्क-चोड पंडीसवि।
कय सिंगार सार सुपरिट्ठिय अमर-विमाणहिं णाइँ अहिट्ठिय।
तहि मणि-पुण्णभद्द गुण पोढवि देक्खण मिसेण मंच आरूढेवि।
एत्थंतरे सा कण्ण सुलोयण[1] णिग्गय णावइ आसि सुलोयण।
मणि-कुंडल-मंडिय गंडत्थल रयणावलि घोलिर वच्छत्थल।
कण-कणंत उण्णय कंकण करे .....
मणियारेहि[2] आरूढिय सुंदरि। [1]णवजोवण परहुव कोमलसरि[2]
[3]णं सग्गहो अवयरिय पुरंदरि[4]। रायकुमारि भुवणत्तय सुंदरि
कुसुममाल करयले उच्चल्लिय रोहिणि णाइँ सयंवरे चल्लिय।
पुरउ परिट्ठिय धाइ विहावइ[3] कुमारहि रायकुमर दरिसावइ।

घत्ता— एत्थंतरे सो देउ णंदीसरु संपत्तउ।
जगे-उज्जोउ करंतु णं रवि-किरण फुरंतउ।। 87।।

घत्ता— हूण, चीन, करहाट, लाट, बंग, केरलपति, गौड, द्रविड, कर्णाट से (राजा-गण) गजरथ राजा की पुत्री से परिणयन कामना लेकर वहाँ आये।। 86।।

(4)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजकुमारी का स्वयंवर, जिसमें नन्दीश्वर देव भी उपस्थित होता है

मंच पर मालव, टक्क, चोल एवं पाण्ड्य आदि के राजागण बैठे। सार-शृंगार कर सुप्रतिष्ठित तथा अमर विमान में अधिष्ठित देवी के समान वह वहाँ आयी। पुनः वहाँ गुणों से प्रौढ़ मणिभद्र, पूर्णभद्र भी उसे देखने के बहाने मंच पर आरूढ़ हुए। इसी बीच सुलोचना तथा सुन्दर मणियों के कुण्डलों से मण्डित कपोलों वाली वह सलोनी राजकुमारी (माला) वहाँ से निकली। उसके वक्षस्थल पर रत्नावली (हार) झूल रही थी, तथा हाथों में कण-कण करने वाले बहुमूल्य कंकण थे। नवयौवना तथा कोयल के समान स्वर वाली वह सुन्दरी मणियों से भूषित हथिनी पर आरूढ़ होकर चली। वह ऐसी प्रतीत होती थी मानों स्वर्ग से इन्द्राणी ही अवतरित हुई हो। वह राजकुमारी तीनों लोकों में (अतिशय) सुन्दरी थी। हाथों में कुसुममाला उठाये हुए रोहिणी के समान वह स्वयंवर में चली। राजकुमारी की धाय आगे थी, जो उसे राजकुमारों को दिखा रही थी (अर्थात् परिचय दे रही थी)।

घत्ता— इसी बीच संसार में उद्योत करता हुआ अपनी किरणों से स्फुरायमान सूर्य के समान वह नन्दीश्वर देव भी वहाँ आ पहुँचा।। 87।।

---

(4) 1-2. अ. प्रति में यह चरण नहीं है। 3-4. अ. प्रति में यह चरण नहीं है। (4) (1) सुलोचना। (2) हस्तिनी। (3) विचारयति।

(5)

तेण वोल्लाविय सा सुमणोहरि — चक्कल-घण-उत्तुंग पयोहरि।
हले वीसरिय काइ हिय वरभवे — पाउ करेवि णिवडिय जं रउरवे।
पुणु कुक्कुरि चंडाल भवंतरे — जइ बेण्णिवि संठियइँ णिरंतरे।
तं तुह चित्ते काइँ ण चमक्कइ — भोयासत्तहे मणु ण वियक्कइ।
लहिवि अज्जु दुल्लहु मणुव[1]त्तणु — करि अप्पहिउ मुअहि परिणत्तणु।
तं णिसुणेवि सुमरिय जम्मंतरे — मुच्छ पवण्णिय करिणिहे उप्परे।
धाइउ उव्वोलियइँ सुसंचिय — घणसारहो जलेण अहिसिंचिय।
उम्मुच्छाविय जाम किसोयरि — एत्थंतरे पुणु गय जिणवर घरे।

घत्ता— पुछिवि जणणु जणेरि ताइ सुकंचण वण्णए।
मालए जिणपय महेवि मुणि मग्गिउ तउ कण्णए।। 88।।

(6)

तो ताहि तिगुत्ति मुणीसरेण — तउ दिण्णु ताम णिज्जिय-सरेण।
एउ भणिउ पसंग वसेण अज्जु — महु [1]सुणु पज्जुण्ण-कहाइँ कज्जु।

---

(5)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) नन्दीश्वर देव द्वारा राजकुमारी माला को प्रतिबोधन एवं स्वयंवर के पूर्व ही उसका दीक्षा-ग्रहण

उस नन्दीश्वर देव ने, चक्राकार घने उत्तुंग पयोधरों वाली उस कन्या को अपने पास बुलवाया और बोला— "हले, पूर्वभव को क्या तू भूल गयी? जब पाप करके रौरव नरक में जा पड़ी थी। पुनः चाण्डाल भव के मध्य कुक्कुरी हुई थी। जहाँ हम और तुम दोनों स्थित थे। उस समय तेरे चित्त में यह विकल्प क्यों नहीं उठा कि भोगासक्ति संसार का कारण है? अब दुर्लभ किन्तु परिणमनशील मनुष्य-पर्याय पाकर आत्महित करो और मरो।" वह (देववाणी) सुनकर उस कन्या को जन्म-जन्मान्तरों का स्मरण हो आया और वह हथिनी के ऊपर ही मूर्च्छित हो गयी। धाय ने स्वर्ण पात्र में संचित कर्पूर-जल से उसका सिंचन किया। जब उस किशोरी की मूर्च्छा दूर हुई तभी—

घत्ता— स्वर्ण वर्ण वाली वह कन्या माला अपने माता-पिता से पूछ कर जिन-भवन चली गयी तथा जिनचरणों की पूजा कर उस (कन्या) ने मुनिराज से दीक्षा माँगी।। 88।।

(6)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजकुमारी माला को मुनिराज त्रिगुप्ति द्वारा दीक्षा प्रदत्त

तब उस जिन-भवन में काम-शर-विजेता मुनीश्वर त्रिगुप्ति ने उसे जिनदीक्षा दी, तथा प्रसंग वश कहा कि हे आर्ये, प्रद्युम्न कथा के प्रसंग में मणिभद्र, पूर्णभद्र की विशिष्ट कथा को कौतुहल के साथ मनोयोगपूर्वक सुनो—

---

(5) 1. अ. अं।
(6) 1. अ, ब. पु।

मणिभद्द-पुण्णभद्दइं विसिट्ठु तं कोऊहलु सहि सुणिउँ दिट्ठु।
दिढवय पुणु सावइ धम्मे जाय तिक्काल णमंसहिं अरुह पाय।
चउसंघे प चउव्विहु दाणु दिंत ण्हवणच्चणु जिण अणु-दिणु कुणंत।
चउपव्वेसु पोसह-बंभचेर परिगह-पमाण दिसि-विदिसि-मेर।
भोगोपभाप - परिसंख करेवि कालंतरे सण्णासेण भरेवि।
गय पढम-सग्गे पुणरवि कुमार सह जाय मउड-कोऊर-धार।

घत्ता— हुव बिण्णिवि गिव्वाण इंद-पडिंद समाण तहिं।
अइणिम्मल तणु-कंति धाउ-विवज्जिउ देहु जहिं।। 89।।

(7)

अच्छर-वर-कर-चामर-चलंत देवंग-वत्थ-पल्लव-ललंत।
मंदार-माल-भूसिय-सरीर सम्माइट्ठिवि संसार [1]तीर।
माणस-सरवरे कीला करंत ठिय दिव्व-विमाणहिं संचरंत।
मंदर-कंदरहिं रमंत संत जिणविंव-अकित्तिम-सय णमंत।
णंदीसर दीवाई थुणंत .....
एम कालु ताहँ तहिं जाइ जाम पूरिय [2]दो-उवहि पमाणु ताम।

"दृढ़तापूर्वक श्रावक-व्रतों का पालन करते हुए तथा अरहन्त के चरणकमलों को त्रिकाल नमस्कार करते हुए, चतुर्विध संघ को चार प्रकार के दान देते हुए, प्रतिदिन जिनेन्द्र का न्हवन-अर्चन करते हुए, चारों पर्वों के प्रोषध, ब्रह्मचर्य, परिग्रह प्रमाण, दिशा-विदिशा की मर्यादा भोगोपभोगों का परिसंख्यान करके तथा कालान्तर में संन्यास मरण करके वे कुमार एक साथ मुकुट-केयूर को धारण करने वाले प्रथम स्वर्ग वाले सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न हुए।

घत्ता— वहाँ वे दोनों इन्द्र-प्रतीन्द्र के समान अत्यन्त निर्मल कान्तिवाले तथा धातु-विवर्जित शरीर वाले देव हुए।। 89।।

(7)

त्रिगुप्ति मुनिराज द्वारा मणिभद्र-पूर्णभद्र का पूर्व-जन्म-कथन

श्रेष्ठ अप्सराएँ अपने हाथों से चमर ढुराती हुई आयी और उन्होंने पल्लवों के समान लहराते हुए देवदूष्य उन (दोनों सौधर्म देवों) को प्रदान किये। मन्दार-पुष्प की मालाओं से भूषित सांसारिक शरीर वाले वे देव मानस-सरोवर में क्रीड़ाएँ करते हुए, दिव्य-विमानों में बैठ कर संचरण करते हुए, मन्दराचल की कन्दराओं में रमण करते हुए, सैकड़ों अकृत्रिम जिन-बिम्बों को नमस्कार करते हुए नन्दीश्वर द्वीपादि की स्तुति-वन्दन करते हुए, वहाँ जब पूरे दो सागर प्रमाण काल व्यतीत हो गया तब वे वहाँ से च्युत हुए और कोशलपुरी के राजा श्री

---

(7) 1. अ. °भी। 2. अ. उद्धो।

ते तहो [3]चुय पुणु कोसल-पुरम्मे सिरिकणह णाह रायहो घरम्मे।
लायण्ण-मणोहर-धारिणिहें उप्पण्ण गब्भें ते धारिणिहें।

घत्ता— वियसिय कमलाणणहे जणिय णरिंदहो धीयहे।
10 ते पंडवाडिए जाव लवणंकुस जिम सीयहे।। 90।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री [illegible]

(8)

ते सव्व-सुलक्खण चारु-गत्त उत्तत्त-कणय-छवि-कमल-वत्त।
वड्ढंति माउहरे बेवि केम सिय-पक्खिउ इह ससि-कलहिं जेम।
महु-णामु गुणंगहिं जेट्ठु भणिउँ कइडिहु वि कणिट्ठहो पुणु वि गुणिउँ।[(1)]
एम रज्जु करंतहो णिववरासु संवत्थर वारह[1] गय वि तासु।
5 ता वेक्कहिं दिणे णं गिरि पयंडु विहडंतु णिहालिवि मेह-खंडु।
तहो [2]रायहो पावेवि तं णिमित्तु रज्जोवरि खणेण विरत्तु चित्तु।
किउ रज्ज धुरं धरु महुकुमारु जुवराउ कइडिहुड सुहड सारु।
चामीयर णाहु सिरी मुएवि सुह मुणिहे पासे जिण-दिक्ख लेवि।
वावीस-परीसह सहणसीलु संठिउ पालिय तव-लच्छि लीलु।
10 महुराउ अउज्झहे रज्जु करइ चत्तारि-वण्ण सुह-मग्गेधरइ।

कनकनाथ के घर में उनकी लावण्य-पूर्ण मनोहर-धारिणी, रानी धारिणी के गर्भ से उत्पन्न हुए।

घत्ता— विकसित कमलानन के समान राजा कनकनाथ की रानी धारिणी से वे दोनों पुत्र उसी प्रकार उत्पन्न हुए जिस प्रकार सीता के लवण एवं अंकुश।। 90।।

(8)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा कनकनाथ ने अपने दोनों पुत्रों — (मधु-कैटभ) को राज्य सौंपकर मुनिराज शुभ से दीक्षा ग्रहण कर ली

समस्त सुलक्षणों से युक्त, सुन्दर-गात्र, तपाये हुए स्वर्ण की छवि वाले, कमल के समान मुख वाले, वे दोनों कुमार मातृगृह में किस प्रकार वृद्धिंगत होने लगे? उसी प्रकार, जिस प्रकार शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा की कलाएँ बढ़ने लगती हैं। अपने गुणों के कारण जेठा पुत्र मधु कहा गया तथा कनिष्ठ को कैटभ नाम वाला कहा गया। इस प्रकार राज्य करते हुए उस राजा ने जब संवत्सर व्यतीत किये तभी एक दिन उसने पर्वत के समान प्रचण्ड मेघखण्ड को विघटित देखा। उसी निमित्त को पाकर राजा को तत्क्षण ही राज्य-लक्ष्मी से वैराग्य हो उठा और राज्य की धुरा पराक्रमी कुमार मधु को देकर कैटभ को युवराज पद प्रदान किया। कनकनाथ ने अपनी राज्यश्री को छोड़कर "शुभ" नाम के मुनिराज के पास जाकर जिन-दीक्षा ले ली और बाईस परीषहों में सहज रूप से ही सहनशील होकर तपरूपी लक्ष्मी को पालता हुआ स्थिर हो गया। मधु राजा अयोध्या में राज्य करने लगा और चारों वर्णों के लोगों को शुभ मार्ग में लगाने लगा।

---

(7) 3. ब. नु।

(8) 1. अ छुडु। 2. ब. °ग।

(8) (1) कथित:

घत्ता— तिण्णि वि वुद्धिउ तासु सत्तिउँ तिण्ण फुरंति केम।
परिपालिय कुवलयहो आसि कणयणाहहो वि जेम।। 91।।

(9)

महुरायहो रिउ को खलइराउ कलिकुमरु जासु कइडिहु सहाउ।
तहो रज्जु कुणंतहँ भुवणे ताम अवरु वि गय वारह-वरिस जाम।
एत्थंतरे रणभरे [1]अरिहि भीमु सायंभरि-वइ णिउ णाम भीमु।
तिणि कंद[2]लु चालिउ कय-छलेण महुरायइँ सहुं दुग्गहो वलेण।
5 अरिराय धम्मक्कु विरद्दु धरिउ तं णिसुणेवि महु सणद्धु तुरिउ।
हक्कारिय मंडलवइ स णाम सामंत समरे जे भिडण काम।
सेणावइ अरिसेण हो कयंत तंताहिव परिपालिय सुतंत।
साहणिय सु सुहड अणंत जोह[3] संजोइय धय-चल चामरोह।

घत्ता— पल्लाणिय तुरिय मयमत्त महागय सज्जिय।
10 रह जोत्तिय पवर जय पूर तूर [4]खण वज्जिय।। 92।।

घत्ता— पृथिवी का पालन करते हुए उस मधु राजा की तीन बुद्धियाँ एवं तीन शक्तियाँ किस प्रकार स्फुरायमान हुईं? ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार कि राजा कनकनाथ को स्फुरायमान हुई थीं।। 91।।

(9)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) शाकम्भरी नरेश राजा भीम एवं राजा मधु के युद्ध की तैयारियाँ

जिस मधु राजा का कलिकुमार एवं युवराज कैटभ सहायक थे, उसका शत्रु कौन हो सकता था? कौन-सा ऐसा राजा था जो उसे स्खलित करता? भुवन में उसे राज्य करते हुए बारह वर्ष व्यतीत हो गये। उसी समय रण में शत्रुओं के लिए भयंकर शाकम्भरी नगरी का स्वामी भीम नामका राजा था। उसने छलपूर्वक दुर्ग के बल से मधुराजा के साथ लड़ाई चलायी।

"अरिराज रौद्र रूप धारण कर आ धमका है यह सुनकर मधुराजा तुरन्त युद्ध की तैयारी करने लगा। उसने समर में भिड़ने के इच्छुक सामन्तों एवं मण्डलपति को अपने नाम पर बुलाया। साथ ही अधिप—राजा मधु के राज्य का सुयुक्ति पूर्वक पालन करने वाले तथा अरिसेना के लिए कृतान्त के समान सेनापति को बुलाकर आदेश दिया कि—"ध्वजा और चंचल चामर समूहों से युक्त सुभटों के अनन्त-समूह को तैयार करो।"

घत्ता— तब घोड़ों पर पलान बाँधे जाने लगे। मदोन्मत्त हाथी सजाये जाने लगे और तत्काल ही जयघोष से लोक को पूर देने वले तूर बज उठे।। 92।।

---

(9) 1. अ. भड°। 2. ब. °ढ°। 3. ब. हो°। 4. ब. घ°।

(10)

कहिमि तं चक्कु हय ढक्क-भेरी सर कहिमि पडु-पडह दडिणंद वज्जिय खरं।
कहिमि कलति-विल-दुमु-दुमिय कोलाहलं कहिमि खर-करड तडतडिय गुरु काहलं।
कहिमि हय थट्ट उट्ठंत जण [1]संक्कडं कहिमि खोलंत भड धंत णिरु तक्कडं।
कहिमि मंडलिय वहु मिलिय चल-चामरं कहिमि सामंत-धीमंत पर डामरं।
कहिमि दुग्घोट्ट-संघट्ट लोट्टिर[2] हयं कहिमि रवण खंभ फरहरिय मरु धय धयं।
कहिमि घण छत्त सिग्गिरिहि छाइय णहं कहिमि रय-पवर पसरंत हय रवि-पहं।
कहिमि असि-कुंत झलकंत चल सव्वलं कहिमि कडितल्ल वा वल्लमुज्जलं।
विसम घण थट्ट फोट्टंतु कय [3]समथल(1) चलिउ समय[4]रेण महुराय रायहो वलं।

घत्ता— एम चउरंगु समिद्धु णिसिवासरु अगणंतउ।
वडउरपुर णामेण जंतु-जंतु संपत्तउ।। 93।।

---

(10)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में—) राजा मधु का चतुरंगिणी सेना के साथ अरिराज भीम के साथ युद्ध हेतु वडपुर पहुँचना

कहीं पर तो चक्राकर ढक्क वाद्य और कहीं भेरी के स्वर हो रहे थे। कहीं पर दडिण-दडिण का कर्कश स्वर करने वाले पटु-पटह बाजे बज रहे थे। कहीं पर टिविल नामक बाजों का कल-कल, विल-विल, दुम-दुम का कोलाहल हो रहा था, तो कहीं पर बड़े-बड़े काहल नामक वाद्य कर्कश कर्र-कर्र, तड़-तड़ शब्द कर रहे थे और कहीं पर घोड़ों के थट्ट से उठते हुए लोगों की भीड़ थी, तो (उस शिविर में) कहीं पर अत्यन्त उत्कट भट खेल (अभ्यास) कर रहे थे, तो कहीं पर शत्रुओं के लिए भयंकर बुद्धि वाले सामन्त गण थे। कहीं पर दुर्जेय घोड़ों का झुण्ड लोट रहा था, तो कहीं पर रम्य खम्भों पर वायु से काँपती हुई ध्वजाएँ फहरा रही थीं। कहीं पर घने छत्रों के अग्र शिखरों से आकाश ढका जा रहा था, तो कहीं पर फैलते हुए रजप्रसर से सूर्य की प्रभा हत (नष्ट) हो रही थी। कहीं पर असि, कुन्त एवं चंचल सव्वल झलक रहे थे। कहीं उज्ज्वल बल्लम कटितल को चंचल बना रहा था। कहीं विषम घन भूमि को फोड़कर उसे समस्थल कर रहे थे। इस प्रकार मधु राजा का सैन्यबल सम-भार से (सन्तुलित—एक साथ मिल कर) चला।

घत्ता— इस प्रकार समृद्ध चतुरंगसेना चलते-चलते रात्रि दिवस न गिनती हुई वडपुर नामके पुर (के पास) में जा पहुँची।। 93।।

---

(10) 1. अ. संकुलं। 2. अ. °य। 3. अ. मछलं। 4. अ. °भ°।

(10) (1) समानभूमि।

(11)

तहि मंडलिउ कणयरहु णामइँ जो मायंग तुलइ भुअ थामइँ।
सा महुसेणहो समुहु परायउ सिरेण-णमंतहो दिण्णउ साइउ।
गुडि उद्धरणु करावि वि पुरवरे पुणु तें कोसलवइ णिउ णिय-घरे।
किय पडिवत्ति वि त्तहो परमत्थइँ णं पिए सिहुं विच्छोहु सहत्थइँ।
णरवइ कणयासणे वइसारिउ णं पिय-विरहु सइँ जि हक्कारिउ।
जा उतत्त[1] चारु कणयप्पह [1]कणयरहहो राणी कणयप्पह[2]।
दहि-अक्खउ करंति सा दिट्ठिय मम्मण-सल्लिव हियइँ पहिट्ठिय।
तार-तरल सरलुज्जल लोयणि तरणि जुवाणह[2] कामुक्कोयणि।

घत्ता— सा पेछेवि महुराउ चिंतइ किं रायत्तइं।
जहि एही णउ माणियइ वलि हय-गय-रह[3]-छत्तइं।। 94।।

---

(11)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन प्रसंग में–) वडपुर नरेश कनकरथ राजा मधु का स्वागत करता है। उसकी रानी कनकप्रभा पर राजा मधु आसक्त हो जाता है

वहाँ कनकरथ नामका माण्डलिक, जो कि मातंग (गज) के समान भुजा स्तम्भवाला था, वह मधु की सेना के सम्मुख आया और उसने सिर झुका कर (नमस्कार कर) स्वागत किया। फिर अपने वडपुर में गुडि उद्धरण (सजावट) कराया। पुनः उस कोशलपति मधु को अपने घर ले गया। वहाँ उसने परमार्थवश उसकी इस प्रकार प्रतिपत्रि (आदर-सत्कार) की मानों अपनी प्रिया के साथ उस (कनकरथ) के विछोह की सूचना ही हो। कनकरथ ने राजा मधु को कनकासन पर क्या बैठाया, मानों उसने स्वयं ही अपनी प्रिया के विछोह को ही बुला लिया। उस कनकरथ की अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण की प्रभा के समान कनकप्रभा नामकी रानी थी। राजा मधु ने जब चंचल, सरल एवं उज्ज्वल नेत्र वाली तथा युवक जनों के मन में कामांकुर उत्पन्न कर देने वाली उस तरुणी (कनकप्रभा) को दही एवं अक्षत से अपनी आरती उतारते हुए देखा तब वह मधु राजा के हृदय में काम रूपी भाले के समान प्रवेश कर गयी।

घत्ता— उस रानी (कनकप्रभा) को देखकर मधुराजा इस प्रकार चिन्तन करने लगा—"मेरे राजापने से क्या? बली, घोड़े, हाथी, रथ एवं छत्रों से भी लाभ क्या? यदि मैंने इसे प्राप्त नहीं किया?"।। 94।।

---

(11) 1-2. अ. प्रति में यह पंक्ति नहीं है। 3. अ 'वर'।

(11) (1) दाघोतीर्ण। (2) महुराणी।

(12)

तहि दंसणे सो मयण-परव्वसु विरह राणइँ संठिउ णावइ पसु।
ठिउ अप्पउ[1] धल्लि वि[2] सयणावारे अणु-दिणु मणे चिंतंतु किसोयरि।
गेउ ण सुणइ अण्ण णउ रुच्चइ मंति सुमइ णामइ ता बुच्चइ।
देव-देव किं तुहुँ विवणम्मणु ण वि आहरणु अंगे ण विलेवणु।
5 पर-णरणाहइँ चप्पिय सीमहु रणभरे किं आसंकिउ भीमहु।
बाहिर आवासिय परिवारहो चिंतिवि मुक्क काइँ खंधारहो।
तं णिसुणेवि महुराउ पयंपइ मयण भव्वि तिलु-तिलु मइ कप्पइ।
असुहत्थी कलिमल णउ हट्टइ तल्लोवेल्लि सरीरहो वड्ढइ।

घत्ता— इय कंचणरहहो रमणि णिहालय जामहिं।
10 एह मेल्लवि महो ताय अण्णु ण रुच्चइ तामहिं।। 95।।

(13)

किं पंचाणणु तसइ गयंदहो हउ किं संकमि भीम णरिंदहो।

---

(12)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) मधु राजा अपनी कामावस्था का रहस्य अपने मन्त्री सुमति को कह देता है

वह राजा मधु रानी कनकप्रभा को देखते ही मदन से परवश हो गया। उस के विरह से वह ऐसा विह्वल हो गया जैसे पशु। वह (पगला होकर) बिछौने पर पड़ गया और मन में निरन्तर उसी कृशोदरी का चिन्तन करने लगा। न तो वह गेय गीत ही सुनता था, और न उसे अन्न ही रुचता था। तब सुमति नामक मन्त्री बोला—"हे देव, हे देव, आप अनमने क्यों हो? न तो आप आभरण धारण करते हो और न अंग में विलेपन ही करते हो। क्या शत्रुराजा भीम ने राज्य की सीमा चाँप ली है? अथवा रण में आप उस भीम से आशंकित होकर भयभीत हो रहे हो?

परिवार को बाहर ठहरा कर क्या आपने स्कन्धावार (सेना) की चिन्ता छोड़ दी है? मन्त्री का कथन सुनकर राजा मधु बोला—"(भयभीत नहीं हूँ किन्तु)" हे भव्य, मदन के कारण मेरा तिल-तिल काँप रहा है उसके कारण मेरे शरीर में तड़फड़ी हो रही है। अशुभार्थी कलि-मलों से नहीं हटता।"

घत्ता— जब से मैंने कंचनरथ की रमणी को देखा है तब से हे तात, इस रमणी को छोड़ कर मुझे अन्य कोई नहीं रुचता।। 95।।

(13)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा मधु अरिराज भीम के पास अपना दूत भेजता है

"...क्या पंचानन सिंह गजेन्द्रों से डरता है? मैं भीम नरेन्द्र से क्यों डरूँ? जिसके लिए कैटभ की साहाय्य कही

---

(12) 1. अ "णु। 2. ब "हो"। 3. अ "रवि।

जसु कइडिहु सहाउ सच्चरियउ सइँ केसरि अवरु वि पक्खियउ।
पर किं करमि उवाउ को पेच्छमि किमु पावमि एह कहिं किर गच्छमि।
तं णिसुणेवि आमच्चइ वुच्चइ एरिसु वत्थु मंतु णिच्चु[1] सुच्चइ।
अहवइ तुह अणुराउ ण भंजमि विजय-जत्त काऊण पहुंजमि।
एहु महुवयणु कुणहिं णिरु चंगउ अवसु करावमि हउँ जि समग्गउ।
तं सुमइहिं मंतिहिं वयणुल्लउ [1]भग्गउ कणयणरिंदहो भल्लउ।
पुणु वडउरहो राउ णीसरियउ भीम णरिंदहो उप्परि तुरियउ।
वलिय सेण्ण पयमरु असहंतिए आकंपिउ भए तसिय धरित्तिए।
फणि-सलवलिय चलिय गिरि ठायहो णियवि पयाणहो महुमहरायहो।

घत्ता— पेसिउ भीमहो दूउ तेणि जाएवि पवोल्लियउ।
उ[2]करि मयर रउद्दु णं समुद्दु उच्छल्लिउ।। 96।।

(14)

पसरिउ चाउरंग कल्लोलउ भीमु-भीमु एहु तुहुँ जग बोल्लउ।
रायधसक्कु पत्तु कोसलवइ समरे भिडइ जइ तो पहरणु लइ।

गयी है, वह मुझे स्वयं विपक्षी (रूपी हाथी) के लिए दूसरा सिंह समझो। परन्तु मैं क्या करूँ, कौन उपाय देखूँ? उस रानी कनकप्रभा को मैं कैसे पाऊँ? और उसे प्राप्त किये बिना मैं कैसे जाऊँ?" यह सुनकर अमात्य बोला—"हे सन्त आप ऐसा कार्य (अभी) क्यों सूचित करते हैं? अथवा, मैं आपके अनुराग को भंग नहीं करना चाहता हूँ। किन्तु विजय यात्रा करके उसका उपाय जोडूँगा। यह मेरा वचन भलीभाँति प्रमाणित कीजिए। उसके बाद आगे मैं उसकी (कनकप्रभा की) उपलब्धि अवश्य करवा दूँगा।" वह उस सुमति मन्त्री के वचन सुनकर कनक-नरेन्द्र की भलाई ही भूल गया।

पुनः वडपुर से राजा निकला और तत्काल ही भीम नरेन्द्र पर जा चढ़ा। बलवती सेना के पद भार को सहन न करती हुई पृथिवी उसके भय से काँपने लगी। मधु राजा के महान् प्रयाण को देखकर गिरि भी अपने स्थान से टल गया तथा फणी भी सलवला गया।

घत्ता— (सर्वप्रथम) राजा मधु ने अपना दूत अरिराज—भीम के पास भेजा। वह दूत भीम के सम्मुख इस प्रकार पहुँचा, मानों रौद्र समुद्र में से मकर ही ऊपर उछल पड़ा हो।। 96।।

(14)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा मधु एवं अरिराज का भीषण युद्ध

दूत ने जा कर अरिराज भीम से कहा—"चतुरंगिणी सेना रूपी समुद्र की कल्लोलें चारों तरफ पसर गयी हैं, हे भीम, अब तुम जागो और हे भीम, बोलो (अब तुम क्या चाहते हो)? हे रायधशक्र, कोशलपति राजा मधु यहाँ पहुँच गये हैं। यदि तुम उनसे समर में भिड़ते हो तो प्रहरण (आयुध) हाथ में लो। अथवा, यदि शंका

---

(13) 1. अ. ल। 2. अ. उहुकरि।

(13) (1) कथंकथयति

अह संकहि तो दडहि गढंतरे महु पडिखलइ को भरहब्भंतरे।
तं णिसुणेविणु भीमु पलित्तउ णं हुवासु घिउ-घड-सयसित्तउ।
रह-भड[1]-तुरय-थट्ट दुग्घोट्टहिं सामंतहिं अरि दलण [2]मरट्टहिं।
सण्णज्झ वि दुग्गहो उवरियउ रायध-सक्कु विरदु जें धरियउ।
भाजेवि भिड्उ तासु महुराणउँ जो संगाम-भेय बहु जाणउँ।
विहिमि वलहँ एम समरु पवट्ठिउ कासुवि कर-सिर-कमलु पवट्ठिउ[(1)]।
कोवि कुंतहिं णिब्भिण्णु महाभड कासु वि अस हत्थउ णच्चइ धडु।
केणवि कोवि समुहतु[(2)] छइल्लइँ[(3)] राउत्तु विसत्तसु रउ हउ सेल्लइँ।

घत्ता— [3]अण्णेवि खीलिय इल-वलय सहुं एकु वि टल वि ण पडियउ।
गउजीउ णाइँ कित्तिमु धड वि संभिडउ रणे भिडियउ।। 97।।

(15)

तो दप्पुब्भडु भीमइँ[1] गय-गमु[2]।
जहिं महुराणउँ णिवहं पहाणउँ।
तहिं सो लग्गउ लक्खय खग्गउ।
[3]तहो संमुहु गउ[4] .....।
महु भीमहो रणु मच्छर घण-घणु।

करते हो तो गढे के बीच दब जाओ (छिप जाओ)। इस भरत-क्षेत्र में ऐसा कौन है जो राजा मधु को पराजित कर सके।" दूत का कथन सुनकर राजा भीम क्रोध से जल उठा, मानों अग्नि पर सैकड़ों घड़े घी ही सींच दिया गया हो। रथों, भटों एवं तुरंग समूहों के दुर्घोषों तथा अरि-दलन में समर्थ सामन्तों से सन्नद्ध रायधशक्र विरुदधारी वह राजा भीम अपने दुर्ग से निकल कर आया और राजा मधु से जा भिड़ा। दोनों ही बलों का ऐसा समर होने लगा कि उसमें किसी का हाथ छिद गया तो किसी का सिर-कमल ही छिन्न हो गया। कोई महाभट कुन्तों से भिन्न हो गया, तो किसी के हाथ में असि लिए धड़ ही नाचने लगा। किसी के द्वारा कोई सम्मुख ही छेद दिया जाता है तो किसी राजा का घोड़ा हत (घायल) हो गया है फिर भी वह उसे चलाये जा रहा है।

घत्ता— अन्य दूसरे भी इल वलय (भूमण्डल) में कीलित हो गये किन्तु एक भी राजा ढीला नहीं पड़ा, मानों, जीवरहित कृत्रिम धड़ ही मिल कर रण में भिड़ रहे हों।। 97।।

(15)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) युवराज कैटभ एवं अरिराज भीम का युद्ध

एक तरफ तो दर्प से उद्भट गजगामी भीम था तो दूसरी ओर नृपों में प्रधान मधु राजा था। वहाँ वह मधु खड्ग उठा कर लड़ने लगा। वह भीम के सम्मुख गया। राजा मधु एवं अरिराज भीम में जब अत्यन्त मात्सर्य भाव से घनघोर भयंकर रण चल रहा था उसी समय लम्बी ध्वजा फहराता हुआ, पद से गज को प्रेरित करता

---

(14) 1. ब. 'र। 2. ब. भ"। 3. अ. वि'।

(14) (1) प्रविष्ट। (2) सन्मुख। (3) छेदित।

(15) 1. अ. भेसइँ। 2. अ. "पडु"। 3-4. अ. प्रति में यह चरण नहीं है।

जाम पयट्टइ अवसरु वट्टइ।
ता लंबिय-घउ पय चोइय गउ।
सुणेवि महारउ झत्ति समागउ।
[5]समरि अकायरु महुहि सहोयरु।
कयडिहु कय छिलु मार्गदर्शक :- ब्रह्मचारी सिद्धिसागर जी महाराज
तेणि अरिर वारिउ रणे पच्चारिउ।
बलु ऊरइ तुहुँ जोव[6]इ मुहु-मुहु[7]।
ता भड [8]भीमइँ णिय करि[(1)] भीमइँ।
चोइउ तेत्तहिं कयडिहु जेत्तहिं।
बेवि महाभड सूडिय गय-घड।
भिडिय समच्छर तोसिय अच्छर।
कइडिहु करिवरु किउ सो जज्जरु
संठिउ णिच्चलु हुउ विउलंघलु।

घत्ता— तो तहि कइडिहेण लहुविज्जकरणु[9] [10]संठविउ।
णिय करे [11]कंधि ठिउ उप्फिडिवि भीमु रणे वद्धउ।। 98।।

(16)

अवर केवि भड खग्गालिंगणे धीरिय केवि-केवि णिहय रणंगणे।

हुआ, महाशब्दों को सुनता हुआ कैटभ शीघ्र ही वहाँ आ गया। वह कैटभ समर में अकायर (वीर), मधु का सहोदर भ्राता, अपने भुजबल को प्रकट करता हुआ वहाँ आया। उसने अरिराज भीम को रोका, रण में फटकारा और कहा—"तेरा बल नष्ट हो गया है इसलिए बार-बार मेरा मुँह देखता है?" तब योद्धा भीम ने अपने भीम नामक भयानक हाथी को कैटभ की ओर चलने को प्रेरित किया। दोनों ही महाभट गजों की घटाओं को काटते हुए मत्सर भाव सहित तथा अप्सराओं को सन्तुष्ट करते हुए भिड़ गये।

कैटभ का जो उत्तम गज था, उसे भी भीम ने जर्जर कर दिया तथा वह घबरा कर निश्चल हो गया।

घत्ता— कैटभ ने लघुविद्य नामके हाथी को ला खड़ा किया। भीम भी अपने हाथी के कन्धे पर उछल कर जा बैठा और रण में बढ़ा।। 98।।

(16)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) अरिराज भीम को पराजित कर राजा मधु वापिस घर लौटा।

वसन्त-ऋतु का आगमन

और अन्य कोई भट् खड्ग के आलिंगन में काम आये तो कोई (भट) कोई रणांगण में धर कर मारे गये।

---

(15) 5. अ ख। 6-7. अ. महु जोवहिं मुहुं। 8. ब सीमइँ। 9. अ खेत्तु। 10. अ सन्नद्धउ। 11. अ. ख।

(15) (1) भयानकेन्।

भीमु वि कइडिहेण महुरायहो दक्खालिउ जयलच्छि सहायहो।
महुरायइं णियणयरहो आणिउँ मोक्कल्लिवि राव[1]र सम्माणिउँ।
तेण[(1)] वि तहे पुरे णयणाणंदिरे लइय दिक्ख जाएवि जिण-मंदिरे।
णिव वि पवेसिय णिय-णिय ठाय[2]हो सा कणयप्पह पुणु महुरायहो।
णट्ट सल्लु जेम हियइँ चहुट्टइ तल्लोवेल्लि सरीरहो वट्टइ।
रावउ वि सेउ तणु कंपइ तहे अवसरे पुणु सुमइ पयंपइ।
सा आणमि इह केण उवायइँ तं णिसुणिवि जंपिउ महुरायइँ।
ताय-ताय मा मइ उप्पेक्खहि[(2)] तेम करि जेम जीविउ महो रक्खहि।
ता मंतिहि उवाउ चिंतिज्जइ णायक्कहं[(3)] आणउँ पेसिज्जइ।
णिय-णिय अंतेउरहँ सवाणा आणावमि णासेस वि राणा।
ताम वसंतु-राउ संपत्तउ फग्गुणि णिय दूवउ पेसंतउ।
तेण[(4)] णिब्भच्छिउ जाम सियालउ केसु कलियो मिसेण मुहु कालउ।
ठिउ करेवि ता पत्तहिं मुक्कउ सो जाएवि केयार पढुक्कउ।
अवरु वि जो अवमाणिउ[(5)] णरवरु अवसु स रइ भउ भरइ मेल्लिवि घरु[(6)]।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

कैटभ ने जयलक्ष्मी की सहाय वाले मधुराजा के लिए भीम को दिखाया (अर्थात् जीवित बँधा दिया)। मधुराजा भीम को अपने नगर ले आया। बंधन छोड़कर उस (भीमराज) का समुचित सम्मान किया। उस भीम ने भी नयनानन्ददायक पुर में जिनमन्दिर में जाकर दीक्षा ले ली। अन्य राजागण भी अपने-अपने स्थानों पर चले गये।

(राजा भीम के वश में हो जाने के कारण—) नष्ट शल्य उस मधु राजा के हृदय में कनकप्रभा वाली वह शल्य पुनः चुभने लगी। उसके लिए उसके शरीर में पुनः तड़फडी होने लगी। उसके अनुराग के कारण राजा को पसीना आने लगा, शरीर काँपने लगा, उस अवसर पर सुमति मन्त्री पुनः बोला—"उस कनकप्रभा रानी को किस उपाय से लाऊँ?" यह सुनकर राजा मधु बोला—"हे तात, हे तात मेरी उपेक्षा मत करो। ऐसा उपाय करो, जिससे मेरे जीवन की रक्षा हो।"

तब मन्त्री सुमति ने हितकारी उपाय सोचा कि (क्यों न) नायक राजाओं को (दूत द्वारा) आज्ञा प्रेषित की जाय और अपने-अपने अन्तःपुर सहित सब राजाओं को यहाँ बुलाया जाये?"

उसी समय ऋतुराज वसन्त आ पहुँचा। उसने अपना फाल्गुनमास नामका निज दूत भेजा। उस दूत ने सियाला (शीतकाल) को डाँटा। तब वह सियाला केशु (पलाश) की कली के मिष से काला मुँह करके स्थित हो गया। तब पत्रों ने उसे छोड़ दिया (पतझड़ होने लगा)। अतः वह शीतकाल जाकर केदार में (हिमालय में) दुक गया, और भी जो अपमानित नरवर घर (पत्नी) को छोड़ कर चले गये थे। वे भी रति से अवश (विवश) हो कर भय (वधु) को स्मरण करने लगे (जो पात्र केदार चले गये थे वे घर को आने लगे)।

---

(16) 1. अ. 'उले। 2. अ. 'ण'।

(16) (1) भीमेन। (2) अवगणय। (3) सुभटानां। (4) फागुणदूतेन। (5) अपमानेन। (6) निजस्थानं।

घत्ता— पत्तु वसंतु तुरंतु विरहीयण संतावण।
वणसइ कुसुम मिसेण णं [3]णिय सिय[4(7)] दरिसावणु।। 99।।

(17)

कत्थइँ विविह जीव साधारहो[(1)] रेहइ वणि मंजरि साहारहो[(2)]।
कत्थवि रत्त-पत्त कंकेलिहिं[(3)] वणे पइसइ णिज्झर केल्लिहिं।
कत्थवि उण्णइँ पत्त-वि[1]यंगइ मारइ विरहो वि विणु वि पियंगइ।
कत्थवि णिरु कुसुमिय वर-पडुल सरि-कीलंति विविह वर-पडुल।
5 कत्थइँ णिय वि रिद्धि मोग्गयेरहो[(4)] सइरिणि सण्ण करइ भोग्गयरहो।
कत्थवि वणे विलसइ कोइलसरु अरुहु मुअवि भंजइ कोइलसरु।
कत्थवि पढम कलिय वेइल्लइ दरसिय वण-लछिहिं[(5)] वेइल्लइ।
कत्थवि कुंदु हसिउ दवणउँ पिय-विरहियहँ जीव वि दवण्णउँ।

घत्ता— कुंकुम-जल-सि[(6)]चणउं खंडुक्खलिय ण भावइ।
10 अणिमिस-लोयणु राउ कंचणपह मणे भावइ।। 100।।

घत्ता— विरही जनों को सन्ताप देने वाला वसन्त तुरन्त आ गया। मानों वनस्पतियों के पुष्पों के मिष से वह अपनी शोभा दिखलाने लगा।। 99।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(17)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) ऋतुराज वसन्त का वर्णन। विरह-व्याकुल राजा मधु केवल कनकप्रभा के चिन्तन में रत था

कहीं पर वनों में विविध जीवों के लिए आधारभूत आमों की मंजरियाँ सुशोभित होने लगीं। कहीं कंकेलि वृक्षों में लाल-पत्र आ गये, तो कहीं वन में निर्झरों के किनारे सुन्दर केलों ने प्रवेश किया। कहीं उपवनों में प्रियंगु वृक्षों के पत्ते उन्नत हो रहे थे, तो विरह भी प्रिया के अंग के बिना भर्तार को मारने लगा। कहीं पर वर पटल (गुलाब) कुसुमित हो रहे थे, तो कहीं पर सरोवर में विविध वर पटल (लाल कमल) क्रीड़ा कर रहे थे। कहीं मोगरा (मुक्तराग) पुष्पों की ऋद्धि देखकर स्वैरिणी स्त्री (एकान्त में) भोगीवरों को संज्ञा करती थी। कहीं वन में कोकिल का स्वर शोभता था तो कहीं कोकिल स्वर वाली स्त्री और को छोड़कर भाग रही थी।

कहीं वनलक्ष्मी ने सुन्दर वेला की प्रथम कली दिखायी, तो कहीं शुभ्र कुन्द पुष्प, और कहीं प्रिया के विरहीजनों के जीव (मन) को पिघलाने वाला द्रोण पुष्प हर्षित हुआ।

घत्ता— उस मधु राजा को कुंकुम (केशर) जल का छिड़काव अथवा खंडोत्कलित पानक भी नहीं भाता था। अनिमिष लोचन (टकटकी लगाये) राजा के मन में केवल कनकप्रभा ही भाती थी।। 100।।

---

(16) 3-4. अ. प्रति में नहीं है।

(17) 1. अ. दि।

(16) (7) सोभा।

(17) (1) आधारीभूतण। (2) आम्रस्य। (3) अशोकस्य। (4) मुक्तारागस्य। (5) वणलक्ष्मी दर्शिता। (6) जलकीला।

(18)

ता सामंत-[1]चक्कु संपत्तउ
कणयप्पह[1] सहियउ कंचणरहु
सयलहं वर आहरण सुवत्थइँ
कंचणरहहो हत्थि संजोइवि
सयल विसज्जिय पुणु संखेवइँ
भणिउ जाउ तुम्हणँ णिय-णयरहो
कणयप्पहहे जोग्ग सिंगारवि
सिज्झहिं जाम-ताम इह अच्छउ

णिय-णिय अंतेउर संजुत्तउ।
कोसलपुरि पइट्ठु वडउर पहु।
ढोइयाइँ राएण पसत्थइँ।
वर आहरण-तुरंगम ढोएवि।
कणयरहु वि तोसिवि महुएवइँ।
णंदण-वण घण कीलिर-खयरहो।
कंकण-कडिसुत्तय मणिहारवि।
पुणु सुपसाहणु भूसिय गच्छउ।

घत्ता— महुरायहो वयणेण आएसु मणेण मुणेप्पिणु।
गउ वडउरवइ जाम राणिय तहिं जि थवेप्पिणु।। 101।।

(19)

णिय परिवार सहिय कंचणपह अच्छइ जाम [1]जच्च कंचणपह[1]।

---

(18)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) राजा मधु के आदेश से कनकरथ अपनी युवती सुन्दरी रानी कनकप्रभा को उसीके यहाँ छोड़ देता है

राजाज्ञा सुनते ही समस्त सामन्त चक्र अपने-अपने अन्तःपुर सहित वहाँ आ पहुँचे। वटपुर का प्रभु कंचनरथ भी कंचनप्रभा के साथ कोसलपुरी आया। राजा मधु द्वारा उन आगत सभी सामन्तों को उत्तम आभरण एवं सुन्दर वस्त्र (सिरोपाव) प्रदान कराये गये। कंचनरथ को तो सँजो कर हाथी तथा उत्तम आभरण सहित, तुरंग प्रदान किये पर अन्य सभी को यत्किंचित् कुछ-कुछ देकर विदा किया गया। राजा मधुदेव ने कनकरथ को विशेष रूप से सन्तुष्ट कर कहा—"तुम विद्याधरों की घनी क्रीड़ाओं के योग्य नन्दनवन से युक्त अपने नगर को वापिस लौट जाओ। कनकप्रभा के योग्य शृंगार के लिए कंकण, कटिसूत्र, मणिहार (यहाँ बनवाये जा रहे हैं वे) जब तक नहीं बन जाते, तब तक वह कनकप्रभा यहीं बनी रहे। पुनः उनके बन चुकने पर उन्हीं से प्रसाधित, आभूषित होकर ही वह यहाँ से जावे।"

घत्ता— राजा मधु का कथन सुनकर तथा उसके आदेश को अपने मन में समझ कर वडपुरपति वह कनकरथ रानी कनकप्रभा को वहीं छोड़कर वापिस लौट गया।। 101।।

(19)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) राजा मधु रानी कनकप्रभा के पास दूती भेजता है।

सन्ध्या एवं रात्रि-वर्णन

जात्य कंचन के समान प्रभावाली वह रानी कनकप्रभा जब अपने परिवार के साथ वहाँ रही तभी राजा

---

(18) 1. अ. "वग्गु"।

(19) 1. अ. तत्थ।

(18) (1) कचणरथ हस्तेन कृत्वा।

(19) (1) स्वर्णप्रभा।

ता महुणा मयणग्गि पलित्तें गोसीरु घणसार पसि[2]त्तें।
अइवड्ढिएण गरुय अणुरायइं दूइय ताहि[2] विसज्जिय रायइँ।
ता संकोयवि[3] णियय पयंगइ[4] अत्थ-सिहरि आसरिय पयंगइ।[5]
णिवइ अण्णय[6]- रोसएँ णं रत्तउ अह पच्छिम-दि[3]ह वेसहि रत्तउ।
अह रत्तो वि विविह पहरा हउ[7] कोण अत्थवइ विविह पराहउ[8]।
अवरण्हइँ णिवडंतइँ सूइँ संज्झा[9] रत्त-लित्त जहिं सूरइँ।
तणु पक्खालणत्थ तहिं [4]चल्लिउ णं अप्पउ जलरासिहिं वोल्लिउ।

घत्ता— तहि अत्थाणु करेवि थिउ दससय-करु जामहिं।
ढुक्किय उडु दसणट्ठ णिसिवि णिसायरि तामहिं।। 102।।

(20)

विप्फारिय णह-पायाल-वयणि पज्जलिय पईवारत्त णयणि।
अलि-कसण-काय णिण्णट्ठ मग्ग रवि भडउ गिलिवि णं गयणि लग्ग।
एत्थंतरे तम[1] दुज्जण णिसुंभु णं सिंगार मय णिहाण-कुंभु।

मधु की गोशीर (चन्दन) और घनसार (कर्पूर) से सींची हुई वह मदनाग्नि और भी अधिक भभक उठी। अत्यन्त बढ़े हुए अनुराग के कारण राजा मधु ने अपनी एक दूती को कनकप्रभा के पास भेजा। उस समय अपनी किरणों को संकुचित कर पतंग (सूर्य) अस्ताचल के शिखर पर आश्रय ले रहा था, मानों मधुराजा के अन्याय पर रोष के कारण रक्तवर्ण होकर वह (सूर्य) पश्चिम दिशा में जाकर छुप गया हो। विविध प्रहारों से आहत प्रेमी भी अनेक प्रकार से तिरस्कृत होकर क्या छिप नहीं जाता? सन्ध्या की लालिमा से लिप्त सूर्य उसी प्रकार (समुद्र में) गिर गया जिस प्रकार समर-भूमि में लड़ता हुआ शूर-वीर अपराह्न में खून से लथपथ होकर गिर जाता है। इसीलिए मानों उस सूर्य ने चलकर अपने शरीर के प्रक्षालन-हेतु अपने को समुद्र में डुबा दिया है।

घत्ता— वहाँ स्थान पाकर दशशत कर सूर्य जब ठहरा हुआ था तभी रात्रि में निशाचर (चन्द्र) उडुदर्शन के लिये आ ढुका (आ पहुँचा)।। 102।।

(20)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) चन्द्रोदय वर्णन

आकाश से पाताल तक वदन (मुख) फैलाए हुए प्रज्ज्वलित प्रदीप के समान रक्त किरण रूपी नेत्रों वाले भ्रमर के समान कृष्ण वर्ण वाले तथा नष्ट (भूले हुए) मार्ग उस सूर्य रूपी भट को निगल कर मानों चन्द्रमा आकाश में लग गया (अर्थात् रात्रि आ गयी)।

इसी बीच अन्धकार रूपी दुर्जन का दमन करने वाला शृंगारमय निधान (खजाने) के कुम्भ कलश के समान

---

(19) 2. अ. लि। 3. अ. स। 4. अ. वो।

(20) 1. ब. 'स।

(19) (2) तस्या:। (3) संचोच्य। (4) किरणा। (5) सूर्येण। (6) भूपस्य अन्याय रोषेण। (7) बलु: प्रहरैहत:। (8) प्रहारघातै: कनय:। (9) संझारक्ते न लिब्धेन सूर्येण।

दंतछइँ रुइसर खग्गे भाइ णह सायरि फेण व थक्कु णाइँ।
5 कामुय[1] कल-कीला भामिणीहिं दप्पणु वसु सामा-कामिणीहिं।
णं आयवत्तु रइ-सामियहो[2] सिर-रयणु व गोवइ-[2]सामियहो[3]।
रइ-पल्लंकु व किं फलिहो मउ णह-हरिणा णं करे संख कउ।
दिक्कण्णहिं णावइ कु[3]दुवउ पंचेसु णिसाण[4]-[4]साण हुवउ।
किं अमउ महेवि णवणियं थवेक्कु सिसु राहुहि पीडिय कज्जे मुक्कु।
10 घत्ता— णं कइरवु कोसाउ कढेवि अलि रिंछोलि असि।
माणंसिणि[5] हियय‍त्थु णिहणइँ[6] माण विवक्खु[7] ससि[8]।। 103।।

(21)

ससि जोण्हालंकिय भुवणयले अविला[1]स-सुहास कास धवले।
णिम्मलु भणेवि मइँ जाणियउँ जगु णं खीरोवहि ण्हाणियउ।
सुणिइय वि ण वायसु-हंसु णहिं दीसइ सव्वु वि सियवण्णु जहिं।

तथा दाँतों की छवि को रुचिकर बनाने वाला चन्द्रमा आकाश के अग्रभाग में इस प्रकार सुशोभित होने लगा, मानों आकाश रूपी समुद्र में फेन पुंज ही इकट्ठा हो गया हो अथवा वह (चन्द्र) कामुक जनों की मनोहर क्रीड़ा करने वाली भामिनियों और सुश्यामा (तरुणी) कामिनी जनों का दर्पण ही हो, अथवा, मानों रति के स्वामी कामुक जनों का आतपत्र (छत्र) ही हो अथवा मानों गोपति-स्वामी—शिवजी के सिर का रत्न ही हो अथवा क्या वह स्फटिक-मणि द्वारा निर्मित रति का पलंग था? वह ऐसा प्रतीत होता था मानों आकाश रूपी विष्णु ने अपने हाथ में शंख धारण कर लिया हो। वह चन्द्र दिक्कन्याओं की गेंद के समान प्रतीत होता था, अथवा मानों पंचेषु (कामदेव के पांचों वाणों) की धार तेज करने के लिए शान (पत्थर) ही हो। अथवा वह क्या अमृत-मंथन करके निकला नवनीत का एक थव (पिण्ड) है? या राहु को पीड़ित करने के लिये छोड़ा हुआ कोई शिशु?

घत्ता— मानिनी नारियों के हृदय में स्थित मान को खण्डित करने वाला वह चन्द्र ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों कुमुदों के निकले हुए कोश पर कोई भ्रमर पंक्ति ही विराजमान हो।। 103।।

(21)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) चन्द्रोदय-वर्णन, दूतियाँ रानी कनकप्रभा को समझा कर राजा मधु के सम्मुख ले आती हैं

उस समय चन्द्र-ज्योत्स्ना से अलंकृत भुवनतल ऐसा (शुभ्र) प्रतीत हो रहा था मानों वह शेष नाग के सहास्य अथवा धवल कांस्य से व्याप्त हो। लोक उस भुवनतल को निर्मल कहते हैं, किन्तु मैं तो यह जानता हूँ कि जग ने मानों क्षीरोदधि में स्नान ही कर लिया है। लोक आकाश में काक को देखकर भी कहते थे कि यह काक नहीं, हंस है। इस प्रकार जहाँ रात्रि में (चांदनी से) सभी वस्तुएँ धवल दिखाई देती हैं, जहाँ सरोवर के तीर पर चकवी

---

(20) 2. अ गां। 3. अ. 'डु'। 4. अ. 'म'।

(20) (1) कामुकः मनोज्ञः। (2) कामुकस्य। (3) ईश्वरस्य। (4) पंचाणधर्षण प्रमाण। (5) मानवतीनां। (6) नत्तुमनावणं। (7) स्फोटयति। (8) माणस्यससुं चंद्रः।

(21) (1) शेष।

सरि चक्कि णिहालइ जहिं स पिउ गउ कहिमिणि णिसागमेक्खु सवि ठिउ।
चंचू[2] उडि भिसिण दलेण दलु उच्चछल्लइ सरि डोहड सलिलु।
वल्लह विउउ असहंति[3] तहिं कुरलइँ वि सदुक्खु[4] रहंगि जहिं।
ता पयडिय विविह विहूइयहिं कणयप्पह राणिय दूइयहिं।
सवउम्मुहं आणिय णरवरहो गणियारि वणं सिंधुर वरहो।

घत्ता— महुराएँ समुहंति सा वि णिहालिय तक्खणेण।
रणे सत्तिहि भिण्णेण णाइँ विसल्ला लक्खणेण।। 104।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागरजी महाराज

(22)

सामाहिवइमासणे णिय अद्धासणे सइँठविया दिग्गय-गय-गामिणी णिय गोसामिणि परिठविया।
पुणु णिरु वावरंगउ हुवउ संचगउ तेण सहु माणिउ सुरयहो सुहु हय विरहहो दुहु तेहिं लहु[1]।
दरसिय भू भावणु[2] णिरु कोद्धावणु रइ-रमणु खलिक्खर जंपणु अहर समप्पणु अवि समणु[3]।
बहु हाव-भाव धरु णिरु विब्भम भरु कय करणु सविलासि णिरक्खणु अणकयसिक्खणु[4] मणहरणु।
एम सयणे रमंतहँ कील करंतहँ उडु णयणे कंचणपह देविहिं सहु सिय सेविहि गय रयणि।

रात्रि में अपने प्रिय पति को बैठा हुआ देखकर भी निशा के आगमन पर (भ्रमवश) "मेरा चक्रवाक कहाँ चला गया?" यह कह कर चिल्लाती हुई चोंच उठा-उठा कर वह सरोवर के जल में विसिनी (कमलिनी) के दल से दल को मार कर उछालती रहती है और इस प्रकार वह चकवी वल्लभ के वियोग को नहीं सहती हुई दुःख सहित जहाँ रात्रि में कुर-कुर ध्वनि करती रहती है।

इस प्रकार की रात्रि विविध-विभूतियों को प्रकट करने वाली दूतियों के द्वारा वह रानी कनकप्रभा राजा मधु के सन्मुख लायी गयी। वह ऐसी प्रतीत हो रही थी मानों वन में गज श्रेष्ठ के सम्मुख हस्तिनी ले आयी गयी हो।

घत्ता— राजा मधु ने सन्मुख लायी गयी उस कनकप्रभा को तत्क्षण ही उसी प्रकार देखा जिस प्रकार रण में शक्ति से भेदे हुए लक्ष्मण ने विशाला को।। 104।।

(22)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में–) राजा मधु एवं रानी कनकप्रभा की काम-केलियों का वर्णन

दिग्गज-गामिनी वह श्यामा—रानी कनकप्रभा राज्य सिंहासन के, रानी के लिए प्रतिष्ठापित अर्धासन पर स्वयं आकर बैठ गयी। राजा मधु के साथ नई-नई रंगरेलियाँ हुईं और वह उसके साथ शैयागत हो गयी। उसने सुरत-सुख देकर राजा मधु के विरह दुःख को शीघ्र ही दूर कर दिया। रानी ने अपनी क्रुद्ध भ्रकुटियों से कामवेग की भावना प्रकट कर रति-रमण भाग को दिखा-दिखाकर तथा लड़खड़ाती वाणी से प्रेमालाप स्वतः ही अधर-समर्पण, चुम्बन, आलिंगन आदि अनेक प्रकार के हाव-भाव स्वामिनी, विभ्रम-विलासों से भरी चेष्टाओं वाली उस विलासिनी ने बिना किसी द्वारा सिखाये गये मनोहर विलासों से उसे रत रखा। इस प्रकार शैया पर सखियों द्वारा सेवित मृगनयनी उस रानी कनकप्रभा के साथ रमा करते तथा काम-क्रीड़ाएँ करते हुए रात्रि व्यतीत हो गयी।

---

(21) 1. अ. सो।

(21) (2) स्या चंचुपुटे दलेन कूवादलं उच्चलयते तया जलः शोभते।
(3) सुप्ररूप समस्त जात। (4) चकवाकं।

(22) (1) मधुना। (2) वनणः। (3) निजमनः। (4) स्वयमेवगुणाजातः।

रावलि महुरायहो लच्छि सहायहो तम्मि खणे जय मंगल वज्जिय पडह सुसज्जिय वंदि घणे।
तम णि[1]यर पहंजणु जण-मण रंजणु अरुणछवि ता पवर महीहरे उदयगिरिहि[5] सिरे उइउ रवि।
कंकेल्लहिं पत्तुव अरुणछत्तुव दिसि गणिहे णं तहि मुह-मंडउ कुंकुम-पिंडिउ घण थणहे।

घत्ता— पुहवीसरु जं कुणइं तंपि अज्जुत्तु-विजुत्तउ।
किं राउलिय कहाए णायर-जणेण पउत्तउ।। 105।।

(23)

परयारासत्तइँ पत्थिवेण सा अग्गमहिसि परिठविय तेण।
भिच्चयणु[1] जि कंचणरहेण[2] मुक्कु गउ सो जाएवि वडउरहो ढुक्कु।
तिणि वइयरु कहिउ असेसु जाम मुच्छाविउ सो कणयरहु ताम।
अहिसिंचिउ सलिलइ सीयलेण पडिवाइउ चल[1]-चमराणिलेण।
उट्ठाविवि बोल्लिउ परियणेण तुहु आउ समप्पिवि सहि करेण।
एमहिं भवि सूरहि सामि साल परहत्थ जाय सा भुयविसाल।

प्रभात होते ही अपनी सहाय वाले उस राजा मधु की शीघ्र ही निद्रा खुल गयी। जयमंगल ध्वनि होने लगी। पटु-पटह बजने लगे और बन्दीजन सुसज्जित हो गये। तभी तम रूपी रज के लिए प्रभंजन (वायु), जनों का मनोरंजन तथा अरुणछवि (लाल कान्ति) युक्त रवि महीधर प्रवर उदयगिरि के शिखर उदित हुआ। वह ऐसा प्रतीत होता था, मानों कंकेलि का रक्त-पत्र ही हो। अथवा मानों दिग्गजों पर लाल छत्र ही तन गया हो, अथवा मानों घनस्तनी नारियों के मुख का मण्डन करनेवाला कुंकुम-पिण्ड ही हो।

घत्ता— पृथिवीश्वर जो कुछ भी करता है वह अनुचित होने पर भी उचित के समान ही माना जाता है। राजकुल की कथा-वार्त्ता को नागरजन से कहने में क्या लाभ?।। 105।।

(23)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में–) राजा मधु रानी कनकप्रभा को पट्टरानी का पद प्रदान करता है। उधर राजा कनकरथ इस समाचार को सुनकर विक्षिप्त हो जाता है

परदारासक्त उस पार्थिव मधु ने रानी कनकप्रभा को अग्रमहिषी पद पर स्थापित किया। उस रानी की सुरक्षा के लिए राजा कनकरथ ने जिनभृत्य-जनों को छोड़ा था, वे अब वडपुर वापिस लौट गये। जैसे ही उन भृत्यों ने राजा मधु की करतूतों का समस्त वृत्तान्त कहा वैसे ही वह राजा कनकरथ मूर्च्छित हो गया। उन्होंने शीतल सलिल से राजा का अभिसिंचन किया, चंचल चमरों की वायु से उसकी प्रतिपत्ति—उपचार किया परिजनों ने उसे उठाकर कहा—"तुम स्वयं अपनी रानी को उसके लिए समर्पित कर आये हो।"

हे स्वामिन्, हे साल श्रेष्ठ, हे भुजविशाल, अब तो वह रानी परहस्तगत हो गयी। वह लोक में शूरवीर राजा

---

(22) 1. ब. णिरय।

(22) (5) उदयाचले।

(23) 1. अ. वर।

(23) (1) किंकरसमूह। (2) तत्रधरित।

रंखोलिर कंकण णेउरेण दि[2]हि करहि इयर अंतेउरेण।
इय वयणु चवइ जो मंति कोवि असि-दंड पहारहिं हणइँ सोवि।

घत्ता— कंचणपह विरहेण जोव्वण[3] रू[4]व समिद्धउ।
10 मार्गदर्शक :- हुउ बाउलउ खणेण सो कणयरहु पसिद्धउ।। 106।।

इय पज्जुण्ण-कहाए पयडिय धम्मच्छ-काम-मोक्खाए। कइसिद्ध विरइयाए[5] छठी संधी: परिसमत्तो।। संधी: 6।। छ।।

द्वारा अधिकृत कर ली गयी है। अत: अब खन-खन बजने वाले कंकण एवं नूपुर वाली अन्य अन्त:पुर की रानियों से धृति धारण करो।" इस प्रकार के वचन जब किसी मन्त्री ने कहे, तब वह राजा असि के और दण्ड के प्रहारों से उसे मारने लगा।

घत्ता— यौवन और रूप से समृद्ध प्रसिद्ध वह राजा कनकरथ रानी कंचनप्रभा के विरह के कारण उसी समय से बावला (पागल) हो गया।। 106।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली सिद्ध कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में मधु-कैटभ के कथान्तर तथा कनकप्रभा के अपहरण सम्बन्धी **छठी सन्धि** समाप्त हुई। ।। सन्धि: 6।। छ।।

---

(23) 2. अ. हिं। 3. अ. 'ल। 4. अ. र'। 5. अ. मधु कइडिह कहंतर कण्णप्पहावहरणं णाम।

सत्तमी संधी

(1)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री

सुसहायहो[1] तहो महुरायहो कंचणपहहि समाणहो।
भुंजंतहो कील कुणंतहो रइ-रस अणुहरमाणहो।। छ।।

उज्झाउरि पवर णरेसरहो अरि-तम-भर णिट्ठ वणेसरहो।
तहो रज्जु कुणंतहो णरवइहो लच्छी-पउमिणि माणससरहो।[2]
उत्तुंग मत्त सिंधुर-गइहो कंचणमालहे तहो णरवरहो।
छहरिउ[1] पयडण कुच्छरहँ गयहिमि कयवय संवच्छरहँ।
सो वडउरवइ पिय विरहरत्तु कंचणपह पवर गहेण भुत्तु।
खणे रुवइ-हसइ खणे गेउ करइ खणे पढइ खणे चितंतु मरइ।
खणे णच्चइ खणे उब्भाइ-धाइ खणे अण्ण कवलु उवब्भुब्भु खाइ।
खणे लुट्टइ खणे णिय वेसु[2] मुवइ खणे पाय-पसारिवि पुणु वि रुवइ।

सातवीं सन्धि

(1)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन प्रसंग में–) विक्षिप्तावस्था में राजा कनकरथ अयोध्या पहुँच जाता है, जिसे देखकर कंचनप्रभा की धाय रोने लगती है

जिसके अनेक सहायक हैं ऐसा वह राजा मधु कंचनप्रभा के साथ भोग भोगता हुआ क्रीड़ाएँ करता हुआ रति रस का अनुसरण कर रहा था।। छ।।

शत्रु-रूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिए सूर्य के समान तथा अयोध्यापुरी के प्रवर नरेश्वर के रूप में राज्य करते हुए उस राजा मधु के मानस रूपी मानसरोवर में राज्यरूपी लक्ष्मी एवं कनकप्रभा रूपी पद्मिनी दोनों का ही निवास था। उत्तुंग मत्त सिन्धुर के समान गति वाली रानी कंचनमाला (कंचनप्रभा) और राजा मधु के छह ऋतुओं के अनुकूल उत्सवों को मनाते-मनाते सहज ही अनेक वर्ष बीत गये और इधर वडपुर का अधिपति प्रिया के विरह से उन्मत्त वह कनकरथ कंचनप्रभा रूपी प्रवर ग्रह से ग्रस्त होने के कारण क्षण में रोता था तो क्षण भर बाद हँसता था और क्षण भर में गाने लगता था। किसी क्षण वह (कुछ) पढ़ता था तो किसी क्षण वह चिन्तन करता हुआ मृत के समान हो जाता था। क्षण भर में वह नाचने लगता था तो क्षण भर में खड़ा होकर दौड़ने लगता था। क्षण भर में अन्न का ग्रास खड़े-खड़े खा लेता था, तो क्षण भर में लोटने लगता था, क्षण भर में अपना वेस छोड़ देता था, तो क्षण भर में पैर पसार कर वह बार-बार रोने लगता था। इस

---

(1) 1. अ. परि। 2. ब. 'तु।

(1) (1) यस्य प्रचुर सहाया:। (2) मानसरोवरस्य।

एम गाम-णयर-कव्वडु भमंतु सो कंचणपह राणियहे कंतु।
विहि संजोएण कोसल पइट्ठु धाइए सउहलय ठियाएँ दिट्ठु।
ऊलक्खिवि वाहुब्भ[3]रिय णयणु सों पुंछइ सो कंचणपह सुवयणु।
हे माइ-माइ तुहु रुवहि काइ भणु हिय उल्लइ दुक्खाइँ जाइ।
15 एत्थंतरे धाइ भणिउ पुत्ति संसारि विसम फुडु[4] दइव जुत्ति।

घत्ता— कय कम्मह एक्कहँ जम्महँ जम्म सहासु वि सीसइ।
भव[5] परिणइ दुक्खहो गइ [3]सए पच्चक्खु वि दीसइ।। 107।।

(2)

कंचणरहु जो तुह आसि कंतु सो दिट्ठउ मइँ रच्छहे भमंतु।
गले घल्लिउ जक्खं थरय-खंडु चिर फरुस सीसु णिव्वाय तुंडु।
मल-मलिण दसणु जय-कय विराउ विरहग्गि दट्ठु धूसरिय काउ।
ता णिब्भंछिय[1] कंचणपहाए किं जंपहि असुहावणउ माए।
5 सो धीरु-वीरु कुसुम-सर (य) तुल्ल तहो धड इव किं एरिसउ बोल्ल।

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

प्रकार ग्राम, नगर, खर्वटों में घूमता हुआ "भो कंचनप्रभा", भो कंचनप्रभा चिल्लाता हुआ रानी कंचनप्रभा का पति वह कनकरथ विधि (भाग्य) के संयोग से उसी कोशलपुरी में प्रविष्ट हुआ। उसे सौधतल पर स्थित एक धाय ने देखा।

उसे देखकर उस धाय के नेत्रों में आँसू भर आये। रानी कंचनप्रभा ने उससे पूछा—"हे माता, हे माता, तू क्यों रोती है। तेरे हृदय में भरे हुए जो दुःख हैं उन्हें कह।" यह सुनकर धाय ने कहा—"हे पुत्रि, संसार में दैव की युक्ति सचमुच ही बड़ी विषम है।"

घत्ता— "एक जन्म का किया हुआ कर्म हजारों भवों तक भोगना पड़ता है। भव की परिणति ही दुःखों की गति है, सो यहाँ प्रत्यक्ष ही दिखायी दे रही है।। 107।।

(2)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) अपने प्रियतम कनकरथ की दुःस्थिति रानी कनकप्रभा राजा मधु को सुनाती है

".....कंचनरथ जो तुम्हारा पहला पति था, उसे मैंने गली में घूमते हुए देखा है। जो अपने गले में कथरी का टुकड़ा लटकाये हुए है, सिर के बाल चिरकाल से रूखे हो रहे हैं तथा मुख कान्तिहीन हो रहा है। उसके दाँत मल से मलिन हैं तथा जो अस्वाभाविक बोली बोल रहा है। धूलि-धूसरित वह विरहाग्नि से जल रहा है। यह सुनकर कंचनप्रभा ने उस धाय को डाँटते हुए कहा—"हे माई, ऐसे असुहावने शब्द क्यों बोल रही है? मेरा पहला पति तो धीर-वीर एवं कामदेव के तुल्य है। उसको धीठ की तरह इस प्रकार के बोल क्यों बोल रही हो?"

---

(1) 3. अ. सुणि।

(1) (3) प्रवाह। (4) कर्मयुक्ते। (5) संसार परिणति।

(2) (1) निरभ्रष्ट।

ता धाइए मंचोवरि ठियाइँ.... दक्खालिउ पुणरवि सो वि ताहें।
दिट्ठउ जाणिउँ कंचणपहाए बुच्चइ एहु जि सो माइ-माइ।
हा पिय-पिय महु विरहाणलेण एवड्डो वत्थहिं गयउ तेण।
हउँ पाविणि णिवडे समि तमाले जं वंचिउ पिउ [1]णव पणय-काले।

10 घत्ता— महुराणउँ ण उण्णयमाणउँ तहिं अवसरे संपत्तउ।
कंचणपह णिय-पिययम कह जंपइ तहि भड जुत्तउ।। 108।।

(3)

आरत्तिउ लोणुत्तणउँ.... पयडवि पडिवत्ति स वारणउँ।
जा ठिय कंचणपहे देवि खणु तलवरहो भिच्चु तावेक्क खणु।
आवेप्पिणु णरवइ विण्णवइ पणवेप्पिणु तेणि वुच्चइ णिवइ।
णरु एक्कु देव वंधिवि धरिउ परयार करणु तें आयरिउ।
5 अच्छइ दुवारे भणु किं करमि किण्णि हणमि किं अज्जुवि धरमि।
णरणाहु पयंपइ मा धरउ उव्भुव्भु तिक्ख-सूलिहिं भरहु।
[1]राणियए पत्तुच्चइ करि म कोहु परयारह सामिय कोवि गेहु।

तब मंच के ऊपर बैठी हुई धाय ने उस राजा (कनकरथ) को रानी के लिये पुनः दिखलाया। कंचनप्रभा ने जैसे ही उसे देखा तो पहचान लिया और बोली—"हे माई, हे माई, यह तो वही है। हा प्रिय, हा प्रिय, मेरे विरहानल से तू ऐसी दुर्दशा को प्राप्त हो गया है। मैं पापिनी तो ऐसे तमाल (भयानक अन्धेरे) में आ पड़ी हूँ। हे प्रियतम, मैं तो नव-प्रणय-काल में ही ठग ली गयी हूँ।

घत्ता— (संयोग से) उसी समय उन्नत मान वाला वह राजा मधु अपने भटों सहित वहाँ आ पहुँचा। तब कंचनप्रभा ने उसे अपने प्रियतम की (व्यथा-) कथा कह सुनायी।। 108।।

(3)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में–) परस्त्री-सेवन के अपराधी को शूली की सजा (सुनाये जाने) से रानी कनकप्रभा राजा मधु पर क्रोधित हो उठती है

लोण समान मधुर राजा मधु के प्रति आसक्ति प्रकट कर वह अनुरागिनी रानी कंचनप्रभा- देवी जब बाहिरी छज्जे पर खड़ी थी, उसी समय तलवर (कोतवाल) का एक भृत्य (वहाँ) आया और नरपति (मधु) को प्रणाम कर उससे विनयपूर्वक बोला—"हे देव, मैंने आज एक मनुष्य को बाँध कर पकड़ा है। उसने परदारकरण (परस्त्री गमन) किया था। वह द्वार पर स्थित है, कहिए क्या उसे मार दूँ अथवा अभी पकड़े ही रहूँ?" तब नरनाथ ने कहा—"पकड़े ही मत रहो, उसे (तत्काल) ऊपर की ओर खड़ी हुई तीखी शूली पर चढ़ा दो।" (यह सुनकर) रानी ने पति राजा मधु से कहा—"क्रोध मत कीजिए, क्योंकि इस घर में भी तो परदारा-सेवी कोई स्वामी (उपस्थित) है?" आगे वह रामा (-कंचनप्रभा) राजा से पुनः बोली कि परदारगमन यदि (भयंकर) दोष है, (और

---

(2) 1. अ. मय।

(3) 1. अ., राणिय एवत्तुच्चइ म करहु कोहु।

ता राउ पयंपइ रामणेण दुहु पत्तु भुवण संतावणेण।
पिय भणइँ दोसु परयार जइवि भणु किण्ह देव तुम्हह ण तइवि।

घत्ता— कंचणपह वयणहिं पउलिय णयणहिं थि[2]उ णरवइ तुण्हिक्कउ।
अद्धुव जगु भाविवि मणि परिभाविवि णं भव-पासहिं मुक्कउ।। 109।।

(4)

एम अप्पउ णिंदइ जाम राउ विसयाहिलास विरइय[1] विराउ।
जिण भणियउ जाउ[2] सुपावणाउ चिंतइ णिरु वारह-भावणाउ।
ता भव्व पवर कइरव सुचंदु णामेण विमलवाहणु मुणिंदु।
मज्झण्हयाले रिया णिमित्तु जा भवियायण पंकरुह मित्तु।
सो णियविअ[1] चिंतिय सिवेण णियमणि परिभाविवि पत्थिवेण।
उट्ठिवि वंदिउ सव्वायरेण पुणु भणिउ णिरु सविणय गिरेण।
सुणि परमेसर मुणि-गण पहाण तव-णियम-सील-संजम णिहाण।
तवयरण अज्जु महो देहि सामि भो मोक्ख महापुर मग्ग गामि।

उसके लिये तलवर द्वारा पकड़ा हुआ) वह व्यक्ति भुवन में सन्ताप देने वाला दुःख भोगे (अर्थात् शूली प्राप्त करे) तो फिर हे प्रिय, आप ही कहिए, कि वही दुःख आप क्यों न भोगें?"

घत्ता— कंचनप्रभा के वचनों को सुनकर वह राजा (मधु) नेत्र निमीलित किये हुए चुपचाप रहा और जगत की अधुव—(अनित्य) भावना को मन में उतार कर उस ने अपराधी को मुक्त कर दिया। मानों वह स्वयं ही भव-पाश से मुक्त हो गया हो।। 109।।

(4)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में—) राजा मधु को वैराग्य, उसने मुनिराज विमलवाहन से दीक्षा माँगी

वह राजा मधु जब आत्म-निन्दा कर रहा था, तभी विषयाभिलाषा से विरत होकर उसने वैराग्य धारण कर लिया जिनोक्त जो पवित्र अधुवादि बारह भावनाएँ हैं उनका वह चिन्तन करने लगा। उसी समय भव्य कमलिनियों के लिए चन्द्रमा के समान तथा भविकजन रूपी कमलों के लिए सूर्य के समान विमलवाहन नामके मुनीन्द्र मध्याह्नकाल में चर्या निमित्त पधारे। आत्म-कल्याण का चिन्तन करने वाले उस चतुर पार्थिव ने अपने मन में भावना भाकर (वहाँ से) उठकर सभी प्रकार के आदरपूर्वक उनकी वन्दना की और सविनयवाणी में निवेदन किया—"तप, नियम, शील एवं संयम के निधान, मुनिगण में प्रधान हे परमेश्वर, सुनिए—मोक्षरूपी महापुर के मार्ग में गमन करने वाले हे स्वामिन्, मुझे आज ही तपश्चरण (दीक्षा) दीजिए।"

---

(3) 2. अ. हिं।

(4) 1. अ. प्प।

(4) (1) त्यजभिषिलावैरागवंत:। (2) जया।

घत्ता— णय-विणय विसिट्ठउ भाइ कणिट्ठउ कयडिहु रज्जि ठवेप्पिणु।
10 उज्झाउरि राणउँ भुवणि पहाणउँ समभावण भावेप्पिणु।। 110।।

(5)

संसार-जलहि उत्तरण कूले जइ पुंग[1]मसु तहो पाय-मूले।
तवयएणु लइउ महुराणएण धम्मत्थ-काम सु वियाणएण।
जिम महुरायइँ कंचणपहाउ वउ पडिवण्णउँ कंचणपहाइँ।
राएण राउ मउ-माणु चत्तु समभावए मण्णिउँ सत्तु-मित्तु।
5 तिणु कंचणु पुणु मणि तुल्लु दिट्ठु णवि रूसइ-अह ण कयावि हि[2]ट्ठु।
णिरु पंचमहव्वय-भार धरणु णिज्जिणिउ जेण पंचविहु करणु।
समिदीउ-पंच पालइ अतंदु गुत्तित्तय माहहँ फुडु सुकंदु।
जसु भउ ण-माणु-मच्छरु ण हरिसु सज्झायज्झाणु णिय मणहो हरिसु।

घत्ता— तरुमूले घणागमे विसइ दुद्दमे जलधारा णिरु तडि वडणु।
10 पुणरवि सिसिरहो भरे अइणिरु दुद्धरे णिसिहि चउप्पहे हिम [3]पडणु।। 111।।

घत्ता— भुवन में प्रधान अयोध्यापुरी का नय-विनय (न्यायनीति) में विशिष्ट वह मधु राज़ा अपने कनिष्ठ भाई कैटभ को राज्य में स्थापित कर समभाव की भावना भाने लगा।। 110।।

(5)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन-प्रसंग में–) राजा मधु एवं रानी कनकप्रभा का दीक्षा ग्रहण एवं कठिन तपश्चर्या

संसार समुद्र से पार उतरने के लिए तट समान उन यति पुंगव के चरणमूल धर्म, अर्थ एवं काम के सुविज्ञाता उस राजा ने तपश्चरण ले लिया। जैसे ही राजा मधु ने तप ग्रहण किया, वैसे ही कंचन के समान प्रभावाली उस कंचनप्रभा ने भी व्रत स्वीकार कर लिये।

राग, मद, मान आदि सभी का उस राजा ने त्याग कर दिया तथा शत्रु एवं मित्र को समभाव से माना। पुनः उन्होंने अपने मन में तृण एवं कांचन को एक समान देखा। न कभी वह रूठता था और न प्रसन्न होता था। उस राजा ने भली-भाँति पंच-महाव्रतों को धारण कर लिया और पाँचों ही इन्द्रियों को जीत लिया। अतन्द्र (प्रमाद रहित) पंच समितियों का पालन किया, मोक्ष की मूल तीन गुप्तियाँ पालीं। जिसके न तो भय था और न मान ही, न तो उनके मत्सर था और न हर्ष ही। वे मन लगाकर हर्ष पूर्वक स्वाध्याय एवं ध्यान करते रहते थे।

घत्ता— दुर्दम घनों के आगमन पर (वर्षा ऋतु में) तरु के मूल में बिजली चमकती तड-तड पड़ती जलधारा को सहते थे (अर्थात् वे वर्षा योग करते थे) पुनरपि शिशिर के भार युक्त शीतकाल की अति दुर्धर रात्रि में वे चतुष्पथ में हिमपतन को सहते थे (अर्थात् शीति योग करते थे)।। 111।।

---

(5) 1. अ. °वा। 2. अ. °दि। 3. अ. व।

(6)

गिंभयाले खर किरणाधावणु विसहइ महु गिरि-सि[1]रि [2]सममणु।
पक्खोवास-मास उववासहिं एम वावीस परीसहो सामहिं।
तणु खामिउ जल्ल-मल्ल विल्लित्तउ ठिउ चम्मट्ठिवि सेसु णिरुत्तउ।
अंतयाले सण्णास [3]मरेप्पिणु चउविह आराहण भावेप्पिणु।
5 परम पंच-णवयार सरेप्पिणु मुणि-पंडिय मरणेण मरेप्पिणु।
अच्चुव-[4]कप्पे हुवउ सो सुरवरु सहज सु कडय-मउड-कुंडलधरु।
णिय तणु-तेउ हामिय उडु-पहु मोहि पवरामर अच्छरसहु।
एम तहो सुर [5]सोक्खइँ भुंजंतहो अच्चुव सग्गें णवर अच्छंतहो।

घत्ता— एत्तहिं कोसलपुरे कंचणमय घरे रज्जु करइ कयडिहु वि जहिं।
10 [6]सो एक्कहिं वासरे गयउ महासरे पंकयवणे कमलेक्क तहिं।। 112।।

(7)

दिट्ठउ रायइँ रवि उदय काले महुलिहु पइट्ठु जो[(1)] तहिं वियाले।

---

(6)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन प्रसंग में–) घोर तपस्या कर मुनिराज मधु अच्युत देव हुए। राजा कैटभ ने एक सरोवर में कमल पुष्प देखा

वह मधु (मुनि) ग्रीष्मकाल में गिरि शिखर पर सम-मन से तीखी सूर्य-किरणों का आतापन सहता था (आतापन योग)। पक्ष के उपवास एवं मास के उपवास करता था। इसी प्रकार समभावों से बाईस परीषह सहता था। उसका शरीर कृश तथा जल्ल (स्वेद) एवं मल से लिप्त हो गया। उसकी चमड़ी और हड्डी शेष रह गयी। वह तपस्वी मुनि अन्तकाल में संन्यास मरण करके चार प्रकार की आराधना भाकर परमपंच-णमोकार को स्मरण कर पण्डित-मरण से मरा। फलस्वरूप वह अच्युत कल्प में सहज सुकटक, मुकुट एवं कुण्डल धारी सुरवर हुआ। अपने शरीर के तेज से उसने उडु प्रभा (तारा कान्ति) को भी तिरष्कृत कर दिया। इस प्रकार प्रवर अप्सराओं के साथ मोहित वह देव अच्युत स्वर्ग में सुख भोगता हुआ आनन्द पूर्वक रहने लगा।

घत्ता— इधर, कंचनमय घरों वाले कोसलपुर में जहाँ वह कैटभ राज्य कर रहा था, वहाँ एक दिन वह (कैटभ) महासरोवर पर गया, जहाँ उसने पंकजवन में एक कमल-पुष्प देखा।। 112।।

(7)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा कैटभ की मुनि-दीक्षा एवं अच्युत स्वर्ग-गमन

सूर्योदय (प्रभात) काल में राजा कैटभ ने देखा कि उस कमल-पुष्प के बीच में एक मधुलिह (भ्रमर) प्रविष्ट हो गया है और सन्ध्या-काल में कमल के संकुचित होने पर वह वहीं स्थित रहकर मर गया है। उस मृत भ्रमर

---

(6) 1. ब. सिहरे। 2. अ. एवम्मणं; ब. पयमम्मणु। 3. अ. °क। 4. अ. सग्गेहु। 5. अ. °य। 6. ब. °भो°।

(7) (1) कमले।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

संकुइय कमले सो ए[2] विवण्णु — तं पेच्छिवि महिवइ मणि णि[1]विण्णु।
घाणिंदिय लुद्धइँ छप्पएण — णिय-भरणु ण याणिउँ जिम अणेण।
तिम अवर वि विसयासत्त एम — णिच्छउ मरंति अलि मुअउ जेम।
इय चिंतिवि झत्ति णेरसरेण — णिहणिय दुज्जय वम्मीसरेण।
ढोएवि रज्जु णिय णंदणासु — अप्पुणु गओ तहो महमुणिहिं पासु।
अ[2]णुसरिय तेण जिणणाह दिक्ख — [3]मुणिणाहहो केरी परम-सिक्ख।
किय सव्व संग-परिचायएण — तवयरणु घोरु आढत्तु तेण।

घत्ता— तेम कियउ कणिट्ठें जम चिरु जेट्ठें तउ-संजमु-चारित्तु वउ।
सा कइडिहु राणउँ भुवणे पहाणउँ आउसंति अच्चवहो गउ।। 113।।

(8)

तव-णियम पहावइँ अरुह-मग्गे — ते बिण्णि विट्ठिय सोलहमे सग्गे।
जो कंचणरहु वडउर पहाणु — कंचणपह विरह विमुक्क ठाणु।
सो भवे-भमंतु तावस तवेण — पंचग्गि-विसम विसहेवि तेण।
उप्पाइवि असुरकुमारु जम्मु — जीवहो अइदुद्धरु राय[1]-कम्मु।

को देखकर महीपति कैटभ का मन वैराग्य से भर उठा (और विचारने लगा कि) जिस प्रकार घ्राणेन्द्रिय के लोभी इस भ्रमर ने अपना मरण नहीं जाना, उसी प्रकार अन्य अनेक विषयासक्त प्राणी भी उसी भ्रमर के समान मर जाते हैं। यह चिन्तनकर उस नरेश्वर कैटभ ने दुर्जय कामदेव को नष्ट कर तथा अपने नन्दन को राज्य देकर वह स्वयं महामुनीन्द्र के पास चला गया। वहाँ उसने मुनिनाथ से परम शिक्षाएँ सुनकर जिन-दीक्षा का आश्रय ले लिया। उसने सर्वपरिग्रह का त्याग कर घोर तपश्चरण प्रारम्भ कर दिया।

घत्ता— उस कनिष्ठ कैटभ ने उसी प्रकार तप, संयम एवं चारित्र व्रत का पालन किया, जिस प्रकार कि पूर्व में उसके बड़े भाई मधु ने किया था। भुवन में प्रधान वह कैटभ मुनि की आयु के अन्त में अच्युत नामके सोलहवें स्वर्ग में गया।। 113।।

(8)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा कनकरथ मरकर तापस एवं उसके बाद असुर कुमार देव तथा रानी कंचनप्रभा मरकर विद्याधर-पुत्री हुई

अरहन्त मार्ग में तप-नियम के प्रभाव से वे दोनों (मधु एवं कैटभ) ही सोहलवें स्वर्ग में स्थित हुए। वटपुर का प्रधान जो राजा कंचनरथ था, उसने रानी कंचनप्रभा के विरह के कारण स्थान छोड़ दिया (अर्थात् सद्गति प्राप्त नहीं कर सका)। संसार में अनेक गतियों में भटककर वह एक तापस हुआ। उसने विषम पंचाग्नि तप तपा जिसके प्रभाव से उसने असुर कुमार का जन्म पाया।

इस जीव का राग कर्म (मोह कर्म) अत्यन्त दुर्धर है। वह दृढ़ बाहुदण्ड वाला अति प्रचण्ड धूमध्वज नामका

---

(7) 1. अ., ब. णिसुण। 2. ब. आस। 3. ब. °सु।

(7) (2) तत्रस्थित्वामृतः।

(8) (1) हे चक्रवर्ति।

सो[2] भमइ भुवणे दिट्ठु वाहुदंडु धूमद्धउ णामें अइपयंडु।
जा कंचणपह चिरु तासु घरिणि णयणेहिं परज्जिय बालहरिणि।
तउ करिवि सावि कालंतरेहिं उप्पण्णिय भमिवि-भमंतरेहिं।
वेयट्ढहो दाहिण-दिहि विभाइ विज्जाहर-सेढिए णिरुवमाए।

घत्ता— सीहउर रवण्णए धण-कण पुण्णए सूरप्पह विज्जाहरहो।
राणियहे सुणेत्तहे ससहर-वत्तए दुहिय जाय सुरकरि करहो।। 114।।

(9)

सा तार-तरल लोयण विसाल अहिहाणएँ जा जगि कणयमाल।
विज्जाहर-पइ परमेसरेण परिणिय घणकूड[1]-णरेसरेण।
णामेण कालसंवर णिवेण णिय-परियण सय णिच्छिय[2] सिवेण।
णंदण-वण-घण कीलंति खयरि जा मज्झहिं तहिं घणकूड णयरि।
ता महु संठिउ जो अरुह-मग्गे संजायउ सुरु सोलहमि सग्गे।
सो अच्चुव-कप्पहो चएवि आउ महुमहेण गब्भि रुविणिहिं जाउ[3]।
जो कइडिहु सो जंवइ आहिं होसइ पच्छइ हरिहि वि पियाहे।

असुर (तापस का जीव) भुवन में भटक रहा है। उस राजा कनकरथ की अपने नेत्रों से बाल हरिणी को भी पराजित कर देने वाली गृहिणी कंचनप्रभा ने भी तपस्या की और कालान्तर में मरी, पुनः अनेक भवों में भ्रमणकर विजयार्ध की दक्षिण दिशा में प्रभावाली निरुपम विद्याधर श्रेणी में उत्पन्न हुई।

घत्ता— धन-धान्य से पूर्ण एवं रम्य सिंहपुर के ऐरावत हाथी की सूँड के समान भुजाओं वाले सूरप्रभ विद्याधर की सुन्दर नेत्रवाली तथा कमलमुखी रानी की वह पुत्री हुई।। 114।।

(9)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में–) राजा मधु के जीव का कृष्ण-पत्नी रूपिणी के पुत्र रूप में जन्म एवं छठवें दिन असुर द्वारा उसका अपहरण

उन्नत, चंचल एवं विशाल नेत्रों वाली वह (विद्याधर) कन्या जग में कनकमाला के नाम से प्रसिद्ध हुई और विद्याधरों के स्वामी घनकूट के परमेश्वर-नरेश्वर से उसका विवाह कर दिया गया। उस घनकूट नरेश्वर का नाम कालसंवर था। जो अपने सैकड़ों परिजनों को निश्चित रूप से शिव (कल्याण, सुख) देने वाला था। मेघकूट नगर के घने नन्दन-वन में जब वह विद्याधर, विद्याधरियों के साथ क्रीड़ाएँ कर रहा था उसी बीच में अरहन्त-मार्ग में स्थित जो पूर्ववर्त्ती तपस्वी राजा मधु था और जो (पण्डित मरण कर) सोलहवें स्वर्ग में देव हुआ था, वह अच्युत स्वर्ग से चयकर आया और मधुमथन (पति से) रूपिणी के गर्भ से उत्पन्न हुआ। कैटभ (का जो जीव मुनि होकर सोलहवें स्वर्ग में देव हुआ था वह) भी वहाँ से चय-कर हरि की प्रिया जाम्बवती के गर्भ से बाद में पुत्र के रूप में उत्पन्न होगा।

---

(8) (2) असुर

(9) (1) मेहकूडपुर। (2) वांछित सौख्येन। (3) उत्पन्नः।

रुविणिहे वालु पज्जुण्णु णामु पच्चक्खु वि जो अवयरिउ कामु।
सा छट्ठिहिं रयणिहिं दाणवेण णह-जाण खलण जाणियउँ तेण।

10 घत्ता— धूमद्धय णामइँ अतुलिय[4] थामइँ भवि कंचणपह कंतए।
णिउ[5] वालु हरेप्पिणु करह करेप्पिणु पच्छिम वइरु सरंतइँ।। 115।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(10)

पज्जुण्णहो असुरहो जं लक्खिउ एहु कारणु वि विरोहहो अक्खिउ।
पुणु चक्केसरु भणइ जिणेसरु दिव्व-वाणि पयडहि परमेसरु।
तहो ठायहो वि कुमारु चलेसइ जणणिहि कइ वासरहो मिलेसइ।
कहइ जिणेसरु लद्धुक्करिसइ वोलीणहमि दु[1]अट्ठह वरिसइ।
5 दिव्वलाहु सोलह संजुत्तउ वहु विण्णाण-विज्जा-वलवंतउ।
पंगु वि कुंद-मंद बहिरंधल सयल सुचक्कवंत णिरु पंजल।
सुक्क वि तरु फल-कुसुम समिद्धइँ होसहिं तहो आगमणि सणिद्धइँ।
वा संसउ वामच्छि फुरेसइ इए चि[2]ण्हहिं रूविणि घरु एसइ।
सा पज्जुण्णु कुमारु महाभडु को पडिखलइ समरे जस-लंपडु।

उस रूपिणी के बालक का नाम प्रद्युम्न था, प्रत्यक्ष में ऐसा प्रतीत होता था, मानों कामदेव ही अवतरा हो। उसके जन्म की छठी रात्रि में एक दानव का नभोयान उसके ऊपर अटक गया।

घत्ता— अतुलित बलवाले धूमध्वज नाम के उस असुर ने पूर्वभव की कान्ता कंचनप्रभा के सम्बन्ध से पूर्व-बैर का स्मरण किया और उस बालक को अपने हाथों से हरकर ले गया।। 115।।

(10)

विदेह क्षेत्र में प्रद्युम्न का पूर्व-वृत्तान्त एवं वर्त्तमान उपस्थिति जानकर नारद मेघकूटपुर पहुँचता है

(सीमन्धर स्वामी चक्रेश्वर-पद्म से कहते हैं कि—) "इस प्रकार मैंने प्रद्युम्न और असुर के विरोध का जो कारण देखा, वही कहा है।" यह सुनकर उस चक्रेश्वर ने जिनेश्वर से पुनः पूछा—"हे परमेश्वर, दिव्य वाणी से यह भी प्रकट कीजिए कि वह कुमार (प्रद्युम्न) उस स्थान से कब चलेगा और अपनी माता से कितने वर्षों के बाद मिल पायगा?" तब जिनेश्वर ने कहा—"वह कुमार सोलह दिव्य-लाभों से युक्त तथा विविध विज्ञान एवं विद्याओं से बलवान होकर 16 वर्षों में उत्कर्ष को प्राप्त कर लौटेगा। उसके आगमन से लंगड़े (पैर के), लूले (हाथ के), मंद (मन्द बुद्धि) बहिरे एवं अन्धे आदि सभी प्राणी सुन्दर गति वाले तथा सरल, प्रांजल और भली-भाँति देखने, सुनने वाले हो जायेंगे। सूखे वृक्ष भी फल पुष्पों से समृद्ध और स्निग्ध हो जायेंगे। जब वह बालक विष्णु और रूपिणी के घर आयेगा तब नि सन्देह ही रूपिणी की बायीं आँख फड़केगी। वह प्रद्युम्न कुमार तो महाभट है। यज्ञ का लम्पटी कौन व्यक्ति उसे समर में हरा सकता है?"

---

(9) (4) प्रचुरबलेन। (5) नीतः।

(10) 1. अ. ऊदट्ठहं। 2. ब. वि

इय णिसुणेवि णिव हत्थुत्तरियउ जिणु पणवि णारउ णीस[3]रियउ।

घत्ता— मेहकूडि पुर पत्तउ हरिसु वहंतउ तहिं पज्जुण्णु वि दिट्ठउ।
दीहर णयण विसालहे कंचणमालहे वर उच्छंगे णिविट्ठउ।। 116।।

(11)

अवलोएवि आसीवाउ देवि णीहरियउ सइँ दिट्ठउ करेवि।
गउ पुरि वारमइहिं तक्खणेण सुच्छाह सइत्तइँ णियमणेण।
रूवि राउले सो मुणि पइट्ठु दिण्णासणे पणवंतहँ वइट्ठु।
रूवाएविए पय-गय सिराएँ पुणु पणविउ सो गग्गिर गिराएँ।
पुंछिउ पाय-पक्खालणु करेवि अग्घंजुलि कम-कमलहँ घिववि।
मुणि भणइँ माइ पुहविहि रवण्ण पइँ मेल्लिवि अवर ण णारि धण्ण।
जिणि जाणियउ सो सुंदरु कुमारु अवयरियउ जो इह भुवण मारु।
तुह तणउँ वालु मइँ दिट्ठु अज्जु जो होसइ अरि-गिरिदलणु-वज्जु।
पासाय-कलस णह लग्गे चूडे वेयड्ढहो दाहिणे मेहकूडे।

यह सुनकर राजा चक्रेश्वर के हाथ से उतरा हुआ वह नारद जिनेन्द्र सीमन्धर स्वामी को प्रणाम कर वहाँ से निकला।

घत्ता-- हर्षित होकर वह नारद मेघकूटपुर जा पहुँचा और वहाँ उसने दीर्घ एवं विशाल नेत्र वाली कंचनमाला की गोद में बैठे हुए उस प्रद्युम्न को देखा।। 116।।

(11)

नारद ने रूपिणी को बताया कि प्रद्युम्न मेघकूटपुर के विद्याधर राजा कालसंवर के यहाँ सुरक्षित है

नारद उस प्रद्युम्न को देखकर, आशीर्वाद देकर उसे स्वयं दृष्ट करके (अर्थात् स्वयं ही सारी परिस्थितियाँ समझकर) वहाँ से निकला। अपने मन में सैकड़ों उछाहों के साथ वह नारद तत्क्षण द्वारावती पुरी पहुँचा। वह मुनि रूपिणी के राजमहल में प्रविष्ट हुआ और प्रणाम करके दिये गये आसन पर बैठा। रूपिणी ने चरणों में सिर झुकाकर पुनः उसे प्रणाम किया। चरण पखारकर तथा चरण-कमलों में अर्घ्यांजलि प्रदान कर गद्‌गद् वाणी से प्रद्युम्न सम्बन्धी समाचार पूछने पर मुनि ने कहा—"हे माई, तू पृथिवी में रम्य है। तुझे छोड़कर अन्य कोई नारी धन्य नहीं हो सकती। जिनेन्द्र ने बताया है कि वह कुमार बड़ा सुन्दर है। वह ऐसा प्रतीत होता है मानों इस संसार में कामदेव का ही अवतार हुआ हो। हे आर्ये, तेरे बालक को मैंने देखा है। वह शत्रु रूपी पहाड़ों का दलन करने के लिए वज्र के समान होगा। वह विजयार्ध की दक्षिण दिशा के मेघकूट नामक नगर में है। जहाँ के प्रासादों के कलशों के चूडे (शिखर) आकाश को छूते हैं।

---

(10) 3. ब 'ड'।

10 घत्ता— तहि पट्टण अरिदल वट्टणे राय कालसंवरहो घरे।
सो पुत्तु तुहारउ णयण पियारउ दंसुव सोहइ कमलसरे।। 117।।

(12)

मुणि भणइ सुणि रूवि[1] आय[2]णि महावयणु तुह तणउँ भुवणम्में अवयरिउ [3]णर-रयणु।
जसु [4]गणउ [5]झस णिवहु तित्थयर वर्णति चरम-तणु सिव गमणु भणिऊण मणंति।
वहु विज्जलाहेण संजुत्तु संभवइ सोलहमि वरिसम्मे आऊण तुह मिलइ।
वलहद्द-महुमहण एयंपि सुणिऊण सलहंति मुणि-वयणु सिर कमलु धुणिऊण।
5 अवरे वि जे चिण्ह जिण भणियउ उवएस ते कहिय णारिण रुविणिहिं सुविसेस।
सवाण णिय मणहो संतोसु संजणेवि पुणु कहमि संचलिउ मुणि झत्ति दुहु हणेवि।
सो वालु पज्जुण्णु घरे कालसंवरहो वड्ढइव ससिकलह-कलु जेम अंवरहो।
उत्तंग-घण-कढिण-पीउ-थणालाण हत्थेव-हत्थोवि संचरइ वालाण।

घत्ता— अरिदल को नष्ट करने वाले उस (मेघकूटपुर) पट्टन में राजा कालसंवर के घर में नेत्रों को प्रिय लगने वाला दर्शनीय एवं सरोवर में खिले हुए कमल के समान तुम्हारा पुत्र सुरक्षित है।। 117।।

(12)

नारद ने प्रद्युम्न की कुशलता की सूचना रूपिणी को देकर उसे सन्तुष्ट कर दिया। प्रद्युम्न का शैशव-वर्णन

मुनि ने कहा—"हे रूपिणी, सुन, मेरे वचन ध्यान पूर्वक सुन! तुम्हारा पुत्र भुवन के मध्य नर-रत्न के रूप में अवतरा है। जिसे गणक-जन झषनृप (मीनराज—कामदेव) कहते हैं तथा जो "तीर्थंकर वर्ण वाला है", 'चरमशरीरी है', 'शिवगामी है', ऐसा कह कर मानते हैं। वह विविध विद्याओं से युक्त होगा और सोलहवें वर्ष में आकर तुमसे मिलेगा।"

बलभद्र और मधुमथन ने जब यह सुना तो वह अपना सिर चरण-कमलों में झुका कर उन मुनि वचनों की श्लाघा करने लगे, और भी जो चिह्न, जिनेन्द्र ने उपदेश में कहे थे, उन्हें नारद ने रूपिणी से विशेष रूप से कहा। वर्णन करने योग्य नारदमुनि उस रूपिणी के मन में सन्तोष उत्पन्न कर तथा उसके दुःखों को नष्ट कर तत्काल ही वहाँ से अन्यत्र ही चला गया।

वह बालक प्रद्युम्न कालसंवर (राजा) के घर में इस प्रकार बढ़ने लगा, जिस प्रकार आकाश में कलाधर चन्द्र की कला।

वह बालक उत्तुंग कठोर एवं सुपुष्ट स्तनों वाली युवतियों के हाथ में खेलता हुआ संचरण करता था।

---

(12) 1. अ. एउ। 2. अ. अण्णु। 3. अ. व°। 4. अ. तणउँ। 5. अ. ज।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

घत्ता— कंचणमालहे घरे रइउ विविह परिकंचणमउ तेह पालणउँ।
कंचण-कडिसुत्तहो रयण विचित्तहो वालहो मणिमउ खेलणउँ।। 118।।

(13)

दिवे-दिवे उडु-णाहुव वड्ढंतहो छुडु-छुडु पंच-वरिस संपत्तहो।
रायइँ पाढणत्थे तहो वालहो सरल-कमल-दल-णयण विसालहो।
विज्जाहर वरमत्थ-वियाणा मेहकूडे पुहय-णह-पहाणा।
पज्जुण्णहो कारणे आणंतो जे यहु बुद्धिवंत उवसंता।
ताहँ पुरउ सो गुणइ णिरुत्तउ लिहइ-पढइ जं [1]सत्थि उत्तउ।
सिक्खइ उरिउ गंथ अवगाहइ [2]छंदु णिहंटु तक्क जं साहइ[3]।
होइ असेस गुणइ अब्भासइ णीसेस वि विण्णाण वियासइ।
हरि-करि आरोहणइँ विसिट्ठइँ [4]जोइस-गह-गणियाइमि [5]सिट्ठइँ।
जुज्झइँ जाइ मल्ल रण जुत्तइँ कत्तरि-करण [6]बंध संजुत्तइँ[7]।

घत्ता— रानी कंचनमाला के घर में उस बालक के लिए विविध मणि कंचनमय पालना रचा गया। रत्नों से विचित्र कंचनमय कटिसूत्र धारण किये हुए उस बालक के खिलौने भी मणिमय थे।। 118।।

(13)

कुमार प्रद्युम्न की शिक्षाएँ

दिन प्रतिदिन उडुनाथ चन्द्र की तरह शनैः शनैः बढ़ता हुआ वह बालक पाँचवें वर्ष को प्राप्त हुआ। तब सरल स्वभावी, कमलदल के समान विशाल नयनों वाले उस बालक प्रद्युम्न को पढ़ाने के निमित्त राजा कालसंवर द्वारा मेघकूटपुर के शास्त्रार्थ-विज्ञानी तथा पृथिवी एवं आकाश-विद्या (अर्थात् भूगोल, खगोल एवं गणित) में प्रधान विद्याधर-पण्डितों को बुलाया गया जिससे कि वह बुद्धिमान उपशान्त प्रकृति का बन जाये।

उन पण्डितों के सामने वह ठीक-ठीक गुणने लगा (अर्थात् गुणनवाला गणित बनाने लगा), जो शास्त्रों में कहा गया है, वही लिखने, पढ़ने तथा सीखने लगा। छन्दशास्त्र, निघण्टु एवं तर्कशास्त्र जो भी उसे पढ़ाये जाते थे उन सभी ग्रन्थों का वह हृदय में अवगाहन करने लगा। उसे समस्त गुणों का अभ्यास हो गया तथा समस्त विज्ञान का विकास हो गया। हरि (घोड़ों) पर चढ़ना तथा हाथी पर चढ़ना भी सीख लिया। नक्षत्रादि-ग्रह-गणित भी सीख लिया। बन्ध—छन्द-बन्ध, (कविता बनाना) तथा कर्त्ता-करण आदि व्याकरण (अथवा कर्तन-करण सम्बन्धी कृषि-विद्या) मल्लयुद्ध तथा रण-युक्ति विद्या भी सीख ली।

---

(13) 1. अ. सच्छब्भंतरु। 2-3. अ. लंदु णिहंदु कोवि ण सोहइ। 4. भोइस। 5. अ. दि। 6-7. अ. व्यंध जुत्तइ।

10 घत्ता— एयमि असेसइँ अइ सुविसेसइँ अवरइ पवर जि लक्खियइँ।
पुहविहि पर-सारइँ तेण कुमारइँ ताइँ असेसइँ सिक्खियइँ।। 119।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(14)

अट्ठम-णवम वरिस संपत्तए वाल-भावइँ सेसि णियत्तए।
हउँ णिय कुकइत्तणु मणे मण्णमि मयरद्धयहो रूउ किं वण्णमि।
जोव्वण-सिरि छुडु-छुडु जि पयट्ठइ वालु समरि भरे भिडहु पयट्ठइ।
हरि-करि भड[1] परियरिउ णिरंतरु वियरइ विज्जाहर भुवणंतरु।
5 जो संवरहो वाहकट्ठिवि ठिय भिडिवि रणंगणे तेण विणिज्जिय।
अवर दुट्ठ[2] खल-खुद्ध णिवारिय केवि धरिय केवि समरे वियारिय।
दिवे-दिवे गुडि उद्धरण सहासहिं पुरि पइसइ वंदिण णिग्घोसहिं।
गिज्जइज्जहिं णवियइ पढिज्जइ जुवि ण भित्ति चित्तह ण लिहिज्जइ।
सो ण घरु-पुरु वि पवरु सो ण रावलु खेडु-मंडबु सो ण वेलाउलु।

घत्ता— इसी प्रकार पृथिवी पर मनुष्यों के लिये सारभूत और भी जो अन्य अनेक अति- विशिष्ट एवं श्रेष्ठ विद्याएँ कही गयी हैं उन सबको भी उस कुमार प्रद्युम्न ने सीख लिया।। 119।।

(14)

कुमार काल में प्रद्युम्न का पराक्रम एवं यश

आठवें एवं नौवें वर्ष की आयु होने पर नियम से बालभाव के शेष हो जाने पर कवि कहता है कि "मैं मन में अपने कुकविपने को मानता हूँ (अर्थात् मैं कविता में अपने को असमर्थ मानता हूँ), अत: मकरध्वज के रूप का मैं क्या वर्णन करूं? यौवनश्री धीरे-धीरे मानों भुजा में पदार्पण करने लगी। उनका बालपना स्मरभार में भिड़कर हटने लगा। हरि, करि और भद्रजनों के परिवार सहित विद्याधर प्रद्युम्न निरन्तर अन्य-अन्य भुवनों में विचरने लगा। जो (काल) संवर को भी बाधक जहाँ कहीं भी स्थित था, प्रद्युम्न ने रणांगण में भिड़कर उसे जीत लिया।

और भी, जो दुष्ट शत्रु थे उनके भी क्षोभ का निवारण किया। किन्हीं को पकड़ा और किन्ही को समर में विदार दिया। इस प्रकार वह प्रद्युम्न दिन प्रति दिन गुडि उद्धरणों (उत्सव विशेष) तथा सहस्रों बन्दीजनों के निर्घोषों के साथ नगरी में प्रवेश करता था। उस प्रद्युम्न का गुणगान सभी के द्वारा किया जाता था। वह सर्वत्र पूजा जाता था, वह सभी के द्वारा नमस्कृत था, सभी उसके चरणों में पड़ते थे तथा स्तुति अभिनन्दन रूप उसका नाम (सर्वत्र) पढ़ा जाता था। उस नगरी में कोई भी ऐसी भित्ति (भीत) नहीं थी। ऐसा घर, पुर, पौर, राजकुल, खेड, मडम्ब, वेलाकुल (उत्सव-गृह) भी नहीं था, जहाँ उस प्रद्युम्न का चित्र न लिखा गया हो।

---

(14) 1. ब. द। 2. ब. ह।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

10 घत्ता— पज्जुण्णकुमारहो रणे दुव्वारहो संख-कुंद हरहास कसु।
वियरंतु मुणेविणु मणे वि हसेविणु रायइँ णियणंदणहो जसु।। 120।।

(15)

इम चिंतिऊण मणे मंतिऊण।
कया सव्वसंती पंपुछेवि मंती।
सु वारे मुहुत्ते सुलग्गे पहुत्ते।
हयारी महट्टो[1] जुवाराय-पट्टो।
5 सिरे तस्स वद्धो स पुण्णे णिवद्धो।
सुमित्ताण तोसो अमित्ताण रोसो।
कयाहट्ट-सोहा पुरे मंगलोहा।
पवज्जंति तूरा ककोहास पूरा।
पदट्ठेण एया विहूई अणेया।
10 सवत्तीहिं बुत्ता असेसा स-पुत्ता।
अणेणं सवाणं णं कस्सेव माणं।
भवाणंपि[1] मज्झे भडाणं असज्झे।
रणे णत्थि वीरो समत्थो सुधीरो।
कहं तासु[2] आ[2]ऊ ण केणावि जाऊ[3]।
15 जुवाराउ[4] एसो किउ सव्व सेसो।

घत्ता— विचरण करते हुए उस राजा कालसंवर ने मुस्कुरा कर अपने मन में यह मान लिया कि "रण में दुर्निवार अपने नन्दन प्रद्युम्न कुमार के शंख एवं कुन्दहार के समान धवल यश किसे प्राप्त है?"।। 120।।

(15)

प्रद्युम्न को युवराज के रूप में देखकर सौतों को बड़ी ईर्ष्या हुई

ऐसा विचार कर मन में मन्त्र कर (निर्णय कर) मन्त्री से विशेष रूप से पूछकर उस (कालसंवर) ने सर्वत्र शान्ति वार्त्ता की, फिर शुभ दिन, शुभ मुहूर्त्त एवं शुभ लग्न आदि में हतारि का सूचक महत्वपूर्ण युवराज पट्ट पुण्य वाले उस प्रद्युम्न के सिर में बाँध दिया। इस कार्य से सुमित्रों को सन्तोष हुआ और अमित्रों को रोष। हाट-बाजार की शोभा की गयी। पुर में मंगल समूह हुए। बाजे बजने लगे, जिनसे दिशाएँ भर उठीं। इस प्रकार प्रद्युम्न की अनेक विभूतियों को देखकर सपत्नी—सौतों ने अपने सभी पुत्रों से कहा—"इसके समान अन्य किसी दूसरे का सम्मान नहीं है।" भटों के लिए भी असाध्य तुम सभी के सम्मुख अन्य कोई भी सुधीर भट समर्थ वीर नहीं टिक सकता। वह कहाँ से आया है? हम सबमें से किसी से भी वह उत्पन्न नहीं है। वह तो प्रतिपालित पुत्र है। फिर भी उसे सबसे विशेष युवराज-पद दे दिया गया है।

---

(15) 1. अ. र। 2. अ. वि°।

(15) (1) युष्मादीनां मध्ये। (2) कण्णादगतः केनापि न जायते।
(3) अस्मादीनांराणी मध्ये केनापि न जातः। (4) प्रतिपालितपुत्रः।

घत्ता— किं तुहि जायहिं अणविक्खायहिं आयहो लीह ण पावहु।
एवहिं जिम जिज्जइ एहु हणिज्जइ तं कायउ परिभावहो।। 121।।

(16)

जणणिहि वयणु सुणेवि चिंतेविणु पवि-[1]दसणहो पमुहहिं चिंतेविणु।
भणिउ कुमार अज्जु णिय-लीलइँ गिरिवेयट्टु जाहि वण-कीलइँ।
ता पज्जुण्ण समुण्णय माणउँ भाय सयहिं-पंचहिमि समाणउँ।
अकुडिल-मणु कुडिलहिं संजुत्तउ ताम सिलोच्चय[2] - सिहरे पहुत्तउ।
5 णं दिवाउ[3] महि-मंडल ढुक्कउ अमरहि दिव्व-विमाणु पमुक्कउ।
सव्व सुवण्ण-रइउ जगि सुंदरु णं गिरिवरहो उवरे गिरि-मंदिरु।
जं सुर-णरवर-फणि-गण मणहरु वरमणि कलस-विहूसिउ जिणहरु।
जं ति-दुवारु ति-गोउर-जुत्तउ जहिं जिणवरु धवलउ छत्तत्तउ।
जो भव-सय-रय माण-विवज्जिउ णाय-सुरिंद-णरिंदहिं पुज्जिउ।

घत्ता— तुम सब विख्यात नहीं हो सके। अतः तुम्हारे जन्म लेने से क्या लाभ? आगे भी तुम लक्ष्मी नहीं पाओगे। इसलिए अब जैसे भी इसको जीता जा सके, इसे मारा जा सके, ऐसे किसी भी उपाय का विचार करो।। 121।।

(16)

कालसंवर के 500 राजकुमार-पुत्रों के साथ कुमार प्रद्युम्न विजयार्द्ध-पर्वत पर क्रीड़ा हेतु पहुँचता है

पविदशन (वज्रदन्त) प्रमुख सभी विद्याधर राजपुत्र जननी के वचन सुनकर मन में चिन्तित होकर उपाय सोचने लगे। (एक दिन अवसर पाकर) सभी कुमारों ने कुमार प्रद्युम्न से कहा—"आज अपनी लीलाओं पूर्वक हम लोग वन-क्रीड़ा के लिये विजयार्द्ध पर्वत पर जायेंगे।" (यह सुनकर) समुन्नत मान एवं अकुटिल मन वाला वह प्रद्युम्न अपने कुटिल मन वाले 500 भाइयों के साथ विजयार्द्ध पर्वत के उच्च शिखर पर पहुँचा। वह पर्वत-शिखर ऐसा प्रतीत होता था मानों वह स्वर्ग से महिमण्डल पर लटका दिया गया हो अथवा देवों द्वारा सर्वांग स्वर्णरचित जग में सुन्दर कोई दिव्य-विमान ही छोड़ा गया हो। अथवा मानों, उस पर्वत श्रेष्ठ के ऊपर मन्दराचल ही ला दिया गया हो। जहाँ सुरों, नरवरों एवं फणिगणों द्वारा सेवित मणि-कलशों द्वारा विभूषित, तीन-तीन, दो-दो दरवाजों तथा तीन गोपुरों से युक्त मनोहर जिनमन्दिर था जिसमें धवल तीन छत्रधारी जिनवर (विराजमान) थे, जो कि सैकड़ों भवरूपी रज एवं मान से रहित और जो नागेन्द्र, सुरेन्द्र एवं नरेन्द्रों द्वारा पूजित थे।

---

(16) 1. अ वा दिउ।

(16) (1) वज्रदंत। (2) विजयार्द्ध शिखरस्य चैत्यालयं। (3) स्वर्गात्।

10 घत्ता— अहमिंद-पसंसिउ ति-जग णमंसिउ सो तेहिमि दीहर-भुयहि।
दूरहो अहिणंदिउ सव्वहि वंदिउ एय कालसंवर सुयहिं।। 122।।

(17)

ता पविदंसण भणिय सभायर जे पज्जुण्णहो णिहण-कयायर।
इह वेयड्ढ-सिहर एहु जिणहरु जो पइसइ दुक्किय कलमलहरु।
सो विज्जाहरवइ संपज्जइ पर ण पइट्ठु कोवि इह अज्जइ।
हउँ पुणु वि [1]हिवसेण[2] पइसेविणु तुम्हइ खणु वि णियहु वइसेविणु।
5 तो त[(1)] णिसुणेवि तेण कुमारें रूविणि गब्भु भवेण कुमारें।
लहु धायवि सहसत्ति फिडेप्पिणु[(2)] ठिउ गोउरे-पायारे चडेप्पिणु।
ता अलिउल-तमाल-कसणंगइ गुरु-फुक्कार-पमुक्कउ वंगइ।
गुंजारुण-दारुण-चलणयणइँ रोस-फुरंत-फार-फण-वयणइँ।
णिब्भच्छिउ कुमारु सुरसप्पइँ अहि दुव्वयणहिं पुणु कंदप्पइँ।
10 बेवि सरोस भिडिय तहिं अवसरें पुच्छ धरेवि ता चालु सिरोवरि।
फेरवि अप्फालइ किर जामहिं जक्खेण मणे परिभाविउ तामहिं।

घत्ता— अहमिन्द्रों द्वारा प्रशंसित तथा तीनों लोकों द्वारा नमस्कृत उन जिनेन्द्र देव के लिए राजा कालसंवर के दीर्घ-भुजा वाले उन सभी पुत्रों ने दूर से ही अभिनन्दन एवं वन्दन किया।। 122।।

(17)

प्रद्युम्न का सर्पवेशधारी यक्ष से युद्ध

तब पविदशन (वज्रदंष्ट) ने प्रद्युम्न के निधन में आदर (इच्छा) करने वाले अपने सभी भाइयों से कहा— "इस विजयार्ध शिखर पर दुष्कृतों तथा कलिमलों को हरने वाले इस जिनगृह में भी जो प्रवेश करेगा वह विद्याधर-पति हो जायेगा। यद्यपि इसमें आज तक कोई प्रविष्ट नहीं हुआ है, फिर भी तुम्हारे द्वारा सेवित मैं अपने भाग्य की परीक्षा करने की दृष्टि से उसमें प्रवेश करता हूँ। तब तक कुछ क्षणों के लिए तुम सब बैठो।" वज्रदंष्ट्र के ये वचन सुनकर रूपिणी के गर्भ से उत्पन्न वह कुमार प्रद्युम्न शीघ्र दौड़ा और सहसा ही (अपनी शक्ति से) प्राकार पर चढ़कर उसे फोड़कर गोपुर में स्थित हो गया।

तभी वहाँ अलिकुल अथवा भयानक अन्धकार के समान अत्यन्त काले शरीर वाले, अपने उपांगों से डरावनी फुफकार छोड़ते हुए, गुंजा के समान लाल-लाल भयंकर चंचल नेत्र वाले, रोष से स्फुरायमान फूले फण और वदन वाले सर्प रूप देव ने उस कन्दर्प कुमार (प्रद्युम्न) की अधम दुष्ट वचनों द्वारा भर्त्सना की। रुष्ट होकर दोनों भिड़ गये। अवसर पाकर उसी समय कुमार ने सर्प की पूछ पकड़ कर उसे घुमाकर जब पर्वत शिखर पर फेंका तभी उस सर्पविशधारी यक्ष ने अपने मन में सोचा—

---

(17) 1-2. अ. निगिछामि।

(17) (1) वचनं। (2) विद्याधर करणेन।

घत्ता— एहु सो णरु आयउ जो विक्खायउ आसि रिसिंदहिं सिट्ठउँ।
अहि-रूउ मुएप्पिणु पय पणवेप्पिणु जंपइ जक्खु विसिट्ठउँ।। 123।।

(18)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

ताम कुमारें विक्कम सारें।
सो परिपुच्छिउ कहि तुहुँ अच्छिउ।
पुणु सो जंपइ जक्खु पयंपइ।
णिसुणहिं सामिय भो सिव गामिय।
अजय महारणे हउँ तुहु कारणे।
रक्खमि विज्जउ णिरु णिरविज्जउ।
इह जिण-मंदिरे णयणाणंदिरे।
गोउरे अच्छमि कहिमि ण गच्छमि।
णामि तित्थंतरे गयइँ णिरंतरे।
खयर-पियारउ पुण्णहिं पेरिउ।
लइ तुहुँ आइउ जग-विक्खायउ।
भो-भो दिढ-भुय णारायण-सुय।

घत्ता— पुणु जंपिउ मयणइँ विहसिय-वयणइँ वहुविहु मंत-समिद्धउ।
एहु जक्खु पयासहिं[1] फुडु विण्णासहिं कहि महो विज्जउ सिद्धउ।। 124।।

इय पज्जुण्णकहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइसिद्ध विरइयाए पज्जुण्ण-[1]विज्जालाह वण्णणो णाम[2] सत्तमी संधी परिसम्मत्तो।। संधी: 7।। छ।।

घत्ता— "यही वह नर आया है, जो प्रसिद्ध है और (जिसके विषय में) ऋषीन्द्र ने कहा था।" ऐसा (विचार कर) अपने सर्परूप को छोड़ कर उसके चरणों में प्रणाम कर वह यक्ष विशेष वाणी में बोला।। 123।।

(18)

यक्षराज एवं कुमार प्रद्युम्न का वार्त्तालाप

उसी समय विक्रमसार वाले उस कुमार—प्रद्युम्न से उस (यक्षराज) ने पूछा—"तुम कहाँ रहते हो?" इसका उस कुमार ने उत्तर दे दिया। पुनः वह यक्ष बोला—"हे स्वामिन् शिवगामिन्, सुनिए। हे महारण में अजय, मैं आपके ही कारण निरवद्य विद्याओं की निरन्तर रक्षा करता आ रहा हूँ। नयनानन्ददायक जिनमन्दिर के गोपुर में मैं रहता हूँ, कहीं भी नहीं जाता हूँ। श्री नमिनाथ तीर्थंकर का निरन्तर अन्तर चलते रहने पर हे दृढभुज, हे नारायण सुत, विद्याधरों के प्रिय, जगद्विख्यात तुम, हमारे पुण्य की प्रेरणा लेकर (आज) यहाँ आये हो।

घत्ता— (यक्षराज की वाणी सुनकर) विविध मन्त्रों से समृद्ध उस—मदनराज—प्रद्युम्न ने विकसित मुख से कहा—"हे यक्षराज, यह प्रकाशित करो, यह स्पष्ट बताओ कि मुझे विद्याएँ कैसे सिद्ध होंगी?"।। 124।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली सिद्ध कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में प्रद्युम्न द्वारा विद्या-लाभ वर्णन करने वाली **सातवीं सन्धि** समाप्त हुई।। संधिः 7।। छ।।

---

(18) 1-2. अ.×।

(18) (1) कथय।

अट्ठमी संधी

(1)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

कुमारहो ताव जक्खु वि पुणु अणुरायइँ।
अलयाउरि वरणयरि णं णिम्मिय सुरराय इँ।। छ।।

तहिं आसि कणयणाहु वि णरिंदु अणिलाएविहे रोहिणिहिं चंदु।
सुव बेवि ताम उप्पण्णसार णामेण पसिद्ध हिरण्ण-तार।
वर रज्जु करइ तहि णिवइ जाम पिहियासउ मुणि संपत्तु ताम।
तहो पायमूले णिसुणेवि धम्मु तउ लयउ णिवण णि[1]वेवि [2]कम्मु।
सुउ करइ रज्जु पच्चक्खु णयरे तावेक्क दिवसि सउहलयउवरे।
णिय कंत सहिउ वरसुह णिसण्णु ता णहु पेछइ णह जाण[(1)] छण्णु।
धय-[3]धुव्वमाणु किंकिणि-रणंतु णं जिणहुवि देवागमणु होंतु।
मणि-मउड-कडय-कुंडलधरोवि एह सज्जइ[(2)] गच्छ[4]इ खयरु कोवि।

घत्ता— तहिं अवसर कणएण विज्जावलु सलहिज्जइ।
जहिं ण फुरइ[(3)] तं लोए रज्जइँ किं किर किज्जइ।। 125।।

आठवीं सन्धि

(1)

कुमार प्रद्युम्न द्वारा विद्या-लाभ का उपाय पूछे जाने पर यक्षराज द्वारा पूर्व-कथा वर्णन

तब यक्ष ने भी अनुरागपूर्वक कुमार से कहा—"अलकापुरी नामकी एक नगरी है। वह इतनी श्रेष्ठ (सुन्दर) है मानों उसे सुरराज—इन्द्र ने ही बनाया था। ।। छ।।

पहले वहाँ कनकनाथ नामका राजा राज्य करता था। उसकी चन्द्रमा के लिए रोहिणी के समान अनिला नामकी देवी—रानी थी। उनके सारभूत दो पुत्र उत्पन्न हुए। जो हिरण्य और तार नाम से सुप्रसिद्ध हुए। जब वह राजा उत्तम रीति से वहाँ राज्य कर रहा था तभी वहाँ मुनिराज पिहिताश्रव आये। उनके चरणमूल में धर्मोपदेश सुनकर उस राजा ने उनके चरणों में नमस्कार कर तप ग्रहण कर लिया।

जब पुत्र उस नगरी में प्रत्यक्ष रूप से राज्य कर रहा था। तब एक दिन जब वह अपनी कान्ता के साथ अत्यन्त सुख-सन्तोषपूर्वक अपने भवन की अट्टालिका के ऊपर बैठा था तभी उसने नभोयान से छन्न (ढँके) आकाश को देखा। उस पर ध्वजा उड़ रही थी, किंकिणियाँ शब्द कर रही थीं। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों जिनेन्द्र के सामने देवागमन हो रहा हो अथवा मणि-मुकुट-कटक एवं कुण्डलों का धारी कोई विद्याधर ही सजकर जा रहा हो।

घत्ता— उस अवसर पर उस हिरण्यराजा ने विद्याबल की प्रशंसा करते हुए कहा—"यदि यह विद्याबल मुझे प्रकट नहीं हुआ तो फिर लोक में राज्य कैसे किया जाये अर्थात् राज्य करने का सुख ही क्या?" ।। 125।।

---

(1) 1. अ. णिहणेवि। 2. अ. छ। 3. ब. भु। 4. अ. ज्ज।

(1) (1) विमाण। (2) सामग्री युक्तः। (3) विद्याबलं।

(2)

इउ चिंतिवि कज्जु वियप्पियउ लहु भायहो रज्जु समप्पियउ।
अप्पु[1]णु गउ सावइ संगहणे जिण-सासणेण[(1)] णं वण गहणे।
तहिं जा[2]एवि मंतु तेण जविउ भुत्तोयणु सउ वीरइ घविउ।
मय-माण-मोह-भय वज्जियहो मच्छर- मयणहिं ण परज्जियहो।
अणु-दिणु वण झाणे अहिट्ठियहो चम्मट्ठि-विसेस परिट्ठियहो।
एम विज्जउ जय सुप्पसिद्धियउ छत्तीसहँ सिद्धियउ।
पुणु अलयाउरि संपत्तु किह महि साहिवि भरहु [3]णरेंद जिह।
ता तारइँ तासु[(2)] महाहियहो पणवप्पिणु जेट्ठहो भाइयहो।
सत्तंगु वि रज्जु पडिट्ठियउ तेण वि सब्भावइँ इच्छियउ।

घत्ता— विज्जावल [4]गव्विउ रइ-पंकय फुल्लंधुउ।
कणय मयणु अवयरियउ कणउ वि अवरु सु अंधउ।। 126।।

---

(2)

36 वर्षों में समस्त विद्याएँ प्राप्त कर कनकपुत्र-हिरण्य मदान्ध हो गया

ऐसा चिन्तवन कर उसने (हिरण्य ने) कार्य का विकल्प किया (मन्त्र साधने का विचार किया), और अपने लघु भाई तार को राज्य समर्पित कर दिया। वह स्वयं ही जिनशासन के अनुसार श्रावक-व्रत धारण कर गहन-वन में चला गया। वहाँ वन में जाकर उस वीर हिरण्य ने साहसपूर्वक मन्त्र जपा। स्वयं कांजी का भात बना-खा कर कालक्षेपण किया। वह मद, मान, मोह एवं भय से रहित और मत्सर एवं मदन से पराजित नहीं हुआ। वन में प्रतिदिन ध्यान में अधिष्ठित उस हिरण्य के चर्म तथा अस्थि मात्र शेष रह गये। इस प्रकार जगत् में जितनी सुप्रसिद्ध विद्याएँ थीं वे सब उसे 36 वर्ष में सिद्ध हुईं। फिर वह हिरण्य अलकापुरी में किस प्रकार पहुँचा जिस प्रकार कि भरत नरेन्द्र (चक्री) मही साधकर (अयोध्यापुरी में) पहुँचे थे (अथवा मही साधक भरत जिस प्रकार जिनेन्द्र के पास पहुँचा था)।

तब छोटा भाई तार महाहृदय वाले उस बड़े भाई को प्रणाम कर उससे मिला और उससे उस (हिरण्य) को राज्यपद पर पुनः प्रतिष्ठित कर दिया। बड़े ने भी छोटे को युवराज पद पर प्रतिष्ठित किया, जिसे उसने सद्भाव पूर्वक स्वीकार किया।

घत्ता— विद्याबल से गर्वित, रतिरूपी कमल-पुष्प में अन्धे हुए भ्रमर के समान उस कनक (हिरण्य) में मदन का अवतार हो गया और स्वर्णादि समृद्धि बढ़ने के कारण वह हिरण्य और भी मदान्ध हो गया।। 126।।

---

(2) 1. ब. अण्णु ण। 2. अ. थावि। 3. ब. जिणिंद। 4. ब. गारविउ।

(2) (1) जिनसासनेन श्रावकानां संग्रहो भवति। (2) लघुभ्राता।

(3)

तहो अलयाउरि सुह-अछंतहो इट्ठ कामभोयइँ भुंजंतहो।
एक्कहिं दिणि वज्जिय संघायइँ अंबरु फुट्टइ तूर-णिणायइ।
तक्खणें कणयइँ णियउ णियच्छिय आलोयणिय-विज्ज आउच्छिय।
ताएँ पयंपिउ णमि-जिणणाहहो णाणुप्पण्णउँ केवलवाहहो।
5 तहिं सुर-चउणिकाय संपाइय दुंदुहि रसिय अमरकर-वाइय।
तं णिसुणेवि कंचणु आणंदिउ जाएवि समवसरणे जिणु वंदिउ।
माणथंभ पेछेवि गयमाणउँ हुवउ झत्ति परमत्थ वियाणउँ।
णिसुणेवि तच्च[1] तेण तउ लइयउ जाउ विमुक्क-संगु पव्वइयउ।

घत्ता— ता विज्जहिमि पउत्तु भणु अम्हहं पहु किंकरहु[(1)]।
10 तुहुं भव-रज्जे वइट्ठु कहि एमहिं कहु उवयरहु।। 127।।

(4)

ताम कणएण जिणणाहु आपुच्छिऊ कवणु पहु देव आयहमि अणुकुच्छउ[(1)]।

---

(3)

राजा हिरण्य की दीक्षा एवं उसके लिए सिद्ध विद्याओं के आश्रय की चिन्ता

इष्ट काम-भोगादि भोगता हुआ वह हिरण्य अलकापुरी में सुख-सन्तोष पूर्वक रह रहा था। एक दिन सामूहिक बाजे बजने लगे और तूरों के निनाद से अम्बर (आकाश) फूटने लगा। उसी समय कनक (हिरण्य) ने निकट से ही उठने वाली आलोचनी नामकी विद्या को देखा। उस विद्या ने उसे बताया कि नमि जिननाथ को केवल स्वभावधारी केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है, अतः वहाँ चारों निकाय के देव आ रहे हैं। देवों के हाथों द्वारा बजाये हुए दुन्दुभि बाजे बज रहे हैं। उनको सुनकर कंचन (हिरण्य) आनन्दित हुआ। फिर उसने समवशरण में जाकर जिनेन्द्र की वन्दना की। मानस्तम्भ के दर्शन से उसका मान चला गया। झट से वह परमार्थ का ज्ञाता हो गया। उस कंचन ने तर्क सुनकर तप ग्रहण किया और परिग्रह छोड़ कर प्रव्रजित हो गया।

घत्ता— तब (राजा हिरण्य को प्रव्रजित देखकर उससे) उन विद्याओं ने कहा—"हे प्रभु, अब कहिए कि हम आपकी दासियाँ क्या करें? आप तो भव-राज्य के ऊपर बैठ गये (अर्थात् मोक्ष मार्ग की साधना करने लगे) अब कहिये कि यहाँ हमारा उद्धार कैसे होगा?"।। 127।।

(4)

विजयार्द्ध के दुर्गम जिनभवन में प्रवेश करने पर पवनाशन यक्ष द्वारा कुमार प्रद्युम्न के लिए अमूल्य विद्याएँ एवं मणिशेखर की भेंट

तब कनक (हिरण्य) ने जिननाथ से पूछा—"हे देव, आगे कौन सा समर्थ पुण्य-पुरुष इन विद्याओं का प्रभु

---

(3) 1. ब °क्क।

(3) (1) मयं किं कर्म:।

(4) (1) पुण्यवंत:।

कहइ सव्वग्गु हरिवंसे तित्थंकरो णेमिणाहोत्ति जो सव्व-सुक्खंकरो।
तस्स तित्थम्मे वारमइ हरिणंदणो णाम पज्जुण्णु मयणोत्ति अरिमद्दणो।
सो वि वेयट्ढ जिण-भवणे आवेसए विविह-विजाण-एयाण पहु होसए।
ताउ(2) सव्वाउ तहि समइं जा ढुक्किया मज्झु जक्खस्स पासम्मे परिमुक्किय।
जिणइँ महँ समरे सो चेव महुमह-सुओ [1]पवण असणस्स रूवेण इह अच्छिओ।
गयउ चिरकालु सियवंतु तउ पेच्छिओ[2] एम मुणिउ सिउहु देव णिरु दढ-भुओ।
[3]लेहि विज्जाउ अवरे ज मणिसेहरो[4] तहय जुह तणउहँ चेव वर किंकरो।
मउडु-विज्जाउ गहिऊण जा णिग्गओ दिहु खयरेहिं संमुहुतुं णं दिग्गउ।

घत्ता— ता चित्त चमक्किय [5]रायसुय पुणु कुमारु णिउ तेत्तहिं।
जहिं वसइ णिसायरु कालसमु काल(3)-गुहाणणु जेत्तहिं।। 128।।

(5)

ताहिमि दूरे हाएवि पवुत्तउ इह पइसइ जो रविण णिरुत्तउ।
सो मणे इंछिय संपय पावइ तं णिसुणेवि मयणु ण चिरावइ।

होगा?" तब भगवान् ने कहा—"सर्वश्रेष्ठ हरिवंश में सभी के लिए सुखकारी तीर्थंकर नेमिनाथ उत्पन्न होंगे। उनके तीर्थ में द्वारावतीपुरी में हरि का, शत्रुओं का मर्दन करने वाला प्रद्युम्न नामका कामदेव पुत्र उत्पन्न होगा जो विजयार्ध के जिन-भवन में जाकर प्रवेश करेगा और वही इन विविध विद्याओं का प्रभु होगा।" उसी समय से ये सभी विद्याएँ यहाँ आ घुसीं और मुझ यक्ष के पास में रह रही हैं।" मधुमथन का पुत्र मुझे समर में जीतेगा, इसी आशा से तभी से मैं पवनाशन यक्ष सर्प के रूप में यहाँ स्थित हूँ। शोभा सम्पन्न आपकी राह देखते हुए मुझे चिरकाल बीत गया। ऐसा समझिए। दृढ़ भुजा वाले कल्याणकारी हे देव, आप यहाँ आ पहुँचे हैं। अतः अब इन विद्याओं को ले लीजिए और जो मणिशेखर है उसे भी ले लीजिए। उस यक्ष के कथनानुसार ही प्रद्युम्न ने उन सभी को स्वीकार कर लिया। मणि-मुकुट एवं विद्याओं को ग्रहण करके जब वह निकला और उन विद्याधर कुमारों के सम्मुख पहुँचा, तब ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों दिग्गज ही आ गया हो।

घत्ता— उसे देखकर उन राजकुमारों का चित्त चमत्कृत हो उठा। पुनः वे विद्याधर कुमार प्रद्युम्न को उस कालगुफा के मुख पर ले गये जहाँ यमराज के समान दुष्ट निशाचर रहता था।। 128।।

(5)

कालमुखी गुफा में निशाचर द्वारा कुमार को छत्र, चमर, वसुनन्दक-खड्ग तथा नाग-गुफा के नागदेव ने दो विद्याएँ एवं विभिन्न वस्तुएँ भेंट स्वरूप प्रदान कीं

दूर खड़े होकर उससे तब कहा—"जो इस गुफा में वेग पूर्वक (दौड़कर) प्रवेश करेगा वह मनवांछित सम्पदा को प्राप्त करेगा।" यह सुनकर मदन ने देर नहीं की। वह शीघ्र ही उन सब भाइयों को बीच में ही छोड़ कर

---

(4) 1-2. अ. प्रति में ये दो चरण नहीं हैं। 3-4 अ. प्रति में ये चरण नहीं है। 5. ब. ग।

(4) (2) विद्या। (3) कालगुफा मुखंपत्त।

रउ गरुय धयरु मुअवि ताणंतरे पइसइ णिसियर णिलयब्भंतरे।
ता णिसियरु कोवेण पलित्तउ णं हुव वहु घिय घडहिं पसित्तउ।
गुंजारुण-लोयणु उद्धायउ मरहि मणुय कहिं-कहिं रे परायउ।
भिडइ ण जाम-ताम तहिं जित्तउ मुट्ठि-पहारहिं महिहि णिहित्तउ।
आयछत्तु-चामर-जुवलुल्लउ ढोयउ तेणकुमारहो भल्लउ।
आशीर्वाद : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
अवरु वि मंडलग्गु वसुणंदउ दिण्णु विपक्ख-पक्ख खय कंदउ।
जाउहाणु सेव वि मण्णाववि पुणु तहिं दुट्ठहँ पासु परावि।
संठिउ ताम तेहिं णिउ तेत्तहिं तहि वेयड्ढ णाय-गुह जेत्तहिं।
दूराउ वि जो जंपइ पविर[1]उ खलु इह पइसइ तहो मणि चिंतिउ फलु।
ता सहसत्ति कुमारु पइट्ठउ फणि-णिज्जिणे वि लद्धु सुह सिट्ठउ।
णायतलप्पु-सेज्ज ससि-विट्ठरु पायट्ठवणु अवरु वीणावरु।
से[2]ण्णकारि-गिहकारणि विज्जउ अण्णु[(1)] किं जाय पज्जुण्णुह विज्जउ।

घत्ता— इय लाह समत्तिउ णियवि तहिं पुणु दुट्ठहिं असहंतहिं।
णिउ वण[(2)]-सरसिहि सुर-रक्खियहिं संवरारायहो पुत्तहिं।। 129।।

वेगपूर्वक गया और निशाचर के निलय (गुहा) के भीतर प्रवेश कर गया। तब निशाचर कोप से प्रदीप्त हो उठा, मानों प्रज्ज्वलित अग्नि घड़ों भर घी से सींच दी गयी हो। गुंजा के समान लाल नेत्र वाला वह निशाचर दौड़ा और बोला—"हे मनुष्य मर, तू क्यों और कहाँ से आ गया?" जब तक वह भिड़ भी न पाया था कि तब तक प्रद्युम्न ने मुष्टि प्रहारों से उसे जीत लिया तथा उसे पृथिवी पर पटक दिया।

उस निशाचर ने कुमार प्रद्युम्न को सुन्दर छत्र एवं चंचल चमर-युगल लाकर प्रदान किये। इनके अतिरिक्त भी विपक्ष के पक्ष का क्षय करने वाला वसुनन्दक नाम का मण्डलाग्र (खड्ग) भी प्रदान किया। इस प्रकार उस यातुधान से सेवा-पूजा कराकर वह कुमार प्रद्युम्न पुनः उन्हीं दुष्ट विद्याधर-पुत्रों के पास लौट आया।

पुनः वे सभी उस प्रद्युम्न को वहाँ ले गये, जहाँ विजयार्ध में नागगुफा थी। उनमें जो दुष्ट वज्रदंष्ट्र था, उसने दूर से ही कहा—"जो इस गुफा में प्रवेश करेगा, उसको मनोवांछित फल मिलेगा।" तब शीघ्र ही वह कुमार गुफा में घुस गया। वहाँ के फणी सर्प को जीत कर शुभ फल प्राप्त किया। उस नागराज ने उसे नागतल्प शैया, शशि-विष्टर (सिंहासन), पादस्थापनी पादुका और उत्तम वीणा प्रदान की, साथ ही सैन्यकारिणी और गृहकारिणी विद्याएँ भी प्रदान कीं। इन विद्याओं के आगे अन्य विद्याओं को क्या कहा जाये?

घत्ता— जब इन लाभों सहित आते हुए उस कुमार को देखा तब उन दुष्टों को वह सहन नहीं हुआ। पुनः राजा कालसंवर के वे पुत्र उस कुमार को देवों से सुरक्षित वन-सरसी (बावड़ी) पर ले गये।। 129।।

---

(5) 1. ब. रिखलु। 2. अ. °सि।

(5) (1) किं द्वितीयोस्ति अपितु नास्ति द्वितीयः। (2) नीतिवापिकासुररक्षिता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(6)

पभणिउ इह पइसरि जो मज्जइ तहो पुणु मणे इंछिउ संपज्जइ।
ता पज्जुण्णु पइट्ठ तुरंतउ णिय-विग्गह-कर[1]-णियर फुरंतउ।
अड्डोहिवि जलु-पंकय तोडइ कर-कमलहिं कमलिणि अच्छोडइँ।
धाइय रक्खवाल ताणंतरे हक्किउ तेहिं कुमारु खणंतरे।
5 पभणिउँ पुण्ण-कालु[2] कहिं आयउ किण्ण मुणहिं एहु जग विक्खायउ।
सुर-वाविहि पइसेवि किं ण्हायउ .....
किउ अपवित्तु सलिलु देवक्कउ अंतयालु तुह अज्जु पढुक्कउ।
इय णिसुणेवि मयणु अब्भिट्टउ णं कंठीरउ करिहिं पयट्टउ।

घत्ता— चरिम देहु रणे अज्जउ अण्णु वि विज्जावल-वलियउ।
10 को तहो जगे पडिमल्लु जिणि तिहुवणु परिकलियउ।। 130।।

(7)

ताव तेण तहिं जिय महारणे मयर-चिंधु[1] तहो दिण्णु तक्खणे।

---

(6)

कुमार प्रद्युम्न की सुर-वापिका के रक्षपाल से मुठभेड़

उन विद्याधरों पुत्रों ने कुमार प्रद्युम्न से कहा—"जो इस बावड़ी में प्रवेश कर स्नान करेगा उसे मनोवांछित सम्पत्ति मिलेगी। तब अपने तेजस्वी शरीर की किरणों से स्फुरायमान शरीर वाला वह प्रद्युम्न तत्काल ही उसमें प्रविष्ट हो गया। उसने उसके जल को आलोड़ित कर दिया, उसके कमलों को तोड़ने लगा और अपने हस्तकमलों द्वारा कमलिनियों को मरोड़ डाला। इसी बीच में उस सरसी (बावड़ी) का रक्षपाल वहाँ दौड़ा आया और उसने उस कुमार को हलकारा और कहा—"क्या तेरा काल (अर्थात् आयुष्य) पूरा हो गया है? तू यहाँ क्यों आया? क्या तू यह नहीं जानता कि यह बावड़ी जगद्विख्यात देव-बावड़ी है। उसमें तूने क्यों नहाया? तूने इस देवकृत जल को अपवित्र कर दिया है अतः आज (निश्चय) ही तेरा अन्तकाल आ गया है। यह सुनकर वह मदन उस रक्षकदेव से भिड़ गया। मानों सिंह ही हाथी से भिड़ गया हो।

घत्ता— वह चरमदेह कुमार (प्रद्युम्न) रण में अजेय था ही, साथ ही विद्याबल से भी बली था। जिसने त्रिभुवन को समझ लिया था फिर भला जग में उसका प्रतिमल्ल और कौन हो सकता था?।। 130।।

(7)

कुमार प्रद्युम्न को देव-वापिका के रक्षपाल द्वारा मकरध्वज, अग्निदेव द्वारा दूष्यवस्त्र एवं पर्वतदेव द्वारा कुण्डल-युगल की भेंट

कुमार प्रद्युम्न ने उस रक्षपाल को महारण में जीत लिया। तब रक्षपाल ने भी उसे तत्काल ही मकरचिह्न

---

(6) (1) किरणा। (2) परिपूर्ण कालजाता:।

(7) (1) कामस्य।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

तंपि लेवि चलिउ मणुब्भउ णियवि खलहिं महुमह-तणुब्भउ।
पुण हुवासे कुंडे पेक्खिय एत्थु मरइ जलिऊण भावियँ।
भणिउ मयण इह जो पईसए सा वि अजउ तिहुवण हो सासीसए।
झंप करिवि ता तहिं पइट्ठउ ताम अग्गि-सुरवरु तुट्ठउ।
दिण्ण ताम वर-वत्थ-दूसहे मलिण सुब्भ जे हुंति हुववहे।
लेवि तेवि संचलिउ जामहिं मेसयारु-गिरि-जुवलु तामहिं।
दिट्ठु भणिउ इहु बिव्वि जो णरो विसइ अदसु सो होइ सुरवरो।
तं सुणेवि मयणो-महावलो तहिं पइट्ठु णिव्वहिय कुलत्थ[1]लो।
हुउ झडत्ति-झड देवि जामहिं हय-सरेण कुहणियहिं तामहिं।

घत्ता— ता तूसिवि अमरेहिं दिण्णु तेहिं कुंडल-जुवलु।
मणुअहो दइवाहियहो[2] गिरिवि दिंति चिंतियउ फलु।। 131।।

(8)

पुणु कय तमेण[1] तेण जि कमेण।

(ध्वजा) प्रदान की। उसे लेकर आते हुए मधुमथन के पुत्र उस मनोभव (कामदेव) को जब इन दुष्टों ने देखा तो पुनः उसे जलता हुआ अग्निकुण्ड दिखलाया और कहा कि—"जो इसमें जल कर मरता है उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। पुनः उन्होंने मदन से कहा कि "जो इसमें प्रवेश करता है, वह त्रिभुवन के सभी समर्थ योद्धाओं में अजय होता है।" यह सुनकर वह कुमार झाँप देकर उस कुण्ड में प्रविष्ट हो गया। तब अग्निदेव भी उससे सन्तुष्ट हुआ। अग्निदेव ने उसे श्रेष्ठ दूष्य वस्त्र प्रदान किये। ठीक ही कहा है कि जो मलिन होते हैं वे अग्नि में शुभ्र हो जाते हैं।

वह कुमार जब उन वस्त्रों को लेकर चला तभी उसने मेषाकार पर्वत-युगल देखा। इन विद्याधर पुत्रों ने उस कुमार से कहा—जो मनुष्य इन दोनों के बीच में प्रवेश करता है वह उत्तम अदृश्य देव होता है।

उसको सुनकर महाबल वाला वह मदनकुमार प्रद्युम्न जब वहाँ कुलाचलों के बीच में निर्विघ्न रूप से प्रविष्ट हुआ, तब देव झड-झड करता हुआ उससे लड़ने लगा। उस समय कुमार ने मारो-मारो स्वर करते हुए कुहनियों से उस देव को मारा।

घत्ता— तब देव ने प्रसन्न होकर उस कुमार को कुण्डल-युगल प्रदान किये। कहा भी गया है कि—"भाग्यशाली पुरुष को पर्वत भी चिन्तित फल देते हैं।"।। 131।।

(8)

कुमार प्रद्युम्न को विशाल पर्वत के आम्रदेव के पास ले जाया जाता है

दुष्टता करने वाला वह वज्रदन्त पुनः उस कुमार प्रद्युम्न को पक्षियों के कलरव वाले विशाल पर्वत पर सारभूत

---

(7) 1. अ. °ड।

(7) (2) सुभकर्म अधिकस्य।

(8) (1) पपेन।

तहिं गिरि-विसाले खय-रव बमाले।
तरु सार-भूउ जहिं अमयभूउ।
तहिं णिउ-कुमारु किर होउ मारु।
कइ-रूउ अमरु विरएउ समरु।
दंभोलि[2]- रएण सब्भावहएण।
जंपिउ सहासु इह अंवयासु।
फलु एक्कु खाइ तहो जगु जि भाइ।
तं सुणेवि वालु दिढ-भुय-विसालु।
तहिं चडिउ तुरिउ मणि-रयण फुरिउ।
तो कइ[3] वरेण हक्कियउ तेण।
मायंदु एउ सुरहमि अभेउ।
कहु तणउँ पुत्तु कहि तुहुँ पहुत्तु।
जा जाहि भज्जु मा मरहि अज्जु।

घत्ता— ता जंपिउ वालेण मरु साहामय कवणु तुहुं।
महो माइंद ठियासु वहहि णिरारिउ जेण मुहु[4] ।। 132 ।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(9)

ता वली समुट्ठिहा महाकलीए[1] धाइओ।
सामरो पराइओ वालओ महावलो विसालओ।

एक आम्र वृक्ष के पास ले गया। "यहाँ कपि वेशधारी देव से समर में वह अवश्य मार खा जायेगा।" इस प्रकार विचार कर सद्भाव रहित उस वज्र-दंष्ट्र ने हँस कर प्रद्युम्न से कहा—"जो भी इस आम का एक भी फल खायगा, वह जगत में सबको अच्छा लगेगा।"

उस वचन को सुनकर भुज विशाल, मणिरत्नों से स्फुरायमान वह बालक तुरन्त ही उस वृक्ष पर चढ़ गया। तब कपिवेशधारी उस देव ने उस कुमार को ललकारा और बोला—"सुगन्धि में अमेय यह देवों का माकन्द (आम) वृक्ष है। तुम किसके पुत्र हो? तुम यहाँ कैसे पहुँचे? जा भाग यहाँ से, आज अपने प्राण मत गवाँ।"

घत्ता— तब वह बालक बोला—"हे शाखामृग देव, तुम कौन हो? जो माकन्द (आमवृक्ष) पर स्थित होकर मुझे निःशंक होकर अपना तेज दिखा रहे हो।। 132।।

(9)

कुमार प्रद्युम्न को वानर वेशधारी देव द्वारा शेखर एवं पुष्पमाला की भेंट

तब बली वानर-देव उठा और महाशाखा लेकर दौड़ा। वह बालक प्रद्युम्न भी विशाल महाबल वाला एवं दुर्धर मृगारि (सिंह) के समान कन्धों वाला था। वह भी समर में दौड़ा और इस प्रकार वानर एवं नर की भिड़न्त

---

(8) (2) वज्रदंतेन। (3) देवेन। (4) तेजः।

(9) (1) कंदलगृहः।

दुद्धरो मुएण अरि कंधरो[2] वाणरो भिडंतओ वि वा णरो।
णामिउ पपुंछ लेवि भामिओ झाडए धराहि जाम ताडए कंपिओ।
सुरोह बेवि जंपिओ कुद्धओ तुमं अहंपि सिद्धओ।
सेहरो पयत्थिओ सुसुंदरो सामयं सुअंध समप्पियं पुप्फदामयं[3]
अब्भुअं सुरेह-पाउआ जुवं दिण्णयं सुरेणंत पयण्णयं।
णिग्गउ कविट्ठ-काण णं गओ तुंगो गिरिव्व कज्जलंगओ।
दुद्धरो तहिंपि दिट्ठु सिंधुरो .....।

घत्ता— घड-हड-रव गज्जंतु दंतु-मुसल गिरि-दारणु।
सो णिय भुवहँ वलेण कुमरइँ साहिउ वारणु।। 133।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(10)

जो सो गय-रूवो सुरवर हूउ तासु वसि गुण-पयडण-कणउव[1] णिसए लग्गु कसि।
संगहिय[2] पसाहणु हुउ वर-वाहणु कामकरी जहिं[3] कहिं तहिं वणियउ अइघण थणियउ रूवपरी[4]।
तहो अग्गे परिट्ठिउ वंधि अहिट्ठिउं संवरहि कर-सिर-रय-सवणहँ पय मुह णयणहँ रय करहि।
तहिं चडिउ कुमारो जो सइ[1] मा[2]रो अवयरियउ कामिणि-जण-मोहणु गुण-गण-भूसणु अइ चलियउ।

5 संभव भवोह कय णिरु विरमं संभव देवं वंदे परमं।
अहिणंदण णंदिउ तुव चरियं जं हरिहर-वंभह णउ धरियं।
सुमयं सुमय[2] सुपयासिरियं वंदेसु पहुं समए सुरयं।

देखा। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों मही रूपी महिला को सहारा देने के लिए ही वह अपना हाथ फैलाये हुए खड़ा हो। श्वापदों से सेवित वह (गिरवर) ऐसा प्रतीत होता था, मानों वह मोक्ष-सिद्धि से युक्त दुखहारी मुनिश्रेष्ठ ही हो। विविध रत्नों से रचित, घण्टा, ध्वजा, तोरणों से सुशोभित जिनगृहों को देखकर वह जय-जय-जय करता हुआ अपने विमान से उतर पड़ा।

घत्ता— उसने (उस चौबीसी में जाकर) भुवनत्रय के नाथ, केवलज्ञान के वाहक, भव्य-कमलों के लिए दिनेश्वर (सूर्य), अष्टकर्मों के विनाशक, तत्त्व प्रकाशक उन जिनेश्वरों की स्तुति करना प्रारम्भ की।। 285।।

(6)

प्रद्युम्न कैलाश-पर्वत पर चतुर्विंशति जिनेन्द्रों की स्तुति करता है

द्विपदी— "हे परमेश, कल्पवृक्षों के नष्ट हो जाने तथा क्षुधा से कम्पित भुवन के लोगों को धैर्य धारण कराकर उन्हें असि, मसि, कृषि, प्रमुख पशुपालन आदि की प्रेरणा आपने ही की है।। छ।।

ऋषीश्वरों गणधरों के संघ द्वारा स्तुत ऋषभदेव को सुरेन्द्र एवं नरेन्द्र झुककर प्रणाम करते हैं। जो इस लोक एवं परलोक के लिए सुखकारी हैं, ऐसे अजितनाथ, कामदेव एवं मोह के डर को जीतने वाले हैं। जन्म-मरण से युक्त भवों का सर्वथा विनाश करने वाले परमश्रेष्ठ सम्भवनाथ की वन्दना करता हूँ। हे अभिनन्दन, तुम्हारा चरित्र नन्दित होता रहे, जिसे हरि, हर एवं ब्रह्मा भी धारण नहीं कर सके। आगम में स्मृत श्रेष्ठ प्रभु तथा सुमति के प्रकाशक सुमतिनाथ की वन्दना करता हूँ। पद्म से आलिंगित पद्मप्रभ भगवान हैं, जिन्होंने भुवन को अपनी

---

(6) 1. अ. × ।

(6) (1) गणधरदेवैः। (2) नति।

पउमप्पह पउमालिंगियय जं भुवणं णिय मुद्दं कियय।
वंदेइ सुपासं पासहर[3] सुद्धं सिद्धत्थं मुक्कहर[4]।
चंदप्पहदेवं विमल तणु जं अमिउ[5] वम णिम्मविय अणु।
अणह[6] अरुहं सुकुसुम दसणं किउ जेण चउग्गइँ गमणसणं।
सीयलणाहं वर सील धरं पणवेइ पंचकल्लाण करं।
सेयं संसेय किरण फुरियं वंदेइ जिणिंदं हय दुरियं।
अण्णाण तमोह-महण सुज्जं वासव[7] णमियं-वासवपुज्जं।
विमलं विमलें दिय सुह हरणं तिजगोत्तम जं तिलोय सरणं।
पणवेइ अणंत अणंतवलं जे णिहयं पर समयं सवलं।
धम्मं सुधम्म रह-धुर-धवलं मुसुमूरिय अट्ठकम्म णियलं[8]।
संतिं णवेइ जय संतियरं चक्कहरं कामं तित्थयरं।
कुंथु-कुंथु पमुहं सदयं सुमणंपि कसाय वहे अदयं।
वंदेइ अरंतिहुवण पियरं कमजुवलेण वियं सुर णियरं।
मल्लिं मलयाणिल गंध समं उक्खित्तं जेण पमाय दुमं।

जिन मुद्रा से अंकित किया है। कर्म-पाश के हरने वाले शुद्ध, सिद्धार्थ (कृतकृत्य) एवं मुक्ति के गृह के समान सुपार्श्वनाथ की वन्दना करता हूँ। निर्मल शरीर वाले चन्द्रप्रभ देव की वन्दना करता हूँ, जिन्होंने अणु-अणु को भी अमृतोपम बना दिया। सुन्दर पुष्प के समान दाँतों वाले अनघ, अरुह (निर्दोष) उन पुष्पदन्त की वन्दना करता हूँ, जिन्होंने चतुर्गति-गमन का नाश किया है। पंचकल्याणक-धारी एवं उत्तमशील के धारी शीतलनाथ को प्रणाम करता हूँ। श्रेय किरणों से स्फुरायमान तथा पाप को नष्ट करने वाले श्रेयांस जिनेन्द्र की वन्दना करता हूँ। अज्ञान रूपी तम-समूह का नाश करने के लिए सूर्य के समान तथा इन्द्र द्वारा नमित वासुपूज्य को नमन करता हूँ। निर्मल इन्द्रियदु:ख के हरने वाले, तीनों लोकों में उत्तम तथा तीनों लोकों के लिए शरणभूत विमलनाथ को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने सबल रूप से परमतों का खण्डन किया है। ऐसे अनन्तनाथ स्वामी को मैं प्रणाम करता हूँ, जो उत्तम धर्म रूपी रथ की धुरा के बैल हैं और जिन्होंने आठ कर्मों की बेड़ी को नष्ट किया है ऐसे धर्मनाथ की वन्दना करता हूँ।

जगत में शान्ति के कर्त्ता शान्तिनाथ को नमस्कार करता हूँ, जो चक्रधारी चक्रवर्ती हैं, कामदेव तथा तीर्थंकर हैं। जो कुन्थु प्रमुख जीवों पर दया युक्त एवं सुन्दर मन वाले होने पर भी कषायों के वध में दयारहित हैं, उन कुन्थुनाथ को प्रणाम करता हूँ। उन श्री अरहनाथ को वंदता हूँ जो त्रिभुवन के पिता हैं तथा जिनके चरणकमलों में देव-समूह भी नमस्कार करते हैं। मलयानिल की गन्ध के समान गन्ध वाले मल्लिनाथ को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने प्रमाद रूपी वृक्ष को उखाड़ दिया है। सुव्रतों के भार को धारण करने वाले मुनिसुव्रत को प्रणाम करता

---

(6) (3) कर्मपासहारकं। (4) करणीयरहितं। (5) अमृतप्रमाणु निर्मापितं।
(6) निःपापं। (7) इन्द्र, (8) शृंखलं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मुणिसुव्वय-सुव्वय भार धरं णवणीरदु सण्णिह गहिर गिरं।
णमिणाहं णवइ णिरावर[9]णं जे णिहयं णिय णाणावरणं।
वंदे णेमिं जिय महुमहणं किउ जेण परीसह सय हरणं।
25 पासं पसरिय भुवणयले जसं किय सिद्ध वरंगण अप्पवसं।
वंदेइ सुवड्ढमाण परमं सिवपुरसामी धीरं चर[2]मं।

घत्ता— इय णविवि जिणेसर दुरियहर पारंभिउ ण्हवणुच्छिउ।
जगु वहिरिउ हय दुंदुहि रवेण वड्ढिउ सुर विसहरहं भउ।। 286।।

(7)

दुवई— वज्जा[1]उहु हुवासु[2] जमु णेरिउ वरणु वि पवणु णिहिवइ[3]।
संभु फणीसु सोम आवाहिय जिण कम-कमल कई रई।। छ।।

जण्ण भाय दीवावलि लेविणु कुसुमक्खय जलेण पीणेविणु।
पुणु मणे फलिह विणिम्मिय सव्वहं पाडिहेर सहियहँ जिणबिंवहं।

हूँ जिनकी वाणी नवीन मेघ के समान गम्भीर है। जो आवरण रहित हैं, जिन्होंने अपने ज्ञानावरण कर्म को नष्ट किया है, उन नमिनाथ को मैं प्रणाम करता हूँ। काम को जीतने वाले नेमिनाथ को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने सैकड़ों परीषहों को सहन किया है। जिनका भुवनतल में यश फैला है और सिद्धि रूपी वरांगना को अपने वश में किया है, ऐसे पार्श्वनाथ को प्रणाम करता हूँ। शिवपुर के स्वामी, धीर वीर श्रेष्ठ एवं अन्तिम तीर्थंकर सुवर्धमान महावीर की वन्दना करता हूँ।

घत्ता— (इस प्रकार उस प्रद्युम्न ने) दुरितहरों जिनेश्वरों को नमस्कार कर उनका न्हवन, उत्सव प्रारम्भ किया। जगत को वधिर करने वाले बजाये गये। दुन्दुभि के शब्दों से देवों एवं नागेन्द्रों को भी भय बढ़ने लगा।। 286।।

(7)

कैलाश-पर्वत पर स्थित चौबीसी मन्दिर में प्रद्युम्न द्वारा दशदिक्पालों का स्मरण एवं जिनेन्द्र का अभिषेक तथा पूजन

द्विपदी— पुनः उस प्रद्युम्न ने वज्रायुध (इन्द्र), हुताश (अग्नि), यम, नैऋत्य, वरुण, पवन (वायव्य), निधिपति (कुबेर), शम्भु (ईशान), फणीश (नागेन्द्रअधः), सोम (उर्ध्व) इस प्रकार दश-दिशाधिपतियों (दिक्पालों) का आवाहन कर जिन-भगवान के चरण-कमलों में रति की।। छ।।

प्रद्युम्न दीपावलि लेकर पुष्प, अक्षत एवं जल से पूजाकर पुनः मन में स्फटिक के बने समस्त प्रातिहार्यों सहित जिन-बिम्बों को नालिकेर प्रमुख उत्कृष्ट द्रव्यों से माकन्द (आम्र) द्राक्षा आदि के रसों से भव्य अत्यन्त

---

(6) 2. अ. "भरं"।

(6) (9) आवरणरहितं।

(7) (1) इन्द्र। (2) अग्नि। (3) कुबेर।

णालिएर पमुहहिं वरदव्वहिँ मायंदिक्खु[4] - दक्खरस भव्वहिँ।
अइ सुवंधु णिम्मलु मणु रंजणु कणय छवि वहंतु हय अंजणु।
धिउ पुण्णंघिवाह[5] पल्हच्छिउ णं दुक्कम्म समूहु गलच्छिउ।
हास-ससंक कंति कंतिल्लइँ मुणिवर मइ समेण हय सल्लइँ।
ण्हाविय जिणवरिंद वर दुद्धइँ चउ दह गामइँ णाइ णिरुद्धइँ।
घित्तद्दुदहिउ[6] णिम्महियउ पयडि णिवहु तिविहु वि णं महियउ।
लेवि सुअंधु सलिलु पक्खालिवि णं भव-दुमहो मूलु उक्खालेवि।
अट्ठोत्तरु-सउ कलसहिं सिंचिय णं कसाय मिच्छत्त वि वंचिय।
किउ गंधोव्वउ धुव कलि पंकहं णिह-णिय भव-भव वोह कलंकहं।
कमहस कमल मुक्क कुसुमंजलि णं सल्लत्तय दिण्ण जलंजलि[7]।

घत्ता— भिंगारु लएविणु रइरमणु जलरेहत्तउ भुव इव केहउ।
उप्पत्ति जरा मरणत्तयहो विरइउ सेउवंधु णं जेहउ।। 287।।

सुगन्धित निर्मल तथा मनोरंजक कनक-कान्ति को धारण करते हुए अंजन (पाप) रहित होकर भव-बाधाओं को नष्ट करने वाला पूर्णार्घ्य चढ़ाया, मानों दुष्कर्म-समूह को ही गलित कर दिया हो। चन्द्र के हास की कान्ति से सुशोभित मुनिवरों की सुमति के समान शल्य रहित होकर उस प्रद्युम्न ने जिन-वरेन्द्र का उत्तम दुग्ध से न्हवन कराया मानों चारों गतियों को दहा देने (नष्ट करने) के विरुद्ध कार्य किया हो घृत, दुग्ध, दही से अभिषेक किया। मानों त्रिविध (मोह, राग, द्वेष) प्रकृति-समूह को ही मथित कर दिया हो। फिर सुगन्धित जल लेकर प्रक्षालन किया। मानों संसार रूपी वृक्ष के मूल को उखाड़ दिया हो। फिर 108 कलशों से सिंचन (अभिषेक) किया, मानों अपने को कषाय-मिथ्यात्व से ही बचा लिया हो, फिर उसने कलि-काल के पंक (पापों) को धोने वाला गन्धोदक बनाकर लगाया, जो भव-भय रूपी व्याधि एवं ज्ञान के कलंक को नष्ट करने वाला है। पुनः उनके चरण-कमलों में उसने पुष्पांजलि छोड़ी मानों शल्यत्रय को जलांजलि ही दे दी हो।

घत्ता— रतिरमण ने भृंगार (मंगल-कलश) लेकर त्रिभुवन की प्रतीक जल की तीन रेखाएँ छोड़ीं। वे कैसी लग रही थी? वैसी ही, मानों उत्पत्ति, जरा एवं मरण को नष्ट करने के लिए सेतुबन्ध ही हों।। 287।।

---

(7) (4) आम्र। (5) पुण्यपादप। (6) कठिनदही। (7) सल्याजलंजलि।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(8)

दुवई— सुर-विसहर-खगेस-किण्णर-णर-गंधव्वेहिं संथुवा।
पुज्जरएइ अडइ अंगुब्भउ[1] जा तइलोय अब्भुया।। छ।।

अइ गंधड्ढणाइँ कुरु[2]भूमिव अक्खयवंत सहइ सिवगइ इव।
महुसिरिव्व[3] णावइ कुसुमाउल दियभत्ति[4] वणं आगउ राउल।
दीवा[1]लिव्व[5] जंवुदीवोवम धूवाबर वरगंधव्वहो सम।
सुपहु सेव णावइ फल दंसिर सिसु कीलव सोहइ सालिव कर।
इय उच्छवइ महा जय घोसइ णच्चिय सुर-णर वर परिओसइ।
वासर-अट्ठ तहिं जि णिवसेविणु भत्तिएँ जिनबिंवइँ अच्चेविणु।
मिच्छामलु असेसु लुंचेविणु सुहयरु सेय विडवि सिंचेविणु।
आगउ णियपुरि धम्माणंदिउ सावय-णियरहिं अहिणंदिउ।

घत्ता— थिउ मंदिरे सरु अणुदियहो सिरिणयणुप्पल पेरंति ण थक्कइ।
रिद्धिए जंभारि परि जिणइ तहो माहप्पु को वण्णहु सक्कइ।। 288।।

---

(8)

सुगन्धि, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल एवं शालि द्रव्यों द्वारा पूजा

द्विपदी— सुरों, नागेन्द्रों, विद्याधरों, किन्नरों, नरेन्द्रों एवं गन्धर्वों द्वारा स्तुत, प्रद्युम्न ने त्रैलोक्य के लिए अद्भुत जिनेन्द्र की पूजा रचायी।। छ।।

कुरुभूमि की सुगन्धि के समान सुगन्धित द्रव्य, शिवगति के समान सुशोभित अक्षत द्रव्य, वसन्तश्री के समान पुष्प-समूह तथा भक्तिपूर्वक नैवेद्य को लेकर उस राजकुमार ने जिनेन्द्र के आगे चढ़ाया। जम्बू-द्वीप के समान दीपावलि लेकर, गन्धर्व देवों के सदृश उत्तम धूप लेकर एवं उत्तम फल लेकर प्रभु की सेवा में सिर झुकाया। पुनः हाथों में शालि (अक्षत मिश्रित अर्घ) शिशु-क्रीड़ा के समान सुशोभित होने लगा। इस प्रकार सुर एवं नरवरों से घिरे हुए उस प्रद्युम्न ने नृत्य कर महान् जय घोष पूर्वक उत्सव मनाया और वहाँ आठ दिनों तक जिनेन्द्र की सेवा कर, भक्तिपूर्वक जिन-बिम्बों की अर्चना कर, समस्त मिथ्यात्व रूपी मल को धोकर, सुखकारी श्रेयस रूपी वृक्ष का सिंचन कर धर्म कार्य से आनन्दित होकर अपने नगर को लौट आया। तब वहाँ के श्रावक समूह ने उसका अभिनन्दन किया।

घत्ता— स्मर अपने महल में ठहरा। प्रतिदिन अपने नेत्र रूपी कमलों से श्री-सौन्दर्य को प्रेरणा देता हुआ थकता नहीं था। अपनी ऋद्धियों से जृम्भारि (कुबेर) को भी जीतता था। उस (प्रद्युम्न) के माहात्म्य का वर्णन कौन कर सकता है?।। 288।।

---

(8) 1. अ दीवावलि।

(8) (1) प्रद्युम्न। (2) भोगभूमिवा कउरवभूमिवा इव। (3) वसंत। (4) अग्रहारयुक्तापक्षीनैवेद्य अगर सहितं च। (5) अनेकदीपैवेष्टिता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(9)

दुवई— ता अवहत्थिऊण सयणोहु [1]सही-वहु सोक्ख कारणं।
संचल्लिउ तवस्स पहु णेमि कयं सवियारि वारणं।। छ।।

कुरु-पंडवहं महा[1]भारहे हुए णिहणिय सेण्णण्णोण्णु रणुज्जए।
सुर-किण्णर-[2]खगवूहहि[2] रक्खिए भिडि भंडणे भडणिवह अलक्खिए।
दुद्धरे मगहाहए दोहाविए[3] अद्ध-चक्किपइ हरिणा पाविए।
किउ विसिसयणे[4] सयणु सुमहंतइँ णासा-सास वसेण तुरंतइँ।
पंचयण्णु अवलासुर डाविउ चरणंगुट्ठइँ चाउ चडाविउ।
करसाहए[5] तोलेवि लच्छीहरु णं महि भायइँ कलिउ महीहरु।
पुणु वणयर-वह[6] करुणाएँ कंपिउ णउ पाणिग्गहु करमि पयंपिउ।
इंदिय-सुहु असेसु जा वंचिवि थिउ णिव्वेइउ रहवरु खंचिवि।

घत्ता— तावागय तहिं अमर[7] झुणि कुसुमंजलि कर-जुवले धिवेप्पिणु।
भो देव-देव जं चिंतवहि तं करेहि जंपंति णवेविणु।। 289।।

---

(9)

नेमिकुमार को संसार से वैराग्य हो जाता है

द्विपदी— तब मही—पृथिवी रूपी बहुत के लिए सुख का कारण वह प्रद्युम्न स्वजनों की अवहेलना कर तपस्या के स्वामी एवं विकारों के निवारक नेमिप्रभु के समीप तपस्या हेतु चला।। छ।।

कौरवों एवं पाण्डवों का महाभारत (महासंग्राम) हुआ, रण में उद्यत परस्पर की सेनाओं को नष्ट किया गया। सुर, किन्नर तथा विद्याधर-समूह द्वारा रक्षित तथा (विपक्षियों के) भट-समूह को देखे बिना ही द्रोही दुर्धर मगधाधिप—जरासन्ध युद्ध में कृष्ण से भिड़ गया। कृष्ण ने उसे मारकर अर्धचक्री पद प्राप्त कर लिया, किन्तु स्वजनों के लिए महान् उसी कृष्ण को नागशैया पर शयन करना पड़ा। श्री नेमिप्रभु ने नासा की श्वास से तुरन्त ही पांचजन्य शंख बजा दिया जिससे असुर भी घबड़ा उठे। पुनः अपने पैर के अँगूठे से (गांडीव) धनुष को चढ़ा दिया। इसी प्रकार हाथ की कनिष्ठांगुली से लक्ष्मीधर को तौल डाला। उस समय ऐसा प्रतीत होता था मानों पृथिवी के एक भाग से पर्वत ही जुड़ गया हो। ऐसे (महान् बलशाली) नेमिप्रभु भी वनचर-पशुओं के वध के कारण करुणा से भरकर काँप उठे। "मैं पाणिग्रहण नहीं करूँगा।" इस प्रकार प्रतिज्ञाकर जो समस्त इन्द्रिय-सुख छोड़कर तथा रथवरादि वैभव का त्यागकर वैराग्य में स्थित हो गये।

घत्ता— तभी वहाँ (लौकान्तिक—) देव आ गये और वे कर-युगल में कुसुमांजलि लेकर तथा नमस्कार कर कहने लगे—हे देव, हे देव, आप जो विचार कर रहे हैं, उसे कीजिए।" ।। 289।।

---

(9) 1. अ. मं। 2. अ. नर।

(9) (1) महाभारतसंग्रामे। (2) समूह। (3) जरासिंदेहतेसति। (4) नागशैयायां। (5) वामकरकनिष्ठांगुल्या। (6) वध। (7) लौकांतिका।

(10)

दुवई— अब्भुद्धरि तिलोउ परमेसर कलिमल-पंक-खुत्तउ।
गय सग्गहो भणेवि लोयंतिय जिणु जिणगुणहिं जुत्तउ।। छ।।

सइँ बुद्धउ ता मति गणि तहु असहंतु चउग्गइँ गमण दुहु।
अवगण्णिय दूरेहिं रायमइ [1]संगहिय पयत्तइं रायमइ।
मणे धरिय ण जेण सरायमइ भाविय भावेण सरायमइ[2]।
विरहाउर मेल्लिय रायमइ हुवव[3]हुहे तवोवरि रायमइ।
संजायउ सुरवर आगमणु अंतिमु विलासु तहो करिवि पुणु।
जयकारे वि जाणइँ जलयवहे[(1)] णिउ अमरहिं परिभमंत भरहे।
रेवयगिरिवरे [4]भंजंति हरि ठवियउ जिणु सिद्ध-सिलाहि वरि।
असरीर णवेवि सहसंववणे सम भावइँ भाविवि तिजगु मणे।
उम्मूलिउ सकुडि[5]लु केस-पासु णं घाइ-चउक्कहँ वल-पणासु।
भूसण सकोस महि पवर धया छत्तोह-चमर-रह मत्त गया।
परिहरिवि सणेहु सहोयरहँ अवहेरि करेवि सेवायरहँ।

---

(10)

चतुर्विध ज्ञानधारी नेमिप्रभु द्वारावती के राजा वरदत्त के यहाँ जाकर आहार ग्रहण करते हैं

द्विपदी— कलिमल रूपी पंक को खोदकर फेंक देने वाले तथा जिनेन्द्र गुणों से युक्त परमेश्वर जिनेन्द्र नेमिप्रभु का उद्धारकर तथा समझाकर वह लौकान्तिक देव वापिस स्वर्ग को लौट गया।। छ।।

तुम स्वयं बुद्ध हो, मति, श्रुत एवं अवधि रूप तीन ज्ञानों के धारी हो, चतुर्गति के दुःख को सहन नहीं करने वाले हो, श्रमण-धर्म के प्रति तो प्रयत्न पूर्वक राग-मति संग्रहीत की, किन्तु जिसने मन में राजीमती के प्रति सरागमति धारण नहीं की और जिसने मोक्ष-लक्ष्मी के प्रति रागमति को धारण किया, जिसने विरहातुर राजमति को भी छोड़ दिया। प्रभु के लिए राजीमती से भी बढ़कर तपोलक्ष्मी हो गयी। वहाँ स्वर्ग से देवों का आगमन हुआ और अन्ततः उनका तपकल्याणक किया गया। जय-जयकार करते हुए उन देवों ने यानों से जलपथ (आकाश-मार्ग) में होकर भरतक्षेत्र में घुमाते हुए, कर्मशत्रु का भंजन करने वाले उन नेमिप्रभु को रैवतगिरि (गिरनार-पर्वत) की सिद्धशिला पर स्थापित किया। त्रिजगदीश उन नेमिप्रभु ने सहस्राम्रवन स्थित सिद्धशिला पर से सिद्धों को नमस्कार कर अपने में सम-भावना पूर्वक द्वादशानुप्रेक्षाओं का चिन्तन किया। उन्होंने सुन्दर घुँघराले केश-पाश को उखाड़ फेंका (केशलुंच किया)। मानों चार घातिया कर्मों के बल को ही नष्ट कर डाला हो। आभूषणों सहित कोष, राज्य, प्रवरध्वजा, छत्रसमूह, चमर, रथ, मदोन्मत्त गजों का परित्याग कर निरन्तर सेवा में संलग्न स्नेह सहचरों को उपेक्षित कर भव-भ्रमण से भयभीत होकर 1000 (दस सौ) राजाओं के साथ

---

(10) 1-2. अ. × । 3. अ. "प" । 4. अ. गुं । 5. अ. "लि" ।

(10) (1) आकाशे ।

भव-भमण-भयहो भावइँ लयहँ दिक्खंकियाइँ दस-सय णिवहँ।
15 छट्ठोववास-विहि उच्चरिवि णु डिंभु कुमग्गहो संचरिवि।
थिउ पडिमा-जोएँ अरुहु जाम उप्पण्णउ णाणु चउत्थु ताम।

घत्ता— अण्णहिं दिणे णिट्ठा णिट्ठियउ दारामइहे पईसरेवि।
वरदत्त णरिंदहो तणइं घरि गउ उंजि त भोयणु करिवि।। 290।।

(11)

दुवई— एत्तहिं रयणविट्ठि कुसुमंजलि गंधोएण संजुवा।
जंपिउ साहु-साहु इय दुंदुहि पंचच्छरिय वर हुवा।। छ।।

दिण्ण छप्पण्ण गमिय छम्मत्थइँ सहवि परीसह कय मउणत्थइँ।
लेसा सेस अहम मेल्लंतइँ कम्म महागिरिवरु पेल्लंतइँ।
5 तव किवाण सर सीसु खुडंतइँ तेरहमइं गुण-ठाणि चडंतइँ।
वेणु[1] मही[1]हरु तले आसीणउँ अप्पा-अप्प-भेय संलीणउँ।
वज्जंकासणु करेवि तुरंतइँ पूरिउ सुक्क-झाणु अरहंतइँ।
उप्पाइयउ णा[2]णु णिरु केवलु णेयाणेय सरिस सयलामलु।

उन्होंने दीक्षा धारण कर ली।

षष्ठोपवास की विधि का उच्चारण कर कुमार्ग से हटकर जब वे योग्य प्रतिमायोग से स्थिर हुए, तब उन्हें चौथा मन:पर्ययज्ञान उत्पन्न हुआ।

घत्ता— अन्य दिन निष्ठा से निष्ठित उन नेमिप्रभु ने द्वारामती (द्वारिकापुरी) में प्रवेश किया। वरदत्त राजा के भवन में पहुँचे और वहीं आहार ग्रहण किया।। 290।।

(11)

नेमिप्रभु को कैवल्य प्राप्ति एवं धनद द्वारा समवसरण की रचना

द्विपदी— इतने में ही रत्नवृष्टि, पुष्पवृष्टि, गन्धोदकवृष्टि सहित साधु-साधु शब्दोच्चार एवं दुन्दुभि वाद्यवादन रूप उत्तम पंचाश्चर्य हुए।। छ।।

छद्मस्थावस्था में छप्पन दिन गमाये। मौनपूर्वक स्थित होकर समस्त परीषहें सहीं। समस्त अधम लेश्याएँ एवं अहंकार को छोड़ा। कर्मरूपी महापर्वतों को पेला (नाश किया)। काम-मोह के शिर को तपरूपी कृपाण से फोड़कर तेरहवें गुणस्थान में चढ़े। बाँसवृक्ष के तले बैठे हुए आत्मा को आत्मभेद में लीन किया। पुन: तुरन्त ही पर्यंकासन कर उन अरहन्त ने शुक्लध्यान को पूर्ण किया। तभी उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हो गया, जिससे पृथिवीलोक के समस्त सूक्ष्म-स्थूल पदार्थों को निर्मल रूप से जाना। उसी से जीव की 14 गति आदि मार्गणाओं

---

(11) 1. अ. "ह"। 2. अ. "भा"।

(11) (1) वसविडे।

अवलोइउ जिउ गइयण[2] मग्गण अहम उवरि मज्झिम महि महिजण।
कालत्तय[3] जिय अजिय सरूवइँ पज्जत्तापज्जत्तय भूयइँ।
देस-सरूव-काल-अंतरियइँ सुपयत्थइं-अत्थइं विप्फुरियइँ।
ता सुर भुवणहँ णं घण-गज्जिय घंटा-संख-पडह सय वज्जिय।
आरूढउ अइरावइ सुरवइँ चल्लिउ णिसिवइ फणिवइ दिणवइँ।

घत्ता— धणएण वि खणें वेउव्वियउ समवसरणु अरुहहो कह।
उप्पण्णइँ भुवणुज्जोययरे णाणइँ आइ-जिणेसु जहा।। 291।।

(12)

दुवई— वल्लीवण-असोय परिहा धय गोउर णट्ट सालयं।
वर पायार-थंभ जिणमंदिर पोक्खर वियसि[1] सालयं।। छ।।

अंजण-तमाल अलि सरिसरुई सिवगइ णिवासि अइ जासु रुई[2]।
अवलोइउ अहिमुहु पुरिस हरि जय जय भासंतु [1]थुणेइ हरि।
पइणिय कर-साहहिं तुलिउ हरि परिहरिय पुहवि गय रहस हरि।

का अवलोकन किया। अधम, उर्ध्व एवं मध्य लोक के प्राणियों को जाना। कालत्रय को जाना, पर्याप्त-अपर्याप्त रूप जीवों-अजीवों के अनेक स्वरूपों को जाना। देश का स्वरूप जाना, अन्तरित काल को जाना। सुपदार्थों को जाना, उनके अर्थ को विस्फुरित किया। तभी सुर भवनों से मेघनाद हुआ मानों मेघ ही गरजा हो। घंटा, शंख, पटह बिना बजाये स्वयं ही बजने लगे। सुरपति ऐरावत गज पर आरूढ़ होकर चला। निशिपति (चन्द्र), फणिपति (नागेन्द्र) एवं दिनपति (सूर्य) भी चला।

घत्ता— अपनी विक्रिया ऋद्धि से धनपति ने क्षण भर में ही उन अरहन्त का समवसरण रच दिया। कैसे? जिस प्रकार भुवन को उद्योतित करने वाले केवलज्ञान के उत्पन्न होते ही आदि जिनेश के लिये किया गया था। ।। 291।।

(12)

कृष्ण नेमिप्रभु के समवशरण में जाकर उनका धर्म-प्रवचन सुनते हैं

द्विपदी— वल्लीसमूह, अशोकवृक्ष, परिखा, ध्वज, गोपुर, नाट्यशाला, सुन्दर प्राकार, मान-स्तम्भ, जिनमन्दिर, पुष्कर और शालाएँ।। छ।।

तथा भ्रमर सदृश कान्ति वाले अंजन एवं तमाल वृक्ष विकसित किये गये। शिवगति में रहने की जिनकी रुचि है, ऐसे प्रधान पुरुष नेमिप्रभु के समवसरण को आया हुआ जानकर इन्द्र ने जय-जय बोल कर स्तुति की और अपनी-कर-शाखा (अंगुलि) से हरि को भी तौल लेने वाले नेमिप्रभु को नमस्कार कर वह इन्द्र हर्षित होकर तथा अपना आसन छोड़कर पृथिवी पर गया। उस समय वनों में विचरण करते हुए वे सिंह भी नियमतः स्थिर हो

---

(11) 3. अ. °च्च।

(12) 1. अ. सु०

(11) (2) गुण।

(12) (1) शोभायमान। (2) रुचि।

थिउ णियमे वि वणे वियरंत हरि णिय पयहँ णवाविय विविह हरि।
णंदउ तुव सासणु वूढ हरि भामंडलेण णिज्जिणिय हरि।
छतत्तएण उवहसिय हरि महो होउ समाहि तिलोय हरि।
तावायउ तिक्खंडाहिवइ भायर णाणेण पहिट्ठमइ।
सेण्णेण पक्ख-विपक्ख महइ सहुँ दसहि-दसारहि मणमहई[3]।
वंदिवि जणु णिंदिवि णियचरिउ आसीणउँ कोट्ठइँ गुण भरिउ।
वरदत्तइँ चिंतिय णियय-मणे पहु पुच्छेवि तउ संगहिउ खणे।
एयारह गणरंतेण[4] सहुँ हुव णसिय वाहित्तयहुँ[5] दुहुँ।

घत्ता— णिसुणेवि धम्मु देवइहे सुऊ सहुँ परियणइँ समागउ णियपुरे।
उद्धुय धयमालालंकियए रज्जु करंतु थक्कु मणहर घरे।। 292।।

(13)

दुवई— एत्तहिं परमजोइ परमेसरु परउवयार कारउ।
वियरइ महि असेस सहुँ संघइँ केवलणाण धारउ।। छ।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

गए, जिन्होंने विविध प्रकार से दूसरे सिंहों को अपने चरणों में झुकाया था। (इन्द्र ने स्तुति करते हुए कहा) हे नेमिप्रभु, आप अपने भामण्डल से हरि—सूर्य की प्रभा को भी जीत लेने वाले हो। हरि—कृष्ण को जीतने वाले है नेमि प्रभु, तुम्हारा शासन नन्दित रहे। आपके छत्र-त्रय से हरि—सूर्य भी तिरस्कृत हो जाता है। हे त्रैलोक्य हरि, मुझे समाधि की प्राप्ति हो।" तभी भाई की कैवल्य-प्राप्ति से हर्षित बुद्धि त्रिखण्डाधिपति तथा अपनी सेना द्वारा विपक्ष—शत्रु के भी पक्ष को मथित कर देने वाला वह कृष्ण दश-दशार राजाओं एवं प्रद्युम्न के साथ वहाँ आया तथा जिनेन्द्र की वन्दना करके और अपने भूतकाल की निन्दा कर, गुणों से युक्त वह (कृष्ण) अपने कोठे में बैठ गया। वरदत्त राजा ने अपने मन में विचारकर तथा नेमिप्रभु से पूछकर तत्काल ही उनसे तप ग्रहण कर लिया और वरदत्त राजा के साथ अन्य ग्यारह गणनायकों ने भी तप ग्रहण किया और इस प्रकार उनके व्याधित्रय (जन्म, जरा, मरण) के दुःख नष्ट हो गये।

घत्ता— देवकी के सुत (कृष्ण) धर्म सुनकर अपने परिजनों के साथ अपने नगर में आया। वह मनहर उड़ती हुई ध्वजमाला से अलंकृत अपने घर (द्वारिका) में रह कर राज्य करने लगा।। 292।।

(13)

नेमिप्रभु का संघ सहित विहार। उनके आगे-आगे धर्म-चक्र चलता था

द्विपदी— इसी बीच में परमयोगी, परमेश्वर, परोपकारी, केवलज्ञानधारी, वे नेमिप्रभु अपने संघ सहित समस्त पृथिवी-मण्डल पर विचरण करने लगे।। छ।।

---

(12) (3) प्रद्युम्न। (4) वरदत्तसह। (5) जन्मजरादि।

साहुहुँ किरिया जमवइ रयाइँ पुव्वंगवि अट्ठइँ चउसयाइँ।
भिक्खासणाहँ णव सिक्खुयाहँ एयारह सहसइँ भिक्खुयाहँ।
अहियइँ अडसय संजमधराहँ पण्णारह-सय अवहीसराहँ।
केवलिहिं कलिय भुवणत्तयाहँ एकाहिय दस सय संख ताहँ।
तेत्तिय वेउव्वण रिद्धिवंत पडिवाइय वायाहर महंत।
सय अट्ठ सुवाइहि दिढ वयाइँ मण-पज्जय णाणिय णव सयाइँ।
चालीस-सहासइँ संजईहिं वरु एक्कु लक्खु मंदिर जईहिं।[1]
गुणवंतेहिं जीव दयावईहिं लक्खाइँ तिण्णि तहँ सावईहिं।
संखाइँ तिरिय सुर संख रहिय अछंति जंति सव्वण्हु सहिय।
अग्गइँ सुपट्टइँ धम्म-चक्कु जहिं जाइ ण तहिं कहिं मोह-चक्कु।
जहिं जाइ तहिं जि जण जणिय सोक्खु जहिं जाइ तहिं जि वट्टइ सुहिक्खु।

घत्ता— जहिं कहिं तहिं जिणवर अइसयइँ जम्म वइर रोसारुणइँ।
हरि-करि-अहि-उरग-तिरिय सह रमंति पसमिय मयणइँ।। 293।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

साधु की क्रिया करने वाली जाम्बवती आदि आर्यिकाओं के साथ-साथ 400 पूर्वांगविज्ञानी थे। नवशिक्षित भिक्षुओं सहित कुलसंयमधारी मुनियों की संख्या 800 अधिक 11000 (अर्थात् 11800) थी। 1500 अवधिज्ञानधारी साधु थे। भुवनत्रय में प्रसिद्ध केवलज्ञानी एक अधिक दस सौ अर्थात् 1100 थे और उतने ही (अर्थात् 1100) विक्रिया ऋद्धिधारी भी थे। प्रतिवादी से वाद करने वाले दृढ एवं महान् वादी साधु 800 थे। मनः पर्ययज्ञानी 900 थे। 40000 आर्यिकाएँ थीं। (प्रतिदिन) मन्दिर में जाकर देव-दर्शन करने वाले एक लाख गुणवान एवं दयावान श्रावक थे। श्राविकाएँ तीन लाख थीं। संख्यात तिर्यंच थे। देव संख्या रहित (असंख्यात) थे। जो सर्वज्ञ के विहार के समय साथ-साथ रुकते एवं चलते रहते थे। आगे-आगे मार्ग नगरों में धर्मचक्र चलता था। वे जहाँ-जहाँ भी जाते वहाँ कहीं भी मोह-चक्र उन्हें प्रभावित नहीं करता था। वे जहाँ भी जाते वहाँ सभी के मन में सुख उत्पन्न होता था। वे जहाँ भी जाते वहाँ सुभिक्ष हो जाता था।

घत्ता— वे जिनेन्द्र जहाँ कहीं भी जाते, उनके अतिशय से जन्म-जन्म के बैरी, क्रोध से एक दूसरे को लाल-लाल आँखों से देखने वाले सिंह एवं हाथी, सर्प एवं नेवला आदि तिर्यंच भी प्रशान्तमन से एक साथ रमण (किलोलें) करने लगे।। 293।।

---

(13) (1) श्रावक।

(14)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

दुवई— संवोहेवि भव्व-पुंडरियइ हंसुव[1] हय तमोहयं।
णरय पडंत धरइ णिय-धम्म करेण लुणेइ मोहइ।। छ।।

जंभारिवि सइँ दासत्तु करइ जहिं पउ मेल्लइ तहिं कमलु धरइ।
णिवडइ णहाउ कुसुमेह णिरु तहँ सुरहि-सलिलु णउ थाइ थिरु।
णिम्मल महिधरइ कणोह भरु उग्घोसइ दुंदुहिं धम्म सरु।
सीयलु अणुकूलु वहइ सिसिरु दीसइ चउराणणु तिजग-गुरु।
तोडिय दिढ-कम्म महा णियलु [1]इय हिंडेविणु महियलु सयलु[2]।
आगउ पुणु रेवयगिरिवरहो सिंगग्ग णिरुद्धय हिमकरहो[(2)]।
णिक्खवण वणंतरे भुवणहिउ सुरवरहँ णमंतहँ जाम थिउ।
ता वणवालइँ वर कुसुमफल उडु रिउहिं जे उपज्जहिं विमल।
हेलइ गहेवि परमेसरहो णेविणु दंसिय चक्केसरहो।
पणवंतु पयंपइ अच्चरिउ पहु जेण कुमारइँ वउ धरिउ।
संजायउ जिणवर आगमणु फल कुसुमाउलु संपण्णु वणु।

---

(14)

वनपाल द्वारा सूचना पाते ही कृष्ण सदल-बल रैवतगिरि पर नेमिप्रभु के दर्शनार्थ चल पड़े

द्विपदी— संसार में अज्ञानरूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिए ज्ञानरूपी सूर्य के समान वे नेमिप्रभु भव्य-पुण्डरीकों को सम्बोधित कर उनके मोह का लुंचन करते थे तथा अपने धर्मरूपी हाथ से नरक में गिरते हुओं की रक्षा करते थे।। छ।।

(उनके विहार के समय) जृम्भारि—इन्द्र स्वयं दास (सेवक) का कार्य करता था। वे प्रभु जहाँ-जहाँ चरण रखते थे, वहाँ-वहाँ वह कमलों की रचना कर देता था। आकाश से निरन्तर पुष्पवृष्टि गिरती रहती थी। सुगन्धित जल (गन्धोदक) बरसता रहता था, वह स्थिर नहीं होता था, पृथिवी निर्मल रहती थी तथा वह धान्य की बालों को धारण करती थी। दुन्दुभि बाजे धर्म-स्वर का उद्घोष करते थे। शीतल अनुकूल शिशिर वायु बहती थी। त्रिजगद्गुरु नेमिप्रभु के चार मुख दिखाई देते थे। उन्होंने कर्मरूपी विशाल भवन को तोड़ डाला था। इस प्रकार समस्त पृथिवीतल पर भ्रमण (विहार) कर वे उस रैवतगिरि पर आये जिसके शिखराग्रों से चन्द्र किरणें भी रुक जाती थीं। भुवन के हितकारी तथा सुरवरों द्वारा स्तुत वे नेमिप्रभु जब निष्क्रमण कर वन के मध्य में विराजे थे तभी वनपाल ने षड्ऋतुओं के उत्पन्न निर्मल उत्तम पुष्प-फल लेकर विलास-क्रीड़ा पूर्वक परमेश्वर—चक्रेश्वर—कृष्ण को दिखाये और उन्हें भेंट देते हुए प्रणाम कर बोला—"हे प्रभु, आश्चर्य है, जिनसे कुमार प्रद्युम्न ने व्रत धारण किये थे, उन्हीं जिनवर का आगमन हुआ है। फल-पुष्पों से समस्त वन भर गया

---

(14) 1-2. ब. ×।

(14) (1) सूर्यश्च। (2) चन्द्रकिरण।

ता मेल्लिवि आसणु हरिवलहँ पयसत्त पलट्टिवि अइवलहँ।
भावइं णवेवि जिणु धरवि मणे पुरि धम्म-भेरि संदिण्ण खणे।

घत्ता— भायर णेहाउलु महुमहणु सहुँ वलेण पसरिय आणंदइँ।
णिय पुत्त-कलत्तइँ गुरुयणहँ चलिउ समाणु सु जय-जय सद्दइँ।। 294।।

(15)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

दुवई— पत्तो समवसरणे लच्छीहरु णिय सिरे कय कयंजली।
पय पणवंतु थुणइ परमेसर णासिय जम्म दुह सली।[1]।। छ।।

भो तुहुँ वीर कुसुमसर तासणु देव-देवि विसयारि विणासणु।
पइँ मेल्लिवि भुवणत्तय सामिउ अवरु कवणु उत्तम-गइ-गामिउँ।
पइँ वालइँ अवाल-मइ[2] भाविय दुल्लह-णाण-महाणिहि पाविय।
पइँ रूवइँ सकलुसइँ सइत्तइँ कयइँ अहिंसा-धम्म णिउत्तइँ[3]।
तुम्हहँ पय-रय सम जइ जुज्जहिं मइँ जेह कुसील कहिं पुज्जहिं।
दुल्लह णउ लब्भहिं तुम्हारिस दीसहिं अइ अणेइ अम्हारिस।

है।" तब अत्यन्त बली हरि एवं बलभद्र ने अपने-अपने आसनों को छोड़कर सात पद आगे जा कर भावपूर्वक जिनेन्द्र को मन में धारणकर नमस्कार किया और उसी क्षण नगर में धर्म भेरी बजवाई।

घत्ता— भाई (नेमिप्रभु) के प्रति स्नेह से भरकर वह मधुमथन—कृष्ण आनन्दित मन से बलदेव, अपने पुत्रों, कलत्रों एवं गुरु जनों के साथ जय-जय शब्दों का उच्चारण करता हुआ चला।। 294।।

(15)

कृष्ण द्वारा स्तुति। नेमिप्रभु का प्रवचन—जीव-स्वरूप

द्विपदी— वह लक्ष्मीधर (कृष्ण) समवशरण में पहुँचा। अपना सिर झुकाकर दोनों हाथ जोड़ कर परमेश्वर—नेमिप्रभु के चरणों में प्रणाम किया और इस प्रकार स्तुति की—"जन्म-मरण रूप संसार के दुःख समूह को आपने नष्ट कर दिया है"।। छ।।

".....हे प्रभु, आप काम-बाण को नष्ट करने में पराक्रमी हैं। हे देव, आप विषय-शत्रु के नाश करने वाले हैं। आपने त्रिभुवन के स्वामीपने को छोड़ दिया। आपके सम्मुख उत्तमगति का गामी और कौन हो सकता है? आपने बालपन में भी अबाल (वृद्ध) मति की भावना की थी। इसी प्रकार आपने दुर्लभ ज्ञान रूप महानिधि प्राप्त की। आप के रूप को देखने मात्र से ही समस्त कलुष—पाप स्वतः शान्त हो जाते हैं। आप अहिंसा धर्म का निरूपण करते हैं। आपकी चरण रज की पूजा यतिगण भी करते हैं। जिनकी मति—बुद्धि कुशील युक्त है, उनकी पूजा कैसे की जाय? हमारे जैसे तो अनेक दिखायी पड़ते हैं किन्तु हे देव, आप दुर्लभ हैं। आप जैसे (महापुरुष) उपलब्ध नहीं होते। हे जगद्गुरु, सब जीवों को आपसे जैसा सुख मिला है, दुःखभार को निवारने वाला वही सुख

---

(15) (1) समूह। (2) सज्ञानमति। (3) धर्मसंयुक्त।

जं तुह सुहु संजायउ जग गुरु तं महो होउ णिवारिय दुह भरु।
इय वंदिवि जिणु वंदिउ गणहरु आसीणउ णिय-कोट्ठइँ सिरिहरु।
जंपइ संघाहिव आहासहि जीव सहाउ वि सरुउ पयासहिं।
किं जड किं खणे अण्णुप्पज्जइँ किं गब्भा[4]इ-मरणे संपज्जइँ।
किं कत्ता लेवेण ण लिप्पइ देहे वसंतु ण देहइं छिप्पइ।
किं एक्कु जि वियरइ भुवणोयरे एरिस भेय पयं पिज्जहिं परे।

घत्ता— ता भासइ गणहरु गहिर-झुणि आयण्णहिं गोवद्धण धारण।
जइ जडु जिउ सइव[1]इँ कहिउ ता किं करइ परत्तहो कारण।। 295।।

(16)

दुवई— अह जल वुव्वुउव्व उप्पजइ विणसइ[1] अवरु खणे-खणे।
जगु भंतिल्लु केम परियाणिउं वुद्धहं भंति णउमणे।। छ।।

जइ उप्पज्जइ विणसइ णउ थिरु ता किं मुणइँ णिहाणु णिहि[2]उ चिरु।
पंकइं [3]पंकुलु हिउ किं फिट्टइ भंतिएँ भंति जणहो णउ तुट्टइ।

मुझे भी मिले।" इस प्रकार उस श्रीधर ने जिनेन्द्र की वन्दना की, फिर गणधरों की वन्दना की, और फिर मनुष्यों के कोठे में जा बैठा और बोला—हे "संघाधिप गणधर कहिए और प्रकाशित कीजिए कि—"जीव का स्वभाव और स्वरूप क्या है? क्या यह जीव जड़ है, क्या वह क्षण-क्षण में उत्पन्न होता चलता है? अथवा क्या वह गर्भकाल से लेकर मरण-पर्यन्त (निरन्तर) बना रहता है? क्या जीव कर्त्ता है? क्या वह कर्म-लेप से लिप्त नहीं होता? क्या वह देह में रहता हुआ भी देह से छुआ हुआ नहीं रहता? क्या वह एक ही है? क्या वह भुवन में अकेला ही विचरण करता है? इसी भेद को सूक्ष्म रीति से समझाइए।

घत्ता— तब गणधर ने गम्भीर ध्वनि पूर्वक कहा—"हे गोवर्धनधारी, सुनो। यदि जीव जड़ हो और स्वयं ही अपने विषय में कहे तो उसके दूसरे कारण क्या करेंगे?।। 295।।

(16)

बौद्ध, सांख्य एवं मीमांसकों के जीव-स्वरूप का खण्डन

द्विपदी— यदि यह कहो कि जीव जल के बुलबुले की तरह क्षण-क्षण में उपजता है और विनष्ट होता है तो यह जगत ही भ्रान्ति युक्त हो जायगा, इसे कौन जानेगा? इस विचारधारा के पोषक बौद्ध निस्सन्देह ही भ्रान्ति उत्पन्न करते हैं। यह विचारधारा मन में जमती नहीं।। छ।।

यदि (वह जीव) उत्पन्न हो, नष्ट हो तथा स्थिर न हो तब वह चिर-काल तक सुरक्षित रखे हुए निधान (धन) को कैसे स्मरण रखता है? पंक को फाड़कर पंकज कैसे निकलता है? मनुष्यों की भ्रान्ति इससे नहीं टूटती।

---

(15) 1. अ. सइवें।

(15) (4) गर्भमृत्युपर्यन्त।

(16) (1) बुद्धि इच्छादि गुण गते सति ईश्वरवादीसे। (2) व्यापितं। (3) कईमेन।

किं रत्तंवरु जाहो विहिण्णउँ इय उत्तरु जं लोयहँ दिण्णउँ।
कउलइ[4] भूव सरूवइँ कलियउ भोजइ यहु णिय भावें मिलियउ।
तहि तें भूव पुणवि के आणिय जइ उवरंतरम्मि णिरु जाणिय।
तो किं सिहि विज्झइ णउ सलिलइँ सलिलु वि केम[1] सोसिज्ज पव[2]णइँ।
सुण्णु-गयणु महिजड किं चल्लइ एहिय जीव सिद्धि किं वोल्लइ।
णहवइ संखहँ वयणु णियत्तउँ कं[3]साणउ[5] मण्णेइ अजुत्तउ।
ता किंपिय दंसणे पुलइज्जइ पुणरवि तासु वियऊयइ झिज्जइ।
वह णिवसंतु वएण ण छिप्पइ कहसु काइँ अरि पेक्खिवि कुप्पइ।
वेयणाइँ गहियउ आसंकइ रक्खहु मुवउ भणेविणु कंखइ।
सइ अणु हवइ करेवि णिरुत्तउ अवरु वि जं भीमंसए वुत्तउ।
अइ असच्चु देही एक्कु जि किउ लोयालोउ सयलु पूरिवि थिउ।
भणु किं कीरइ वण्ण वियारइ सूर-णर-णारय-तिरिय पयारइ।
गुरु-सीसु ण कोइ पहु सेवायरु णाणा भेइ जिणइ भासिउ परु।
जाणसु मगहाहिव वलदूसण णिसुणि अवरु महिवलय विहूसण।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

क्या रक्ताम्बर ने जगत् को बनाया है? इसका जो उत्तर लोगों को दिया जाता है, वह भी भ्रान्तियुक्त है। सांख्य सम्प्रदायवादियों ने पंचमहाभूत को जीव का स्वरूप बताया है। अत: हे सांख्यजनों, यदि यह भूत अपने ही स्वरूप में मिल जाता है तब फिर वह पुन: शरीर में कैसे लाया जाता है? और वह उदर—गर्भ के भीतर आया है यह कैसे जाना जाता है? क्या अग्नि पानी से नहीं बुझायी जाती? पवन से पानी का शोषण कैसे हो जाता है? शून्य गगन में जड़ पृथिवी कैसे चलती है। इन प्रक्रियाओं से ही जीव की सिद्धि होती है। अधिक क्या बोलें? अत: जीव सम्बन्धी सांख्यों का कथन भी निरर्थक है। कौन ऐसा है जो सांख्यों के कथन को निरर्थक एवं अयुक्त नहीं मानेगा। प्रिय—इष्ट दर्शन से क्यों पुलकित हो जाता है? उसी प्रकार इष्टजन के वियोग से दु:खी क्यों हो जाता है? वदन (तन) में रहते हुए भी वह (जीव) वदन से स्पर्शित नहीं रहता। कहो कि शत्रु को देखकर उस पर क्रोध क्यों करता है? वेदना से ग्रस्त होकर आशंका क्यों करने लगता है और बचाओ-बचाओ, मरा-मरा चिल्ला कर सुरक्षित रहने की आकांक्षा क्यों करता है? इस प्रकार यह जीव स्वयं ही इन बातों का निरन्तर अनुभव करता है (कि जीव ही अपने कर्मों का कर्त्ता एवं भोक्ता है)। और भी कि, मीमांसक सम्प्रदाय वाले जो ये कहते हैं कि आत्मा एवं शरीर एक ही है और वह समस्त लोकालोक में व्याप्त है, यह भी असत्य ही है।

कहो कि यह जीव क्या करता है, उसका क्या वर्ण है, इस पर विचार करो? देव, नर, नारक एवं तिर्यंच ये जीव के चार वर्ण या गतियाँ हैं। न तो कोई किसी का शिष्य है और न गुरु और न कोई प्रभु या सेवक ही। इस प्रकार जिनेन्द्र ने जीवों के नाना-भेद बतलाये हैं। मगधाधिप (जरासन्ध) के सैन्य-बल को दूषित करने वाले हे कृष्ण, उन्हें जानो और हे महिवलय के विभूषण, उन्हें सुनो।

---

(16) 1. अ. किन्न। 2. अ. अनिलें। 3. अ. भोत्ताणउ।

(16) (4) कुत्रस्थानात्। (5) भोक्ताकोपिन।

घत्ता— जइ णिच्चु जि तइ णिक्किरिउ[6] णउ संभवइ अणिच्चहो सिव सुहु।
पज्जाएण अणिच्चु थिउ दव्वइँ णिच्चु राय जाणहिं तुहु।। 296।।

(17)

दुवई— णिच्चाणिच्चु एम आहिंडइ चउगइ गहण णिस्समो।
खय भय तसिउ सुसिउ पुणु णिवडइ जमहरेणाहिवक्कमो।। छ।।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

चउरासी लक्खहँ जोणि-वासु वियरंतहो वड्ढइ कम्मपासु।
इल-जल-सिहि-सिमिर वण[1]व्वकाए चउदस सु भूव गामंतराए।
लक्खिज्जइ जिउ मग्गण गुणेण चउसण्णा-चउविह-दंसणेण।
चउगइ-कसाय चउविह-विहाणे भव्वेण दुविह-संजम पहाणे।
पंचेदिएहिं सम्मत्त-तिविहि णाणट्ठइँ-लेसा भेएँ छविहि।
जोएण तिविह भे[2]एण-सहिय आहारइँ छह-भेएण कहिय।
चर-अचर-सयल-भासंति णाणि पोग्गलउदुमाणइँ किण्ह जाणि।
अवरु वि अगेय-अविणास-दव्व थिय पूरिवि लोयालोउ सव्व।
जह णइ पवाहु मीणहो हवेइ[1] रुंभइ ण जंत थिउ णइ[2] वणेइ।

घत्ता— यदि वह जीव-आत्मा नित्य हो तब वह निष्क्रिय हो जायगी। यदि उसे अनित्य मानों तब शिव—मोक्ष-सुख की प्राप्ति सम्भव नहीं होगी। हाँ, हे राजन, वह पर्याय से अनित्य है एवं द्रव्य से नित्य ऐसा जानो।। 296।।

(17)

जीव-स्वरूप एवं प्रकार-वर्णन

द्विपदी— इसप्रकार द्रव्य एवं पर्याय की दृष्टि से नित्य एवं अनित्य यह जीव चारों गतियों में निरन्तर भटकता रहता है और अपने नाश के भय से दुःखी होता है, सूखता रहता है और पुनः यमराज के पंजों में पड़ जाता है। ।। छ।।

84 लाख योनियों में निवास करते हुए तथा उनमें विचरते हुए इस जीव का कर्मपाश बढ़ जाता है। पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति जीवों के 14 जीवसमास होते हैं। यह जीव 14 मार्गणाओं, 14 गुणस्थानों, 4 संज्ञाओं, चार दर्शन, चार गतियों, 4 प्रकार की कषायों से जाने जाते हैं। प्रधान भव्य जीव दो प्रकार के संयम से जाने जाते हैं। साथ ही वे 5 इन्द्रियों, 3 प्रकार के सम्यक्त्वों, 8 प्रकार के ज्ञानों, 6 प्रकार की लेश्याओं, तीन प्रकार के योगों सहित 6 प्रकार के कहे गये आहारों द्वारा देखे-जाने जाते हैं। ज्ञानी-जीव के ज्ञान में समस्त चर-अचर द्रव्य भासते हैं। हे कृष्ण, पुद्गल दो भेद वाला जानो, और भी अनेक अविनाशी द्रव्य हैं। उनसे समस्त लोकालोक पूरा भरा हुआ है। जिस प्रकार नदी का जल-प्रवाह मीन के चलने में सहायक होता है, जाते हुए को रोकता नहीं, ठहरे हुए को चलाता नहीं, जो गमन करने में सहायक होता है वह धर्म द्रव्य कहलाता है। इसी प्रकार (जीवों

---

(16) (6) क्रियारहित।

(17) 1. ब. वगछिप्पउँ। 2. ब. वे"।

(17) (1) गतिषु। (2) प्रवादकर्त्ता।

गमणहो सहाउ तहो होइ धम्मु अवया[3]सहो णाहु ठाणहो अहम्मु।
खीरहो जलु जेम हवेइ जुत्तु[4] देहु जि आहारु जि भो णिरुत्तु।
उप्पज्जइ विणसइ परिणवेइ किउ कम्मु[5] कोवि कालइँ सहेइ।
15 पर-अहिय जे रोसारुण अयाण पावंति वहुव माणावमाण।
रुच्चंति ण सयणहँ परियणाहँ संताउ ण फिट्टइ केम ताहँ।
आरंभहिं तं विहडइ खणेण मोहिज्जहिं सइ जूरहिं मणेण।
सिज्जहिं खणे-खणे णिद्दइव एम सुहु णउ लहंति जम्मेण केम।

घत्ता— इय जाणेविणु वप्प किज्जइ जीव दयालु मणु।
20 सुहियए पुण्णु अणंतु तुट्ठइ आवागमणु पुणु।। 297।।

(18)

दुवई— जिण [illegible] मग्गे संतीसउँ [illegible] महाराज
अणुवम उद[1]रि उवरि अमरावइ वड्ढइ सोक्ख सतई।। छ।।

गणणाहइ तच्चु असेसु कहिउ भुवणोयरत्थु णउ किंपि रहिउ।

एवं पुद्गलों को) ठहरने में अधर्म द्रव्य, स्थान दान देने में आकाश द्रव्य सहायता देता है। दूध में पानी जिस प्रकार मिश्रित रहता है, उसी प्रकार हे कृष्ण, देह एवं जीव भी मिला हुआ है ऐसा कहा गया है। अपने कर्मों के अनुसार ही यह जीव उत्पन्न होता है, विनष्ट होता है और परिवर्तित होता है। अपने किये हुए कर्मों के फल को कितने ही समय तक सहता रहता है। जो पर-जीवों का अहित करते हैं, जो दूसरे के अहित में क्रोध से लाल बने रहते हैं, वे अज्ञानी अनेक प्रकार के मान-अपमान को पाते रहते हैं, ऐसे अज्ञानी लोग स्वजनों एवं परिजनों के लिए रुचिकर नहीं लगते। उनका सन्ताप किसी भी प्रकार से समाप्त नहीं होता। ऐसे लोग जो भी आरम्भ करते हैं वह क्षण भर में विघटित हो जाता है। दूसरों के द्वारा मोहित किये जाते हैं, अत: मन में झूरते रहते हैं। ऐसे भाग्यहीन, निर्दयी लोग क्षण-क्षण में सीजते (दु:खी होते) रहते हैं। वे किसी भी जन्म में सुख नहीं पाते।

घत्ता— ऐसा जान कर हे वप्प, जीवों के प्रति अपना मन दयालु करो। क्योंकि ऐसे शुभभावों से अनन्त पुण्य होता है और आवागमन छूट जाता है।। 297।।

(18)

तत्व-वर्णन एवं पूर्वभवावलि वर्णन

द्विपदी— जो जिन-मत में मग्न हैं, उसमें लगे हुए हैं, वे परम उन्नति पाते हैं, तथा मध्य-लोक के ऊपर, उदार और सैकड़ों प्रकार के सुखों वाले स्वर्ग को प्राप्त करते हैं। ।। छ।।

गणनाथ ने उन कृष्ण के लिए भुवन में स्थित समस्त तत्त्वों का कथन किया। शेष कुछ भी न रहा। जिस

---

(17) (3) अवकाशस्य। (4) संयुक्त। (5) कर्म।

(18) 1. अ. "व"।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जह वज्झइ सिज्झइ जीव दव्वु संभवइ पाउ जिह पुण्णु सव्वु।
जं सुहुमु थूलु णाणहँ णिउत्तु मणुसोत्तर गिरि वलइय विचित्तु।
णर दीवड्ढाइय मेरु पंच पण्णारह-कम्म महीहिं संच।
गिरि तीस स सरवर कमल तीस तेत्तियउ भोय-भूमिउँ महीस।
ताउ जि छण्णवइ कुभेइ णीउ सत्तरि सुमहाजल-वाहिणीउ।
खेत्तंतर खेयर-माणवाहँ णिद्देसिय संख करेवि ताहँ।
ईरिय ससमुद्द वि दीव ताम छेइल्लु सयंभू-रमणु जाम।
णारय-सुर खयउ छेउ आउ सुहु-दुहु अणंतु भावाणुभाउ।
पुणु भासिय भव सयलहं सभेय हरि-हलि दसार पमुहहँ अणेय।
ता पणवेवि गुरु-पय पंकयाइँ सयलहँ गहियाइँ अणुव्वयाइँ।
विमलइँ गुणवय-सिक्खावयाहँ भोगोपभोगमाणइँ[1] कयाहँ।

घत्ता— विहसिवि सविणय वयणइ वलेण[2] पयंपिउ परम मुणि।
संसार महाविसि[3] वसहरेण विसयकट्ठ सिहि समणि सुणि।। 298।।

प्रकार सभी जीव द्रव्य बँधते कर्मों से बँधते और सिद्ध होते है, जिस प्रकार पुण्य और पाप को प्राप्त होते हैं। ज्ञानियों ने जो स्थूल एवं सूक्ष्म जीवों का कथन किया है, जो कि विचित्र मानुषोत्तर पर्वत वलय में रहते हैं। हे नरेन्द्र, अढाई द्वीप, पंचमेरु, पन्द्रह कर्म-भूमि और तीस पर्वत, कमल सहित सरोवर तीस एवं हे महीश, उतनी ही भोगभूमियाँ हैं। उसी प्रकार 96 कुभोगभूमियाँ, 70 महाजलवाली नदियाँ, क्षेत्रान्तर के खेचर मनुष्यों की भी निर्दिष्ट संख्या जानो। ऐसे द्वीप, समुद्र असंख्यात जानना चाहिये। अन्त में स्वयम्भूरमण समुद्र है। नारकी और देवों की आयु का छेद नहीं है (आयु का अन्त आता है)। अनन्त दु:ख-सुख भावों के अनुसार होते हैं। पुन: उन नेमिप्रभु ने हरि, हलधर तथा दसार आदि अनेक प्रमुख राजाओं के सभी जन्म-जन्मान्तरों के भवों को कह सुनाया। तत्पश्चात् गुरुवर (नेमिप्रभु) के चरण-कमलों में प्रणाम कर उन्होंने अणुव्रत, निर्मल गुणव्रत तथा शिक्षाव्रत धारण कर लिये तथा उसी समय से भोगोपभोगों की सीमाएँ निश्चित कर लीं।

घत्ता— बलभद्र ने भी हँसकर विनम्र वाणी में परममुनि (नेमिप्रभु) से प्रश्न किये। तब गणधर ने उत्तर में कहा—"हे श्रमण सुनो। यह संसार महाघने जंगल के समान है, जिसमें पंचेन्द्रिय रूपी महासर्प निवास करते हैं, और जहाँ विषय-वासना रूपी काष्ठ की ज्वाला जलती रहती है।। 298।।

---

(18) (1) प्रमाणइँ। (2) बलभद्रेन। (3) सर्प।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(19)

दुवई— पुरिवारमइ पवर-सुर-वल्लह [1]एही रिद्धि कण्हहो।
णं देसइ अविग्घ आहासहि जयसिरि समरे तण्हहो।। छ।।

भो तिक्खंडा हिव सामि साल भासइ जिणु णिसुणहि कामपाल।
दह-अट्ठकोडि कुल जायवाहँ सुकुमालहँ णं णव-पल्लवाहँ।
महु[1]राएँ पावेसहिं विणासु दीवायणंगि णयरी-विणासु।
उव्वरिसहुँ तुम्हहँ वेवि राय चुक्कइ णमहारी दिव्व-वाय।
अवरु वि हरिणिय असिधेणु वाइँ खउ होसइ आउ पमाणु जाइँ।
हत्थेण जरयकुमरहो तणेण एहउ जगु मा मुज्झहि मणेण।
दीसंति ण थिर दिणयर मयंक सुर-फणिवइ मणे मरण संक।
कुलयर-जिणवर-चक्केसराहँ हरि-पडिहरि-हलहिं-खगेसराहँ।
उप्पण्ण जे गय इह अइवलाहँ को सक्कइ संख करेवि ताहँ।
ता जाणिवि चल संसार गइ वइराए पइट्ठिय मयणमइ[2]।
पवियप्पइ सुह-दुह दोर-खद्ध आसा वस कालइँ केण खद्ध।
किं रज्जइँ सुहयविउउ जेत्थु पाविज्जइ सोउ महंतु तेत्थु।

---

(19)

द्वारिका-विनाश सम्बन्धी भविष्यवाणी तथा प्रद्युम्न का वैराग्य

द्विपदी— देवों के लिए अत्यन्त प्रिय कृष्ण की उत्तमपुरी द्वारिका ऋद्धि-सिद्धि से समृद्ध थी। मानों कह रही हो कि तृष्णा के साथ किये गये युद्ध में जयश्री निर्विघ्न रूप से मिलेगी।। छ।।

हे महान् त्रिखंडाधिपते, हे स्वामिन, हे कामपाल सुनो। जिनेन्द्र कहते हैं कि, नव-पत्रों के समान सुकुमार यादवों के 18 करोड़ कुल मदिरा-पान से विनाश को प्राप्त होंगे। (मुनि—) द्वीपायन द्वारा नगरी का विनाश होगा। हे राजन, तुम सब में से तुम दो ही बचोगे। हमारी यह दिव्य-वाणी (भविष्यवाणी) नहीं चूकेगी। और भी सुनो कि हरि के अपने असि, धेनु आदि भी नष्ट हो जायेंगे। हरि का आयु प्रमाण भी जरदकुमार के हाथ से क्षय को प्राप्त होगा। अतः इस जगत में मोहित मन मत बनो। यहाँ सूर्य-चन्द्र भी स्थिर नहीं दीखते हैं। सुरपति एवं फणिपति भी अपने मन में मरण की शंका करते रहते हैं। कुलकर, जिनवर, चक्रेश्वर, हरि, प्रतिहरि, बलभद्र, खगेश्वर आदि जितने भी महाबली उत्पन्न हुए, उनकी गिनती कौन कर सकता है? वे भी इस संसार में नहीं रहे।" संसार की गति को चचंल—अस्थिर समझकर मदन—प्रद्युम्न की मति वैराग्य से भर उठी। (और विचार करने लगा कि—) —"सुख-दुःख की रस्सी से बँधा हुआ यह प्राणी आशावश अनेक (संकल्प—) विकल्प करता रहता है, किन्तु काल के द्वारा कौन नहीं खा डाला गया? जहाँ सुभगों का वियोग है, वहाँ क्या राग करें? क्योंकि वहाँ तो महान् शोक प्राप्त होता है। शोक से आर्त्त-ध्यान उत्पन्न होता है, उससे मनुष्य का निर्मल ज्ञान हट

---

(19) 1. अ. 'घ'।

(19) (1) मद्य। (2) प्रद्युम्नस्यमति।

15 सोएण पयट्टइ अट्टझाणु उहट्टइ मणुवहो विमलणाणु।
विणु णाणें णउ सिवगइ लहेइ संसार महण्णवे दुहु सहेइ।

घत्ता— इय चिंतिवि णिच्छउ करेवि मणे पणवेवि पंकय[3]णाहु खणे।
वलएवएँ सहुं भीसम-सुयइँ जंपइ जामि तवोवणे।। 299।।

(20)

दुवई— किज्जउ महो पसाउ आमेल्लहु एमहिं सल्ल संगहँ।
संघारमि असेस कम्मारिसु माणमि सिवउरे सुहँ।। छ।।

दुल्लहु भुवणे जं जि तं लद्धउ तुम्हँ पयहँ पसाएँ सिद्धउ।
संसारिउ सुहु विलसिउ सुंदरु जं पावइ सइरु ण पुरंदरु।
5 ताय-ताय अब्भच्छिउ किज्जइ देवा एस दाणु लहु दिज्जइ।
किय अवराह अणेय अयारणे तोहं पसण्ण भाव-भाव हो मणे।
खमहु सयलु मइँ खमिउँ तिलोयहो गहियउ णियमु परिग्गहु भोयहो।
ता णिय-तणय दुहइँ अइरीणा खणे रूविणि ससिलेह व झीणा।
णंदण-णेहाउलउ सवच्छलु वाह पवाहइँ धुवइ उरत्थलु।

जाता है। बिना ज्ञान के शिवगति नहीं मिलती और संसार-समुद्र में दुःख पाता रहता है।

घत्ता— ऐसा विचारकर क्षण भर में ही अपने मन में निश्चयकर तथा पद्मनाभ को प्रणाम कर बलदेव सहित रूपिणी से उस प्रद्युम्न ने कहा कि—"मैं तो तपोवन को जाता हूँ।"।। 299।।

(20)

प्रद्युम्न नेमिप्रभु से दीक्षा ले लेता है

द्विपदी— प्रद्युम्न ने नेमिप्रभु से कहा—"मुझ पर कृपा कीजिए और इस प्रकार मेरे शल्य को दूर कीजिए। अब मैं समस्त कर्मशत्रुओं का संहार करूँगा तथा शिवपुर के सुखों को मानूँगा (भोगूँगा)।"।। छ।।

—"भुवन में जो कुछ भी दुर्लभ है, वे सब मैंने प्राप्त किये हैं और आपके चरणों की कृपा से वे सभी सिद्ध हुए हैं। ऐसे-ऐसे सुन्दर सांसारिक सुखों को भोग लिया है जो अप्सराओं वाले इन्द्रों को भी उपलब्ध नहीं है। हे तात, हे तात, मेरे इच्छित को कीजिए, हे देव, शीघ्र ही आदेश-दान दीजिए। अज्ञान के कारण यद्यपि मैंने अनेक अपराध किये हैं, तो भी प्रशान्त भाव से (वैराग्य का) विचारकर मैं मन में प्रसन्न हूँ। सभी प्राणी मुझे क्षमा करें। मैंने भी त्रैलोक्य के प्राणियों को क्षमा कर दिया है। और (अब) परिग्रह-भोग का नियम ग्रहण कर लिया है।

अपने पुत्र के दुःख से अत्यन्त खिन्न हुई रूपिणी क्षण भर में ही चन्द्रकला के समान अत्यन्त क्षीण हो गयी। पुत्र के स्नेह से आकुल, वात्सल्य-भाव से युक्त, वह (रूपिणी) वाष्प (अश्रु) प्रवाह से उर-स्थल को धोने लगी।

---

(19) (3) नारायणस्य बलिभद्रेण।

जंपइ वच्छ-वच्छ कुडिलालय किह उम्मूलय सहिसा आलय।
सुवहि हंस तूलेमु सकोमले कह णिसि-वासरु गमि सियलायले।
तुव रुच्चहिं सुवच्छ वरभूसण कहवि सहीसि परीसह भीसण।
धिउ मलिणाणणु वलु चिंतवउ विवरीयउ जि दइउ संपत्तउ।
सजलोल्लिय-णयणइँ गग्गिर-गिरु सुव विउय भई वसु कंपउ णिरु।
चवइ पुणु वि पुणु पउम कयग्गहु तुह आणायरु सयलु परिग्गहु।
हय-गय-रह-सकोस कण दाइणि लइ परपालि सयल वरमेईणि।
करहि रज्जु वारवइ परिट्ठिउ हउं अछमि अंतेउर संठिउ।
जूरहि णीससंति जायव-वहु रेहहिं णं ससि विरहिउ णिसिणहु।

घत्ता— इय सोय महारसु पसरिउ अंगे ण माइउ मणसिय सयणहँ।
वलि मं[1]डघरं वरं[2] ताहँ झत्ति वि णि[3]ग्गउ पयलवि णयणहँ।। 300।।

(21)

दुवई— अवलोएवि एम विम णम्मणु रामु[(1)] - मुरारि[(2)] परियणं[(3)]।
सुक्कलया [(4)]सरूव भीसम-सुव जंपिउ वज्जहिय[(5)]इणं।। छ।।

वह (रोकर) चिल्लाने लगी कि हे वत्स, कुटिल केश हे वत्स, तू सहसा ही अपने अलक कैसे उखाड़ेगा? यहाँ तो तू हंस के समान शुभ्र एवं सुकोमल गद्दों पर सोता है, अब तू शिलाओं पर अपने दिन-रात कैसे व्यतीत करेगा? हे सुवत्स, तुझे तो उत्तम-उत्तम आभूषण रुचते हैं, तब भीषण परीषह कैसे सहेगा? म्लान मुख बलदेव चिन्तित हो उठे और सोचने लगे कि अब भाग्य विपरीत हो गया है। उनके नेत्र जल से चंचल हो उठे, कण्ठ रुँध गया। पुत्र-वियोग से वासुदेव (कृष्ण) भी काँपने लगे। वे पुनः-पुनः बोलने लगे—"तुम सुकृती जनों में अग्रणी हो, समस्त परिवार तुम्हारा आज्ञाकारी है। अतः घोड़ा, हाथी, रथ, कोष सहित अन्नकण देने वाली समस्त पृथिवी का पालन करो। द्वारिकापुरी में रह कर राज्य करो। मैं अन्तःपुर में स्थित रहूँगा। यादव वधुएँ (प्रद्युम्न की रानियाँ) झूरने लगीं, दीर्घ निश्वासें लेने लगीं। वे उसी प्रकार निष्प्रभ हो गयीं, जिस प्रकार चन्द्रविहीन रात्रियाँ।

घत्ता— इस प्रकार शोक रूपी महारस ऐसा फैला कि वह मनसिज के स्वजनों के अंगों में नहीं समाया। बलवान भट-श्रेष्ठों का भी तत्काल दमन करने वाले कृष्ण-बलदेव के नेत्रों से अश्रु-प्रवाहित होने लगा।। 300।।

(21)

शम्बु, अनिरुद्ध, भानु, सुभानु के साथ-साथ सत्यभामा एवं रूपिणी आदि भी अपनी बहुओं के साथ दीक्षित हो जाती हैं

द्विपदी— इस प्रकार विवर्ण (उदास चित्त) बलभद्र, मुरारी (कृष्ण) तथा परिजनों एवं सूखी हुई लता के समान भीषम-पुत्री—रूपिणी को देखकर वज्र-हृदय—इन्द्र ने कहा।। छ।।

---

(20) 1-2. अ. वंडघरंतघरंत। 3. अ. लिं।

(21) (1) बलिभद्रेन। (2) रामाविष्णु। (3) परिवारु रुक्मिणीसह। (4) स्वरूपरहिता मानवंता। (5) वज्रायुधेन इन्द्रेण।

भो-भो चक्कपाणि लहु मेल्लहिं आउ-जाहु परिवयणु म वोल्लहिं।
धण्ण ते जे तवयरणइँ मंडिय इयर कसाय-पिसायहिं खंडिय।
एहु केवलि अंतिम वउसारउ अवसु हवेसइ तव-धुर धारउ।।
एमहि णउ वारिउ थक्कइँ पइँ पिउ[6]-पुत्तक्कमु सुउ भासिउ मइँ।
संवोहेवि सयल हरिणासहु रुविणि मंडए मोयाविय दुहु।
सहसक्खेण[7] पयंपिउ एही अण्ण ण तिय दीसइ पइँ जेही।
भणु[8] संभवइ कासु एहउ सुउ दिक्करि-कर-परिह-गल-सम भुउ।
कवणु एम कुल-लच्छि चएविणु साहइ णियमणु चवलु धरेविणु।
एत्तहँ कय जीवय कारुण्णउ मयणइँ मुणि-चरित्तु पडिवण्णउ।
सहुं संबुए-अणिरुद्ध कुमारइँ भाणु-सुभाणु पह हय-मारइँ।
हरि सुव अणुगामिय ससिवयणहँ दिक्खिय सत्तसयइँ णिव तणयहँ।
णिय-णिय अंगुब्भवहँ सणेहें परिसेसिय पिय घरणि ण मोहें।
सच्चहाम-रूविणि सिय सेविहिं सुण्हहँ समउ अट्ठ-महएविहिं।
गहियउ वउ रायमइ णवेविणु भिण्णु सरीरु जीउ मण्णेविणु।
करमि अलिउ जिण वयण सरंतउ दीवायणु पव्वइउ तुरंतउ।
विहुणंतउ णिय-भुव-जुव तणु-सिरु जरयकुमारहँ किउ देसंतरु।

भो चक्रपाणि, (इस प्रद्युम्न को—) शीघ्र (ही) छोड़ो। (यहाँ) आओ-जाओ किन्तु (प्रद्युम्न को रोकने सम्बन्धी) वचन मत बोलो। वे धन्य हैं, जो तपश्चरण से मण्डित हैं। अन्य जो तप रहित हैं वे कषाय-पिशाच से खण्डित हैं। तप धुरा का धारक तथा व्रतसार यह प्रद्युम्न अन्तिम केवली अवश्य होगा। अब आप इसको रोक नहीं सकते। मैं ठीक ही कहता हूँ कि अब पिता-पुत्र के क्रम को छोड़ो। हरि के साथ सभी को सम्बोधित कर रूपिणी का दुःख मिटाकर इन्द्र ने इस प्रकार कहा—"आप जैसी महिला अन्य नहीं दिखायी देती। बोलो—"ऐसा पुत्र किसका हो सकता है? जिसकी दिग्गज की सूँड के समान भुजाएँ हों। (इस संसार में) कौन ऐसा है जो कुल-लक्ष्मी को त्याग कर अपने चंचल मन को रोककर साधना करेगा? इसी समय उस प्रद्युम्न ने जीवों पर करुणा-भाव धारण कर शम्बुकुमार, अनिरुद्धकुमार, भानुकुमार एवं अपनी प्रभा से कामदेव को तिरस्कृत करने वाले सुभानुकुमार आदि तथा हरिपुत्र उस प्रद्युम्न के अनुगामी एवं चन्द्रमा के समान मुख वाले अन्य 700 नृप-पुत्रों के साथ उसने दीक्षा ले ली और मुनि-चरित स्वीकार कर लिया। अपनी लक्ष्मी सेवी बहुओं के साथ सत्यभामा एवं रूपिणी आदि आठ महादेवियों ने भी राजीमती को नमस्कार कर तथा आत्मा एवं शरीर को भिन्न मानकर व्रत ग्रहण कर लिये। द्वीपायन ने भी जिन-वचनों का स्मरण कर कि "मैं जिन वचनों को मिथ्या सिद्ध करूँगा।" तुरन्त दीक्षित हो गया। अपने भुजायुगल, शरीर और सिर को धुनते हुए जयकुमार ने भी देशान्तर को प्रयाण किया।

---

(21) 1. अ. 'हि'।

(21) (6) पितापुत्रक्रम। (7) इन्द्रेण। (8) कथय।

घत्ता— ताम विणास भएण कंसारहिं[9] पणवेप्पिणु।
गय जे जहिं जीवंति सयण कुडंवइँ लेविणु।। 301।।

(22)

दुवई— दिक्खावच्छ णियवि णिय तणयहँ चेलंचल-विवज्जिया।
महएवीहिं सेय-वत्थाइँ वि थण वट्टेहिं सज्जिया।। छ।।

सल्लिउ दुक्खइँ सारंगपाणि सिढिलिय तणु मुह णिग्गइ ण वाणि।
किर पावेसइ पंचत्तु सरिउ मुच्छाए चउब्भुव जीउ धरिउ।
विज्जिउ चमरहिं सिंचिउ जलेण कह कहव सइत्तउ[1] किउ वलेण।
वंदिवि जिणु [1]मणहरु दुरिय हारि पज्जुण्णु पमु[2]ह जइ णियम धारि।
णीहरियउ लेविणु पुहइ पालु वारमइ-पराइउ कामपालु।
धय-छत्त-च[3]मर सिग्गिरि सणाहु पेरिय रह-हय-गय चक्कणाहु।
सोलह-सहसाहँ महाणिवाहँ पणमंतहँ पहु विरइय सिवाहँ[2]।
उवविट्ठउ-रयणुज्जोय-दीहे मणिमय सु जच्च कलहोयलीढे[3]।
सहसत्तइँ रयणहँ सुहु अणेउ अणुहवइ पिहिमि सिरि वासुएउ।

घत्ता— तब विनाश के भय से कंसारि (कृष्ण) उन नेमिप्रभु को प्रणामकर अपने स्वजनों एवं कुटुम्बी जनों को लेकर वहाँ चले गये जहाँ जीवित रह सकें।। 301।।

(22)

दीक्षा के बाद अपने संघ सहित वह प्रद्युम्न द्वारावती पहुँचा

द्विपदी— दीक्षावस्था में अपने वस्त्र-विवर्जित पुत्रों को देखकर वे (सत्य-भामा आदि) महादेवियाँ भी श्वेत वस्त्र से सज्जित होकर वहीं (प्रद्युम्न के पास) रहने लगीं। ।। छ।।

शारंगपाणि (कृष्ण) को दुःख साल गया। उनका शरीर शिथिल हो गया। उनके मुख से वाणी ही नहीं निकलती थी। (उस प्रद्युम्न का स्मरण कर) अब (कृष्ण) निश्चय ही मरण पावेंगे, ऐसा प्रतीत होता था। जब चतुर्भुज मूर्च्छित हो गये, तब बलदेव ने चमर डुला कर जल के छींटें देकर जिस किसी प्रकार बड़ी कठिनाई से उन्हें सचेत किया। पापों का हरण करने वाले मनोहर यति—नियमधारियों में प्रमुख नेमिप्रभु को प्रणाम कर वह पृथिवीपाल—कामपाल—प्रद्युम्न वहाँ से निकला और संघ को लेकर द्वारामती पहुँचा। उस समय वहाँ ध्वजा, छत्र, चमर तथा सिंहासन सहित रथ, घोड़े, हाथी लेकर तथा सोलह हजार प्रणाम करने वाले महानृपतियों का प्रभु और सभी प्रजाजनों को सुख देने वाला वह चक्रनाभ मणि खचित उत्तम जाति के स्वर्ण से निर्मित दैदीप्यमान सिंहासन पर बैठा था। सप्त रत्नों से युक्त वह श्री वासुदेव पृथिवी मण्डल पर अनेक सुखों का अनुभव कर रहा था।

---

(22) 1. अ. गं। 2. अ. पवर। 3. अ. विविह।

(21) (9) नारायणस्य।

(22) (1) सचेतः। (2) सौख्यं। (3) जातिस्वर्ण।

गणवद्ध सुरह रक्खिज्जमाणु को पावइ तहो रज्जाहिहाणु।

घत्ता— एत्तहिं ते पंच णवल्ल मुणि सत्तसएहिं जइहिं सहविसरिसु[4]।
वारहविहु-तउ दुद्धरु चरहिं करहिं देउ तह कम्म किसु।। 302।।

(23)

दुवई— वरिसद्धद्ध मास पक्खेसु व छट्ठट्ठम णिऊयणं।
णव-क्रोडिहिं विसुद्धु मल-वज्जिउ विरसु[1] असंति भोयणं।। छ।।

लाहालाह सुहेसु-दुहेसु वि कच्च-कणय जीविय-मरणेसु वि।
सम मण-वयणइँ-काएँ संजय चवहिं धम्मु अहमउ णइँ जिय भय।
5 पिहियास[1]व-जोगत्तय-गारव समिय कसाय सु मारहो मारव।
छह अणायतण संग-विवज्जिय मय मूढत्तय सहुं ण समज्जिय।
संकाइय अठ-दोस ण पावण दंसणु विमलु करेविणु भावण।
णिण्णासिय सण्णा सल्लत्तय [2]मुणिय समिदिवि णिवि आसाहय।
पंचायार गामि महिमा मह मुक्क पमाय इंदिय विसयं सह।

गणबद्ध देवों द्वारा रक्षित उस वासुदेव की समृद्धि को कौन पा सकता है?

